भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर
INDIAN INSTITUTE OF MANAGEMENT
BANGALORE

45वाँ वार्षिक प्रतिवेदन
2019-2020

45th ANNUAL REPORT
2019-2020

भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर
45वाँ वार्षिक प्रतिवेदन 2019-2020

विषय सूची

अध्यक्ष का संदेश		1
निदेशक की रिपोर्ट		6
1.	गवर्नर मण्डल	23
2.	कार्यक्रम	25
3.	कार्यपालक शिक्षा	41
4.	संकाय	46
5.	अनुसंधान एवं प्रकाशन	48
6.	आईआईएमबी मैनेजमेंट रिव्यु	49
7.	परामर्श	51
8.	उत्कृष्टता केंद्र	52
9.	अंतर्राष्ट्रीयकरण	91
10.	अवसंरचना	99
11.	संप्रेषण	106
12.	भूतपूर्व छात्र संबंध	109
13.	विकास कार्यालय	115
14.	नीति एवं पहल	117
15.	आईआईएमबीएक्स एमओओसी कार्यक्रम	120
16.	कार्मिक एवं प्रशासन	130
17.	वित्तीय स्थिति	135
18.	विवरण	136
19.	लेखा विवरण	229

भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर
INDIAN INSTITUTE OF MANAGEMENT
BANGALORE

विज़न **एक वैश्विक, विख्यात शैक्षणिक संस्थान बनना, जो व्यवसाय, सरकार और समाज के लिए प्रबंध, नवाचार और उद्यमवृत्ति में उत्कृष्टता को बढ़ावा दे ।**

मिशन

- समग्र एवं रूपांतकारी शिक्षा द्वारा नवीन वैश्विक व्यवसाय नेताओं, उद्यमियों, नीति-निर्माताओं एवं सामाजिक परिवर्तन लाने वालों का पोषण करना ।
- ऐसा विचार नायकत्व प्रदान करना, जो प्रसंगतः सन्निहित एवं सामाजिक रूप से संबद्ध है एवं सकारात्मक प्रभाव डाले ।
- बगैर समझौता के एक साथ शिक्षा एवं विचार नायकत्व में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करना ।

मूल्य

- **सत्यनिष्ठा** एवं **नैतिक व्यवहार** के उच्च मानक बनाए रखना ।
- **सहयोग** और **विश्वास** की संस्कृति स्थापित करना ।
- प्रत्येक व्यक्ति का **आत्म-सम्मान** करना एवं **समान अवसर** उपलब्ध करना ।
- उत्कृष्टता के लिए प्रयासरत् संकायों को **शैक्षणिक स्वतंत्रता** प्रदान करना ।
- **समावेश** एवं **विविधता** द्वारा शिक्षा, विचार नायकत्व, नीति एवं सामाजिक प्रभाव, में **उत्कृष्टता** का सम्मान करना ।
- शिक्षा एवं विचार नायकत्व दोनों में **परिमाण से अधिक गुणवत्ता** को प्राथमिकता देना ।

मार्गदर्शी सिद्धांत

- दीर्घावधि वित्तीय निरंतरता सुनिश्चित करके **बौद्धिक स्वायत्तता** का संरक्षण करना ।
- विभिन्न पणधारियों की अपेक्षाओं के प्रति प्रतिक्रिया देते हुए **उचित संतुलन** बनाए रखने का प्रयास करना ।

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

अध्यक्ष का संदेश

डॉ. देवी प्रसाद शेट्टी

अध्यक्ष एवं वरिष्ठ परामर्शदाता कार्डियाक सर्जन,
नारायणा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, बेंगलूरु

पिछले वर्ष के दौरान भाप्रसं बेंगलूर के कुछ मील के पत्थर, सफलताएँ एवं उपलब्धियाँ आज आपके साथ साझा करते हुए मुझे खुशी हो रही है ।

इसकी शुरुआत मैं, प्रोफेसर गीता सेन, भाप्रसंबें के लोक नीति केंद्र की भूतपूर्व अध्यक्ष को बधाई देकर करूँगा, जिन्हें लिंग समानता को आगे बढ़ाने के लिए उनके अग्रणी कार्य हेतु वर्ष 2020 के लिए डैन डेविड पुरस्कार से सम्मानित किया गया । एक अति प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार, डैन डेविड पुरस्कार, डैन डेविड फाउंडेशन द्वारा प्रदत्त है और इसका मुख्यालय तेल अवीव विश्वविद्यालय में है । डैन डेविड पुरस्कार, डॉ. गीता सेन द्वारा जनसंख्या और विकास पर संजोया गया उत्कृष्ट एवं व्यापक कार्य की अद्भुत स्वीकारोक्ति है ।

प्रोफेसर सेन अगस्त 1993 से अक्तूबर 2013 तक भाप्रसंबें के लोक नीति क्षेत्र में संकाय थीं । स्कूल के साथ उनकी दीर्घ संबद्धता पर हमें बेहद गर्व है ।

यह भाप्रसंबें के लिए गर्व की बात है कि इस साल जनवरी में डॉ. बी.वी. दोशी (भाप्रसं बेंगलूर के वास्तुकार और प्रित्जकर आर्किटेक्चर पुरस्कार विजेता) को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया । पद्म भूषण भारत गणराज्य में तीसरा सबसे बड़ा नागरिक पुरस्कार है, जो उच्च स्तरीय विशिष्ट सेवा के लिए दिया जाता है । डॉ. दोशी को 1976 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था । वास्तुकला में सबसे प्रतिष्ठित सम्मानों में से एक और नोबोल पुरस्कार के समक्ष, प्रित्जकर आर्किटेक्चर पुरस्कार पाने वाले वे पहले भारतीय हैं । डॉ. दोशी, रॉयल इंस्टीट्यूट ऑफ ब्रिटिश आर्किटेक्ट्स और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स के फेलो भी हैं ।

हम स्थापना दिवस 2019 हेतु परिसर में उनके आगमन का सप्रेम स्मरण करते हैं । बारम्बार, उन्होंने भाप्रसंबें में अपने कार्य को अपनी यात्रा के अति महत्वपूर्ण अंश का श्रेय दिया है ।

मैं भाप्रसंबें की विकास कहानी में निदेशक प्रोफेसर ग. रघुराम द्वारा दिए गए अपार योगदान के लिए भी धन्यवाद देना चाहता हूँ । आईआईएम अधिनियम की आवश्यकताओं का कार्यान्वयन उनके मार्गदर्शन में ही हुआ । अति महत्वपूर्ण बात यह है, कि हमने अपने डिप्लोमा प्रदत्त कार्यक्रमों को डिग्री प्रदत्त में बदलने की यात्रा शुरू की । हमने पाँच कार्यक्रमों के लिए यह किया । उनके तत्वावधान में हमने मौजूदा कार्यक्रमों का विस्तार किया, डिग्री प्रदत्त व्यवसाय विश्लेषिकी में स्नातकोत्तर कार्यक्रम एवं प्रमाण-पत्र कार्यक्रम जैसे एन.एस. रामस्वामी पूर्व-वाचस्पति फेलोशिप (एनएसआर पूर्व-वाचस्पति) एवं महात्मा गाँधी नैशनल फेलोशिप (एमजीएनएफ) जैसे नए कार्यक्रम प्रारम्भ किए और नए परिसर पर कार्य और अनुसंधान एवं केंद्रों हेतु पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार के लिए संकेंद्रण जारी रखा है । चार नए केंद्रों और अनुसंधान हित समूहों हेतु रूपरेखा तैयार की गई है । भारत-जापान अध्ययन केंद्र

जिसकी स्थापना सितंबर 2017 में की गई थी और अब एक उदार प्रायोजन के साथ, मिज़ुहो इंडिया-जापान अध्ययन केंद्र होगा, का विशेष उल्लेख किया जाना चाहिए ।

प्रोफेसर रघुराम ने भाप्रसंबें के विकास दस्तावेजीकृत करना और 2023 में संस्थान की स्वर्ण जयंती के लिए तैयार होने के परिप्रेक्ष्य के साथ, इतिहास परियोजना की स्थापना में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है ।

इस परियोजना के तहत्, पहला प्रकाशन- एक अति विशेष पुस्तक, 'दी इवॉल्यूशन ऑफ आईआईएम बेंगलूर : डायरेक्टर्स पर्सपेक्टिव्स', का विमोचन अक्तूबर में 46वें स्थापना दिवस पर किया गया था ।

स्कूल और हम सब हमेशा उनके आभारी रहेंगे ।

रैंकिंग

संकाय, छात्रों और भूतपूर्व छात्रों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के एक प्रतिबद्ध दल द्वारा सम्मिलित प्रयासों के कारण, भाप्रसंबें को कई प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करने और विश्व में अति सम्मानित रेटिंग संस्थानों द्वारा रैंकिंग में सुधार करने का गौरव प्राप्त हुआ, चाहे वह राष्ट्रीय हो या अंतर्राष्ट्रीय ।

जनवरी 2020 में, पॉज़िटिव इंपैक्ट रेटिंग के पहले संस्करण में, दावोस में 2020 विश्व आर्थिक मंच की बैठक के दौरान बिज़नैस स्कूलों हेतु एक नई रेटिंग को अनावृत किया गया, भाप्रसंबें को 'ट्रांस्फॉर्मिंग स्कूलों' की श्रेणी में शीर्ष नौ स्कूलों में से एक का दर्जा दिया गया । 'ट्रांस्फॉर्मिंग स्कूल्स' सकारात्मक प्रभाव की संस्कृति दर्शाते हैं, जो अभिशासन और प्रणालियों में सन्निहित है, कई प्रभावों के आयामों में दृश्यमान और परिणाम दर्शाते हैं ।

अपनी 2019 रैंकिंग में एड्युनवर्सल पेरिस द्वारा मध्य एशिया में भाप्रसंबें को नंबर एक बिज़नेस स्कूल का नाम दिया गया । यह पुरस्कार 28 अक्तूबर, 2019 को बैंकॉक, थाईलैंड में एक समारोह में दिया गया था । एड्युनिवर्सल के विवरण के अनुसार, उन्होंने अपनी 2019 रैंकिंग के लिए 136 देशों के 886 विभिन्न स्कूलों और विश्वविद्यालयों में 20000 से अधिक एमबीए एवं परास्नातक (मास्टर्स) कार्यक्रमों का सर्वेक्षण किया था ।

भाप्रसंबें के दो वर्षीय पूर्णकालिक एमबीए, प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम को फाइनेंशियल टाइम्स, लंदन द्वारा वैश्विक स्तर पर शीर्ष 50 में स्थान दिया गया है । एफटी मास्टर्स इन मैनेजमेंट (एमआईएम) 2019 हेतु रैंकिंग में भाप्रसंबें के दो वर्षीय एमबीए को विश्व स्तर पर 44वाँ स्थान और भारत में शीर्ष 3 में स्थान प्रदान किया गया ।

भाप्रसंबें का एक वर्षीय पूर्णकालिक एमबीए कार्यक्रम, प्रबंध में कार्यपालक स्नातकोत्तर कार्यक्रम फाइनेंशियल टाइम्स (एफटी) ग्लोबल एमबीए रैंकिंग 2020 में 27वाँ स्थान प्राप्त करते हुए पिछले वर्ष से छह स्थान ऊपर पहुँचा । भाप्रसंबें ने रैंकिंग में भारतीय बी-स्कूलों में शीर्ष स्थान हासिल किया है । भाप्रसंबें का एक वर्षीय एमबीए पिछले चार वर्षों से वैश्विक रैंकिंग में लगातार वृद्धि कर रहा है, जो 2017 में 49वें स्थान से 2020 में 27वें रैंक पर पहुँच गया है ।

भाप्रसंबें को एमओओसीलैब की बिज़नैस स्कूल रैंकिंग 2020 में इसके प्रावधान, अभिकल्पना एवं व्यापक मुक्त ऑनलाइन पाठ्यक्रम या एमओओसी प्रतिपादन के लिए विश्व में नंबर 3 रैंक प्रदान किया गया । रैंकिंग के 2020 संस्करण ने विश्व के 16 बिज़नैस स्कूलों का सर्वेक्षण किया जो तीन प्रमुख एमओओसी मंचों पर पाठ्यक्रम संचालित कर रहे हैं : कोरसेरा, ईडीएक्स और फ्यूचरलर्न । यह एमओओसी के प्रावधान के आधार पर सर्वप्रथम बिज़नैस

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

स्कूल रैंकिंग है । भाप्रसं बेंगलूर में 43 मुक्त ऑनलाइन पाठ्यक्रम, ईडीएक्स पर उपलब्ध है, साथ ही एक व्यावसायिक प्रमाण-पत्र और दो माइक्रोमास्टर्स कार्यक्रम भी हैं । एमओओसी निष्पादन द्वारा यह विश्वविद्यालय रैंकिंग के लिए भी जाना जाता है, एमओओसीलैब की बिज़नैस स्कूल रैंकिंग अध्ययन मार्ग के प्रावधान, श्रेय-प्रदत्त प्रत्यायक के प्रावधान, एमओओसी आधारित डिग्री के प्रावधान और स्कूल की शिक्षण गुणवत्ता जैसे निष्पादन संकेतकों पर स्कूलों का मूल्यांकन करते हैं । प्रस्तुत सभी एमओओसी की संख्या के आधार पर ये स्कूल के निष्पादन का मापदंड करते हैं ।

2020 क्यूएस वैश्विक रैंकिंग, जो 26 सितंबर, 2019 को जारी की गई थी, भाप्रसंबें ने भूतपूर्व छात्रों के परिणाम मापदंड पर शानदार प्रदर्शन के साथ एमआईएस (मास्टर्स इन मैनेजमेंट-दो वर्षीय एमबीए) श्रेणी में भारत में नंबर 1 स्थान पर बनाए रहना बरकरार रखा । भाप्रसंबें के एक वर्षीय एमबीए-ईपीजीपी-2019 में 71वें स्थान से एक वर्षीय एमबीए हेतु, 2020 ग्लोबल क्यूएस रैंकिंग में भव्यतापूर्वक आगे बढ़कर 44वें स्थान पर पहुँचा ।

भाप्रसं बेंगलूर को प्रबंध शिक्षा श्रेणी के तहत् राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग ढाँचा (एनआईआरएफ) रैंकिंग 2019 में नंबर एक स्थान दिया गया था । यह पुरस्कार भारत के महामहिम राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद द्वारा अप्रैल 2019 में नई दिल्ली में प्रदान किया गया था ।

भाप्रसं बेंगलूर में कार्यपालक शिक्षा, इसका स्थापना से संस्थान का हिस्सा रहा है और नायकत्व, नवाचार, डिजीटलीकरण, कार्यनीति, वित्त एवं कई अन्य विषयों पर कार्यक्रमों की एक व्यापक श्रृंखला संचालित करता है । भाप्रसंबें लगभग 200 से अधिक कार्यक्रम संचालित करता है, जो प्रतिवर्ष 6000 से अधिक प्रतिभागियों को आकर्षित करते हैं ।

पिछले वर्ष जून में, फाइनेंशियल टाइम्स एक्सिक्युटिव एजूकेशन रैंकिंग ने 2019 के लिए कार्यपालक शिक्षा के शीर्ष वैश्विक प्रदाताओं की सूची की घोषणा की, इस रैंकिंग में कस्टम एवं खुले-नामांकन कार्यपालक शिक्षा कार्यक्रमों के विश्व के अग्रणी प्रदाताओं को प्रधानता दी गई है । 2019 हेतु एफटी रैंकिंग के अनुसार, भाप्रसंबें को कस्टम में 57वें स्थान पर, खुले कार्यक्रम में 49वें और मिश्रित रैंकिंग श्रेणी में 43वें स्थान पर रखा गया ।

पिछले वर्ष की रैंकिंग की तुलना में, खुले कार्यक्रमों का निष्पादन अति उल्लेखनीय रहा । खुले कार्यक्रम में 15 पायदानों की बढ़ोत्तरी हुई और इससे स्कूल शीर्ष 50 स्थान में शामिल हो गया । समुन्नत रैंकिंग कार्यक्रमों की श्रेणी, गुणवत्ता और अध्ययन परिणामों का प्रतिबिंब है । रैंकिंग प्रतिभागियों और ग्राहकों की संतुष्टि, प्रतिभागियों और संकाय की विविधता एवं स्कूल के अंतर्राष्ट्रीय अनुभव पर आधारित है ।

अप्रैल 2019 में, भाप्रसंबें में सप्ताहांत एमबीए, उद्यम प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीईएम), को एपीएसी में 12वाँ रैंक और क्यूएस कार्यपालक एमबीए रैंकिंग 2019 में विश्व स्तर पर 61वाँ रैंक प्रदान किया गया था । इन रैंकिंग की घोषणा के साथ, भाप्रसंबें भारत का एकमात्र बी-स्कूल बन गया है, जो लगातार दूसरे वर्ष एपीएसी में शीर्ष 16 में और वैश्विक स्तर पर शीर्ष 100 बी-स्कूलों का हिस्सा है ।

अवस्थापन

जैसा कि, स्कूल उद्योग के लिए तैयार स्नातक उपलब्ध कराता है, भाप्रसंबें नई प्रतिभा की तलाश हेतु भर्तीकर्ताओं के लिए पसंदीदा गंतव्य बना रहा । इस वर्ष बहुप्रिय भर्तीकर्ताओं के साथ-साथ नए भर्तीकर्ताओं के विविध समुच्चय ने शानदार प्रस्तावों के

साथ अंतिम अवस्थापन में भाग लिया ।

2018-20 की पीजीपी कक्षा ने उच्च एवं अंतिम अवस्थापन में 518 प्रस्ताव प्राप्त किए, जिससे लगभग तीन साक्षात्कार दिनों में अवस्थापन हेतु उपस्थित सभी 428 छात्रों को अवस्थापन प्राप्त हुए । प्रमुख घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय भर्तीकर्ताओं ने अंतिम अवस्थापन में भाग लिया, जिसके परिणामस्वरूप छात्रों के लिए उत्तम नौकरियों में बढ़ोत्तरी हुई । पिछले वर्ष की तुलना में प्रस्तावित नौकरियों की कुल संख्या में 6.14% की वृद्धि हुई थी ।

ईपीजीपी हेतु भर्ती प्रक्रिया में छात्रों को उपयुक्त वृत्ति विकल्पों के साथ प्रमुख संगठनों ने भाग लिया ।

ईपीजीपी अवस्थापन प्रक्रिया पूर्व औसत अनुभव 7.5 वर्ष के साथ 75 छात्रों की कक्षा हेतु 16 अक्तूबर को प्रारम्भ हुई । इस वर्ष प्रमुख भर्तीकर्ताओं में जैनपैक्ट, अमेज़ॉन, एक्सिस बैंक, मिज़ुहो बैंक, सैमसंग, माइक्रोसॉफ्ट, आईटीसी इन्फोटेक, क्वांटिफी, हिंदुस्तान कोका कोला बेवरेजेस, आदित्य बिरला ग्रुप, आरपीजी ग्रुप, डॉ. रेड्डीज़ लेबोरेट्रीज़, एफआईआईटीजेईई, मेट्रो कैश ऐंड कैरी एवं कई अन्य राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संगठन शामिल थे ।

मुझे अवस्थापन प्रक्रिया को सुचारु रूप से चलाने के लिए छात्र अवस्थापन समितियों और वृत्ति विकास सेवा कार्यालय के प्रयासों की सराहना करनी ही चाहिए ।

साझेदारी

मैं इस बात को महत्व देना चाहूँगा कि भाप्रसं बेंगलूर ने अत्याधुनिक प्रबंध अनुसंधान हेतु एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्कूल के महत्व को बढ़ाने के लिए मिज़ुहो बैंक, एम्फैसिस, गोल्डमैन सैक्स, फोर्ड फाउंडेशन, इन्फिनियॉन जैसे और कई अन्य प्रमुख वैश्विक संगठनों के साथ साझेदारी की है ।

02 अक्तूबर को महात्मा गाँधी राष्ट्रीय फेलोशिप (एमजीएनएफ) की घोषणा के साथ, भाप्रसंबें अब युवा क्रियाशील व्यक्तियों के कौशल विकास को बढ़ाने और ग्रामीण रोजगार में वृद्धि करने के अवसर प्रदान करता है । एमपीएनएफ भारत सरकार, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय की पहल है, जिसकी अभिकल्पना और कार्यान्वयन भाप्रसंबें द्वारा राज्य कौशल विकास मिशनों के सहयोग से की गई । एमजीएनएफ को प्रायोगिक आधार पर गुजरात, कर्नाटक, मेघालय, राजस्थान, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में प्रारम्भ किया जाएगा । यह दो-वर्षीय फेलोशिप, विश्वसनीय योजनाओं को जिला स्तर पर गहन क्षेत्र निमज्जन और रोजगार, आर्थिक उत्पादन बढ़ाने और ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका को बढ़ावा देने में बाधाओं की पहचान करने के साथ भाप्रसं बेंगलूर में कक्षाकक्ष सत्रों को जोड़ना चाहता है ।

भाप्रसंबें ने छात्रों को अंतर-सांस्कृतिक अनुभव और वैश्विक परिप्रेक्ष्य प्रदान करने के लिए एक व्यापक अंतर्राष्ट्रीय छात्र विनिमय नेटवर्क विकसित किया है । विनिमय कार्यक्रम, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय छात्रों में तीव्रता से लोकप्रिय हो गया है, क्यों कि वे विभिन्न विषयों पर एक दूसरे के साथ अन्योन्यक्रिया एवं सहयोग करने के अवसर से लाभान्वित होते हैं । भाप्रसंबें ने ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, चीन, डेनमार्क, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड्स, पोलैंड, पुर्तगाल, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, स्पेन, स्वीडन, स्विट्ज़रलैंड और ताइवान जैसे देशों के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के साथ सहयोग किया है ।

एनएसआरसीईएल, भाप्रसंबें में उद्यमवृत्ति अध्ययन केंद्र

मैं एनएसआरसीईएल, भाप्रसंबें में नवाचार एवं उद्यमवृत्ति केंद्र की कुछ हाल ही की उपलब्धियों का भी उल्लेख करना चाहूँगा,

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

जो क्रांतिकारी एवं नवाचार का पोषण करता है । 11 जनवरी, 2020 को मुंबई में 'बूटस्टैप्ड वर्सिस फंडिंग : व्हाट्स बैस्ट फॉर यॉर स्टार्ट-अप ?' पर **दी डयलॉग,** एक नामिका चर्चा के साथ केंद्र ने उद्योगों में उद्यमियों के पोषण के 20 वर्ष के उत्सव समारोह की शुरुआत की । इसका इरादा तीव्रबुद्धि वालों को अध्ययन को बढ़ाने और महत्वपूर्ण वार्तालाप को उत्पन्न करने के लिए अपने अनुभव साझा करने के लिए एक साथ लाना था जो विचार-केंद्रित और उद्यमियों से संबद्ध हो । यह बेंगलूर के बाहर एक प्रारंभिक स्तर के उद्भवक के रूप में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के, केंद्र के उद्देश्य को भी दर्शाता है ।

भाप्रसंबें-गोल्डमैन सैक्स द्वारा 10,000 महिला कार्यक्रम के दिल्ली सहगण का सफलतापूर्वक उद्घाटन 27 जनवरी, 2020 को किया गया । मुझे कहना होगा कि पर्याप्त परामर्श और समर्थन, महिला उद्यमियों को अपने व्यवसाय को अधिक ऊँचाइयों तक ले जाने में मदद कर सकता है ।

आईआईएमबीएक्स

अच्छी गुणवत्ता प्रबंध शिक्षा, केवल कक्षा-आधारित शिक्षा के माध्यम से बड़ी संख्या में इच्छुक शिक्षार्थियों तक नहीं पहुँच सकती है और इस संदर्भ में भाप्रसंबें के व्यापक मुक्त ऑनलाइन पाठ्यक्रम (एमओओसी) अपनी भूमिका निभाते हैं । स्कूल की डिजिटल अध्ययन पहल आईआईएमबीएक्स को पूर्व वर्ष में भी अपनी प्रतिष्ठा की पर्याप्त हिस्सेदारी मिली थी । भाप्रसंबें ने 29 नवंबर को विदेशी बाजारों में अपने खुले नामांकन कार्यक्रमों का शुभारम्भ किया । मिश्रित कार्यक्रम का उद्घाटन संस्करण, आईआईएमबीएक्स पर सामान्य प्रबंध कार्यक्रम (जीएमपीएक्स) दुबई, जो मध्य पूर्व के बाजार पर लक्षित था, एक सफलतापूर्ण शुरुआत के साथ उद्घाटन 29 नवंबर को किया गया ।

एमओओसी दल स्वास्थ्य रक्षा क्षेत्र पर लक्षित शीघ्र शुभारंभ किए जाने वाले कार्यक्रम विकसित कर रहा है । भाप्रसंबें की डिजिटल शिक्षा में अग्रणी भूमिका के साथ हमारे पास विकासशीलता एवं प्रभावशीलता के लिए भव्य योजनाएँ हैं ।

पिछले कुछ वर्षों में, भाप्रसं बेंगलूर विकसित होकर भारत का अग्रणी प्रबंध संस्थान बना है, जो देशभर के सर्वश्रेष्ठ एवं प्रतिभाशाली छात्रों को आकर्षित करता है । इस संस्थान के भूतपूर्व छात्रों की विश्वभर की अग्रणी कंपनियों द्वारा सबसे अधिक माँग है, जिसमें मेरी कंपनी भी शामिल है ।

डेटा चालित निर्णय लेने के महत्व में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और भविष्य की कंपनियाँ, डिजिटल परिसंपत्तियों में अधिक से अधिक निवेश करेंगी और उनके प्रबंधकों को बॉट्स का पर्वेक्षण करना पड़ेगा न कि मनुष्यों का । अतः तेजी से उभरते हुए डिजिटल परिदृश्य का सामना करने के लिए प्रबंध पाठ्यक्रम को विकसित होना पड़ेगा । मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भाप्रसंबें भविष्य के लिए ऐसे व्यवसाय नेताओं को तैयार करने के लिए, सही दिशा में आगे बढ़ रहा है ।

आज के समय और युग में ज्ञान, विकास की प्रमुख प्रेरक शक्ति है, और भाप्रसं बेंगलूर की उपलब्धियों ने साबित किया है कि स्कूल विश्वभर में प्रबंध शिक्षा के स्तर में विशेष वृद्धि करना जारी रखे है ।

डॉ. देवी प्रसाद शेट्टी
अध्यक्ष, गवर्नर मण्डल,
भाप्रसं बेंगलूर

निदेशक की रिपोर्ट

प्रोफेसर ऋषिकेश टी. कृष्णन

प्रस्तावना

अन्यथा एक अच्छा वर्ष, कोविड-19 महामारी के कारण एक चुनौतीपूर्ण रूप से समाप्त हुआ । हम भाग्यशाली थे कि पूर्व-वाचस्पति फेलोशिप और जारी कार्यपालक शिक्षा कार्यक्रम (ईईपी) के अलावा सभी शैक्षणिक कार्यक्रम मार्च 2020 की शुरुआत तक समाप्त हो चुके थे ।

20 मार्च के लिए निर्धारित 45वाँ वार्षिक दीक्षांत समारोह, योजनानुसार आयोजित नहीं किया जा सका । दीक्षांत समारोह साधारण तरीके से आयोजित किया गया, जिसमें स्वर्ण पदक विजेता और वाचस्पति छात्रों को प्रतीकात्मक रूप से पुरस्कार दिए गए, जो इलेक्ट्रॉनिक माध्यम के द्वारा शपथ लेने और उपाधियों को प्रेषित कर, संपूरित किया गया । दीक्षांत समारोह का आयोजन स्थगित कर दिया गया था ।

हम टाटा संस के अध्यक्ष, श्री एन. चंद्रसेकरन को सुनने से वंचित रह गए, जो इस आयोजन के विशिष्ट मुख्य अतिथि होते, किन्तु उम्मीद करते हैं कि जल्दी से जल्दी हमें, उनके संबोधन से प्रेरित होने का अवसर प्राप्त होगा ।

इस वर्ष 614 छात्र स्नातक हुए : पीएचडी प्रदत्त वाचस्पति कार्यक्रम से तेरह (13) छात्र, एमएमएस (लोकनीति) प्रदत्त एक वर्षीय पूर्णकालिक लोकनीति एवं प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम से 27 छात्र, एमबीए प्रदत्त दो-वर्षीय सप्ताहांत-उद्यम प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम से 70 छात्र, एमबीए प्रदत्त एक-वर्षीय पूर्णकालिक-प्रबंध में कार्यपालक स्नातकोत्तर कार्यक्रम से 75 छात्र एवं एमबीए प्रदत्त दो-वर्षीय पूर्णकालिक प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम से 429 छात्र । उन सभी को हमारी शुभकामनाएँ ।

एन.एस. रामास्वामी पूर्व-वाचस्पति फेलोशिप (एनएसआर पूर्व- वाचस्पति), जो समावेश पर ध्यान संकेन्द्रित एक साल का प्रशिक्षुता कार्यक्रम है, के दूसरे बैच (2019-20) को जुलाई 2020 के अंत तक बढ़ा दिया गया है । इस कार्यक्रम का उद्देश्य चयनित पूर्व-वाचस्पति फेलो को प्रबंध और संबद्ध विषयों में वाचस्पति कार्यक्रमों में सफलतापूर्वक आवेदन करने में मदद करना है और समाज में ऐतिहासिक रूप से अल्प प्रतिनिधित्व वर्गों के आवेदकों को लक्षित करना है । इसका उद्देश्य भारत में, प्रबंध शिक्षा जगत की सामाजिक विविधता बढ़ाना है ।

इस वर्ष, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार के समर्थन से हमने महात्मा गाँधी राष्ट्रीय फेलोशिप (एमजीएनएफ) का शुभारंभ किया, जो एक ऐसा कार्यक्रम जिसकी अभिकल्पना और संचालन भाप्रसंबें करेगा । एमजीएनएफ, दो-वर्षीय शैक्षणिक कार्यक्रम, कौशल विकास को बढ़ाने और जिला स्तर पर ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा देने के लिए युवा, गतिशील व्यक्तियों के लिए एक अनूठा अवसर है ।

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

एमजीएनएफ कार्यक्रम ने 08 मार्च, 2020 को भाप्रसंबें में एक अभिमुखीकरण समारोह द्वारा 74 छात्रों (कठोर प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से चयनित) से युक्त पहले बैच का स्वागत किया । प्रथम दल में 44 प्रतिशत महिला अभ्यर्थी शामिल हैं ।

कार्यपालक शिक्षा कार्यक्रम

ईईपी व्यवसाय, सरकार एवं समाज को प्रभावित करने के विज़न का एक महत्वपूर्ण भाग है । स्कूल वर्तमान कार्यक्रमों को बढ़ाने और सहभागियों को अपने कौशल को और बेहतर बनाने में मदद करने हेतु नए कार्यक्रम आरंभ करने का लगातार प्रयास कर रहा है ।

ईईपी संबंधी 2020 एफटी रैंकिंग में, भाप्रसंबें को खुले एवं कस्टम श्रेणियों में भारत में नंबर एक रैंक प्रदान किया गया । हम ईईपी हेतु शीर्ष 50 वैश्विक रैंकिंग में शामिल होने वाले, भारत के एकमात्र स्कूल हैं ।

ईईपी निष्पादन की प्रमुख विशेषताएँ :

कार्यक्रम श्रेणी	कार्यक्रमों की संख्या		सहभागियों की संख्या		कार्यक्रम दिवसों की संख्या		सहभागी कार्यक्रम दिवसों की संख्या		राजस्व- रुपए लाखों में	
	2018-19	2019-20	2018-19	2019-20	2018-19	2019-20	2018-19	2019-20	2018-19	2019-20
खुले एलडीसीपी	24	27	1272	1335	473	514	27580	26915	5328	4749
खुले एसडीपी	71	52	1402	1043	265	205	5335	4196	1138	1071
कस्टम कार्यक्रम	109	101	2906	2974	744	771	19976	23476	3669	4651
अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम	16	11	454	303	81	42	2038	1050	505	309
कुल	**220**	**191**	**6034**	**5655**	**1563**	**1532**	**54929**	**55637**	**10640**	**10780**

फरवरी 2020 में, हमने परिवार व्यवसाय मालिकों हेतु एक उन्नत कार्यक्रम शुभारंभ करने की घोषणा की। भाप्रसंबें 13 वर्षों से अधिक, से उद्यमियों और परिवार व्यवसायों हेतु प्रबंध कार्यक्रम (एमपीईएफबी) संचालित कर रहा है। विभिन्न क्षेत्रों के 400 से अधिक परिवार व्यवसाय मालिकों, ने एमपीईएफबी के पिछले संस्करण पूरे किए हैं। व्यवसाय परिवेश में जटिलताओं के बढ़ने के साथ, कई परिवार व्यवसाय मालिकों ने एक उन्नत कार्यक्रम की माँग की है। इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए, भाप्रसंबें द्वारा परिवार व्यवसाय उन्नत प्रबंध (एफएएमई) कार्यक्रम की कल्पना की गई है। इस कार्यक्रम का लक्ष्य भारतीय परिवार व्यवसाय मालिकों की अगली पीढ़ी को अपने संगठनों को अगले स्तर तक पहुँचाने के कौशल और ज्ञान से सशक्त करना है। इस कार्यक्रम को कठोर, अद्यतन अनुसंधान, शिक्षण-शास्त्र और व्यावहारिक विशेषज्ञता के आधार पर हमारे उद्यमवृत्ति क्षेत्र के संकाय द्वारा अभिकल्पित किया गया है।

भाप्रसंबें के युवा नेता कार्यक्रम के दूसरे दल के 73 सहभागियों ने 25 जनवरी, 2020 को अपने पाठ्यक्रम पूर्णता प्रमाण-पत्र प्राप्त किए। इस एक-वर्षीय कार्यक्रम को भाप्रसंबें के एमओओसीएस का लाभ उठाते हुए परिसर-सत्रों के साथ मिश्रित कर संचालित किया गया। पूर्व दल के 134 सहभागियों ने 8 अगस्त, 2019 को पूर्णता प्रमाण-पत्र प्राप्त किए।

भाप्रसंबें ने विदेशी बाजारों में खुले नामांकन कार्यक्रमों की पेशकश करने का सशक्त प्रयास किया। मध्यपूर्व बाज़ार को लक्षित, मिश्रित कार्यक्रम-आईआईएमबीएक्स पर सामान्य प्रबंध कार्यक्रम (जीएमपीएक्स), दुबई के उद्घाटन संस्करण की सफल शुरुआत 29 नवम्बर, 2019 से दुबई में की गई। जीएमपीएक्स दुबई एक बहु-चरण मिश्रित कार्यक्रम है, जो नवंबर 2019 से जुलाई 2020, लगभग आठ माह से अधिक तक विस्तारित है। उद्घाटन बैच में विभिन्न उद्योगों और सेक्टरों से 32 सहभागी थे।

भाप्रसंबें में गोल्डमैन सैक्स 10,000 महिला कार्यक्रम के तीसरे दल के भाग के रूप में, चौवन महिला उद्यमियों ने 23 अगस्त, 2019 को एनएसआरसीईएल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अपने प्रमाण-पत्र प्राप्त किए।

देश के राष्ट्रीयकृत बैंकों के वरिष्ठ प्रबंध हेतु नायकत्व विकास कार्यक्रम का उद्घाटन 19 जुलाई, 2019 को किया गया, जो एक ऐतिहासिक पहल की शुरुआत है और इसका उद्देश्य भावी नायकत्व को पोषित करने के लिए राष्ट्रीयकृत बैंकों का समर्थन करना है, जो वर्तमान और उन्मज्ज चुनौतियों का सामना करेंगे। तीन वर्षों के लिए, वरिष्ठ प्रबंध कार्मिक, वर्तमान और उन्मज्ज चुनौतियों का सामना करने के लिए भाप्रसंबें में लगभग नौ माह की अवधि में 30 दिन अंतःक्षेप से गुजरेंगे।

22 जून, 2019 को, 73 सहभागी कार्यपालक सामान्य शिक्षा कार्यक्रम के 50वें संस्करण का हिस्सा बने। भाप्रसंबें ने इस कार्यक्रम, जो वास्तविक जीवन संदर्भ सीखने के प्रयोग को सुनिश्चित करने के लिए एक असंयोजित कार्य-योजना का अनूठा प्रतिरूप है, की रोचक यात्रा को मनाने के लिए कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन किया।

अंतर्राष्ट्रीयकरण

19 देशों के 34 प्रबंध स्कूलों के कुल 84 अंतर्राष्ट्रीय छात्रों ने भाप्रसंबें के विनिमय कार्यक्रम में भाग लिया। इनमें से, टर्म 5 में आए कुल 75 छात्रों का 04 सितंबर, 2019 को एक विशेष समारोह द्वारा स्वागत किया गया। फ्रांस से 41 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ अंतर्राष्ट्रीय छात्रों का सर्वाधिक योगदान था।

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

भाप्रसंबें के कुल 168 पीजीपी छात्र टर्म 5 के दौरान अंतर्राष्ट्रीय विनिमय में 23 देशों के 55 प्रबंध स्कूलों में गए ।

पचहत्तर ईपीजीपी छात्र अंतर्राष्ट्रीय निमज्जन पर गए थे, 25 छात्र केएआईएसटी कॉलेज ऑफ बिज़नैस, सोल, दक्षिण कोरिया, 25 छात्र आईई बिज़नैस स्कूल, मैड्रिड, स्पेन और 25 छात्र स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, फूडन युनिवर्सिटी, शंघाई, चीन गए थे ।

अट्ठाइस पीजीपीपीएम छात्र दी मैक्सवेल स्कूल ऑफ सिटीज़नशिप ऐंड पब्लिक अफेयर्स, साइराक्यूस युनिवर्सिटी, न्यूयॉर्क, यूएसए में अंतर्राष्ट्रीय निमज्जन पर गए थे ।

भाप्रसंबें ने कई वैश्विक स्कूलों के अंतर्राष्ट्रीय छात्रों हेतु लघु अवधि निमज्जन कार्यक्रम संचालित किए । इसमें सात देशों के आठ प्रबंध स्कूलों से 303 सहभागियों ने भाग लिया था ।

इनमें अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम थे, जिसमें दोनों अंतर्राष्ट्रीय एवं भाप्रसंबें के छात्रों ने भाग लिया था । दी व्हार्टन स्कूल, युनिवर्सिटी ऑफ पेनसिल्वेनिया, यूएसए ने 01 से 04 जनवरी, 2020 तक 'टेक्नोलॉजी ऐंड आंध्रप्रीनरशिप इन इंडिया' पर एक कार्यशाला संचालित की, जिसमें व्हार्टन स्कूल के 30 छात्रों और भाप्रसंबें के 30 छात्रों ने भाग लिया था ।

येल स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, यूएसए ने 16 से 17 जनवरी, 2020 तक सोशियल इंटरप्राइस इन इंडिया पर एक कार्यक्रम संचालित किया था । भाप्रसंबें में आयोजित इस वार्षिक येल ग्लोबल सोशियल आंध्रप्रीनरशिप कार्यक्रम की अभिकल्पना येल/भाप्रसंबें सामाजिक उद्यमवृत्ति दलों को विचार-विमर्श करने और उनके काम को आज तक संश्लेषित करने, प्रक्रिया में वे जहाँ हैं की स्थिति जानने और आगे क्या करना है की योजना तैयार करने का अवसर प्रदान करने के लिए की गई है । इस कार्यक्रम में छह भाप्रसंबें छात्रों और 14 येल छात्रों ने भाग लिया । इस कार्यक्रम में छह सामाजिक उद्यमों ने भी भाग लिया था ।

भाप्रसंबें उन्नत प्रबंध हेतु वैश्विक नेटवर्क का एक सदस्य है, जिसमें विश्वभर के 32 श्रेष्ठ मूल्यांकन प्राप्त प्रबंध स्कूल शामिल हैं । ये स्कूल वर्ष में विशिष्ट सप्ताह के दौरान, पाठ्यक्रम संचालित करते हैं, जिसे वैश्विक नेटवर्क सप्ताह कहा जाता है । वे ऑनलाइन पाठ्यक्रम भी संचालित करते हैं, जिन्हें स्मॉल नेटवर्क ओपन कोर्सेस या एसएनओसी कहा जाता है ।

भाप्रसंबें द्वारा प्रस्तुत वैश्विक नेटवर्क सप्ताह पाठ्यक्रम ने 10 देशों के 11 प्रबंध स्कूलों से 26 अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को आकर्षित किया ।

हमारे साझेदार स्कूलों द्वारा प्रस्तुत वैश्विक नेटवर्क सप्ताह पाठ्यक्रमों में 19 देशों के 22 प्रबंध स्कूलों में भाप्रसंबें के 90 छात्रों ने भाग लिया ।

हमारे साझेदार स्कूलों द्वारा प्रस्तुत एसएनओसी में सात देशों के आठ प्रबंध स्कूलों में भाप्रसंबें के 31 छात्रों ने भाग लिया ।

उपरोक्त के अलावा, भाप्रसंबें में अंतर्राष्ट्रीयकरण के कई अन्य पहलू हैं । इनमें शामिल हैं अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में संकाय की सहभागिता, शोध पर अंतर्राष्ट्रीय सह-लेखकों के साथ संकाय का सहयोग करना, सेमिनार एवं पाठ्यक्रमों हेतु भाप्रसंबें में आने वाले वैश्विक विद्वान, भाप्रसंबें में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों, अंतर्राष्ट्रीय संकायों की भर्ती, हमारे ईईपी में अंतर्राष्ट्रीय सहभागी, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से ईईपी संचालित करना, दोहरी डिग्री कार्यक्रम, ग्रीष्म अंतःशिक्षुता और विदेशों में स्थाई अवस्थापन एवं वैश्विक स्थानों में स्थित भूतपूर्व छात्रों के साथ संबद्धता ।

समारोह

भाप्रसंबें के कार्यनीति क्षेत्र ने, 27 जनवरी, 2020 को डॉ. मीरा अय्यर, स्वतंत्र लेखक एवं शोधकर्ता द्वारा बेंगलूरु शहर पर एक वार्ता आयोजित की । यह वार्ता सदियों से शहर की यात्रा में मील के पत्थरों पर संकेंद्रित थी ।

वित्त एवं लेखा क्षेत्र ने जर्नल ऑफ एकाउंटिंग, ऑडिटिंग ऐंड फाइनेंस (जेएएएफ), भाप्रसं अहमदाबाद, भाप्रसं कलकत्ता, इंडियन स्कूल ऑफ बिज़नैस एवं सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) के सहयोग से 11 से 13 जनवरी, 2020 के दौरान चौथी जेएएएफ संगोष्ठी का आयोजन किया । इस सम्मेलन का उद्देश्य भारत और अन्य उभरते देशों के युवा शोधकर्ताओं को लेखा, वित्त, अर्थशास्त्र एवं संबंधित अनुसंधान में अनुभव प्राप्त करने में मदद करना था ।

दूसरा शोध सप्ताह भाप्रसंबें में दिसम्बर 2019 के अंतिम सप्ताह में आयोजित किया गया था । प्रमुख समारोह में 'रिसर्च रेलेवेंस टु इंडस्ट्री प्रैक्टिस ऐंड पॉलिसी मेकिंग' पर एक नामिका चर्चा, 'इवॉल्विंग एम्फैसिस ऑफ रिसर्च ऐंड पब्लिशिंग ऐट आईआईएमबी' पर एक ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य, उच्च गुणवत्ता वाली पत्रिकाओं में संकायों के पेपर प्रस्तुतीकरण, एवं 'रिसर्च डिज़ाइन ऐंड पब्लिशिंग' पर एक कार्यशाला शामिल थी ।

उसी सप्ताह के दौरान, भाप्रसंबें ने 28 एवं 29 दिसंबर, 2019 को, विधि एवं अर्थशास्त्र पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के पाँचवें संस्करण का आयोजन किया । सम्मेलन में 'विधि एवं अर्थशास्त्र' से संबंधित विषयों पर नामिका चर्चाएँ एवं प्रस्तुतीकरण थे, जिनमें कॉम्पिटीशन लॉ ऐंड पॉलिसी; रिसर्च डिज़ाइन ऐंड मैथड चॉइसेस फॉर लॉ ऐंड इकोनॉमिक्स; लॉ, इकोनॉमिक्स ऐंड फाइनेंस; जेंडर ऐंड क्राइम और 'कॉज़ेस ऐंड सॉल्यूशन ऑफ रोड क्रेशेस इन इंडिया : दी रोल ऑफ इंडस्ट्री ऐंड इंस्टीट्यूशंस' पर समर्पित नामिका चर्चा शामिल थी । यह सम्मेलन इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉ ऐंड इकोनॉमिक्स के तत्वावधान में भाप्रसं बेंगलूर द्वारा आयोजित किया गया ।

शोध सप्ताह के दौरान 27 एवं 28 दिसंबर, 2019 को ग्यारहवाँ आईएमआर वाचस्पति सम्मेलन, आईएमआरडीसी 2019-20 आयोजित किया गया । सम्मेलन में मुख्य व्याख्यान प्रोफेसर जेम्स फॉस्टर, ऑलिवर टी. कार अंतर्राष्ट्रीय मामले के प्रोफेसर एवं अर्थशास्त्र के प्रोफेसर, जॉर्ज वॉशिंटन युनिवर्सिटी द्वारा 'दी रोल ऑफ इंईक्वेलिटी इन पॉवर्टी मैशर्समेंट' पर दिया गया था ।

डॉ. बालकृष्ण दोशी, रॉयल इंस्टीट्यूट ऑफ ब्रिटिश आर्किटेक्ट्स के फेलो, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ आर्टिटेक्ट्स के फेलो एवं हमारे प्रतिष्ठित और पुरस्कार प्राप्त भाप्रसंबें परिसर के वास्तुकार द्वारा स्थापना दिवस व्याख्यान देने के साथ भाप्रसंबें ने 28 अक्तूबर, 2019 का अपना 46वाँ स्थापना दिवस मनाया । भाप्रसंबें ने डॉ. दोशी को सम्मानित करने के लिए परिसर में पुस्तकालय के निकट एक विशेष फलक स्थापित कर अवसर को विशेष बनाया और इस फलक का अनावरण और नवीकृत पुस्तकालय का उद्घाटन डॉ. दोशी ने किया । भाप्रसंबें गवर्नर मंडल की सदस्य श्रीमती विनीता बाली ने इस अवसर पर डॉ. दोशी का अभिनंदन किया ।

इस 46वें स्थापना दिवस पर, एक अति विशेष पुस्तक, 'दी इवॉल्यूशन ऑफ आईआईएम बेंगलूर : डायरेक्टर्स पर्सपेक्टिव्स' का विमोचन किया गया । 1973 में इसकी स्थापना से भाप्रसंबें की यात्रा को प्रकाशनों एवं निर्गतों की श्रृंखला के माध्यम से, 2023 में स्वर्ण जयंती वर्ष से पहले भाप्रसंबें के व्यापक इतिहास का दस्तावेजीकरण करने के विषय को रूप

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

देने का विचार जून 2017 में किया गया ।

केंद्र

भाप्रसंबें और इसके विभिन्न केंद्र एवं कार्यक्रम, सम्मेलन और कार्यशालाएँ आयोजित करना जारी रखे है, जो सूचना साझा करने का एक अद्भुत मंच प्रदान करता है । भाप्रसंबें में केंद्रों की वार्षिक बाह्य समीक्षा की योजना बनाई गई है । एनएसआरसीईएल और कंपनी अभिशासन एवं नागरिकता केंद्र की समीक्षा 2019-20 के दौरान की गई थी ।

आपूर्ति श्रृंखला स्टार्ट-अप सॉल्यूशंस (एस3) का उद्घाटन सम्मेलन 14 फरवरी, 2020 को आपूर्ति श्रृंखला प्रबंध केंद्र एवं एनएसआरसीईएल, भाप्रसंबें के स्टार्ट-अप केंद्र द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया । इसने विभिन्न उद्योग क्षेत्रों के दर्शकों को आकर्षित किया, जिसमें विख्यात निगम और स्टार्ट-अप शामिल थे । वक्ताओं में इंटैल कॉर्पोरेशन, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, टीवीएस सप्लाई चेन सॉल्यूशंस लिमिटेड और ए टी कर्नी जैसे शीर्ष संगठनों के व्यवसायी शामिल थे ।

27 जनवरी, यहूदियों के विध्वंस का अंतर्राष्ट्रीय स्मरण दिवस, इस अवसर को मनाने के लिए कनाडा, इज़राइल एवं जर्मनी के वाणिज्य दूतावासों के साथ इज़राइल केंद्र ने एक समारोह का आयोजन किया । तनावपूर्ण समय में नेताओं के सामने नैतिक दुविधाओं पर शामभर चर्चा करने के लिए शैक्षणिक एवं अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के नेता भाप्रसंबें में एकत्रित हुए ।

भारत सॉफ्टवेयर उत्पाद प्रबंध शिखर सम्मेलन 2020 के दूसरे संस्करण का सह-आयोजन 17 एवं 18 जनवरी, 2020 को सॉफ्टवेयर एवं आईटी प्रबंध केंद्र और अंतर्राष्ट्रीय सॉफ्टवेयर उत्पाद प्रबंध संगठन द्वारा किया गया था । शिखर सम्मेलन में उद्योग नेताओं, प्रोफेसरों, उद्यम साझेदारों, एवं उत्पादन और प्रतिभा प्रमुखों द्वारा मुख्य भाषणों, कार्यशालाओं एवं नामिका सत्रों के माध्यम से सॉफ्टवेयर उत्पाद प्रबंध विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रस्तुत की गई । इस वर्ष कुछ शोध/अभ्यास पत्र प्रस्तुतीकरण, छात्र प्रस्तुतीकरण, परामर्शदाता अन्योन्यक्रियाएँ, साक्षात्कार एवं व्यवसायी वार्तालाप जोड़े गए ।

05-07 दिसंबर, 2019 के दौरान, डेटा केंद्र एवं विश्लेषिकी प्रयोगशाला द्वारा बिज़नैस एनालिटिक्स ऐंड इंटेलिजेंस पर आयोजित, सातवें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में टीसीएस, सिस्को, लिंकडिन, वीएमवेयर, बेन & कंपनी, आईबीएम, आदित्य बिरला मैनेजमेंट, टीवीएस मोटर्स जैसी कंपनियों के उद्योग नेताओं और वक्ताओं ने व्यावसायिक समस्याओं को हल करने में विश्लेषिकी की भूमिका के संबंध में महत्वपूर्ण प्रश्नों को संबोधित किया ।

भाप्रसंबें ने भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ के सहयोग से 10 अक्तूबर, 2019 को, भाप्रसंबें में 'डिजिटल डेटा गोपनीयता, संरक्षण और मुद्रीकरण मॉडलों' पर एक-दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया । उद्योग नेताओं और नीति निर्माताओं ने भारत में डेटा संरक्षण डेटा/साइबर और गोपनीयता का कानूनी ढाँचा, डिजिटल इंडिया एवं डेटा संरक्षण पारिस्थितिकी तंत्र की अभिकल्पना, नेटवर्क प्रौद्योगिकी, आईपीआर एवं डेटा मुद्रीकरण मॉडल्स, कॉर्पोरेट भारत : यंत्ररचना एवं कार्यनीतियों का मुकाबला एवं तैयारी का आकलन करना : डेटा पर आधारित आर्थिक प्रणाली के एक भारतीय मॉडल की ओर, जैसे मुद्दों को संबोधित किया ।

03 सितंबर, 2019 को आपूर्ति श्रृंखला प्रबंध केन्द्र द्वारा ईवी बैटरीज़ पर एक कार्यशाला आयोजित की गई थी ।

22-24 अगस्त, 2019 के दौरान लोक नीति केंद्र (सीपीपी) द्वारा लोक नीति एवं प्रबंध पर 14वाँ वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

आयोजित किया गया था ।

2019 की शुरुआत से सीपीपी ने अपना स्थापना दिवस मनाने का निर्णय लिया था, जो कि 10 जुलाई को है । उद्घाटन सीपीपी स्थापना दिवस व्याख्यान का शीर्षक 'आर्मी ऐंड नेशन : एक्सप्लेनिंग इंडियाज़ सिविल-मिलिट्री सक्सेस' था, जिस पर येल विश्वविद्यालय के प्रोफेसर स्टीवेन विल्किंसन ने दिया था ।

डेटा केंद्र विश्लेषिकी प्रयोगशाला द्वारा 29 जून, 2019 को 'रिसर्च एआई डे' आयोजित किया गया था ।

कंपनी अभिशासन एवं नागरिकता केंद्र और फ्लोरिडा इंटरनैशनल युनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ बिज़नैस ने 14 और 15 जून, 2019 को भाप्रसंबें में, अपना पहला संयुक्त सम्मेलन 'मण्डलों का भविष्य : कंपनी अभिशासन में उभरती चुनौतियाँ' आयोजित किया ।

भाप्रसंबें में माइकल ऐंड सुज़ैन डैल फाउंडेशन के सहयोग से एनएसआरसीईएल सामाजिक उद्यम उद्भवन कार्यक्रम ने 18 माह की उद्भवन यात्रा के पश्चात् 10 मई, 2019 को आठ सामाजिक उद्यमों के अपने पहले बैच के स्नातक होने का जश्न मनाया ।

कार्यक्रम

22 फरवरी, 2020 को टुलोज़ बिज़नैस स्कूल (टीबीएस), फ्रांस की साझेदारी में भाप्रसं बेंगलूर और बेंगलूर इंटरनैशनल एयरपोर्ट लिमिटेड द्वारा एयरोस्पेस और विमानन का भविष्य सम्मेलन का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में बीआईएएल, जीई एविएशन, साउथ अफ्रीकन एयरवेज़, एक्सेंचर टेक्नोलॉजी, बोइंग रिसर्च & टेक्नोलॉजी जैसे विमानन एवं एयरोस्पेस उद्योग के वक्ता, हमारे साझेदार स्कूलों से संकाय और सरकार शामिल थे । यह वार्षिक सम्मेलन टीबीएस की साझेदारी में भाप्रसंबें द्वारा प्रस्तुत एयरोस्पेस एवं विमानन कार्यपालकों हेतु सामान्य प्रबंध कार्यक्रम का परिणाम है ।

22 फरवरी, 2020 को भाप्रसंबें ने श्री चंचलापति दासा, इस्कॉन बेंगलूर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं अक्षयपात्र फाउंडेशन के उपाध्यक्ष द्वारा 'नायकत्व एवं आध्यात्मिकता' पर वार्ता का आयोजन किया । इस कार्यक्रम का आयोजन, उद्यम प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम के छात्रों द्वारा किया गया था ।

आयुष्मत 2020 का आयोजन 09 फरवरी, 2020 को स्वास्थ्यरक्षा कार्यपालकों हेतु सामान्य प्रबंध कार्यक्रम के छात्रों द्वारा किया गया था । इस कार्यक्रम का विषय 'क्रांतिकारी नवाचार-स्वास्थ्य रक्षा के भविष्य का शीर्ष अवलोकन' था, जो स्वास्थ्य नवप्रवर्तनकर्ताओं, निवेशकों और स्वास्थ्यरक्षा प्रदाताओं को एक साथ लाया । इस कार्यक्रम का केन्द्र-बिन्दु तीन मुख्य क्षेत्रों पर था : नवीकरण, निवेश एवं दत्तक-ग्रहण ।

कार्यपालक स्नातकोत्तर कार्यक्रम (ईपीजीपी) के छात्रों ने 02 फरवरी, 2020 को भाप्रसंबें में ईपीजीपी सेमिनार श्रृंखला के भव्य समापन व्याख्यान के वक्ताओं के रूप में मैग्सेसे पुरस्कार विजेता डॉ. प्रकाश बाबा आमटे और डॉ. मंदाकिनी आमटे की मेजबानी की ।

भाप्रसंबें के स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी) के छात्रों के सामाजिक प्रभाव क्लब, विकासना ने 12 जनवरी, 2020 को 'वन डे ऐट आईआईएमबी' के आठवें संस्करण का आयोजन किया । इस कार्यक्रम ने देशभर के 100 से अधिक सहभागियों को भारत के प्रमुख बिज़नैस स्कूल में एमबीए के छात्र जीवन की झलक प्रस्तुत की । उसी दिन, विकासना ने सहाय, सामाजिक प्रभाव शिखर सम्मेलन का आयोजन किया । शिखर सम्मेलन का उद्देश्य स्वास्थ्य,

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

शिक्षा, ऊर्जा, पर्यावरण, क्रीड़ा, महिला एवं बाल विकास एवं ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों के विविध समूहों के लोगों को एकसाथ लाना था, ताकि इन क्षेत्रों से विचारों और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा किया जा सके ।

भाप्रसंबें का डिजिटल अध्ययन दल, जो एमओओसी आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत करता है, ने 03 से 04 जनवरी, 2020 तक वार्षिक अध्ययन का भविष्य सम्मेलन 2020 के तीसरे संस्करण का आयोजन किया । इस वर्ष का विषय था 'सीखने, भुला देने एवं पुनः सीखने का अधिगम : व्यवधानों एवं नवाचार के युग में समृद्धि' । सम्मेलन में एन.आर. नारायणमूर्ति, इंफोसिस के सेवामुक्त अध्यक्ष एवं सह-संस्थापक और अनंत अग्रवाल, ईडीएक्स के संस्थापक एवं मुकाअ एवं मैसेचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में संकाय सहित इंफोसिस, कैपजेमिनी,टीसीएस,एनएएसएससीओएम, ईडीएक्स, फिडेलिटी इंवेस्टमेंट्स, मर्सर मेट्रल, आईआईटी बॉम्बे, आईआईटी मद्रास और अन्य जैसे प्रमुख शिक्षण संस्थानों और तकनीकी कंपनियों के वक्ताओं ने उद्योग 4.0 के संदर्भ में सीखने की क्षमता के बारे में प्रश्नों को संबोधित किया । पीजीपी छात्रों के विश्लेषिकी सोसाइटी ने 22 दिसंबर, 2019 को वार्षिक विश्लेषिकी उत्सव स्पेक्ट्रा के दूसरे संस्करण का आयोजन किया । इस एक दिवसीय आयोजन का उद्देश्य तार्किक चिंतन के एक नए तरीके को प्रस्तुत करके, वास्तविक दुनिया की बदलती गतिशीलता के साथ सामंजस्य बनाए रखना था ।

भाप्रसंबें के छात्रों ने 21 दिसंबर, 2019 को टीईडीएक्सआईआईएमबेंगलूर की मेजबानी की । इस वर्ष के कार्यक्रम का विषय 'एलईएपी (लर्न, एनविसेज, एसिमिलेट ऐंड परफॉर्म) इनटू दी फ्यूचर' था । इस कार्यक्रम में तेजस्वी सूर्या, संसद सदस्य, लोकसभा और वकील, डॉ. ज्योति पारिख, कार्यपालक निदेशक, इंटीग्रेटेड रिसर्च ऐंड ऐक्शन फॉर डेवलप्मेंट (आईआरएडीई), एवं पार्श्व गायिका तथा पद्मश्री विजेता कविता कृष्णामूर्ति सहित अन्य शामिल थे ।

भाप्रसंबें के लोक नीति क्लब के सहयोग से एक वर्षीय पूर्णकालिक लोक नीति एवं प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम के छात्रों ने 10 नवंबर, 2019 को भाप्रसंबें में लोक नीति शिखर सम्मेलन 'उत्थान' के दूसरे संस्करण की मेजबानी की । शिखर सम्मेलन का विषय था 'ब्रिजिंग दी गैप-इन्नोवेटिव ऐंड इन्क्लूसिव इंडिया' । इस अवसर के मुख्य अतिथि कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री श्री सी.एन. अश्वथ नारायण थे ।

विकासना ने 02 से 08 अक्तूबर तक दान उत्सव या दी जॉय ऑफ गिविंग वीक मनाया । इसकी शुरुआत भाप्रसंबें में सहायक कर्मचारी समुदाय को धन्यवाद देकर 'धन्यवादगलु' के साथ हुई और इसमें 'क्रिएटिविटी फॉर ए कॉज़' एक ऐसा कार्यक्रम शामिल था, जिसमें भाप्रसंबें के छात्रों द्वारा बनाई गई कलाकृति को एक उचित कारण के समर्थन हेतु बेचा गया था ।

पीजीपी के छात्रों ने प्रमुख वार्षिक उत्सव मनाए : उन्माद 2020 का आयोजन 31 जनवरी से 01 फरवरी 2020 तक, एक्सिमियस 09 से 11 अगस्त, 2019 के दौरान और विस्टा 26 जुलाई से 28 जुलाई, 2019 के दौरान किया था ।

छात्र

भाप्रसंबें के छात्र, जो हमारा गौरव और ख़ुशी हैं, उनके प्रतिष्ठित वैश्विक सेमिनार, बी-स्कूल की कठिन प्रतियोगिताओं, और साथ ही शोध पत्रों में उपलब्धियों के कारण उनकी कुछ उत्कृष्ट उपलब्धियाँ विशेष उल्लेखनीय हैं ।

संगठनात्मक व्यवहार एवं मानव संसाधन

प्रबंध क्षेत्र की वाचस्पति विद्यार्थी अनुपमा कोंडय्या द्वारा लिखित 'ए मल्टी-इंस्टीट्यूशन डिस्करसिव मॉडल ऑफ इंस्टीट्यूश्नल आंध्रप्रीनरशिप : दी केस ऑफ दी किन्नर अखाड़ा इन इंडिया' नामक पेपर ने 02-04 जनवरी, 2020 को भाप्रसं तिरुचिरापल्ली द्वारा आयोजित छठे द्विवार्षिक भारतीय प्रबंध अकादमी सम्मेलन 2020 में संगठन और प्रबंध थ्योरी ट्रैक के तहत् सर्वश्रेष्ठ पेपर पुरस्कार जीता है ।

अनुपमा कोंडय्या ने आईएमआर वाचस्पति सम्मेलन में सर्वश्रेष्ठ समालोचना पुरस्कार भी जीता, जिसका आयोजन 27-28 दिसंबर, 2019 के दौरान किया गया था । दस चुनिंदा शोध पत्रों को प्रस्तुत किया गया था और उन पर चर्चा की गई थी । सर्वश्रेष्ठ समीक्षा पुरस्कार भाप्रसंबें के वाचस्पति छात्रों के लिए है, जिन्हें लेखक द्वारा किए गए प्रस्तुतीकरण के आधार पर पेपर को प्रकाशन के लिए कैसे बेहतर बनाया जा सकता है, इस पर प्रकाश डालने के लिए उनमें से किसी भी पेपर की समालोचना लिखने का अवसर दिया जाता है ।

नबेन्दु पॉल, वित्त एवं लेखा क्षेत्र से एक वाचस्पति विद्यार्थी ने 28-29 नवंबर, 2019 को आयोजित भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलूर सीओएसएमएआर 2019, की प्रबंध वाचस्पति संभाषण में श्रेष्ठ पेपर पुरस्कार जीता । उनके द्वारा प्रस्तुत पेपर उनके पीएचडी कार्य से था, जिसका शीर्षक 'इंस्टीट्यूश्नल फैक्टर्स ऐंड डिमांड फॉर एक्सटर्नल फाइनेंस-ए मल्टी कंट्री स्टडी' था ।

नवम्बर 2019 में, ईपीजीपी के अंकुश कोचर, सचिन जोस वर्गीस एवं शशांक अवस्थी आईएसबी के ध्वजपोत कार्यक्रम अद्वैतता में बिज़-2-बिज़, एक बी2बी विपणन प्रतियोगिता में उपविजेता घोषित किए गए । प्रतियोगिता में भारत एवं विदेश के लगभग 500 दलों ने भाग लिया था ।

नवम्बर 2019 में, भाप्रसंबें के द्वितीय वर्ष के पीजीपी छात्र हर्षल अग्रवाल, कुन्दन ठाकन और प्रतीक्षा पाटिल ने एक्सेंचर बी-स्कूल चैलेंज का तीसरा संस्करण जीता । समापन समारोह गुड़गाँव में आयोजित किया गया, जिसमें 10 प्रमुख बिज़नैस स्कूलों के दलों ने भाग लिया था ।

सिद्धार्थ सिंह, रचना कामत एवं प्रवीण ससिधरन, ईपीजीपी तीन छात्रों के दल ने 02 अक्तूबर, 2019 को ऑप्टिमा, भाप्रसं अहमदाबाद के ऑपरेशंस क्लब द्वारा आयोजित भाप्रसं अहमदाबाद के 'दी रैड ब्रिक सम्मिट', के ध्वजपोत कार्यक्रम ऑप्सटक्ट में प्रथम पुरस्कार जीता ।

चार सदस्यों के दल जिसमें शामिल हैं अजय राव, आरती पतेरिया, हरीश सुदर्शन एवं श्रीजीत रामकुमार, सभी ईपीजीपी के छात्र, ने 30 मई से 31 मई, 2019 तक आईएसएएफई 18-दी सेफर इंडिया चैलेंज के तहत् सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, नीति आयोग एवं यूनाइटेड नेशंस इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग ऐंड रिसर्च द्वारा समर्थित, भाप्रौसं दिल्ली द्वारा आयोजित केस अध्ययन प्रतियोगिता जीती ।

मई 2019 में, ईपीजीपी के चिराग सोनी ने ब्लैककॉफर कंपनी द्वारा आयोजित ब्लैककॉफर इंसाइट्स 9.0 प्रतियोगिता-बैंकिंग वित्त विशेष संस्करण में प्रथम स्थान प्राप्त किया । चिराग का 'हाऊ एडवांस्ड एनालिटिक्स इज़ रीडिफाइनिंग बैंकिंग' नामक लेख ब्लैककॉफर की वैबसाइट पर प्रकाशित होने के लिए चुना गया ।

संकाय

प्रबंध, नवीकरण और उद्यमवृत्ति के क्षेत्र में बौद्धिक जाँच के लिए गहन प्रतिबद्धता, भाप्रसंबें संकायों की विशिष्टता है ।

जनवरी 2020 में, अर्थशास्त्र एवं समाज विज्ञान क्षेत्र के प्रोफेसर ऋत्विक बैनर्जी एवं लोक नीति केंद्र के प्रोफेसर सोहम

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

साहू दी इंडियन इकोनोमेट्रिक सोसाइटी द्वारा प्रदत्त, युवा शोधकर्ताओं हेतु प्रोफेसर एम जे मनोहर राव पुरस्कार के प्राप्तकर्ता थे । प्रोफेसर ऋत्विक बैनर्जी को व्यवहार अर्थशास्त्र एवं विकास अर्थशास्त्र के बीच संबंध पर उनके काम के लिए पहचाना गया था । वे प्रयोगात्मक पद्धतियों के साधनों का उपयोग करते हुए, भ्रष्टाचार, भेदभाव, आत्मविश्वास एवं लिंग पर काम कर रहे हैं । प्रोफेसर सोहम साहू को शिक्षा का अर्थशास्त्र, विकास अर्थशास्त्र, श्रम अर्थशास्त्र, और राजनीतिक अर्थव्यवस्था में उनके शोध एवं कार्य के लिए चुना गया था ।

लोक नीति क्षेत्र की प्रोफेसर हेमा स्वामीनाथन को सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की एक नई स्थाई समिति के लिए नामित किया गया है । इस समिति के पास प्रमुख डेटा सेट्स की समीक्षा करने के लिए व्यापक जनादेश है, जो आर्थिक गतिविधि एवं श्रम बल सहभागिता प्रवृत्तियों पर नज़र रखती हैं ।

संगठनात्मक व्यवहार एवं मानव संसाधन प्रबंध क्षेत्र की प्रोफेसर वासंती श्रीनिवासन एवं संगठनात्मक व्यवहार एवं मानव संसाधन प्रबंध क्षेत्र की वाचस्पति छात्रा रोमाना गुलशानी द्वारा सहलिखित 'ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट इन स्मॉल ऐंड मीडियम इंटरप्राइसेस : रिव्यु, क्रिटिक ऐंड सजैस्टेड रिसर्च डायरेक्शंस' नामक पेपर ने 02 से 04 जनवरी, 2020 को भाप्रसं तिरुचिरापल्ली द्वारा आयोजित छठे द्विवार्षिक भारतीय प्रबंध अकादमी सम्मेलन 2020 में मानव संसाधन ट्रैक के तहत् सर्वश्रेष्ठ पेपर पुरस्कार जीता ।

भाप्रसंबें के लोक नीति क्षेत्र के प्रोफेसर अर्नब मुखर्जी एवं लोक नीति क्षेत्र की वाचस्पति छात्रा दीप्ति शर्मा द्वारा सहलिखित 'डज़ एक्सेस टु सैनिटेशन इंप्रूव दी डएरियल इंसीडेंस्स एमंग्स्ट चिल्ड्रैन ?' नामक पेपर ने 02-04 जनवरी, 2020 को भाप्रसं तिरुचिरापल्ली द्वारा आयोजित छठे द्विवार्षिक भारतीय प्रबंध अकादमी सम्मेलन 2020 में स्वास्थ्य रक्षा प्रबंध ट्रैक के तहत् सर्वश्रेष्ठ पेपर पुरस्कार जीता ।

सितंबर 2019 में फेसबुक ने भारत से छह परियोजनाओं का चयन किया जो तीन प्रमुख क्षेत्रों-अभिशासन, सांस्कृतिक विविधता और परिचालानात्मक नैतिकता पर ध्यान केंद्रित करेंगे । अभिशासन श्रेणी हेतु चुनी गई अनुसंधान परियोजनाओं में से एक 'एथिकल इंप्लीकेशंस ऑफ डेलिगेटिंग डिसीज़न-मेकिंग : जर्नी टु एआई सिस्टम्स', का नेतृत्व, सूचना प्रणाली क्षेत्र के प्रोफेसर राहुल डे ने किया है । उनके सह-शोधकर्ता सूचना प्रणाली क्षेत्र के वाचस्पति छात्र साई दत्तात्रणी हैं ।

संगठनात्मक व्यवहार एवं मानव संसाधन प्रबंध क्षेत्र की संकाय, प्रोफेसर पर्ल मलहोत्रा और संगठनात्मक व्यवहार एवं मानव संसाधन प्रबंध क्षेत्र की वाचस्पति छात्रा अनुपमा कोंडय्या द्वारा सहलिखित 'स्टिडमैटाज़्ड आइडैंटिटीज़ ऐंड मीडिया इन एन एटमॉस्फ़ीयर ऑफ क्रिमिनेलिटी : ए केस ऑफ होमोसैक्शुअल इंडिविजुअल्स इन इंडिया' नामक पेपर ने 03 से 05 सितंबर, 2019 को एस्टन युनिवर्सिटी, बर्मिंघम, यूके में आयोजित ब्रिटिश ऐकेडमी ऑफ मैनेजमेंट सम्मेलन 2019 में आइडेंटिटी ट्रैक में सर्वश्रेष्ठ विकासात्मक पेपर पुरस्कार जीता ।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से निर्णय विज्ञान क्षेत्र के संकाय, प्रोफेसर त्रिलोचन शास्त्री ने 27 जुलाई, 2019 को प्रस्तुत चुनावी प्रक्रिया में 'बढ़ती नागरिक' सहभागिता (मतदाताओं को अधिक सूचित करने के लिए चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के बारे में जानकारी का प्रसार करना) की श्रेणी में पहला 'डेमोक्रेसी एवार्ड' प्राप्त किया । एडीआर ने यह पुरस्कार महाराष्ट्र राज्य चुनाव आयोग से

प्राप्त किया । एडीआर के अध्यक्ष एवं संस्थापक ट्रस्टी प्रोफेसर त्रिलोचन शास्त्री ने डॉ. अजीत रानाडे के साथ तत्कालीन मुख्य मंत्री देवेंद्र फड़णवीस की उपस्थिति में, भारत के उपराष्ट्रपति श्री एम वेंकैया नायडू से मुंबई में आयोजित एक समारोह के दौरान पुरस्कार प्राप्त किया ।

जुलाई 2019 में, संगठनात्मक व्यवहार एवं मानव संसाधन प्रबंध क्षेत्र के संकाय, प्रोफेसर शिबाशीष मुखर्जी के 'कॉम्प्लीमेंट्री वर्क इन दी हॉस्पिटल : हाऊ इंफैक्शन प्रिवेंशनिट्स परसीव ऑपरचुनिटीज़ फॉर कोऑपरेशन विद हायर स्टेटस फिज़िशियंस', नामक पेपर को 2018-19 जर्नल ऑफ प्रॉफेशंस ऐंड ऑर्गेनाइज़ेशन सर्वश्रेष्ठ पेपर पुरस्कार के लिए चयनित किया गया ।

जुलाई 2019 में निर्णय विज्ञान क्षेत्र के संकाय, प्रोफेसर पुलक घोष को भारत के राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया ।

जून 2019 में वित्त एवं लेखा क्षेत्र के संकाय, प्रोफेसर वी. रवि अंशुमन को तीन वर्ष की अवधि के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (एसईबीआई) का अंशकालिक सदस्य नियुक्त किया गया ।

अप्रैल 2019 में अर्थशास्त्र एवं समाज विज्ञान क्षेत्र के संकाय, प्रोफेसर ऋत्विक बैनर्जी द्वारा सह-लिखित 'सोशियल आइडेंटिटी टेस्ट बायस ऐंड अंडर-प्रॉविशनिंग ऑफ पब्लिक गुड्स', नामक पेपर को इंटरनैशनल ग्रोथ सेंटर द्वारा एक प्रतिस्पर्धी चयन में 41,542 जीबीपी का अनुदान प्रदान किया गया । अनुदान भाप्रसंबें द्वारा प्रबंधित किया जाएगा । बाहरी अनुसंधान अनुदान के सह-प्रमुख जाँचकर्ता यूसी डेविस के अनुजीत चक्रवर्ती, शिव नाडार विश्वविद्यालय के अशोकांकुर दत्ता और आईएसआई दिल्ली की अर्का रॉय चौधरी हैं ।

प्रोफेसर रूपा चंदा को जून 2019 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के विशेषज्ञ सलाहकार समूह की एक स्वतंत्र विशेषज्ञ के रूप में नियुक्त किया गया है, जो स्वास्थ्य कार्मिक की अंतर्राष्ट्रीय भर्ती पर डब्ल्यूएचओ वैश्विक कार्य संहिता का मूल्यांकन करता है ।

भूतपूर्व छात्र

हम अपने विज़न और मिशन का लगातार समर्थन करने के लिए अपने भूतपूर्व छात्रों का आभार व्यक्त करते हैं । उनके योगदान ने न केवल छात्रों के लिए, बल्कि हमारे कर्मचारियों के बच्चों के भी छात्रवृत्तियों का समर्थन किया है । कक्षाओं के नामकरण के माध्यम से उनके कुछ योगदान, संस्थान के विकास का समर्थन करते हुए, हमारी अवसंरचना निधि में गया है ।

हम अपने भूतपूर्व छात्रों के साथ भूतपूर्व छात्र संबंध कार्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से संबद्ध रहते हैं, जिसकी अध्यक्षता संकायाध्यक्ष (भूतपूर्व छात्र संबंध एवं विकास) द्वारा की जाती है ।

पहली बार, भूतपूर्व छात्र संबंध एवं विकास कार्यालय ने भूतपूर्व छात्र संबंध एवं विकास रिपोर्ट प्रकाशित की है, जो उनकी गतिविधियों, विशिष्ट भूतपूर्व छात्र पुरस्कार प्राप्तकर्ता, हमें प्राप्त अंशदान, दाताओं के संदेश और भाप्रसंबें को देने की व्यापकता पर ध्यान केंद्रित करती है । 'उड़ान' देने की नीति, जिसे हमने 2017 में विकसित किया था, का यह एक अच्छा पूरक है । हाल ही में, हम नामकरण और यथोचित परिश्रम से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा कर रहे हैं और इसे अंतिम रूप दे रहे हैं ।

हमारे भूतपूर्व छात्र दाताओं और कंपनी दाताओं का अभिनंदन करने का सर्वप्रथम समारोह, 27 अक्तूबर, 2019 को परिसर में आयोजित किया गया था, जहाँ प्रत्येक अतिथि का आभार व्यक्त किया गया था

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

और भाप्रसंबें को उनके अंशदान के लिए सराहा गया । संकायाध्यक्ष (भूतपूर्व छात्र संबंध एवं विकास) ने प्राप्त दान का ब्योरा साझा किया । भूतपूर्व छात्रों और कंपनी से 11 अतिथि थे ।

अध्याय-वार एवं बैच और कार्यक्रम गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं, जो हमारे भूतपूर्व छात्रों को एक साथ लाते हैं और संस्थान के विकास के संबंध में उन्हें सचेत रखते हैं ।

भाप्रसंबें भूतपूर्व छात्र संघ ने 28 सितंबर, 2019 को भाप्रसंबें परिसर में 'सीईओ कॉन्क्लेव 2019' की मेजबानी की, जिसने प्रबंध व्यवसायियों, जो सीईओ/सीएक्सओ बनने जा रहे हैं, उन्हें व्यवसाय नेताओं से अन्योन्यक्रिया करने और सीखने का अवसर प्रदान किया गया । इस कार्यक्रम में दस कंपनियों के प्रमुख शामिल थे ।

17 अगस्त, 2019 को मेरीना बे सैंड्स कन्वैंशन सेंटर, सिंगापुर में आयोजित द्विवार्षिक सर्व भाप्रसं (आईआईएमपीएसीटी 2019) समागम में मंत्रियों, व्यवसाय नेताओं, उद्योगपतियों, भाप्रसं के भूतपूर्व छात्रों एवं एक नोबेल पुरस्कार विजेता सहित लगभग 750 सहभागी थे । इस वर्ष समागम में पहली बार नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी उपस्थित थे ।

26 एवं 27 जुलाई को आईआईएमबीयूई 2019 ने एक नायकत्व संगोष्ठी के रूप में आयोजन किया, जिसका विषय 'बी दी चेंज था' । लगभग 1000 भूतपूर्व छात्रों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया । इसमें वक्ता सत्र, संकेंद्रित सत्र एवं स्पीड-नेटवर्किंग सत्र शामिल थे । यह तीसरा आईआईएमबीयूई था, जो यह दर्शाता है कि अब यह एक भूतपूर्व छात्र गतिविधि है, जिसका बेसब्री से इंतज़ार रहता है ।

भूतपूर्व छात्र संबंध कार्यालय ने मई 2019 में हमारे भूतपूर्व छात्रों की सतत् अध्ययन की आवश्यकताओं को पूरा करने की एक पहल, 'बैक टु स्कूल' का शुभारंभ किया । इससे हमारे भूतपूर्व छात्रों को व्यवसाय एवं प्रबंध विचार एवं कार्यों में अद्यतन विकास के संबंध में तेजी से जानकारी प्राप्त करने में मदद मिलेगी ।

अध्याय

अनुस्मरण, भूतपूर्व छात्र वार्षिक सम्मिलन का विश्व के विभिन्न अध्याय शहरों में आयोजन विभिन्न बैचों एवं कार्यक्रम के भूतपूर्व छात्रों को एक साथ लाता है और स्कूल के साथ उनकी संबद्धता को सुदृढ़ करने में मदद करता है ।

29 फरवरी को पुणे ने अपने अनुस्मरण का आयोजन किया । 29 फरवरी को दिल्ली के अनुस्मरण आयोजन में भूतपूर्व छात्रों को उनके संबंधित क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य को पहचानते हुए पुरस्कार प्रदान किए गए थे । मुंबई अनुस्मरण का आयोजन 22 फरवरी को किया गया और इसमें सौ से अधिक भूतपूर्व छात्रों ने भाग लिया । हैदराबाद अनुस्मरण का आयोजन 15 फरवरी को किया गया ।

कोरोना वायरस की शुरुआत के कारण लंदन, न्यूयॉर्क, सैन फ्रांसिसको एवं बेंगलूरु में अनुस्मरण स्थगित किया गया था । उनमें से कुछ ऑनलाइन अनुस्मरण आयोजित करने की योजना बना रहे हैं ।

बेंगलूर अध्याय, भाप्रसंबें भूतपूर्व छात्र संघ, छात्रों के खेल परिषद्, छात्र भूतपूर्व छात्र समिति एवं विकासना द्वारा 5 जनवरी, 2020 को भाप्रसंबें में भाप्रसंबें दौड़ 2020 का आयोजन किया गया । भाप्रसंबें रन में तीन दौड़ शामिल हैं – 5 किलोमीटर, 10 किलोमीटर एवं 16 किलोमीटर ।

बैच एवं कार्यक्रम

पीजीपीईएम भूतपूर्व छात्र सम्मिलन 01 मार्च, 2020 को आयोजित किया गया ।

पीजीपीपीएम भूतपूर्व छात्र सम्मिलन का आयोजन 17 जनवरी, 2020 को नई दिल्ली में किया गया, जैसा कि कई भूतपूर्व छात्रों ने केंद्र सरकार के साथ काम किया है । ईपीजीपी भूतपूर्व छात्र कनैक्ट कार्यक्रम, एसपीएआरएसएच (स्पर्श) का आयोजन 05 जनवरी, 2020 को किया गया ।

दिसम्बर 2019 में पीजीपी के विभिन्न बैचों में काफी संख्या में पुनर्मिलन आयोजित किए गए । भूतपूर्व छात्रों ने परिसर का दौरा किया और बहुमूल्य स्मृतियों का पुनः जीवंत किया । हमारे कई भूतपूर्व छात्र अपनी मातृ संस्था को वापस देने के कार्यक्रम के तहत् निधि देने का वादा किया । उन्होंने स्कूल के भविष्य विकास के लिए विचारों का आदान-प्रदान भी किया ।

1989, 1984, 1990, 1994, 1999, 2004 एवं 2009 के पीजीपी बैचों ने अपना 30वाँ, 35वाँ, 30वाँ, 25वाँ, 20वाँ, 15वाँ एवं 10वाँ वर्ष पुनर्मिलन मनाया ।

वाचस्पति कार्यक्रम (पीएचडी) भूतपूर्व छात्र पुनर्मिलन का आयोजन अनुसंधान सप्ताह के साथ 30 दिसंबर, 2019 को किया गया ।

स्कूल के भूतपूर्व छात्र संबंध कार्यालय के सहयोग से कार्यपालक सामान्य प्रबंध कार्यक्रम (ईजीएमपी) ने 16 नवंबर, 2019 को भाप्रसंबें में ईजीएमपी वार्षिक शिखर सम्मेलन का आयोजन किया । ईजीएमपी शिखर सम्मेलन ने कार्यक्रम के विशिष्ट भूतपूर्व छात्रों की उपलब्धियों को पहचाना, जिन्होंने अपने संबंधित क्षेत्रों में प्रभाव उत्पन्न किया और उन्हें '50 ईजीएमपी स्टार्स' के रूप में पहचाना गया ।

भूतपूर्व छात्र संबंध कार्यालय ने भूतपूर्व छात्र, जो पिछले चार वर्षों में पीजीपीईएम एवं ईपीजीपी से स्नातक हुए, उनके लिए 'ग्रेविटास' नामक थीम्ड नेटवर्किंग एवं मेंटरिंग कार्यक्रम शुरू किया है । ग्रेविटास का पहला संस्करण 22 जून को आयोजित किया गया था ।

भूतपूर्व छात्रों द्वारा प्राप्त पुरस्कार

सितंबर 2019 में, इकोनॉमिक टाइम्स ने भाप्रसं बेंगलूर के तीन भूतपूर्व छात्रों को प्रतिष्ठित '40 अंडर फॉर्टी' सूची के तहत् पुरस्कारों से सम्मानित किया, जिसमें चालीस वर्ष से कम उम्र के भारत के शीर्ष व्यवसाय नेता, उद्यमी और मालिक-व्यवसायी शामिल होते हैं । नित्या बालसुब्रमण्यन (पीजीपी 2006-08), उपाध्यक्ष, सिप्ला, रोहित एम ए (उद्यम एवं परिवार व्यवसाय हेतु प्रबंध कार्यक्रम 2010), सह-संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक, क्लाउडनाइन ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स और श्याम उन्नीकृष्णन (पीजीपी 2007-09), साझेदार, बेन & कंपनी को मुंबई में आयोजित पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया गया ।

साहिल बरुआ (पीजीपी 2006-08) द्वारा प्रारंभ किए गए डेलहीवरी एक उद्यमशील उद्यम को 'स्टार्टअप ऑफ दी ईयर' के रूप में ईटी स्टार्टअप एवॉर्ड्स 2019 द्वारा सम्मानित किया गया । यह पुरस्कार सर्वश्रेष्ठ भारतीय उद्यमिता को सम्मानित करता है, जिसने पिछले वर्ष की तुलना में सबसे अधिक वृद्धि दर्शाई है और जिसमें ब्लू-चिप कॉर्पोरेशन बनने की क्षमता है । यह पुरस्कार 19 जुलाई, 2019 को घोषित किया गया था ।

निश्चला मूर्ति कौशिक, वैश्विक विपणन निदेशक-सीटीओ कार्यालय, विप्रो लिमिटेड और भाप्रसंबें की भूतपूर्व छात्रा को डब्ल्यूआईसीए (विमेन इन कॉर्पोरेट एवॉर्ड्स) 2019 पुरस्कार प्रदान किया गया और विकास चैंपियंस श्रेणी में शीर्ष तीन कॉर्पोरेट महिला नेताओं में शामिल किया गया । डब्ल्यूआईसीए उन महिलाओं को प्रदान किया जाता है, जिनके पास विकास,

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

नवाचार या विविधता चैंपियंस के रूप में दर्शाने के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हैं ।

वित्तीय स्थिति

भाप्रसंबें ने वित्तीय वर्ष 2019-20 को रु. 304 करोड़ के कुल राजस्व के साथ समाप्त किया जो पूर्वानुमानित राजस्व से 9% अधिक है । 2018-19 के वास्तविक आँकड़ों की तुलना में, जो कि रु. 272 करोड़ था, 2019-20 के कुल राजस्व में रु. 32 करोड़ की वृद्धि हुई । पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में यह 12% की वृद्धि है । इसमें से, 70% डिग्री-प्रदत्त कार्यक्रमों और कार्यपालक शिक्षा कार्यक्रमों से प्राप्त हुआ ।

कार्यक्रम शुल्क में वृद्धि एवं परिमाण वृद्धि, वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान शैक्षणिक आय में वृद्धि (रु. 23 करोड़ की) के मुख्य कारक रहे हैं । जबकि डिग्री-प्रदत्त कार्यक्रमों ने 50% की वृद्धि में योगदान किया, कार्यपालक शिक्षा कार्यक्रमों से 30% राजस्व प्राप्त हुआ और शेष 20% आईआईएमबीएक्स (एमओओसी) से राजस्व प्राप्त हुआ । 2019-20 के दौरान कार्यपालक शिक्षा कार्यक्रम राजस्व वृद्धि में कस्टम कार्यक्रमों ने विशेष योगदान दिया । 2019-20 में आईआईएमबीएक्स राजस्व हिस्सा रु. 4 करोड़ (2018-19) से दोगुना होकर रु. 8 करोड़ हुआ, जो मिश्रित कार्यपालक शिक्षा कार्यक्रम प्रस्तुति के कारण ईडीएक्स एवं कंपनी तथा संस्थागत साझेदारी से लाभांश में वृद्धि से हुई ।

कायिक एवं अक्षय निधियों के प्रतिलाभ से कुल राजस्व में (17%) की वृद्धि हुई, जिसके कारण प्रबंध के तहत् परिसंपत्तियों में वृद्धि हुई । इससे अस्थिर बाजार स्थितियों के तहत् इस प्रकार की निधियों का कुशल प्रबंधन हुआ ।

वित्तीय वर्ष 2019-20 हेतु मूलह्रास सहित कुल व्यय रु. 221 करोड़ रहा । 2018-19 के वास्तविक आँकड़ों की तुलना में, जो कि रु. 185 करोड़ था, 2019-20 के कुल व्यय में रु. 36 करोड़ की वृद्धि हुई । व्यय में वृद्धि के मुख्य क्षेत्र संस्थागत व्यय (वेतन एवं लाभ) एवं शैक्षणिक व्यय रहे । संस्थागत व्यय के तहत् एक असाधारण मद रहा, जो कि संकाय एवं कर्मचारी के परिसर आवास पर लगाया गया अतिरिक्त सुविधा कर की प्रतिपूर्ति हेतु मंडल ने अनुमोदन दिया (पिछले तीन वित्तीय वर्षों हेतु) ।

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान निम्नलिखित संकाय सदस्य संस्थान के शीर्ष उपार्जक थे :

- प्रोफेसर दिनेश कुमार यू, अध्यक्ष, स्नातकोत्तर कार्यक्रम (व्यवसाय विश्लेषिकी) एवं अध्यक्ष, डेटा केंद्र एवं विश्लेषिकी प्रयोगशाला (डीसीएएल)
- प्रोफेसर रघुनाथ एस, अध्यक्ष, कंपनी अभिशासन एवं नागरिकता केंद्र (सीसीजीसी)
- प्रोफेसर श्रीनिवासन आर, *अध्यक्ष, कार्यपालक शिक्षा कार्यक्रम
- प्रोफेसर शंकर वेंकटगिरी, अध्यक्ष, कंप्यूटर सुविधा समिति
- प्रोफेसर अभय के ओझा, शैक्षणिक कार्यक्रमों के संकायाध्यक्ष एवं अध्यक्ष इज़राइल केंद्र

* (मार्च 2020 तक)

अनुसंधान केंद्र जैसे डीसीएएल, शिक्षण एवं अध्ययन केंद्र, पूँजी बाजार केंद्र, संकाय अनुसंधान अनुदान एवं पुरस्कार हेतु आबंटित निधियों का योजना के अनुसार अनुसंधान व्यय किया जा रहा है । 2020-22 शैक्षणिक वर्ष हेतु व्यवसाय विश्लेषिकी में पीजीपी, एमबीए डिग्री कार्यक्रम में विशेषज्ञता के शुभारम्भ को बढ़ावा देने के लिए वर्ष के दौरान पर्याप्त मूल कार्य किया गया था । वर्षों से डीसीएएल में निवेश जारी रखकर यह संभव हो पाया । भाप्रसंबें

जरूरतमंद छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करना जारी रखे है और शुल्क छूट के लिए रु. 3.8 करोड़ की राशि वितरित की गई ।

ब्याज दर कम होने के परिदृश्य के कारण, सेवांत लाभों के लिए बढ़ी हुई देयता प्रदान करना था और इसके वित्तीय वर्ष 2019-20 अधिशेष से भाप्रसंबें ने रु. 36 करोड़ अलग रखे । भाप्रसंबें के मंडल ने कोविड निधि के निर्माण को अनुमोदित किया, जो वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान उत्पन्न अधिशेष में से रु. 15 करोड़ आबंटित किए गए । इससे ई-लर्निंग एवं डिजिटल शिक्षा क्षेत्र में राजस्व क्षमता का विस्तार करने के लिए अन्य आवश्यक अवसंरचना में निवेश बढ़ाने और महामारी की स्थिति से उत्पन्न होने वाले शिक्षण सत्रों की ऑनलाइन प्रस्तुति के 'एक विशेष स्थिति' का सामना करने में समर्थ होंगे ।

नए परिसर एवं मौजूदा परिसर में क्षमता विस्तार के समर्थन हेतु भौतिक अवसंरचना के निर्माण पर वर्तमान खर्च के साथ आधारिक निधि में राशि बढ़ाना भी संस्थान की लघु अवधि योजनाओं के अंतर्गत आता है ।

2019-20 के दौरान, संस्थान की निधि जुटाने की पहल में भूतपूर्व छात्रों, निगमों और सरकारी अभिकरणों से अंशदान प्राप्त हुआ । हमारे भूतपूर्व छात्रों ने विभिन्न बैचों और व्यक्तिगत अंशदान के माध्यम से लगभग रु. 1.9 करोड़ दान दिए । उनके योगदान में छात्रवृत्तियाँ, दिव्यांगता अवसंरचना और स्वास्थ्य रक्षा शामिल था ।

2019-20 के दौरान विभिन्न कंपनियों और उनके संस्थानों से कंपनी सामाजिक जिम्मेदारी अंशदान प्राप्त हुए । महत्वपूर्ण अंशदानों में शामिल है अनुसंधान एवं शैक्षणिक गतिविधियों के लिए भारत-जापान अध्ययन केंद्र को मिज़ुहो बैंक (रु. 7 करोड़), एवं स्टार्ट-अप्स का समर्थन करने के लिए एनएसआरसीईएल हेतु आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज़ (रु. 2.2 करोड़), केप जेमिनी (रु. 1.4 करोड़) एवं एचडीएफसी बैंक (रु. 1.25 करोड़) ।

गोल्डमैन सैक्स ने रु. 6.7 करोड़ के अनुदान के साथ 10के महिला उद्यमवृत्ति कार्यक्रम का समर्थन देना जारी रखा है । कई अन्य संगठनों ने अनुसंधान चेयर, केंद्रीय निधीयन एवं छात्रवृत्तियों के लिए अपना समर्थन जारी रखा है । विभिन्न सरकारी अभिकरणों एवं विभागों जैसे नीति आयोग, एनआईडीएचआई एसएसएस एवं एसडब्ल्यूएवाईएएम ने उद्यमवृत्ति एवं डिजिटल शिक्षा क्षेत्र में परियोजनाओं में समर्थन दिया है । कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय ने महात्मा गाँधी नैशनल फेलोशिप नामक दो-वर्षीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया है और इसके लिए भाप्रसंबें को प्रारंभिक बैच कार्यान्वित करने के लिए चुना गया है ।

भाप्रसंबें ने बन्नेरघट्टा रोड परिसर की अवसंरचना योजना की डिज़ाइन में संशोधन किया और निर्माण के लिए ठेकेदार पर अंतिम निर्णय लिया । नए परिसर में निर्माण गतिविधियाँ धीमी गति से जारी हैं और महामारी प्रभाव के कारण अंतिम तिमाही में अधिकांश गतिविधियाँ रुकी हुई हैं ।

कुल मिलाकर, पिछले वर्षों के अधिशेष संचय को देखते हुए, परिदृश्य यह है कि अब तक देखी जा सकने वाली अनिश्चितताओं से निपटने के लिए भाप्रसंबें वित्तीय रूप से यथेष्ट स्थिति में है ।

भाप्रसंबें हमारे सम्मानित भूतपूर्व छात्रों एवं विभिन्न कंपनियों तथा सरकारी संस्थानों से प्राप्त उदार अंशदानों के लिए आभार व्यक्त करता है और धन्यवाद देता है, जिसने संस्थान निर्माण में और हमारे विज़न से संबद्ध सेवाओं की प्रस्तुति में अति महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है ।

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

निष्कर्ष

इस वर्ष, हमने भावी निदेशन समिति (सीएफडी) का विचार-विमर्श पूरा कर लिया है । सीएफडी के अध्यक्ष ने रिपोर्ट प्रस्तुत की और 12 जून, 2019 को आयोजित और 27 जून, 2019 को जारी, 329वीं शैक्षणिक परिषद् की बैठक में चर्चा की गई ।

सीएफडी (भावी निदेशन समिति) द्वारा की गई छह सिफारिशों में से तीन हैं :

1. भाप्रसंबें के शैक्षिक कार्यक्रमों के शैक्षणिक मूल्य में वृद्धि करना और बदलते समय के साथ तालमेल बनाए रखना

   - उद्योग की उभरती और भावी जरूरतों के साथ पाठ्यक्रम को अनुकूल बनाकर भाप्रसंबें के छात्रों को भविष्य हेतु तैयार करना
   - लगातार रूप से उच्च गुणवत्ता, प्रभावी कार्यपालक शिक्षा कार्यक्रम प्रस्तुत करना

2. कठोरता बनाए रखते हुए अनुसंधान की संबद्धता बढ़ाना

   - शीर्ष स्तर की पत्रिकाओं में प्रकाशन पर ध्यान केन्द्रित करना जारी रखना
   - प्रबंधकीय एवं नीति अनुप्रयोगों के लिए अनुसंधान को परिवर्तित करना एवं प्रचार करना

3. समाज पर प्रभाव बढ़ाना

   - केन्द्रों और पहल के माध्यम से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय समस्याओं को संबोधित करना
   - कम सुविधा प्राप्त समूहों/जनों में प्रबंध ज्ञान का प्रसार करने के लिए एमओओसी का लाभ उठाना

अन्य सिफारिशें, वित्तीय धारणीयता; उपयोगी/लाभकारी; एवं संगठन/ अवसंरचना/अभिशासन संबंधी थीं ।

सीएफडी सिफारिशों पर हमारे संकायाध्यक्षों की प्रक्रिया क्रमशः 16 अक्तूबर, 2019 एवं 16 दिसम्बर, 2019 को आयोजित 332वीं एवं 333वीं शैक्षणिक परिषद् की बैठकों में दी गई । उसके बाद 3 जनवरी, 2020 को मण्डल रिट्रीट के भाग के रूप में, इन पर विचार-विमर्श किया गया था । सीएफडी दल को उनके सुविचारित-आदानों के लिए मेरा धन्यवाद ।

अपने विज़न एवं मिशन को ध्यान में रखते हुए, हम अनुसंधान के माध्यम से विचार नायकत्व पर जो़र दे रहे हैं, उत्कृष्टता केंद्रों पर ध्यान संकेंद्रण बढ़ा रहे हैं और उच्च गुणवत्तापूर्ण रूपान्तकारी प्रबंध शिक्षा प्रदान करना जारी रखे हैं ।

इसके लिए, हम अवसंरचना, प्रशासन एवं अभिशासन बढ़ाने की दिशा में निरंतर सुधार कर रहे हैं । हम विश्वभर के युवा प्रतिभाशाली संकायों की भर्ती करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जो प्रभावपूर्ण अनुसंधान पर दृढ़ संकेंद्रण के साथ आते हैं ।

सभी योगदानों के माध्यम से लगातार हमारा स्तर ऊँचा उठाए रखने के लिए भाप्रसंबें के संकायों को मेरा हार्दिक धन्यवाद, जिसमें शीर्ष पत्रिकाओं में पेपर प्रकाशित करना और शिक्षण उत्कृष्टता प्राप्त करना शामिल है ।

मैं, अपने शैक्षणिक एवं प्रशासनिक सहायता कर्मियों को हमारी शैक्षणिक यात्रा को अति प्रभावशाली बनाने के लिए उनकी गहन प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद देता हूँ । मैं इन गतिविधियों पर प्रकाश डालना चाहूँगा जैसे संकाय निष्पादन को बढ़ाने के लिए समर्थन, उच्च गुणवत्ता कार्यक्रम प्रस्तुति सुनिश्चित करना, छात्रों को महसूस

कराना कि उनके पास घर से दूर घर है, उच्च गुणवत्ता वाली संपदा का रखरखाव, अवसंरचना एवं उपस्कर दोनों में परिसंपत्ति निर्माण की देखरेख और बहुत कुछ ।

मैं, अपने भूतपूर्व छात्रों को संस्थान के प्रति उनकी स्वामित्व की भावना और लगातार बढ़ते हुए विकासात्मक समर्थन के लिए आभार व्यक्त करता हूँ । मैं भर्तीकर्ता संगठनों, प्रायोजक संगठनों, सरकार, मीडिया और सभी परिवार एवं उम्मीदवारों सहित बाहरी पणधारियों को हम और हमारी शैक्षणिक क्षमताओं पर विश्वास रखने के लिए धन्यवाद देता हूँ ।

मैं, केंद्र सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय और अन्य विभागों को धन्यवाद देता हूँ, जिन्होंने हमारे संस्थान को निरंतर सहायता प्रदान की है । हमारे निष्पादन एवं उत्कृष्टता पर उनके स्वामित्व के लिए मैं कर्नाटक सरकार को धन्यवाद देता हूँ । मैं अपने अध्यक्ष एवं गवर्नर मण्डल के मार्गदर्शन और समर्थन के लिए विशेष रूप से आभार व्यक्त करता हूँ ।

मैं, उन संगठनों को भी धन्यवाद देता हूँ, जो बड़ी संख्या में अवस्थापन, केस लेखन एवं परामर्श में अवसरों, कार्यपालक शिक्षा में भाग लेने और कई विकासात्मक गतिविधियों का समर्थन करने के लिए हमारे साथ संबद्ध हैं ।

कोविड महामारी के कारण मार्च 2020 के दौरान लॉकडाउन अर्थव्यवस्था में तनाव के शुरुआती संकेतों को लाया, जिसके परिणामस्वरूप ईईपी के तहत् राजस्व क्षमता पर गहरा प्रभाव पड़ा जो सीधे बाजार से संबद्ध है । संस्थान ने डिजिटल मोड के माध्यम से शिक्षा देना शुरू करने के लिए तत्काल कदम उठाए और एमओओसी क्षेत्र में प्राप्त हमारे समृद्ध अनुभव से ई-लर्निंग मोड द्वारा ईईपी प्रस्तुत करने के लिए वैकल्पिक मार्ग की खोज कर रहा है । सभी संसाधनों की उत्पादकता और क्षमता में सुधार लाने के उद्देश्य से लागत अनुकूलन, एक अन्य प्रमुख संकेंद्रण क्षेत्र रहा है । हम वास्तव में विश्वास करते हैं कि संकट अपने साथ मुख्य अवसरों की लहर लाता है, जिसका लाभ उठाने के लिए संस्थान तैयार है !

शुभ कामनाएँ,

प्रोफेसर ऋषिकेश टी. कृष्णन

निदेशक, भाप्रसं बेंगलूर

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

1. गवर्नर मण्डल

डॉ. देवी प्रसाद शेट्टी
अध्यक्ष, गवर्नर मंडल,
भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर, बेंगलूरु (भारत)

श्री राजीव मलीवाल
संस्थापक एवं प्रबंध साझेदार
सेबर पार्टनर्स, सिंगापुर
मुम्बई (भारत)

डॉ. हसमुख अधिया
भूतपूर्व वित्त सचिव
भारत सरकार
अहमदाबाद (भारत)

अविनाश जी मुल्की
प्रोफेसर
भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर
बेंगलूरु (भारत)

श्रीमती विनीता बाली
अध्यक्ष
ग्लोबल अलियांस फॉर इंप्रूव्ड
न्यूट्रीशियन स्विट्ज़रलैंड,
बेंगलूरु (भारत)

प्रोफेसर ग. रघुराम
निदेशक
भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर
बेंगलूरु (भारत)

राजेंद्र के. बंडी
प्रोफेसर
भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर
बेंगलूरु (भारत)

श्री एम. डी. रंगनाथ
मंडल के सदस्य
एचडीएफसी बैंक
बेंगलूरु (भारत)

टी.एम. विजय भास्कर, भाप्रसे
प्रधान सचिव
कर्नाटक सरकार
बेंगलूरु (भारत)

श्रीमती निरुपमा राव, आईएफएस (सेवानिवृत्त)
भूतपूर्व विदेश सचिव
भारत सरकार
बेंगलूरु (भारत)

श्री संजॉय चैटर्जी
अध्यक्ष
गोल्डमैन सैक्स (इंडिया) सिक्योरिटीज़ प्राइवेट लिमिटेड
मुम्बई (भारत)

श्रीमती कल्पना सरोज
अध्यक्ष
कमानी ट्यूब्स
मुम्बई (भारत)

प्रोफेसर दास नारायणदास
वरिष्ठ सह संकायाध्यक्ष
हारवर्ड बिज़नैस स्कूल, बॉस्टन, यूएसए, एमए

श्री संजय कुमार सिन्हा
संयुक्त सचिव (प्रबंध और भाषा),
मा.सं.वि. मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली (भारत)

श्रीमती शांति एकाम्बरम
अध्यक्ष
उपभोक्ता बैंकिंग, कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड,
मुम्बई (भारत)

विशेष रूप से आमंत्रित

प्रोफेसर के. कुमार संकायाध्यक्ष (भूतपूर्व छात्र संबंध एवं विकास) भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर	**प्रोफेसर एम.एस. नरसिम्हन** संकायाध्यक्ष (प्रशासन) भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर
प्रोफेसर गोपाल नायक संकायाध्यक्ष (संकाय) भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर	**प्रोफेसर अभय के. ओझा** संकायाध्यक्ष (कार्यक्रम) भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

- 13 नवम्बर, 2019 तक

गवर्नर मंडल की बैठकों का ब्यौरा
विवरण 1 पर दिया गया है ।

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

2. कार्यक्रम

परिदृश्य

भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर डिग्री प्रदत्त कार्यक्रम संचालित करता है – विद्या वाचस्पति (पीएचडी), प्रबंध में कार्यपालक स्नातकोत्तर कार्यक्रम (ईपीजीपी), उद्यम प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीईएम), प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी) एवं लोक नीति एवं प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीपीएम) । भाप्रसंबें एन.एस. रामस्वामी पूर्व-वाचस्पति फेलोशिप (एनएसआर-पूर्व वाचस्पति) भी संचालित करता है, जो कि एक प्रमाण-पत्र कार्यक्रम है ।

व्यवसाय प्रशासन निष्णात (व्यवसाय विश्लेषिकी) और प्रमाण पत्र कार्यक्रम महात्मा गाँधी नैशनल फेलोशिप (एमजीएनएफ) 2020 से प्रारम्भ हुआ है ।

2.1 विद्या वाचस्पति (पीएचडी)

भाप्रसंबें के वाचस्पति कार्यक्रम को भारतीय विश्वविद्यालयों के संघ और भारत सरकार द्वारा पीएचडी के समतुल्य मान्यता प्राप्त है । नियमित पाठ्यक्रम शिक्षण के अतिरिक्त, यह पाठ्यक्रम बृहत् परियोजना घटक पर जोर देता है, जो समूह अन्योन्यक्रिया एवं समकक्ष अध्ययन हेतु अतिरिक्त प्रेरणा देता है ।

भाप्रसंबें में वाचस्पति कार्यक्रम का उद्देश्य है :

- व्यवसाय प्रबंध एवं लोक नीति के सभी क्षेत्रों में सख्त, विश्व-स्तरीय, अंतर्विषयक प्रशिक्षण उपलब्ध कराना, जो छात्रों को अंतर्राष्ट्रीय मानक की अद्यतन, प्रकाशन गुणवत्ता शोध संचालित करने की क्षमता प्रदान करेगा ।
- भारत में फर्मों एवं संगठनों द्वारा सामना किए जा रहे मुद्दों पर जोर देते हुए व्यवसाय प्रबंध एवं सार्वजनिक नीति के सभी क्षेत्रों में ज्ञान के सृजन एवं प्रसार में योगदान देना ।
- भाप्रसंबें संकायों के प्रयासों में व्यवसाय प्रबंध एवं लोक नीति के सभी क्षेत्रों में ज्ञान के सृजन, प्रसारण, संप्रेषण, उद्योग में योगदान देना ।
- विशिष्ट शोध संचालित करने में असमान विश्लेषणात्मक क्षमता और प्रशिक्षण के साथ अत्यधिक कुशल व्यक्तियों का निर्माण करके शिक्षण क्षेत्र एवं उद्योग की शिक्षण एवं शोध जनशक्ति की आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायता करना ।

वाचस्पति कार्यक्रम निम्नलिखित मूल्यों का पालन करता है :

- व्यवसाय प्रबंध और लोक नीति के सभी क्षेत्रों में सैद्धांतिक और आनुभविक ज्ञान के सृजन पर जोर देना
- व्यावसायिक नैतिकता और बौद्धिक ईमानदारी
- अंतर्विषयक शोध एवं प्रशिक्षण में कठोरता
- छात्रों द्वारा व्यवसायिक गतिविधि और दल-कार्य को बढ़ावा देना
- विश्वभर के अन्य विख्यात विश्वविद्यालयों और शोध संगठनों के साथ संबंधों का निर्माण करना

भाप्रसंबें में पीएचडी छात्र निम्नलिखित क्षेत्रों में से एक में विशेषज्ञता प्राप्त करते हैं :

- निर्णय विज्ञान
- सूचना प्रणाली
- अर्थशास्त्र एवं समाज विज्ञान

- वित्त एवं लेखा
- विपणन
- संगठनात्मक व्यवहार एवं मानव संसाधन प्रबंध
- उत्पादन एवं परिचालन प्रबंध
- लोक नीति
- कार्यनीति
- उद्यमवृत्ति

छात्रों से, 5 वर्ष के अंदर कार्यक्रम पूरा करने की अपेक्षा की जाती है । कार्यक्रम की अधिकतम अवधि 7 वर्ष है ।

2.1.1 शैक्षणिक गतिविधियाँ

वर्ष 2019-20 के दौरान कार्यक्रम के लिए 23 छात्रों ने नामांकन किया ।

बैच का क्षेत्रवार प्रवेश ब्यौरा निम्न प्रकार है :

क्षेत्र	छात्रों की संख्या
कार्यनीति	3
निर्णय विज्ञान	3
अर्थशास्त्र एवं समाज विज्ञान	2
वित्त एवं लेखा	4
सूचना प्रणाली	1
विपणन	1
संगठनात्मक व्यवहार एवं मानव संसाधन प्रबंध	1
उत्पादन एवं परिचालन प्रबंध	4
लोक नीति	3
उद्यमवृत्ति	1

पाठ्यक्रम पूरा करने के पश्चात् तीसरे वर्ष के पीएचडी छात्रों को बृहत् लिखित परीक्षा और मौखिक परीक्षा उत्तीर्ण करनी होती है । वर्ष के दौरान 15 छात्रों (दूसरे प्रयास में 3) ने बृहत् लिखित परीक्षा और 18 छात्रों (दूसरे प्रयास में 3) ने मौखिक परीक्षा उत्तीर्ण की । कुल 21 छात्रों ने शोध प्रबंध सलाहकार समिति (डीएसी) गठित की । कुल 11 छात्रों ने अपने शोध प्रबंध का प्रतिवाद किया ।

इन प्रस्ताव प्रस्तुतीकरणों का ब्यौरा **विवरण 2** पर दिया गया है ।

2.1.2 विशिष्ट उपलब्धियाँ

वाचस्पति कार्यक्रम के छात्रों द्वारा प्राप्त पुरस्कार एवं उनकी उपलब्धियाँ **विवरण 3** पर दी गई हैं ।

2.1.3 भाप्रसंबें की विद्या वाचस्पति उपाधि

चौदह पीएचडी छात्रों को 20 मार्च, 2020 को 45वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में 'विद्या वाचस्पति' की उपाधि प्रदान की गई ।

उपाधि प्राप्त छात्रों की सूची **विवरण 4** पर दी गई है ।

2.1.4 प्रकाशन एवं प्रस्तुतीकरण

पीएचडी छात्रों ने कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पत्र-पत्रिकाओं में अनेक पेपर एवं लेख प्रकाशित किए । इन्होंने विभिन्न सम्मेलनों एवं संगोष्ठियों में भी भाग लिया जहाँ कई छात्रों ने पेपर प्रस्तुत किए ।

प्रकाशनों और प्रस्तुतीकरण का ब्यौरा **विवरण 5** पर सूचीबद्ध है ।

2.2 प्रबंध में कार्यपालक स्नातकोत्तर कार्यक्रम (ईपीजीपी)

प्रबंध में कार्यपालक स्नातकोत्तर कार्यक्रम एक वर्ष का पूर्णकालिक कार्यक्रम है, जिसकी अभिकल्पना नेताओं को विकसित करने के लिए की गई है, जो समय के साथ कंपनी जगत एवं समाज दोनों स्तर पर जिम्मेदारियों को संभालने के लिए सक्षम होंगे । उभरती अर्थव्यवस्थाओं के संदर्भ में अधिक कार्यानुभव सहित मध्य प्रबंधकों के बीच नेतृत्व एवं क्षेत्र विशेषज्ञता का प्रशिक्षण देने की आवश्यकता के आधार पर ईपीजीपी अभिकल्पित एवं विकसित किया

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

गया था । इसकी संरचना कम से कम पाँच वर्ष का कार्यानुभव सहित सहभागियों हेतु सामान्य प्रबंध कार्यक्रम के रूप में की गई है ।

2.2.1 शैक्षणिक गतिविधियाँ

शैक्षणिक वर्ष को पाँच टर्मों में बाँटा गया है, जहाँ दो टर्म में मूल (कोर) पाठ्यक्रम शामिल किया गया है, एक टर्म अंतर्राष्ट्रीय गहन अध्ययन मॉड्यूल हेतु और दो टर्म वैकल्पिक पाठ्यक्रमों हेतु है । प्रबंध के कार्यात्मक क्षेत्रों में 13 अनिवार्य मूल (कोर) पाठ्यक्रम पूरा करने के पश्चात् छात्र लगभग 65 पाठ्यक्रमों की एक सूची से दो अतिरिक्त वैकल्पिक पाठ्यक्रम सहित सात वैकल्पिक पाठ्यक्रमों और बृहत परियोजना जो कि अनिवार्य है, का चयन करते हैं । छात्र एक संकाय सदस्य के निर्देशन के तहत् तीन-क्रेडिट की बृहत परियोजना करते हैं, जिसमें विशिष्ट कंपनी या एक उद्योग से संबंधित सक्रिय मामले/ विषय की परीक्षा की जाती है । परियोजना का उद्देश्य कार्यक्रम में सीखी अवधारणाओं एवं प्रणालियों को वास्तविक जगत प्रबंध मामलों एवं व्यावहारिक अनुभव सहित एकीकृत कक्षाकक्ष अध्ययन में लागू करना है ।

2.2.2 अंतर्राष्ट्रीय निमज्जन

ईपीजीपी के अंतर्राष्ट्रीय निमज्जन मॉड्यूल की अभिकल्पना छात्रों को विकसित देशों या उन्मज्ज अर्थव्यवस्थाओं के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में पूरी जानकारी देने के लिए की गई है । शीर्ष स्थानीय बिज़नैस स्कूल द्वारा चयनित देश में दो सप्ताह के लिए, सहभागियों की मेजबानी की जाती है । वे व्यवसाय एवं उद्योग पर विशेष संकेंद्रण के साथ व्याख्यान में भाग लेते हैं और स्थानीय चुनौतियों एवं अवसरों के साथ खुद को परिचित करने के लिए क्षेत्र का दौरा करते हैं । सहभागी ऐतिहासिक स्थलों की यात्रा भी करते हैं और उस देश के इतिहास और संस्कृति को और अधिक जानने-समझने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेते हैं । यात्रा से लौटने के बाद, प्रत्येक सहभागी देश के बारे में अपने प्रमुख-अध्ययन के आधार पर एक रिपोर्ट तैयार करता है । इन व्यक्तिगत रिपोर्टों को कक्षा में प्रस्तुत किया जाता है । 2019-2020 में तीन समूहों में विभाजित 75 ईपीजीपी छात्रों ने दो सप्ताह के लिए केएआईएसटी बिज़नैस स्कूल, सोल, दक्षिण कोरिया, फूडन विश्वविद्यालय, शंघाई चीन और आईई स्पेन का दौरा किया ।

2.2.3 सेमिनार श्रृंखला

सेमिनार श्रृंखला ईपीजीपी का एक विशेष अंश है । ईपीजीपी की सेमिनार श्रृंखला की अभिकल्पना का उद्देश्य सहभागियों को नायकत्व, नैतिकता, सामाजिक उत्तरदायित्व, समावेशी विकास हेतु अवसर, साहित्य, सौंदर्यविषयक आदि विषयों की जानकारी देना है । विभिन्न पृष्ठभूमि से नेताओं को आमंत्रित कर कुल 14 सेमिनार आयोजित किए गए थे ।

2019-20 सेमिनार श्रृंखला में निम्नलिखित वक्ता शामिल थे –

	दिनांक	वक्ता
1	17 मई 2019, अपराह्न 2.30 बजे	श्री अजीत पाई (सीओओ, डेल्हीवरी)
2	20 मई 2019, अपराह्न 3.00 बजे	डॉ. राजेंद्र सिंह (वॉटरमैन ऑफ इंडिया)
3	24 मई 2019, अपराह्न 2.30 बजे	श्रीमती विद्या बाला (सह-संस्थापक, Primeinvestor.in)

	दिनांक	वक्ता
4	27 मई 2019, अपराह्न 3.00 बजे	डॉ. अजय बक्शी (सीईओ, पार्कवे पेंटाई)
5	14 जून 2019, अपराह्न 2.30 बजे	श्री अंकुर वरिकू (संस्थापक, Nearbuy.com)
6	25 जून 2019, अपराह्न 4.00 बजे	श्री अरविंद मेदीरत्ता (एमडी एवं सीईओ, मेट्रो कैश ऐंड कैरी)
7	3 जुलाई 2019	श्री राम सुब्रमणियम (संस्थापक, माईमनीकर्मा)
8	10 जुलाई 2019	विवेक सेठिया (संस्थापक एवं सीईओ, इंडियाऑन ट्रैक)
9	19 जुलाई 2019	वेंकट राघवन (निदेशक, एनालिटिक्स, बीसीजी)
10	7 अगस्त 2019	किरण आर (वरिष्ठ निदेशक, एनालिटिक्स, वीएमवेयर)
11	11 सितंबर 2019	दिनेश अग्रवाल (ग्लोबल हैड, एम ऐंड ए, एलटीआई)
12	6 नवंबर 2019	माइकल पार्क (सीएओ, ईगलव्यु)
13	17 जनवरी 2020	अक्षय पात्रा फाउंडेशन का दौरा
14	5 फरवरी 2020	डॉ. प्रकाश आमटे एवं डॉ. मंदाकिनी आमटे (सामाजिक कार्यकर्ता)

https://www.iimb.ac.in/programmes/epgp/epgp-seminar-series-2019-20

2.2.4 प्रयास

ईपीजीपी प्रयास नामक छात्र-चालित सामाजिक सेवा ट्रस्ट का प्रबंधन करता है, जो जारी सामाजिक कल्याण हेतु स्थाई पारिस्थितिकी तंत्र सृजित करने का प्रयास करता है । 2010 में ईपीजीपी के दूसरे बैच द्वारा स्थापित प्रयास, ईपीजीपी का एक अभिन्न हिस्सा रहा है । अनुवर्ती बैचों ने सफलतापूर्वक इसकी गतिविधियों को निरंतर जारी रखा और बढ़ाया है । अब समिति हमारे समाज के वंचित वर्गों को स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और पर्यावरण के क्षेत्रों में कल्याण सुविधा देने के लिए विकास और सामाजिक, धर्मार्थ गतिविधियों को बढ़ावा देने, संचालित करने और वित्त पोषण प्राधिकार के साथ ट्रस्ट के रूप में पंजीकृत है ।

प्रयास ने आशा जीवन एक वृद्ध देखरेख गृह में रह रहे व्यक्तियों के साथ अच्छा समय व्यतीत करने के लिए एक आधे दिन का कार्यक्रम आयोजित किया । प्रयास दल ने एक नेत्र शिविर और रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया ।

2.2.5 प्रयास सामाजिक उत्तरदायित्व पहल-पहचान 2019-2020

प्रयास-ईपीजीपी की एक सामाजिक पहल और विकासना-बीइंग सोशल के सहयोग से पीजीपी की एक सामाजिक पहल-**एक नई शुरुआत**, ने नृत्य, गायन और पेंटिंग के क्षेत्र में उभरते प्रतिभाओं के लिए एक मंच प्रदान करने की पहल पहचान का आयोजन किया ।

भाप्रसंबें परिसर में रविवार, 20 अक्तूबर को आयोजित टैलेंट हंट बेंगलूर के 20 से अधिक अनाथालयों के अति प्रतिभाशाली बच्चों को एक साथ लाया, जिन्होंने अपने कृत्य और प्रदर्शन से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया । अंतिम कार्यक्रम नवंबर में समाप्त हुआ, जिसने कई प्रतिभाशाली बच्चों को अपने क्षेत्रों में बढ़ते रहने के लिए एक मंच

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

प्रदान किया ।

2.2.6 भाप्रसंबें बिज़नेस कॉन्क्लेव 2019

इस वर्ष का विषय '2030 में भारत' है । 2030 तक जीडीपी $10 ट्रिलियन के साथ भारत के दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है । कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मानव-मशीन अन्योन्यक्रिया का विशन भारतीय अर्थव्यवस्था को फिर से आकार दे रहे हैं । राष्ट्र 2030 तक अपने अंतरिक्ष स्टेशन को लॉन्च करने की योजना बना रहा है, और यह अपने बढ़ते जनसांख्यिकीय लाभांश के लाभों को प्राप्त करेगा । यह उम्मीद की जाती है कि मध्यम वर्ग की गरीबी और चरघातांकी वृद्धि में गिरावट आएगी ।

जिन प्रमुख क्षेत्रों में भारत को अगले दशक में ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है, वे हैं गुणवत्ता शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कृषि, निर्माण, स्वच्छ ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन और अन्य स्थायी और आर्थिक लक्ष्य, इन सभी क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी के रूप में कार्य करना है ।

अतः इस वर्ष के सम्मेलन का विषय इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के तरीके पर ध्यान केंद्रित करना है ।

2.2.7 डिग्री पंचाट

20 मार्च, 2020 को आयोजित 45वें वार्षिक दीक्षांत समारोह के दौरान 75 छात्रों ने प्रबंध में कार्यपालक स्नातकोत्तर कार्यक्रम डिग्री प्राप्त की । रचना कामत ने प्रथम रैंक और श्रेष्ठ सर्वतोमुखी निष्पादन के लिए स्वर्ण पदक जीता ।

2.2.8 अवस्थापन

ईपीजीपी 2019-20 हेतु भर्ती प्रक्रिया शून्य दिवस (डे ज़ीरो) के पश्चात् चल अवस्थापन के संयोजन के रूप में आयोजित की गई । ऐसा चल विंडो के माध्यम से वरिष्ठ पदों हेतु दीर्घ भर्ती प्रक्रिया समायोजित करने के लिए, जबकि शून्य दिवस (डे ज़ीरो) मुख्य भर्तीकर्ताओं को आकर्षित करने के लिए संस्थापित किया गया है । 16 अक्तूबर, 2019 को डे ज़ीरो के साथ प्रक्रिया शुरू हुई ।

क्लास कॉम में 67 छात्रों ने प्रस्ताव प्राप्त किए, सात छात्र अभी भी अन-अवस्थापित हैं, जबकि एक छात्र ने अपना उद्यम शुरू करने के लिए अवस्थापन विश्राम का विकल्प चुना । तुलना के लिए, पिछले वर्ष इस समय 11 छात्र अन अवस्थापित थे । इस वर्ष के प्रमुख भर्तीकर्ताओं में 11 प्रस्ताव के साथ जैनपैक, 9 प्रस्ताव के साथ एक्सेंचर और 6 प्रस्तावों के साथ अमेज़ॉन शामिल हैं । सफलतापूर्वक प्रस्ताव देने वाले अन्य संगठनों में शामिल हैं, वित्तीय संगठन एक्सिस बैंक एवं मिज़ुहो बैंक, सॉफ्टवेयर उत्पाद फर्में सैमसंग, माइक्रोसॉफ्ट एवं हाई रेडियस, आईटी सर्विसेस फर्में एटोस, आईटीसी इन्फोटेक एवं एल & टी इन्फोटेक, स्टार्ट-अप्स क्वांटिफी एवं लिवस्पेस एवं विभिन्न क्षेत्र की अन्य प्रमुख फर्मों में कुछ हैं शैल, हिन्दस्तान कोका कोला बेवरेजेस, आदित्य बिरला ग्रुप, आरपीजी ग्रुप, डॉ. रेड्डीज़ लैबोरेट्रीज़, गिल्बार्को एवं मेट्रो कैश & कैरी । अवस्थापित छात्रों हेतु वर्तमान मध्यमान एवं माध्यिका सीटीसी क्रमशः रु. 29.9 लाख एवं रु. 28.5 लाख प्रति वर्ष है । पिछले अवस्थापन चक्र से संगत आँकड़े क्रमशः रुपए 25.74 लाख एवं रुपए 25 लाख थे ।

शेष अभ्यर्थियों के लिए यथाशीघ्र उपयुक्त नौकरी ढूँढ़ने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं । हालाँकि, वर्तमान कोविड 19 महामारी प्रेरित लॉकडाउन के कारण, सक्रिय भर्तीकर्ता संबद्धता और आयोजित किए जा रहे साक्षात्कार जैसी अवस्थापन गतिविधियों की संख्या में भारी कमी आई है । लॉकडाउन प्रतिबंधों के कम होने एवं व्यवसायों द्वारा नौकरी पर रखना शुरू होने पर, साक्षात्कार के अवसर उत्पन्न करने

हेतु इन अभ्यर्थियों के साथ काम करने का प्रयास भी प्रारम्भ हो जाएगा ।

ईपीजीपी अवस्थापन प्रक्रिया का ब्यौरा **विवरण 9** पर देखा जा सकता है ।

2.3 सॉफ्टवेयर उद्यम प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीएसईएम)/उद्यम प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीईएम)

सॉफ्टवेयर उद्यम प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीएसईएम) का आरम्भ 1998 में भाप्रसं बेंगलूर द्वारा, मात्र सॉफ्टवेयर व्यवसायियों हेतु सप्ताहांत कार्यक्रम के रूप में किया गया था । सहभागियों और उद्योग के फीडबैक के आधार पर, यह कार्यक्रम शैक्षणिक वर्ष 2014-2015 में उद्यम प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीईएम) के रूप में पुनः प्रारंभ किया गया । नया पीजीपीईएम कार्यक्रम, सभी औद्योगिक एवं सेवा क्षेत्रों के कार्यरत् व्यवसायियों के लिए खुला, एक 22 माह का सप्ताहांत आवासीय कार्यक्रम है ।

पीजीपीईएम कार्यरत् व्यवसायियों हेतु सुलभ बनाने के लिए शुक्रवार मध्याह्न और शनिवार को आयोजित एक स्नातकोत्तर स्तर का डिग्री प्रदत्त कार्यक्रम है । इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को एक उदार और वैश्विक अर्थव्यवस्था में बड़ी जिम्मेदारियों हेतु तैयार करने के लिए उनका समसामयिक प्रबंध ज्ञान के साथ किसी भी विषय/क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यात्मक ज्ञान और अनुभव को पूरक बनाना जो सहभागियों के पास पहले से हो ।

पीजीपीईएम की अभिकल्पना, उद्योगों में उच्च निष्पादन करने वाले व्यवसायियों की जरूरतों हेतु की गई है, जो अपने प्रबंध ज्ञान और कौशल को अद्यतन करते हुए काम जारी रखना चाहते हैं । यह प्रथम वर्ष में मूल पाठ्यक्रम (कोर कोर्स) के माध्यम से सामान्य प्रबंध में मजबूत आधार और दूसरे वर्ष में वैकल्पिक विषयों के अधिक विकल्प के माध्यम से विशेष ज्ञान हासिल करने के लिए पर्याप्त अवसर उपलब्ध करता है । अधिकांश वैकल्पिक कक्षाओं में भाप्रसंबें के अन्य डिग्री प्रदत्त कार्यक्रमों के छात्र होते हैं, जो दृष्टिकोण की एक विस्तृत विविधता के बीच अन्योन्यक्रिया के लिए संदर्भ प्रदान करता है । इसके अलावा, जिन लोगों की कार्य अनुसूची अधिक लचीली है, वे नियमित रूप से सप्ताह के दिनों में संचालित वैकल्पिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने में समर्थ हो सकते हैं । पीजीपीईएम में प्रत्येक सप्ताहांत में परिसर में रहने की नवीन अनुसूची, सहभागियों को भाप्रसंबें में सभी सुविधाओं का लाभ उठाने के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराता है । वे दल कार्य संबंधी परियोजनाएँ और संयुक्त अध्ययन सत्र संचालित करने में और विभिन्न उद्योगों और भूमिकाओं के व्यवसायियों के नेटवर्क के साथ संबंध बढ़ाने के लिए पाठ्येत्तर गतिविधियों में भाग लेने में भी सक्षम होंगे ।

2.3.1 कोर एवं वैकल्पिक पाठ्यक्रम

- प्रथम तिमाही/पाँचवीं तिमाही : 03 कोर पाठ्यक्रम और 08 वैकल्पिक पाठ्यक्रम संचालित किए गए ।
- द्वितीय तिमाही/छठी तिमाही : 03 कोर पाठ्यक्रम और 04 वैकल्पिक पाठ्यक्रम संचालित किए गए ।
- तृतीय तिमाही/सातवीं तिमाही : 03 कोर पाठ्यक्रम एवं 05 वैकल्पिक पाठ्यक्रम संचालित किए गए ।
- चतुर्थ तिमाही/आठवीं तिमही : 04 कोर पाठ्यक्रम एवं 05 वैकल्पिक पाठ्यक्रम संचालित किए गए ।

2.3.2 परियोजना प्रस्तुतीकरण

- क्यू 5 : 07 परियोजनाएँ
- क्यू 6 : 14 परियोजनाएँ
- क्यू 7 : 12 परियोजनाएँ

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

- क्यू 8 : 16 परियोजनाएँ

2.3.3 विनियम कार्यक्रम

कुल 42 पीजीपीईएम छात्रों ने मार्च में ग्लोबल नेटवर्क फॉर एडवान्स्ड मैनेजमेंट विनिमय में भाग लिया । बाईस छात्र ने अक्तूबर में ग्लोबल नेटवर्क फॉर एडवान्स्ड मैनेजमेंट विनिमय में भाग लिया । जबकि 12 छात्र पूर्ण टर्म विनिमय में गए ।

2.3.4 छात्र गतिविधियाँ

वर्ष 2019-2020 हेतु पीजीपीईएम छात्र मामले परिषद् (एसएसी) ने ब्रांड पीजीपीईएम को नई ऊँचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य के साथ अनेक कार्यक्रम एवं गतिविधियाँ संचालित कीं ।

भूतपूर्व छात्र सम्मिलन : प्रथम बैच से पीजीपीईएम एवं पीजीएसईएम भूतपूर्व छात्रों को जोड़ने के लिए एक भूतपूर्व छात्र सभा, 'पीजीपी(एस)ईएम रिमिनिसेंस 2020' आयोजित की गई । इस गतिविधि के लिए भूतपूर्व छात्र और उनके परिवारों को आमंत्रित किया गया था । इस गतिविधि में 180 से अधिक पंजीकरण प्राप्त हुए थे और अधिक संख्या में लोग शामिल हुए थे ।

उद्योग संबंध वार्ता : उद्योग और शिक्षा जगत के बीच अन्योन्यक्रिया और सहयोग को बढ़ाने के लिए अनेक वार्ताएँ आयोजित की गईं ।

ई-क्लब : तीक्ष्ण विश्लेषण, मान्य करने विचारों को खोजने और स्टार्ट-अप के सपने को आगे बढ़ाने के लिए 35 उत्साही लोगों का एक समूह पीजीपीईएम के ई-क्लब का हिस्सा हैं । यह समूह अपनी चर्चाओं के लिए कक्षाओं के बाद हर सप्ताहांत एनएसआरसीईएल में मिलता है ।

नायकत्व एवं आध्यात्मिकता : 22 फरवरी, 2020 को पीजीपीईएम 2018-20 बैच के छात्रों द्वारा भाप्रसंबें में एक व्याख्यान आयोजित किया गया (वक्ता : श्री चंचलापति दासा, इस्कॉन बेंगलूर में वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं अक्षय पात्र फाउंडेशन में उपाध्यक्ष) ।

पीजीपीईएम संवाद पत्र : बैचों के बीच संबद्धता के प्रयास के रूप में, छात्रों को एसएसी गतिविधियों की सूचना देने और समग्र सूचना का आदान-प्रदान करने के लिए संवाद पत्र की शुरुआत, मई 2019 में पहले संस्करण के प्रकाशन के साथ की गई ।

खेल गतिविधियाँ : 16 फरवरी, 2020 को खेल दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें खेलों की आधिक्यता थी ।

एलएसई छात्र अन्योन्यक्रिया : पीजीपीईएम 2018 के आठ छात्रों ने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के 35 समकक्ष छात्रों के लिए एक नेटवर्किंग रात्रिभोज की मेजबानी की, जिससे ब्रांड निर्माण में मदद मिली ।

2.3.5 एमबीए डिग्री पंचाट

कुल 70 छात्रों को व्यवसाय प्रशासन निष्णात (एमबीए) प्रदान किया गया । श्रेष्ठ निष्पादन करने वाले छात्रों हेतु पदक एवं पुरस्कार प्रदान किए गए । सिद्धार्थ गरिकापति को प्रथम रैंक के लिए स्वर्ण पदक प्रदान किया गया ।

2.4 प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी)

व्यवसाय प्रशासन निष्णात करने के लिए दो वर्ष का पूर्णकालिक आवासीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम की अभिकल्पना अत्यंत जटिल और गतिशील वैश्विक परिदृश्य में नायकत्व की भूमिका निभाने के लिए छात्रों को सज्जित करने के लिए की गई है ।

यह कार्यक्रम वैचारिक और विश्लेषणात्मक तर्क के लिए नीव तैयार करता है और छात्रों को व्यवसाय परिवेश की गतिशीलता की एक अंतर्दृष्टि प्रदान करता है । यह इस सिद्धांत के इर्द-गिर्द आधारित है कि विश्व स्तर के व्यवसाय जगत के नेता बड़े

पैमाने पर तैयार नहीं किए जाते, छोटे दलों और एक व्यावहारिक, अभिमुखी उन्मुखी उपयोगकर्ता अनुकूल वातावरण में व्यक्तिगत देखरेख और ध्यान के साथ पोषित और विकसित किए जाते हैं ।

2.4.1 उपक्रमात्मक कार्यक्रम

2019-21 के पीजीपी बैच के लिए 27 मई से 7 जून 2019 तक उपक्रमात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया । दो विभिन्न समूहों में कुल 82 छात्रों ने उपक्रमात्मक कार्यक्रम में भाग लिया ।

2.4.2 अभिमुखीकरण कार्यक्रम

2019-21 के पीजीपी बैच के लिए 11 जून से 15 जून 2019 तक अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

पीजीपी-1

शैक्षणिक वर्ष	नामांकित नए छात्रों की संख्या	कार्यक्रम छोड़ चुके छात्रों की संख्या	कुल नामांकन
2019-2021	441	2	439

टर्म 3 वैकल्पिक विषय

टर्म	प्रस्तुत किए गए वैकल्पिक विषयों की संख्या	छोड़े गए वैकल्पिक विषयों की संख्या	संचालित किए गए वैकल्पिक विषयों की संख्या	नए वैकल्पिक विषयों की संख्या
III	14	2 (दो सैक्शनों सहित 1)	12 (दो सैक्शनों सहित 1)	शून्य

निम्नलिखित पाठ्यक्रमों के 2 सैक्शन थे

1. निवेश

पीजीपी 1 पाठ्यक्रम में संकाय की भागीदारी

स्थिति	टर्म I	टर्म II	टर्म III
नियमित/ अभ्यागत संकाय	22	24	28
अनुबद्ध संकाय	2	3	2

पीजीपी-2

वैकल्पिक पाठ्यक्रम

वैकल्पिक विषयों की कुल संख्या : (कार्यशाला पाठ्यक्रमों सहित)	टर्म IV-27, टर्म V-31, टर्म VI-33 : कुल – 91
नए वैकल्पिक विषयों की कुल संख्या	11
सीसीएम परियोजनाओं की कुल संख्या :	203 (टर्म IV-111, टर्म V – 45, टर्म VI-47) विनिमय छात्रों की परियोजनाओं सहित)

टर्म	प्रस्तुत किए गए वैकल्पिक विषयों की संख्या	छोड़े गए वैकल्पिक विषयों की संख्या	संचालित वैकल्पिक विषयों की संख्या	संचालित नए वैकल्पिक विषयों की संख्या
IV	32	5	27 (दो सैक्शनों सहित 4 वैकल्पिक विषय)	-
V	38	7	31(दो सैक्शनों सहित 1 वैकल्पिक विषय)	3
VI	37	4	33 (दो सैक्शनों सहित 1 वैकल्पिक विषय)	5

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

नए वैकल्पिक पाठ्यक्रमों की सूची **विवरण 6** पर दी गई है ।

कार्यशाला पाठ्यक्रम

टर्म 5 एवं 6 के बीच कार्यशाला पाठ्यक्रम संचालित के गए ।

- दीक्षाणा
- यह समय के बारे में है : व्यवसाय परिचालन में गति का प्रतिस्पर्धात्मक लाभ

वैकल्पिक विषयों में संकाय की भागीदारी

स्थिति	टर्म IV	टर्म V	टर्म VI
नियमित/ अभ्यागत संकाय	21	25	28
अनुबद्ध संकाय	8	9	11

निम्नलिखित पाठ्यक्रम संबंधित टर्म में दो समूहों के लिए प्रस्तुत किए गए थे :

टर्म IV

- सामरिक चिंतन एवं निर्णय करना
- सामान्य वाणिज्यिक ज्ञान
- आपूर्ति श्रृंखला प्रबंध
- प्रौद्योगिकी एवं परिचालन कार्यनीति

टर्म V

- व्यवसाय निर्णय समस्याओं के लिए स्प्रैडशीट मॉडल्स

टर्म VI

- डिजिटल विपणन

2.4.3 बीपीआईएम

अंतर्राष्ट्रीय बाजारों हेतु व्यवसाय योजना (बीपीआईएम) हेतु कुल 98 ने नाम लिखाया और वर्ष के दौरान जापान, दुबई एवं वियतनाम की यात्रा की ।

2.4.4 डिग्री पंचाट

कोविड 19 स्थिति के कारण इस वर्ष दीक्षांत समारोह आयोजित नहीं किया गया । दो शीर्ष रैंक धारकों और एक सर्वतोमुखी को सम्मानित करने के लिए 20 मार्च, 2020 को एक लघु समारोह में इन्हें स्वर्ण पदक प्रदान किए गए । नारायण सुनील ने प्रथम रैंक के लिए, शुभरांगसु मुखर्जी एवं अंकिता श्रीवास्तवा ने द्वितीय रैंक एवं जिनित प्रग्नेश धारिया ने श्रेष्ठ सर्वतोमुखी निष्पादन के लिए स्वर्ण पदक प्राप्त किए । कुल 429 छात्र व्यवसाय प्रशासन निष्णात के पात्र थे । कुल 93 छात्रों ने व्यक्तिगत रूप से अपने प्रमाण-पत्र एकत्रित किए, प्रतिबंध हटने के बाद शेष छात्रों को प्रमाण-पत्र डाक द्वारा भेजे जाएँगे ।

2.4.5 अवस्थापन

ग्रीष्म अंतःशिक्षुता

ग्रीष्म अंतःशिक्षुता चयन प्रक्रिया 441 छात्रों के बैच के लिए, जिसमें 28.13% महिला थीं, 15 अक्तूबर, 2019 को प्रारम्भ हुई और 18 अक्तूबर, 2019 को समाप्त हुई । चार छात्रों ने ग्रीष्म अंतःशिक्षुता चयन प्रक्रिया से बाहर रहने का विकल्प चुना । कार्यनीति परामर्श, नीश परामर्श, व्यवसाय विश्लेषिकी, निवेश बैंकिंग, पूँजी बाजार, कंपनी वित्त, वाणिज्यिक बैंकिंग, बिक्री एवं विपणन, व्यवसाय नायकत्व, उत्पाद प्रबंध, परिचालन, वर्ग प्रबंध एवं सामान्य प्रबंध जैसी भूमिकाओं में, तीन भर्ती स्लॉटों के अंदर 100 से अधिक कंपनियों द्वारा सभी 437 योग्य छात्रों को भर्ती किया गया ।

ग्रीष्म अंतःशिक्षुता प्रस्तावों का क्षेत्रवार वर्गीकरण इस प्रकार है : विश्लेषिकी 2%, परामर्श 28%, ई-वाणिज्य 8%, वित्त 16%, सामान्य प्रबंध 11%, सूचना प्रौद्योगिकी/ उत्पाद प्रबंध 11%, परिचालन 4%, खुदरा 2%, बिक्री एवं विपणन 18% ।

2.4.6 पूर्व-अवस्थापन प्रस्ताव (पीपीओ)

ग्रीष्म अंतःशिक्षुता 2019 के दौरान उनके निष्पादन के आधार पर 216 छात्रों ने पूर्व-अवस्थापन प्रस्ताव प्राप्त किए । जब कि 149 छात्रों ने पीपीओएस के साथ अवस्थापन प्रक्रिया से बाहर रहे (साइंड आउट), 67 छात्रों ने अपने पीपीओएस अस्वीकार किए ।

2.4.7 उच्च स्तरीय अवस्थापन प्रस्ताव (एलपीओ)

18 माह से अधिक के कार्यानुभव के साथ अभ्यर्थियों के लिए दिसंबर 2019 एवं जनवरी 2020 के बीच चल आधार पर उच्च स्तरीय अवस्थापन प्रक्रिया आयोजित की गई थी । कुल 43 कंपनियाँ परिसर में आईं और 108 प्रस्ताव दिए जिनमें से छात्रों द्वारा 86 प्रस्ताव स्वीकार किए गए ।

2.4.8 अंतिम अवस्थापन

अंतिम अवस्थापन प्रक्रिया 10 फरवरी, 2020 को प्रारम्भ हुई और 13 फरवरी, 2020 को समाप्त हुई । कुल 428 छात्र, जिनमें 28.13% महिलाएँ थीं, ने इनमें भाग लिया । तीन छात्रों ने प्रबंध में शोध को आगे बढ़ाने और पूर्व नियोक्ता के साथ काम करने के लिए अवस्थापन से बाहर रहने का विकल्प चुना । भाप्रसंबें अवस्थापन प्रक्रिया में लगभग 120 कंपनियों ने भाग लिया और 518 प्रस्ताव दिए । इनमें से 194 प्रस्ताव अंतिम अवस्थापन के दौरान दिए गए ।

कुल प्रस्तावों (पीपीओ, एलपीओ एवं एफपीओ) का क्षेत्रवार वर्गीकरण इस प्रकार है : व्यवसाय विश्लेषिकी 3%, परामर्श 37%, ई-वाणिज्य 7%, वित्त 10%, सामान्य प्रबंध 13%, सूचना प्रौद्योगिकी/उत्पाद प्रबंध 14%, परिचालन 3%, खुदरा 2% तथा बिक्री एवं विपणन 11% । परिसर में मुख्य भर्तीकर्ताओं में थे : दी बॉस्टन कंसल्टिंग ग्रुप-23, बेन ऐंड कंपनी-20, एक्सेंचर स्ट्रैटिजी-18, ऑमेज़ान-16, कर्नी-15, मेकिन्से ऐंड कंपनी-14, पीडब्लूसी टेक्नोलॉजी-14, माइक्रोसॉफ्ट आईडीसी-10 एवं अमेरिकन एक्सप्रैस-8 । परिसर भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने वाली 120 कंपनियों में से 23 कंपनियाँ प्रथम बार भर्तीकर्ता थीं ।

अवस्थापन प्रक्रिया का ब्यौरा **विवरण 7 एवं 8** पर देखा जा सकता है ।

2.4.9 पीजीपी छात्रों की उपलब्धियाँ

कंपनी	विजेता/ उपविजेता	सहभागी
एक्सेंचर	विजेता	हर्षल अग्रवाल, कुंदन थकन, प्रतीक्षा पाटिल
आदित्य बिरला छात्रवृत्ति	विजेता	आदित्य जालान, भाग्यश्री पाणि, ईशान सिन्हा, विश्वजीत भट्ट
एशियन पेंट्स	विजेता	हर्षल वांखेडे, कुणाल बियानी, याडने निकम
सिटी लीडर एवार्ड	विजेता	प्रतीक्षा पाटिल, साहिल सिंघल
ईज़ेड जॉब्स	विजेता	अमीर इकबाल, संजू प्रिया, विश्वजीत भट्ट
फ्लिपकार्ट	विजेता	अनुस्मिता साहा, सोहम बासु, सौम्यजीत घोष
रिलायंस टी.यू.पी.	विजेता	जिनित धारिया, मित पारेख, यश पारेख

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

कंपनी	विजेता/ उपविजेता	सहभागी
रिन्यु पॉवर	विजेता	अनन्त शर्मा, हरप्रीतकौर वेदी
तवगा एडवाइसरी	विजेता	अमीर इकबाल, भरत एनवीएस, वरुण सॉलमन, विश्वजीत भट्ट
वेलियो	विजेता	रोशनी सुंदररामन, सुभांकर सोहोनी
एबीजी अवेंटे गारडे	उपविजेता	अनन्त शर्मा, अनूप पंपरी, तुलसी कुमार बेड़े, हरप्रीतकौर वेदी
सिस्को	उपविजेता	अमीर इकबाल, संजू प्रिया, विश्वजीत भट्ट
माइक्रोसॉफ्ट	उपविजेता	अभीक दास, सुभांकर सोहोनी
मिंत्रा जबॉन्ग	उपविजेता	मनीषा पांडा, मयंक मालू, साई संदीप
स्प्रिंकलर	उपविजेता	हरि भास्करन, रोशनी सुंदररामन, स्मृति अग्रवाल
यूस्टार्ट बाई सीआईआई	उपविजेता	जिनित धारिया, मित पारेख, यश पारेख
एबीजी स्ट्रैटोस	द्वितीय उपविजेता	दीपशिखा, मयंक यादव, सिद्धार्थ मल्होत्रा
गूगल	द्वितीय उपविजेता	हर्षल अग्रवाल, कुंदन थकन, प्रतीक्षा पाटिल
वोडाफोन	द्वितीय उपविजेता	अनन्त शर्मा, हरप्रीतकौर वेदी, शिवम गुप्ता

2019-21 का पीजीपी बैच

कंपनी	विजेता/ उपविजेता	सहभागी
आदित्य बिरला छात्रवृत्ति	विजेता	अनिरुद्ध श्रीवत्सा
रिलायंस टी.यू.पी.	विजेता	आकृति गुप्ता, देवश्री मस्कार, कार्तिक आनन्द, स्वयं तिबरेवाल

2.5 लोकनीति एवं प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीपीएम)

लोकनीति एवं प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीपीएम) भाप्रसंबें द्वारा संचालित एक डिग्री प्रदत्त कार्यक्रम है । सिविल सेवाओं के वरिष्ठ अधिकारी और सामाजिक, बुनियादी ढाँचे एवं निजी क्षेत्र के व्यवसायी और साथ ही भावी नेता वर्तमान परिदृश्य में अपनी लोकनीति और प्रबंधकीय कौशल को मजबूत बनाने के लिए इस कार्यक्रम को उपयोगी पाते हैं, जहाँ सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के बीच विकास सेतु के संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं । यह एक वर्ष का आवासीय कार्यक्रम सरकारी एवं सिविल सोसाइटी और गैर-सरकारी क्षेत्रों के व्यवसायियों के बीच परस्पर अध्ययन को भी बढ़ावा देता है ।

पीजीपीपीएम का उद्देश्य निम्न द्वारा छात्रों में क्षमता वृद्धि करना है :

- नीतिगत दृष्टिकोण में नवीनतम प्रवृत्तियों की जागरूकता का विस्तार करना
- उनके वैचारिक, तकनीकी एवं विश्लेषणात्मक कौशल में गहराई लाना
- उनके नायकत्व कौशल का विकास करना
- लोक नीति हेतु देशी एवं अंतर्राष्ट्रीय

पर्यावरण को आकार देने वाले बलों की बेहतर समझ विकसित करना

- अन्य देशों में लोकनीति के तुलनात्मक अध्ययन के आधार पर लोक प्रबंध की वैकल्पिक प्रणालियों से अध्ययन के अवसर प्रदान करना ।

इस कार्यक्रम का मैक्सवैल स्कूल ऑफ सिटिज़नशिप ऐंड पब्लिक अफेयर्स, साइराक्यूस युनिवर्सिटी, यूएसए के साथ सहयोग है, जहाँ छात्र कार्यक्रम के शैक्षणिक टर्म 2 के रूप में अंतर्राष्ट्रीय निमज्जन का अनुभव करते हैं ।

पाठ्यक्रम एक कठोर मूल्यांकन प्रणाली के साथ अंतर अनुशासनात्मक तकनीकों के प्रयोग को ध्यानपूर्वक तैयार की गई सामग्री पर आधारित है । मूल्यांकन कक्षा में भागीदारी, प्रश्नोत्तरी, परीक्षाएँ एवं टर्म पेपर्स शामिल हैं ।

पाठ्यक्रम कार्य में उद्योगों में आगमन, सरकारी विभागों का शैक्षणिक दौरा, ग्रामीण निमज्जन मॉड्यूल, सामाजिक मंचों और भूतपूर्व छात्रों के साथ बातचीत, भाप्रसंबें के लोक नीति केंद्र (सीपीपी) द्वारा संचालित वार्षिक लोकनीति सम्मेलनों में भागीदारी एवं लोकनीति सेमिनारों में शामिल विख्यात व्यवसायियों के साथ बातचीत भी शामिल है । लोकनीति एवं प्रबंध पर कार्यक्रम होने के नाते पीजीपीपीएम ने सामाजिक उत्तरदायित्व एवं धारणीयता के आयामों को व्यापक रूप से शामिल किया गया है ।

वैकल्पिक एवं मूल पाठ्यक्रमों के अलावा, छात्र-चलित दो पहल हैं – नीति वार्ता श्रृंखला एवं नीति ब्लॉग (नीति एकत्रण भी कहा जाता है) जोकि छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ बातचीत करने का अवसर प्रदान करती है ।

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

2.5.1 भाप्रसं बेंगलूर परिसर में आयोजित पीजीपीपीएम नीति वार्ता श्रृंखला का विवरण निम्नलिखित तालिका में प्रस्तुत किया गया है :

लोकनीति एवं प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम 2019-2020 नीति वार्ता श्रृंखला				
	नाम	**पदनाम**	**दिनांक**	**शीर्षक**
1	श्री के एन मूर्ति	आईएफएस (सेवानिवृत्त), भूतपूर्व पीसीसीएफ एवं प्रबंध निदेशक, केएसएफआईसी	08-मई-19	मैशर्स टु एड्रैस दी चैलेंजिस ऑफ क्लाइमेट चेंज
2	श्री चेतन कृष्णमूर्ति	निदेशक-लोक नीति-गूगल भारत एवं दक्षिण एशिया	15-मई-19	पॉलिसी मेकिंग इन इंडियाज़ टेक सैक्टर
3	डॉ. कल्पना गोपालन	भाप्रसे, अपर मुख्य सचिव, युवा अधिकारिता एवं खेल	22-मई-19	अर्बनाइज़ेशन इन बेंगलूर
4	डॉ. अशोक कुमार नाग	आरबीआई के भूतपूर्व वरिष्ठ कार्यपालक	11-जून-19	सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी
5	लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) दीपेंद्र सिंह हुड्डा	भूतपूर्व जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, उत्तरी कमांड	12-जून-19	दी चैलेंजिस टु नैश्नल सेक्योरिटी
6	श्री अजय सेठ	भाप्रसे, प्रबंध निदेशक, बेंगलूर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशंस लिमिटेड	26-जून-19	पब्लिक ट्रांस्पोर्ट सिस्टम इन बेंगलूर
7	श्री टी एस विश्वनाथ	एपीजे-एसएलजी विधि कार्यालय में प्रधान सलाहकार	30-अगस्त-19	दी डेटा डिबेट : डिस्कशन ऑन ग्लोबल डेटा फ्लो ऐंड सेक्योरिटी ईशूज़
8	डॉ. औनभा घोष	मुकाअ, ऊर्जा, पर्यावरण एवं जल परिषद्	03-सितंबर-19	स्कायरिंग इंडियास इंपॉसिबिल ट्रिनिटी
9	डॉ. राकेश गुप्ता	भाप्रसे, हरियाणा मुख्य मंत्री के अपर प्रधान सचिव	09-अक्तूबर-19	बैस्ट प्रैक्टिसेस ऑफ गुड गवर्नेन्स इन हरियाणा
10	श्रीमती सुकृति	लिंकडिन भारत में लोकनीति एवं सरकारी मामले की प्रधान	10-अक्तूबर-19	एविडेंस ड्रिवेन पॉलिसी मेकिंग : इंसाइट्स फ्रॉम इंडिया

2.5.2 स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा पंचाट

20 मार्च, 2020 को 45वें वार्षिक दीक्षांत समारोह के दौरान 2019-2020 बैच के 25 सहभागियों को प्रबंध अध्ययन में निष्णात (लोक नीति) में डिग्री प्रदान की गई और दो सहभागियों को लोक नीति एवं प्रबंध में स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रदान किया गया । नेहा वर्मा को श्रेष्ठ शैक्षणिक निष्पादन के लिए स्वर्ण पदक प्रदान किया गया ।

2.5.3 पीजीपीपीएम अवस्थापन

संस्थान कार्यक्रम के उन अभ्यर्थियों के भी अवस्थापन की प्रक्रिया की सुविधा प्रदान करता है जो सरकार द्वारा प्रायोजित नहीं हैं । अवस्थापन के लिए पात्र नौ गैर-डीओपीटी अभ्यर्थियों में से, छह छात्रों के पास अब भी कोई प्रस्ताव नहीं हैं । दो छात्रों के पास उनके भाप्रसंबें के पूर्व संगठनों से नियुक्त प्रस्ताव हैं या वे विश्राम अवकाश पर थे, जब कि एक छात्र ने व्यक्तिगत कारणों से नौकरी प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया है और परिसर के बाहर साक्षात्कार के माध्यम से कंपनी में कार्यभार ग्रहण किया है ।

2.6 एन.एस. रामस्वामी पूर्व-वाचस्पति फेलोशिप (एनएसआर-पूर्व वाचस्पति)

एन.एस. रामस्वामी पूर्व-वाचस्पति फेलोशिप, भारत में प्रबंध शैक्षणिक समुदाय की सामाजिक विविधता बढ़ाने के उद्देश्य से स्थापित एक अत्यधिक चयनात्मक कार्यक्रम है । यह एक लचीला एक साल का प्रशिक्षुता कार्यक्रम है जिसकी अभिकल्पना चयनित पूर्व-वाचस्पति फेलो को प्रबंध और संबद्ध विषयों में वाचस्पति कार्यक्रमों में सफलतापूर्वक आवेदन करने में मदद करने के लिए की गई है । यह कार्यक्रम विशेष रूप से समाज के ऐतिहासिक रूप से कम प्रतिनिधित्व प्राप्त वर्गों (विवरण नीचे दिया गया है) के आवेदकों को लक्षित करता है ।

2019-20 पूर्व-वाचस्पति फेलोशिप, प्रबंध छात्रवृत्ति और शोध के भीतर निम्नलिखित विषय क्षेत्रों में उपलब्ध थी ।

- निर्णय विज्ञान
- अर्थशास्त्र एवं समाज विज्ञान
- उद्यमवृत्ति
- वित्त एवं लेखा
- सूचना प्रणाली
- विपणन
- संगठनात्मक व्यवहार एवं मानव संसाधन प्रबंध
- उत्पादन एवं परिचालन प्रबंध
- लोक नीति
- कार्यनीति

पूर्व-वाचस्पति कार्यक्रम एक लचीला परामर्शदाता-संचालित प्रशिक्षु कार्यक्रम है जहाँ अध्येता वाचस्पति कार्यक्रम में सफल होने के लिए आवश्यक औपचारिक और अंतर्हित ज्ञान प्राप्त करते हैं । प्रत्येक अध्येता एक परामर्शदाता को समनुदेशित किया जाता है जो भाप्रसंबें में पूर्णकालिक संकाय सदस्य हैं ।

हालाँकि कार्यक्रम बहुत लचीलापन प्रदान करता है, कुछ सामान्य तत्व हैं, जो आवश्यक हैं :

- अध्येताओं को वाचस्पति कार्यक्रम प्रारम्भिक कार्यक्रम में भाग लेना आवश्यक है ।
- प्रत्येक अध्येता अपनी रुचि के क्षेत्रों और संकाय परामर्शदाता द्वारा अनुमोदित, कम से कम दो वाचस्पति या एमबीए स्तर के तीन क्रेडिट पाठ्यक्रम पूरा करना आवश्यक है ।
- संकाय परामर्शदाता की देखरेख में अध्येता को प्रति सप्ताह कम से कम 40 घंटे काम करने की जरूरत है ।
- एक गणित क्लिनिक (प्रति सप्ताह 1.5 घंटे) और एक लेखन कार्यशाला

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

(प्रति सप्ताह 1.5 घंटे) आवश्यक है, केवल संकाय परामर्शदाता द्वारा छूट देने और पूर्व-वाचस्पति संकाय समिति द्वारा अनुमोदित किए जाने के अलावा ।

2.6.1 मासिक वृत्तिका और अन्य वित्तीय सहायता

- प्रत्येक अध्येता को अपने कार्यकाल के दौरान किसी भी पाठ्यक्रम के लिए पूर्ण शिक्षण शुल्क में छूट के अलावा रुपए 25,000 का मासिक वृत्तिका प्राप्त होगी ।
- मौजूदा संस्थान मानदंडों के अनुसार अध्येताओं को मकान किराया भत्ता भी मिलेगा ।
- मौजूदा संस्थान मानदंडों के अनुसार अध्येताओं को एक बार आकस्मिक अनुदान (जिसे संकाय परामर्शदाता और पूर्व-वाचस्पति संकाय समिति द्वारा अनुमोदित शैक्षणिक उद्देश्यों के लिए उपयोग किया जा सकता है) प्रदान किया जाएगा ।
- अध्येताओं को क्यूबिकल स्थान और एकमुश्त लैपटॉप अनुदान प्रदान किया जाएगा जिसका उपयोग लैपटॉप की खरीद के लिए किया जा सकता है ।
- अध्येताओं को पर्यवेक्षक के रूप में एक राष्ट्रीय शैक्षणिक सम्मेलन में भाग लेने के लिए सहायता प्राप्त होगी (संकाय परामर्शदाता की पूर्व स्वीकृति के साथ) ।
- पूर्व-वाचस्पति संकाय समिति द्वारा अनुमोदित राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेने के लिए उन्हें सहायता भी प्राप्त होगी और जहाँ अध्येता प्रस्तुतकर्ता लेखक है ।

2.6.2 पूर्व-वाचस्पति कार्यक्रम प्रवेश विवरण (2019-20)

- 254 आवेदन पत्र प्राप्त हुए
- 48 को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया
- 35 ने साक्षात्कार में भाग लिया
- 13 को प्रस्ताव भेजे गए
- 11 स्वीकृत

वर्ष 2019-2020 के दौरान 11 छात्रों ने कार्यक्रम के लिए नामांकन किया ।

प्रवेश प्राप्त बैच का क्षेत्रवार ब्यौरा निम्न प्रकार है :

क्षेत्र	छात्रों की संख्या
अर्थशास्त्र एवं समाज विज्ञान	1
वित्त एवं लेखा	2
कार्यनीति	1
विपणन	1
संगठनात्मक व्यवहार एवं मानव संसाधन प्रबंध	2
लोक नीति	3
उद्यमवृत्ति	1

नोट : एक छात्र (लोक नीति क्षेत्र से) बाद में, 3 अगस्त 2019 को कार्यक्रम छोड़ कर चला गया ।

प्रत्येक अध्येता का एक परामर्शदाता होता है, जो कि भाप्रसंबें में पूर्णकालिक संकाय सदस्य हैं ।

2.6.3 2019-20 हेतु संकाय परामर्शदाताओं की सूची

- प्रोफेसर सोहम साहू
- प्रोफेसर हेमा स्वामीनाथन
- प्रोफेसर अभिनव आनन्द
- प्रोफेसर प्रतीक राज
- प्रोफेसर दीपक मलघाण

- प्रोफेसर जयराम एस उपर्णा
- प्रोफेसर श्रीनिवासन मुरली
- प्रोफेसर राजलक्ष्मी कामत
- प्रोफेसर श्रीलता जोन्नलगड्डा
- प्रोफेसर श्रीवर्धिनी के झा

2.6.4 गणित एवं संप्रेषण क्लीनिक

- गणित क्लीनिक - पीएचडी छात्र द्वारा प्रति टर्म 1.5 क्रेडिट
- टर्म I, II एवं III में संप्रेषण प्रयोगशाला द्वारा संप्रेषण क्लीनिक
- पीएचडी छात्र द्वारा टर्म II में शैक्षणिक लेखन 2 क्रेडिट

2.6.5 पीएचडी छात्र सहायता

- पीएचडी छात्रों ने गणित एवं शैक्षणिक लेखन क्लीनिक्स में सहायता की

2.6.6 छात्रों द्वारा पेपर/प्रस्तुतीकरण

- गोपीनाथ ए, मारूफ ए (2019) "कंपैरेटिव स्टडी ऑफ फाइनेन्शियल एडमिनिस्ट्रेशन्स ऑफ ग्रासरूट्स लेवल रूरल लोकल गवर्नमेंट इंस्टीट्यूशंस ऑफ बंगलादेश ऐंड इंडिया ।" स्थानीय सरकारी तिमाही आईएसएसएन 0024-5623 ।
- गोपीनाथ ए, ने इंडियन एसोसिएशन ऑफ सोशियल साइंस इंस्टीट्यूशंस (आईएएसएसआई) के 2020 के 20वें वार्षिक सम्मेलन में **"**एस्से ऑन दी डिविज़न ऑफ लेबर ऐंड दी डिविज़न ऑफ वेबरर्स डाइकोटमी इन इंडियन मोड ऑफ प्रॉडक्शन**"** पर पेपर प्रस्तुत किया ।
- गोपीनाथ ए, ने भारती इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक पॉलिसी, इंडियन स्कूल ऑफ बिज़नैस (आईएसबी) के आईपीपीएन वार्षिक सम्मेलन 2020 में **"**स्पेश्यल कॉन्सियसनैस इन स्पेशल प्लानिंग फॉर 'जस्ट' विलेज**"** पर पेपर प्रस्तुत किया ।
- अवल आर. (2020) ने वीजीएसओएम, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, खड़गपुर में 5 फरवरी 2020 को प्रबंध वाचस्पति संभाषण में **"**इंफ्लूएंस ऑफ ट्रस्ट इन ऑर्गेनाइज़ेश्नल स्ट्रक्चर्स ऐंड फर्म परफॉर्मेन्स विद कोएलिश्नल एस्पेक्ट्स**"** नामक शीर्षक पर पेपर प्रस्तुत किया ।
- अवल आर. (2020) ने वीजीएसओएम, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, खड़गपुर में 5 फरवरी 2020 को प्रबंध वाचस्पति संभाषण में **"**हाऊ डज़ मार्जिनलाइज़्ड आंथ्रप्रीनर बिहेव टु सडेन स्टिग्मा : ए स्ट्रैटिजिक पर्सपैक्टिव**"** नामक शीर्षक पर पेपर प्रस्तुत किया ।
- अवल आर. (2020) ने एसजेएमएसओएम, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बॉम्बे में 21 फरवरी 2020 को वाचस्पति कंसोर्टियम (सहायता संघ) में **"**इंफ्लूएंस ऑफ ट्रस्ट इन ऑर्गेनाइजेश्नल स्ट्रक्चर्स ऐंड फर्म परफॉर्मेन्स विद कोलीश्नल एस्पैट्स**"** नामक शीर्षक पर पेपर प्रस्तुत किया ।

सभी 10 छात्रों ने कार्यक्रम पूरा किया और उन्हें समापन प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएँगे ।

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

3. कार्यपालक शिक्षा

परिदृश्य

भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर (भाप्रसंबें) की स्थापना से कार्यपालक शिक्षा कार्यक्रम (ईईपी) इसका अभिन्न हिस्सा रहा है और संस्थान के गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान देता रहा है । ईईपी के तहत् संचालित कार्यक्रमों ने उद्योग एवं सरकार में, विस्तृत क्षेत्र के मध्य एवं वरिष्ठ स्तर के प्रबंधकों के लिए वैश्वीकृत, तीव्र गति से परिवर्तित हो रही अर्थव्यवस्था की चुनौतियों का समाधान करने के लिए तैयार करने हेतु प्रबंधकीय कौशल उपलब्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । कार्यपालक शिक्षा यह भी आश्वस्त करती है कि भाप्रसंबें में शैक्षणिक कार्यक्रम, उद्योग द्वारा सामना की जा रही वास्तविक संदर्भ से संबद्ध है । कार्यपालक शिक्षा उद्योग एवं सरकार के लिए भाप्रसंबें का प्रवेश द्वार है और अंतर्राष्ट्रीय सम्मान जीतने में अत्यधिक प्रगति की है ।

3.1 उद्देश्य

भाप्रसंबें की कार्यपालक शिक्षा निम्न उद्देश्यों से निर्देशित है :

- कार्यपालक शिक्षा कार्यक्रम का मुख्य संकेंद्रण, उद्योग एवं सरकार में प्रबंध के विभिन्न स्तरों पर कार्यरत् प्रबंधकों के प्रबंध ज्ञान और कौशल को बढ़ाना और अद्यतन करना है । यह कार्यक्रम उन व्यक्तियों की आवश्यकताओं को पूरा करता है जो पूर्णकालिक प्रबंध शिक्षा प्राप्त नहीं कर सके और साथ ही, जिन्हें पहले से ही विशिष्ट विषय-ज्ञान प्राप्त है, किन्तु उन्हें अपने प्रबंधकीय कौशल को अद्यतन करने की आवश्यकता है ।
- कार्यपालक शिक्षा, उद्योग और सरकार के साथ भाप्रसंबें की संबद्धता का निर्माण और सुदृढ़ करने का एक महत्वपूर्ण साधन है, जोकि संस्थान के महत्वपूर्ण पणधारियों में से हैं । वास्तव में, उद्योग की कई सम्बद्धताएँ जिनका आज भप्रसंबें पोषण कर रहा है, वे कार्यपालक शिक्षा के साथ कार्य के माध्यम से किया गया है ।
- कार्यपालक शिक्षा कार्यक्रम, उद्योग एवं सरकार द्वारा झेली जा रही चुनौतियों के साथ संकायों को संपर्क में लाकर संकायों की क्षमता और सामर्थ्य को बढ़ाते हैं । कार्यपालक शिक्षा कार्यक्रम ने भारतीय अनुभव पर आधारित केस लेखन और साथ ही प्रेरित शोध विचार जिन तक अन्यथा पहुँचना मुश्किल होता, के अवसर सृजित किए हैं और सृजित करना जारी रखेगा । ये संबद्धताएँ डिग्री-प्रदत्त कार्यक्रमों में संकाय निविष्टियों को समृद्ध बनाने में विशेष योगदान देती हैं ।
- केस लेखन एवं शोध सुसाध्य बनाने के अतिरिक्त, कार्यपालक शिक्षा कार्यक्रमों ने परामर्श अवसरों को भी परिणत किया है । अक्सर कार्यपालक कार्यक्रमों हेतु विश्लेषण की आवश्यकता से अंतःक्षेप की अन्य जरूरतों का पता चलता है और संकायों को परामर्श समनुदेशन जिनका अनुसरण कर सकते हैं के माध्यम से उद्योग और सरकार की समस्याओं को गंभीरता से सुलझाने का अवसर प्राप्त होता है ।
- कार्यपालक शिक्षा कार्यक्रम संस्थान के समग्र राजस्व में योगदान देते हैं, जो सामरिक पहलों हेतु प्रभावित करने में मदद करते हैं ।

3.2 कार्यपालक शिक्षा कार्यक्रमों की अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग

भाप्रसंबें के कार्यपालक शिक्षा फाइनेंशियल टाइम्स कार्यपालक शिक्षा रैंकिंग में पिछले छह वर्षों से भाग ले रही है और लगातार विश्व स्तर पर एफटी-रैंक प्राप्त कार्यक्रमों में शामिल किया गया है । समीक्षाधीन वर्ष के दौरान भाप्रसंबें के कार्यपालक शिक्षा कार्यक्रम की एफटी रैंकिंग सार्थक रूप से आगे बढ़ा है । 2019 की एफटी रैंकिंग के अनुसार भाप्रसंबें को कार्यपालक शिक्षा के शीर्ष 50 वैश्विक उपलब्धकर्ताओं में रैंक प्राप्त है और भाप्रसंबें वैश्विक रैंक में 43 रैंक के साथ भारत में शीर्ष रैंक प्राप्त स्कूल है । कस्टम एवं खुले कार्यक्रम को क्रमशः 57 एवं 49 पर व्यक्तिगत रूप से रैंक प्रदान किया गया है ।

3.2.1 एफटी रैंकिंग कार्यप्रणाली

सहभागी स्कूलों की रैंकिंग, विभिन्न मानकों के आधार पर (कस्टम कार्यक्रमों हेतु) निगमों द्वारा, जो कार्यपालक शिक्षा पाठ्यक्रमों को तैयार करने का काम देते हैं, (खुले कार्यक्रम हेतु) इन पाठ्यक्रम के सहभागियों और स्कूलों द्वारा प्रस्तुत डेटा पर की जाती है ।

ग्राहक, पाठ्यक्रम अभिकल्पना, अनुवर्तन एवं भावी प्रयोग से संबंधित संकेतकों की सीमा के आधार पर 10 बिंदु पैमाने पर कस्टम कार्यक्रमों को मूल्यांकित करते हैं । स्कूलों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना का उपयोग अंतर्राष्ट्रीयकरण, विकास, साझेदार स्कूलों और संकाय विविधता का आकलन के लिए किया जाता है ।

खुले कार्यक्रमों की रैंकिंग सहभागियों की गुणवत्ता, शिक्षण और उनके द्वारा प्राप्त कौशल की प्रासंगिकता के आधार पर की जाती है । स्कूल डेटा का उपयोग, लिंग विविधता और अंतर्राष्ट्रीय सहभागी, विकास, अंतर्राष्ट्रीय स्थान एवं साझेदार स्कूलों से संबंधित शेष मानदंडों की गणना के लिए किया जाता है ।

3.3 समग्र निष्पादन

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, भाप्रसंबें ने अपने कस्टम कार्यक्रमों के लिए अनेक सम्मान जीते हैं, जो कार्यपालक शिक्षा में अपने नायकत्व की पुष्टि करता है । संस्थान ने संयुक्त अरब अमीरात के बाजार के लिए दुबई और बेंगलूरु में संचालित करने के लिए एक सामान्य प्रबंध कार्यक्रम का शुभारंभ करके कार्यक्रमों के अपने अंतर्राष्ट्रीय पोर्टफोलयो में भी आगे बढ़ाया है । यह कार्यक्रम सामान्य प्रबंध क्षेत्र में एक मिश्रित कार्यक्रम है और नवंबर 2019 में दुबई में 32 सहभागियों के समूह के साथ इसका सफलतापूर्वक उद्घाटन किया गया ।

कोविड-19 के अचानक फैलने के कारण वर्ष की अंतिम तिमाही चुनौतीपूर्ण थी और कई सूचीबद्ध कार्यक्रम को स्थगित या रद्द करना पड़ा । कोविड-19 महामारी का नकारात्मक प्रभाव अगले वित्तीय वर्ष में जारी रहने की संभावना है । संस्थान ऑनलाइन संचालन मॉडल अपनाकर कार्यक्रम संचालन पर इसके प्रभाव को कम करने की कोशिश कर रहा है । भाप्रसंबें ऑनलाइन अध्ययन में अपनी नायकत्व स्थिति के साथ इस चुनौती का सफलतापूर्वक जवाब देने में सर्वश्रेष्ठ है ।

3.3.1 निष्पादन मुख्यांश

- इस वर्ष संचालित एवं जारी कार्यक्रमों की कुल संख्या 191 है । (संचालित कार्यक्रमों के व्यापक सार के लिए सारणी 1 देखें)
- कार्यक्रम पूरा कर चुके या कार्यक्रम में भाग ले रहे सहभागियों की संख्या लगभग 5650 है ।
- सामग्री प्रदत्त सहभागी कार्यक्रम दिवसों की संख्या लगभग 55,600 है ।

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

- कार्यपालक शिक्षा ने फरवरी 2020 में टुलोस बिज़नैस स्कूल की साझेदारी में एयरोस्पेस एवं विमानन के भविष्य का तीसरा संस्करण आयोजित किया । इसने भारत एवं फ्रांस से प्रख्यात वक्ताओं और प्रतिनिधियों की नामिका को आकर्षित किया ।

- मैकगिल और लैंकेस्टर के साथ साझेदारी में अंतर्राष्ट्रीय प्रबंध कार्यक्रम के तीसरे संस्करण का उद्घाटन सितंबर में लैंकेस्टर युनिवर्सिटी मैनेजमेंट स्कूल, लैंकेस्टर, यूके में किया गया । इस कार्यक्रम में 27 सहभागी थे और इसके अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप के कारण इसमें जापान, दक्षिण कोरिया, चीन, यू के, कनाडा, ब्राज़ील, नाइजीरिया और भारत से सहभागियों ने भाग लिया ।

- बेंगलूर में 36 सहभागियों के साथ तीसरे संस्करण की सफल शुरुआत के साथ लीडिंग डिजिटल ट्रांस्फॉर्मेशन कार्यक्रम ने भाप्रसंबें को डिजिटलीकरण के क्षेत्र में दृढ़तापूर्वक एक अग्रणी के रूप में स्थापित किया ।

सारणी 1

कार्यक्रम श्रेणी	कार्यक्रमों की संख्या	सहभागियों की संख्या	संचालित कार्यक्रम दिवसों की संख्या	सहभागी कार्यक्रम दिवसों की संख्या
खुले दीर्घावधि कस्टम कार्यक्रम	27	1,335	514	26,915
खुले लघु अवधि कार्यक्रम	52	1,043	205	4,196
कस्टम कार्यक्रम	101	2,974	771	23,476
अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम	11	303	42	1,050
कुल	191	5,655	1,532	55,637

3.4 संचालित कार्यक्रम

3.4.1 खुले कार्यक्रम

फाइनेन्शियल टाइम्स रैंकिंग फॉर एक्सिक्युटिव एजुकेशन 2019 के अनुसार, भाप्रसंबें के खुले कार्यक्रम को खुले कार्यक्रम संचालित करने वाले शीर्ष 80 स्कूलों में 49 रैंक प्रदान किया गया ।

खुले कार्यक्रम की दो मुख्य श्रेणियाँ हैं–लघु अवधि कार्यक्रम (एसडीपीएस) एवं दीर्घावधि प्रमाण-पत्र कार्यक्रम (एलडीपीएस) । लघु अवधि खुले कार्यक्रम 3-5 दिनों की अवधि के होते हैं । दीर्घावधि कार्यक्रम लगभग 1-12 माह की अवधि के लिए आयोजित किए जाते हैं और कार्यरत् कार्यपालकों के फायदे के लिए, कक्षाएँ सावधिक अंतराम, में मुख्य रूप से सप्ताहांत में आयोजित की जाती हैं ।

उद्योग की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, भाप्रसंबें संकायों द्वारा लघु अवधि कार्यक्रमों की अभिकल्पना एवं संचालन किया जाता है और कुछ मामलों में वे संकायों की शोध रुचि को सम्मिलित करते हुए उद्योग को प्रदर्शन का एक मंच उपलब्ध कराते हैं । 2019-20 के दौरान भाप्रसंबें ने 52 खुले कार्यक्रम संचालित किए और विभिन्न संगठनों से 1,043 सहभागियों ने इन कार्यक्रमों में भाग लिया ।

दीर्घावधि प्रमाण-पत्र कार्यक्रम का लक्ष्य प्रबंध के मुख्य कार्यात्मक क्षेत्रों में ज्ञान एवं कौशल प्रदान करना है और सहभागियों को वरिष्ठ एवं/या विभिन्न कार्यात्मक भूमिकाएँ निभाने में मदद करता है । वर्ष के दौरान कुल 27 कार्यक्रम संचालित/प्रस्तुत किए गए और इन विभिन्न संचालित कार्यक्रमों में 1,335 सहभागी भाग ले रहे हैं या कार्यक्रम पूरा किया ।

वर्ष के दौरान, भाप्रसंबें ने अनेक नए कार्यक्रमों का शुभारंभ किया है और शुभारंभ किए गए उल्लेखनीय/विशिष्ट नए कार्यक्रम निम्न प्रकार हैं :

- दुबई में आईआईएमबीएक्स पर सामान्य प्रबंध कार्यक्रम (जीएमपीएक्स)
- वरिष्ठ नेताओं हेतु कृत्रिम बुद्धिमत्ता
- निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारियों हेतु लोक नीति एवं प्रबंध

खुले कार्यक्रम में सहभागियों की विविधता आपसी-अध्ययन में विशेष योगदान देती है और कक्षाकक्ष से परे सतत रूप से नेटवर्किंग के अवसर उपलब्ध कराते हैं । ये कार्यक्रम भाप्रसंबें परिसर में आयोजित किए जाते हैं । कुछ कार्यक्रम ऑनलाइन माध्यम से भी संचालित किए जाते हैं, जिससे बेंगलूर से बाहर के सहभागी कक्षाओं में भाग लेने में समर्थ होते हैं ।

3.4.2 अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी कार्यक्रम- कार्यपालक शिक्षा द्वारा नई पहल

अंतर्राष्ट्रीयकरण की ओर संस्थान के समग्र उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए, कार्यपालक शिक्षा कार्यक्रम (ईईपी) अपने कार्यक्रमों को अंतर्राष्ट्रीयकरण करने की दिशा में काम करता रहा है । कार्यपालक शिक्षा अपने अंतर्राष्ट्रीय पदचिह्नों को विस्तारित करने और भारत में गुणता अंतर्राष्ट्रीय स्कूलों को लाने के लिए भी सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है । इन दो उद्देश्यों के साथ ईईपी ने भारत और विदेश में कार्यरत् व्यवसायियों हेतु अपने कार्यक्रमों को संपूरित एवं विस्तारित करने के लिए अनेक अंतर्राष्ट्रीय स्कूलों के साथ साझेदारी विकसित की है । अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी कार्यक्रमों की सूची नीचे सारणी में दी गई है :

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

सारणी 2

अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी कार्यक्रम

	कार्यक्रम	साझेदार स्कूल
1	इंटरनैश्नल मैनेजमेंट प्रोग्राम	डीसौटेल्स फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट-मैकगिल युनिवर्सिटी, मॉन्ट्रीयल, कनाडा एवं लैंकेस्टर युनिवर्सिटी मैनेजमेंट स्कूल लैंकेस्टर, यूके
2	लीडिंग डिजिटल ट्रांस्फॉर्मेशन	फ्रेडरिक अलैक्सेंडर युनिवर्सिटी अर्लैन्गेन-न्युरेम्बर्ग (एफएयू) एवं फ्रॉनहोफर इंस्टीट्यूट फॉर इंटीग्रेटिड सरक्यूट्स आईआईएस (फ्रौनहोफर आईआईएस), जर्मनी
3	जनरल मैनेजमेंट प्रोग्राम फॉर एयरोस्पेस ऐंड एवियेशन	टुलोस बिज़नैस स्कूल, टुलोस, फ्रांस
4	डेवलपिंग टेक्नोलॉजी पार्टनरशिप्स बिट्वीन फर्म्स इन इंडिया ऐंड इज़राइल	तेल-अवीव युनिवर्सिटी, इज़राइल

3.4.3 कस्टम कार्यक्रम

कस्टम कार्यक्रमों की अभिकल्पना प्रारम्भ से लेकर ग्राहक संगठनों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए की गई है । संपूर्ण विनियोजन चक्र 'प्रारम्भिक वार्ता-आवश्यकता अधिग्रहण-उच्च-स्तरीय अभिकल्पना एवं प्रस्ताव-विस्तृत अभिकल्पना-सत्र योजना-संचालन-कार्रवाई-अध्ययन-फीडबैक-सर्वोत्तम प्रथाओं का प्रसार का प्रबंधन संकायों के साथ निकट संयोजन में ईईपी दल द्वारा किया जाता है । ये कार्यक्रम ग्राहकों द्वारा समाद्धृत हैं और उच्च प्रतिशत ग्राहकों की पुनरावृत्ति, कार्यक्रमों की गुणवत्ता का प्रमाण है । इस वर्ष के कस्टम कार्यक्रमों में नए या मौजूदा ग्राहकों से महत्वपूर्ण नए कार्यक्रमों में अधिग्रहण देखा गया और इनमें से कई वरिष्ठ प्रबंध दर्शक हेतु है जो सामरिक इरादें या परिवर्तनकारी प्रकृति के हैं ।

भाप्रसंबें के कस्टम कार्यक्रमों में, उद्योग कार्यक्षेत्र के व्यापक प्रकार के ग्राहक आते हैं । 2019-20 में कुल 101 कस्टम कार्यक्रम अभिकल्पित एवं संचालित किए गए और कुल 2,974 सहभागियों ने कस्टम कार्यक्रमों में भाग लिया । सामग्री के कुल मिलाकर 23,476 सहभागी कार्यक्रम दिवस संचालित किए गए । कस्टम कार्यक्रम डिजिटल अध्ययन दल द्वारा विकसित एमओओसीएस का लाभ उठाते हुए मिश्रित कार्यक्रम के रूप में लगातार तैयार किया जा रहा है ।

इन कार्यक्रमों को संचालित करने के लिए भाप्रसंबें ने कुछ विख्यात अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय स्कूलों के साथ साझेदारी भी की, जिससे इन देशों के वैश्विक परिप्रेक्ष्य एवं श्रेष्ठ प्रथाओं के अनुभव को शामिल किया है ।

3.4.4 अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम

इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय स्कूलों के कार्यपालक एमबीए छात्रों हेतु कार्यक्रम, अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों का मुख्य आधार रहना जारी रखे है ।

इस वर्ष कार्यपालक शिक्षा ने 303 सहभागियों हेतु 11 अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम संचालित किए । सहभागी स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, चीन, यूएसए, स्पेन एवं ऑस्ट्रेलिया से आए थे ।

4. संकाय

परिदृश्य

भाप्रसंबें में अभ्यागत एवं अनुबद्ध संकायों सहित 140 से अधिक संकाय सदस्य हैं, जो शिक्षण, शोध, नीति निर्माण, केस लेखन एवं परामर्श में सक्रिय रूप से लगे हुए हैं ।

4.1 नियुक्तियाँ

- डॉ. अनन्त कृष्णमूर्ति को 4 अप्रैल, 2019 को निर्णय विज्ञान क्षेत्र में प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया गया ।
- प्रोफेसर अनिल बी सूरज, संस्थान में अभ्यागत संकाय को 16 अप्रैल, 2019 को लोक नीति क्षेत्र में व्यवहार के सह प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया गया ।
- डॉ. नीलम कौशिक को 10 जुलाई, 2019 को कार्यनीति क्षेत्र में सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया गया ।
- डॉ. विजय राघवन वेंकटरमण को 9 अगस्त, 2019 को कार्यनीति क्षेत्र में सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया गया ।
- डॉ. साई चितरंजन कलुबंडी को 9 अक्तूबर, 2019 को कार्यनीति क्षेत्र में सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया गया ।
- प्रोफेसर तरुण जैन को 14 जनवरी, 2020 को उत्पादन एवं परिचालन प्रबंध क्षेत्र में सह प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया गया ।
- डॉ. सौदीय देब को 3 मार्च, 2020 को निर्णय विज्ञान क्षेत्र में सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया गया ।

4.2 सेवानिवृत्ति/त्यागपत्र/कार्यावधि की समाप्ति

- डॉ. प्रीति कृष्णन लिंडैम, पूर्णकालिक अभ्यागत संकाय, विपणन क्षेत्र का कार्यकाल 30 अप्रैल, 2019 को समाप्त हुआ ।
- डॉ. रवि कुमार आर, प्रोफेसर, संगठनात्मक व्यवहार एवं मानव संसाधन प्रबंध क्षेत्र 31 मई, 2019 को संस्थान की सेवाओं से सेवानिवृत्त हुए ।
- डॉ. रम्या रंगनाथन, पूर्णकालिक अभ्यागत संकाय, संगठनात्मक व्यवहार एवं मानव संसाधन प्रबंध क्षेत्र का कार्यकाल 30 जून, 2019 को समाप्त हुआ ।
- डॉ. सौविक दत्ता, सहायक प्रोफेसर, अर्थशास्त्र एवं समाज विज्ञान क्षेत्र का कार्यकाल 7 सितंबर, 2019 को समाप्त हुआ ।
- डॉ. अर्नब बासु, सह प्रोफेसर, निर्णय विज्ञान क्षेत्र ने 30 सितंबर, 2019 को संस्थान की सेवाओं से त्यागपत्र दिया ।
- डॉ. देबारति बासु, पूर्णकालिक अभ्यागत संकाय, वित्त एवं लेखा क्षेत्र ने 30 सितंबर, 2019 को संस्थान की सेवाओं से त्यागपत्र दिया ।
- प्रोफेसर भृंगी देव, व्यवहार के प्रोफेसर, प्रबंध संप्रेषण क्षेत्र 31 दिसंबर, 2019 को संस्थान की सेवाओं से सेवानिवृत्त हुए ।

4.3 पुरस्कार एवं पहचान

- डॉ. वाई एल आर मूर्ति, प्रोफेसर, विपणन क्षेत्र को इनसाइडआईआईएम द्वारा संचालित भारत में प्रबंध शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने वाले ऑनलाइन

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

ब्लॉगिंग मंच सभी प्रमुख भारतीय बी स्कूलों में 'प्रोफेसर ऑफ दी ईयर' चुना गया ।

- डॉ. ऋत्विक बैनर्जी, सहायक प्रोफेसर, अर्थशास्त्र एवं समाज विज्ञान क्षेत्र को दी इंडियन इकोनोमैट्रिक सोसाइटी द्वारा 'प्रोफेसर एम.जे. मनोहर राव एवॉर्ड फॉर यंग रिसर्च्स' से सम्मानित किया गया ।
- डॉ. सोहम साहू, सहायक प्रोफेसर, लोक नीति क्षेत्र को दी इंडियन इकोनोमैट्रिक सोसाइटी द्वारा 'प्रोफेसर एम.जे. मनोहर राव एवॉर्ड फॉर यंग रिसर्च्स' से सम्मानित किया गया ।
- डॉ. राहुल डे, प्रोफेसर, सूचना प्रणाली क्षेत्र को कंप्युटिंग मेशीनरी जर्नल हेतु संपादकीय मंडल के संघ में शामिल किया गया ।
- डॉ. राहुल डे, प्रोफेसर, सूचना प्रणाली क्षेत्र को इंटरनैशनल जर्नल ऑफ इंफॉर्मेशन मैनेजमेंट के संपादकीय मंडल में शामिल किया गया ।
- डॉ. मुक्ता कुल्कर्णी, प्रोफेसर, संगठनात्मक व्यवहार एवं मानव संसाधन प्रबंध क्षेत्र ने ऐकेडमी ऑफ मैनेजमेंट (एओएम) सम्मेलन 2020 में अपने सह-लेखन कार्य हेतु तीन प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त किए, जिनमें शामिल हैं, श्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय पेपर एवॉर्ड, श्रेष्ठ पेपर एवॉर्ड (उपविजेता) एवं सरोज परसुरामन एवॉर्ड नामांकन ।
- डॉ. गोपाल दास, सह प्रोफेसर, विपणन क्षेत्र को यूरोपीयन जर्नल ऑफ मार्केटिंग के सह संपादक के रूप में नियुक्त किया गया ।
- डॉ. हेमा स्वामीनाथन, सह प्रोफेसर, लोक नीति क्षेत्र को भारतीय सांख्यिकीय प्रणाली की समीक्षा के लिए 'आर्थिक सांख्यिकी पर स्थाई समिति' के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया ।

संकायों की सूची **विवरण 10** पर दी गई है ।

5. अनुसंधान एवं प्रकाशन

परिदृश्य

भाप्रसंबें गतिविधियों का एक केंद्र है और हमारे संकाय सदस्य विश्वभर के व्यवसायिक संगठन, स्वैच्छिक संगठन, सरकार एवं शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग करते हैं। वे, उनके चुने हुए क्षेत्रों में ज्ञान बढ़ाते हैं। संस्थान में नवाचार और अनुसंधान को उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना के साथ बढ़ावा दिया गया है, जो प्रबंध संप्रेषण से लेकर लोक नीति, उद्यमवृत्ति, सॉफ्टवेयर एवं सूचना प्रौद्योगिकी, आपूर्ति श्रृंखला एवं कंपनी अभिशासन, स्वयंसेवी वित्तीय बाजारों और जोखिम प्रबंध तक विभिन्न विशिष्ट क्षेत्रों और उद्योगों की विशिष्ट जरूरतों पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

भाप्रसंबें के संकाय सदस्य प्रबंध के सभी कार्यात्मक क्षेत्रों में अत्याधुनिक अनुसंधान के माध्यम से ज्ञान प्राप्त करते हैं, जिससे सामान्यतः सार्वजनिक और निजी क्षेत्र कंपनियों तथा सरकार और समाज को लाभ होता है। वे जो ज्ञान प्राप्त करते हैं, वह उच्च प्रशस्ति पत्र सूचकांक और प्रभाव कारक के साथ अग्रणी शैक्षणिक पत्रिकाओं में दर्शाया जाता है। उनमें से कई संकाय नियमित आधार पर पाठ्यपुस्तकें और वर्किंग पेपर लिखते हैं। उनके शोध का प्रयोग नए पाठ्यक्रम और कार्यपालक शिक्षा कार्यक्रम को बढ़ाने के लिए किया जाता है।

5.1 शोध कार्य

पुस्तकें	5
पुस्तकों के अध्याय	8
समाचार पत्र/पत्रिकाओं में लेख	37
सेमिनार/सम्मेलन/कार्यशाला/आमंत्रित संभाषण	205
पत्रिकाओं में लेख	48
सम्मेलन कार्यवाहियों में लेख	33
वर्किंग पेपर	22
केस	22

तीन अभ्यागत शोध विद्वान अनुदान प्रदान किए गए।

संकाय प्रकाशनों की सूची **विवरण 11** पर दी गई है।

संस्थान निधि प्राप्त शोध परियोजनाओं एवं अभ्यागत शोध विद्वान अनुदानों (वीआरएसपी) की सूची **विवरण 12** पर दी गई है।

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

6. आईआईएमबी मैनेजमेंट रिव्यु

परिदृश्य

आईआईएमबी मैनेजमेंट रिव्यु (आईएमआर) अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशक एल्सिवियर के सहयोग से प्रकाशित भाप्रसं बेंगलूर की निष्पक्ष, समकक्ष समालोचित, ध्वजपोत त्रैमासिक पत्रिका है । प्रबंध व्यवसायियों, शोधकर्ताओं और शिक्षकों को संबोधित, आईएमआर का उद्देश्य एक ऐसे प्रारूप में प्रबंधकीय अंतर्दृष्टि उपलब्ध कराने पर जोर देना जो व्यापक दर्शकों के लिए सुलभ हो सहित प्रबंध के क्षेत्र में प्रथाओं, अवधारणाओं और विचारों के साथ दृढ़ता के साथ जुड़ना है। इस प्रयोजन के लिए, आईएमआर पांडुलिपियाँ आमंत्रित करता है, जो मूल (कोर) व्यावसायिक प्रकार्यों में से भी नवीन एवं भिन्न प्रबंधकीय अंतर्दृष्टि उपलब्ध कराता है। हालाँकि सभी पांडुलिपियों का स्वागत किया जाता है, आईएमआर का विशेष महत्व, उन पेपरों पर होता है, जो उभरती अर्थव्यवस्थाओं पर ध्यान केंद्रित होते हैं । आईएमआर गोल मेज चर्चा एवं साक्षात्कार भी प्रकाशित करता है, जो शोध और व्यवहार और पुस्तक समीक्षाओं के बीच 'संयोजन' का कार्य करती है ।

आईआईएमबी मैनेजमेंट रिव्यु (आईएमआर) ऑस्ट्रेलियन बिज़नैस डीन्स काउंसिल क्वालिटी जर्नल (एबीसीडी) गुणवत्ता पत्रिका सूची में (अन्य सूचियों में) प्रकटित एक सुसूचिबद्ध पत्रिका है, जहाँ इसे 'बी' रैंक दिया गया है; यह सार एवं उद्धरण डेटाबेस स्कोपस और साथ ही एमर्जिंग सोर्सेस साइटेशन सूचकांक (ईएससीआई) पर अनुक्रमित है । आईएमआर एक खुली सुलभ पत्रिका है, जो एल्सिवियर के इलैक्ट्रॉनिक सर्विस साइंसडायरैक्ट®. (https://www.sciencedirect.com/journal/iimb-management-review) के माध्यम से उपलब्ध है ।

आईआईएमबी मैनेजमेंट रिव्यु को https://www.journals.elsevier.com/iimb.ac.in/iimb-management-review/; https://www.iimb.ac.in/iimb-management-review पर सुलभ है ।

6.1 मुख्य गतिविधियाँ एवं मुख्यांश

- संपूर्ण लेख एवं विशेष लेखों सहित मार्च, जून, सितंबर और दिसंबर 2019-चार अंकों के पत्रिका का खंड 31 प्रकाशित किया गया ।

खंड 31, 2019 के चार अंकों में प्रकाशित लेखों की सूची **विवरण 13** पर दी गई है ।

- आईएमआर ने 473 प्रस्तुतियाँ प्राप्त कीं, इनमें से 420 अस्वीकार की गईं और 2019 में अस्वीकृत दर 89% थी ।
- साइंसडायरेक्ट®, समकक्ष विद्वानों के साहित्य मंच एल्सवियर से डाउनलोड किए गए लेखों की संख्या 2019 में 370,916 थी । सबसे ज्यादा डाउनलोड भारत (24,533) से इसके बाद यूके (12,234), यूएस (8450) एवं चीन (8352) से डाउनलोड किए गए ।
- भाप्रसंबें के प्रोफेसर ई एस श्रीनिवास एवं प्रोफेसर रेजी जॉर्ज पलथिट्टा क्रमशः जनवरी एवं मार्च 2020 में सह-संपादक की आईएमआर नामिका में शामिल हुए । हम बहिर्गमी सह-संपादक आईआईएमए के प्रोफेसर जोशी जेकब और आईआईएमसी की प्रोफसर सौगता रे को उनके मार्गदर्शन एवं पत्रिका में सेवाओं के लिए धन्यवाद देते हैं ।
- आईएमआर ने 27 एवं 28 दिसंबर 2019 को प्रबंध में वाचस्पति कार्यक्रम

कार्यालय के साथ ग्यारहवाँ वार्षिक आईएमआर वाचस्पति सम्मेलन (आईएमआरडीसी) का आयोजन किया, जिसमें प्रोफेसर पर्ल मलहोत्रा एवं प्रोफेसर शबाना मित्रा संयुक्त अध्यक्ष थीं। आईएमआरडीसी भारत में प्रबंध एवं संबद्ध क्षेत्रों में वाचस्पति छात्रों हेतु ध्वजपोत गतिविधि है। (आप आईएमआरडीसी 2019-20 के विषय में अधिक ब्यौरा https://www.iimb.ac.in/imr-doctoral-conference पर प्राप्त करेंगे।)

» आईएमआरडीसी 2019-20 में 90 पूर्ण पेपर प्रस्तुतियाँ प्राप्त हुईं, जिनमें से 10 का चयन कठोर तीन-चरण की चयन प्रक्रिया के बाद प्रस्तुतीकरण के लिए किया गया। भारत के विख्यात स्कूलों एवं समुद्रपारीय संस्थानों के वरिष्ठ शोधकर्ताओं और संकायों चयनित पेपरों की समीक्षा करने और प्रतिक्रिया उपलब्ध कराने के लिए विवेचक के रूप में आमंत्रित किया गया।

» प्रोफेसर जेम्स फॉस्टर, ऑलिवर टी. कार प्रोफेसर ऑफ इंटरनैशनल अफेयर्स एवं प्रोफेसर ऑफ इकोनॉमिक्स द्वारा जॉर्ज वॉशिंगटन युनिवर्सिटी में 'दी रोल ऑफ इन्ईक्वैलिटी इन पॉवर्टी मैशरमेंट' नामक शीर्षक पर सम्मेलन में मुख्य व्याख्यान दिया गया।

» आईएमआरडीसी 2019-20 में प्रोफेसर रेजी जॉर्ज पलथिट्टा, भाप्रसंबें एवं प्रोफेसर संचारी रॉय, किंग्स कॉलेज, लंदन के नेतृत्व में 'फ्रॉम पेपर टु पब्लिकेशन' नामक शीर्षक पर कार्यशाला प्रस्तुत की गई।

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

7. परामर्श

परिदृश्य

बाह्य निधि प्राप्त शोध परियोजनाएँ जैसे परामर्श एवं प्रायोजित शोध समनुदेशन, संस्थान की गतिविधियों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। संकायों के व्यावसायिक विकास में योगदान देने के अलावा, ये परियोजनाएँ बड़ी संख्या में प्राइवेट एवं सरकारी सेक्टरों में प्रबंध एवं नीति निर्माण के व्यावहारिक पहलुओं पर संस्थान की समझ को भी बढ़ाते हैं। इन परामर्श सेवाओं ने व्यवसाय, उद्योग एवं सरकार में प्रबंध प्रणालियों को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

परामर्श परियोजनाओं की सूची **विवरण 14** पर दी गई है।

8. उत्कृष्टता केन्द्र

परिदृश्य

अनुसंधान और शिक्षा के नए एवं उभरते हुए क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए संस्थान के अंदर उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना की गई है । यह 'वर्चुअल' केंद्र अपने पणधारियों से संसाधनों को ग्रहण करते हैं और मूल क्षमताओं को बढ़ाने के लिए उनके साथ अन्योन्यक्रिया करते हैं ।

8.1 पूँजी बाजार एवं जोखिम प्रबंध केंद्र (सीसीएमआरएम)

इस वर्ष केंद्र का प्राथमिक कार्य निवेशक शिक्षा हेतु मंच (पीआईई) के निर्माण पर कार्य जारी रखना था । यह तीन वर्ष के दायित्व का दूसरा वर्ष है, जिसमें राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज के निवेशक संरक्षण निधि ट्रस्ट द्वारा सीसीएमआरएम को निधीयन उपलब्ध कराई गई है । लगभग 200 व्यक्तिगत अंतर्वस्तु मद बनाए गए, 60 वीडियो, आडियो कई भाषाओं, ब्लॉग-पोस्ट एवं विस्तृत विश्लेषण में अनुवादित किए गए । अब वैबसाइट शुभारंभ करने के लिए तैयार है । इच्छुक लोग इसे https://pie.ccmrm.org पर देख सकते हैं ।

कोविड-19 के कारण इसके शुभारंभ की तारीख में बाधा पहुँची, जिसकी योजना भाप्रसंबें के दीक्षांत समारोह के आस-पास बनाई गई थी । हालाँकि पीआईई के लिए अनैच्छिक परिणामों में से एक यह है कि हर कोई अब ऑनलाइन सामग्री चाहता है । एनएससी अपने ऑफलाइन निवेशक शिक्षा प्रस्तुति के साथ वैबसाइट का उपयोग करना चाहता है ।

पीआईई के विकास के अतिरिक्त, प्रोफेसर एस जी बद्रीनाथ ने निवेशक शिक्षा मंचों, वित्तीय आयोजकों एवं विश्वविद्यालय छात्रों के विभिन्न समूहों में अनेक आमंत्रित प्रस्तुतीकरण किए हैं । इसके अतिरिक्त सीसीएमआरएम ने 'डू इंडियन म्युचुअल फंड वोटिंग प्रैक्टिसिस इंपैक्ट कॉर्पोरेट गवर्नेन्स ?' नामक प्रस्तावित शोध हेतु एनसीएफजी अनुदान भी प्राप्त की । इस प्रस्ताव के लेखक डॉ. विजय सरस्वती एवं डॉ. ऐश्वर्या कृष्णा हैं ।

8.2 कंपनी अभिशासन और नागरिकता केंद्र (सीसीजीसी)

कंपनी अभिशासन एवं नागरिकता केंद्र ने स्वयं को उत्तरदायी व्यवसाय मंच के तहत् कंपनी अभिशासन एवं कंपनी उत्तरदायित्व क्षेत्र में ज्ञान एवं प्रतिबद्धता के भंडार के रूप में स्थापित किया है । केंद्र एक सलाहकार समिति द्वारा मार्ग-निर्देशित है, जिसमें वित्त एवं नियंत्रण, विपणन, कार्यनीति, अर्थशास्त्र एवं संगठनात्मक व्यवहार जैसे विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ एवं अनुभवी संस्थान संकाय शामिल हैं । इसके अतिरिक्त इसमें तीन बाहरी सदस्य हैं, जो उद्योग से नेता हैं । केंद्र का संकेंद्रण पाँच व्यापक क्षेत्रों पर है अ) वकालत आ) शिक्षा इ) प्रशिक्षण ई) अनुसंधान एवं उ) प्रसार । केंद्र का उद्देश्य वैचारिक एवं अनुभवजन्य अनुसंधान के माध्यम से दोनों भारत और अन्य जगहों पर सिद्धांत एवं अभ्यास में कंपनी अभिशासन की प्रणालियों की समझ में सुधार लाना है । यह केंद्र स्वतंत्र अनुसंधान एवं अध्ययन विषयों, केंद्र की गतिविधियों के क्षेत्र से संबंद्धता के आधार पर सरकार, नियामक अभिकरणों, उद्योग संघों एवं नागरिक समाज निकाय को नीति सहायता भी प्रदान करता है । इसका उद्देश्य कंपनी के साथ-साथ गैर-लाभ क्षेत्र के लिए व्यवसाय एवं प्रबंध शिक्षा, संकाय विकास कार्यक्रम एवं वाचस्पति और कार्यपालक शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर शिक्षण एवं प्रशिक्षण पहल के माध्यम से कंपनी अभिशासन

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

के वैश्विक स्तर पर स्वीकार्य मानकों और उनके वास्तविक कार्यान्वयन के मुद्दों की आवश्यकताओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना है । केंद्र उत्तरदायी व्यवसाय के सभी क्षेत्रों को शामिल कर शिक्षा जगत के साथ-साथ व्यवसायियों हेतु संसाधन के रूप में वेबसाइट www.teachcsr.com भी उपलब्ध कराता है, जिसमें नैतिकता एवं सुअभिशासन शामिल है, जिसके परिणामस्वरूप कंपनी में दीर्घावधि स्थाई विकास होता है । केंद्र की गतिविधियों के क्षेत्रों पर सहयोगी अनुसंधान के अलावा, यह अनुसंधान और अन्य सूचना के प्रसार को प्रोत्साहित करता है और जर्नलों एवं पेपरों, संसाधन वैबसाइटों एवं संप्रेषण के अन्य माध्यमों सहित प्रकाशनों द्वारा संकाय विकास सहायता प्रदान करता है । यह केंद्र भारत में समुन्नत कंपनी अभिशासन को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार, कंपनी मामले के मंत्रालय द्वारा प्रायोजित ट्रस्ट नैशनल फाउंडेशन फॉर कार्पोरेट गवर्नेन्स द्वारा उत्कृष्टता केंद्र के रूप में अनंतिम रूप से प्रत्यायित है । केंद्र विभिन्न प्रकार की परियोजनाओं, जिनका वे समर्थन करते हैं, के माध्यम से फाउंडेशन के साथ अन्योन्यक्रिया करता है ।

केंद्र ने फ्लोरिडा इंटरनैशनल युनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ बिज़नैस (एफआईयू बिज़नैस), यूएसए के सहयोग से 14 एवं 15 जून, 2019 को परिसर में 'फ्यूचर ऑफ बोर्ड्स-मर्जिंग चैलेंजिस ऑफ कार्पोरेट गवर्नेन्स'-2019 कंपनी अभिशासन सम्मेलन का आयोजन किया ।

इस सम्मेलन ने एक अनूठा मंच प्रदान किया, जहाँ भारत एवं यूएसए में विभिन्न पणधारियों को कंपनी अभिशासन प्रथाओं, विनियमों और उनकी कीमत एवं लाभ की जटिलताओं को समझने के लिए शिक्षा जगत, व्यवसायियों, कंपनी कार्यपालकों एवं नियामक एक साथ आए ।

इस सम्मेलन में भारत, यूएसए एवं जापान के अग्रणी संस्थानों से 63 से अधिक सहभागियों ने भाग लिया ।

इस सम्मेलन में निम्नलिखित शीर्षकों पर 6 शैक्षणिक सत्रों में 35 शोधकर्ताओं द्वारा लिखित 19 पेपर प्रस्तुतीकरण-बोर्ड क्वालिटी, बोर्ड कंपोजीशन, कंपन्सेशन ऐंड स्ट्रक्चर, बोर्ड जेंडर डायवर्सिटी, बोर्ड ऐंड ऑपरेटिंग एन्विरॉन्मेंट, ड्राइवर्स ऑफ बोर्ड इफैक्टिवनैस ऐंड रिसर्च इन प्रोग्रेस पेपर्स; डॉ. हसमुख अधिया, अध्यक्ष, बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा 'लीडिंग एन इफैक्टिव बोर्ड' पर एक पूर्ण सत्र एवं दो उद्योग नामिकाएँ शामिल थीं ।

उद्योग नेता जैसे श्री संदीप चौधरी, भूतपूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी, एयोन हेविट एवं श्री सुनील कुंटे, भूतपूर्व प्रेसिडेंट, फिडेलिटी इन्वेस्टमेंट्स इंडिया ने कंपनी अभिशासन एवं कार्यपालक वेतन पर पहली नामिका चर्चा में भाग लिया, जिसकी अध्यक्षता डॉ. रवि गजेंद्रन, फ्लोरिडा इंटरनैशनल युनिवर्सिटी, यूएसए ने की थी ।

कंप्लायंस, रिस्क मैनेजमेंट इन एन एरा ऑफ ऑटोमेशन ऐंड आईए-इंप्लीकेशंस फॉर डेटा सैक्योरिटी ऐंड प्राइवेसी पर दूसरी नामिका चर्चा की अध्यक्षता डॉ. एस रघुनाथ, अध्यक्ष, कंपनी अभिशासन एवं नागरिकता केंद्र एवं भाप्रसंबें में कार्यनीति के प्रोफेसर ने की थी । इस सत्र में उद्योग नेता जैसे समीर कुमार, प्रबंध निदेशक, इंवेस्टमेंट्स कैपिटल; दीपक आचार्या, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जनरल काउंसल, विप्रो लिमिटेड एवं सुधीर मधुगिरि, कार्यपालक साझेदार, गार्टनर ने भाग लिया ।

8.2.1 सीसीजीसी की मुख्य गतिविधियाँ

अ) पक्षपोषण कार्यक्रम-सीसीजीसी द्वारा आयोजित सेमिनार/सम्मेलन/कार्यशालाएँ आदि	
गतिविधियों का विवरण	**गतिविधि का दिनांक**
1. फ्यूचर ऑफ बोर्ड्स कांफरेंस ऑन दी एमर्जिंग चैलेंजिस ऑफ कॉर्पोरेट गवर्नेन्स	14-15 जून, 2019
2. फ्यूचर ऑफ रिपोर्टिंग पर सम्मेलन (<इंटीग्रेटेड रिपोर्टिंग>) केपीएमजी/विप्रो/ सिम्प्लीफाइव/भाप्रसंबें	11 नवंबर, 2019
3. डॉ. रेड्डीस फाउंडेशन एवं फकस सोशियल फाउंडेशन सीसीजीसी के सहयोग से कैपेसिटी बिल्डिंग ऐट स्केल फॉर इंडियास सोशियल इंपैक्ट इकोसिस्टम	24 जनवरी, 2020
आ) अन्य गतिविधियाँ एवं सम्मान	
4. एक्सिलेंस इन गवर्नेन्स/ एक्सिलेंस इन सीएसआर एवं एक्सिलेंस इन सेक्रेटेरियल रिपोर्टिंग एवॉर्ड्स हेतु आईसीएसआई दिल्ली में निर्णायक समिति चर्चाएँ	दिसंबर 2019
5. एडवोकेसी ऑन दी इंपॉर्टेन्स ऐंड रोल ऑफ विमेन डायरेक्टर्स-आईसीएसआई मुंबई	जनवरी 2020
इ) शिक्षा	
6. भाप्रसंबें कार्यपालक शिक्षा के सहयोग से बीएचईएल/असम/ बैंकों आदि जैसे सार्वजनिक उद्यम विभाग हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया गया ।	ईईपी द्वारा नियमित रूप से
7. बिज़नैस ऐंड ह्यूमन राइट्स विप्रो फेस 2 परियोजना	जारी है
ई) अनुसंधान	
अनुसंधान परियोजनाएँ	**स्थिति**
8. कार्पोरेट इंडिया एनएचआरसी द्वारा असेसमेंट ऐंड इवैल्यूएशन ऑफ बिज़नैस ऐंड ह्यूमन राइट्स रिपोर्टिंग	संपूरित
9. एनएफसीजी के सहयोग से प्रोफेसर पद्मिनी श्रीनिवासन द्वारा संचालित क्राफ्टिंग दी रोल ऑफ इंडिपेंडेंट डायरेक्टर	संपूरित
10. विप्रो के सहयोग से प्रोफेसर वासंती श्रीनिवासन द्वारा संचालित बिज़नैस ऐंड ह्मन राइट्स	संपूरित
11. विप्रो के सहयोग से प्रोफेसर पद्मिनी श्रीनिवासन द्वारा संचालित सस्टेनेबिलिटी रिस्क मैनेजमेंट	संपूरित

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

उ) प्रसार : www.teachcsr.com		
12. 'टीचसीएसआर' (www.teachcsr.com) वैबसाइट शिक्षा जगत और उत्तरदायी व्यवसाय के व्यवसायियों के लिए एक व्यापक संस्थान है । इसका व्यवसाय एवं समुदाय यूके.ग्लोबेथिक्स.नेट स्विटज़रलैंड एवं सीएसआर 360 ग्लोबल पार्टनर नेटवर्क के साथ सहयोग जारी है । इसके छह महाद्वीपों और 63 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले शिक्षा जगत, कंपनी क्षेत्र, छात्र समुदाय और नागरिक समाज के लगभग 1700 वैश्विक सदस्य हैं । इसकी पहुँच भारत में लगभग 490 वैश्विक शैक्षणिक संस्थानों, 380 कंपनियों और 176 गैर-लाभ संगठनों तक है । समय के साथ टीचसीएसआर में प्रमुख तकनीकी और सामग्री उन्नयन किया गया है । इसके 'टाक' खंड में 76 लघु विषय वीडियो हैं, इसके 'व्हॉट डिड दे से' खंड में वैश्विक और भारतीय विचार नेताओं के 21 प्रेरक उद्धरण हैं, इसके 'विनिमय' खंड में भारतीय नियमन और 'पाठ्यक्रम' खंड में प्रतिनिष्ठित भारतीय संस्थानों से प्रस्तुत किए जाने वाले पाठ्यक्रम सूचीबद्ध हैं ।	वैबसाइट पूर्णतः सक्रिय है ।	लगातार सुधार एवं उन्नयन किया जा रहा है ।

8.3 प्रबंध संप्रेषण केंद्र (सेनकॉम)

प्रबंध संप्रेषण केंद्र (सेनकॉम), ने अपनी स्थापना के तीसरे वर्ष में प्रबंधकीय संप्रेषण में प्रतिमानों और प्रथाओं को विकसित करने के लिए मार्ग निर्माण का मुख्य उद्देश्य प्राप्त किया है । केंद्र के उद्देश्यों में शामिल है संप्रेषण विज्ञानों में अनुसंधान करना, छात्रों, कार्यरत् व्यवसायियों एवं शिक्षकों के लिए नए पाठ्यक्रम एवं अध्ययन कार्यक्रम विकसित करने के साथ-साथ अध्ययनशील अनुसंधान पर आधारित शिक्षण सामग्री एवं कोर्सवेयर निर्मित करना । प्रबंध संप्रेषण के सिद्धांत एवं व्यवहार के बीच संदिग्धताओं को कम करने का अनुसरण करते हुए सेनकॉम ने विभिन्न पृष्ठभूमि-शैक्षणिक एवं व्यवसायिक क्षेत्रों के संरक्षकों की बढ़ती संख्या की आवश्यकताओं का ध्यान रखा और सुविधा प्रदान की । भाप्रसंबें विरादरी/संसर्ग के साथ जुड़ने की पहल ने इस वर्ष संस्थान में सेनकॉम की पहुँच और दृश्यता को बढ़ाया है ।

8.3.1 पहल एवं गतिविधियाँ

2019-20 में सेनकॉम का प्राथमिक केन्द्र बिन्दु, क्षेत्र में शिक्षण गतिविधि का कार्यभार संभालने और समन्वयन करने के बाद सेनकॉम के प्रारंभिक उपक्रमों का विस्तार करना था । इस प्रकार, सेनकॉम ने निम्नलिखित अनुरूपी कार्यक्रमों और सहयोगों के माध्यम से अपने सभी पणधारियों को आवश्यकताओं को संबोधित किया :

1. शैक्षणिक

केंद्र ने इस वर्ष नए प्रारंभ किए गए पीजीपी, वाचस्पति और पूर्व-वाचस्पति छात्रों के लिए एक वार्षिक उपक्रमात्मक कार्यक्रम प्रस्तुत किए । यह कार्यक्रम भाप्रसंबें में शैक्षणिक जीवन से छात्रों को अनुकूलित करता है, जिसका उद्देश्य आत्मविश्वास का निर्माण करना और उनके संप्रेषण कौशल को बढ़ाना है ।

केंद्र से जुड़े संकायों ने पीजीपी, ईपीजीपी एवं पीजीएसईएम छात्रों के लिए पाठ्यक्रम प्रस्तुत किए । इनमें प्रबंधकीय संप्रेषण 1 एवं प्रबन्धकीय संप्रेषण 2 के मूल पाठ्यक्रम (प्रोफेसर अमरनाथ कृष्णस्वामी, एम एस राजगोपालन, राकेश गोधवानी, एन भृंगी देव एवं मालविका हरिता द्वारा) एवं वैकल्पिक, नायकत्व के लिए संप्रेषण (प्रोफेसर राकेश गोधवानी द्वारा) शामिल हैं ।

केंद्र ने ऑर्गेनाइज़ेश्नल कम्युनिकेशन स्ट्रैटिजी इन वीयूसीए सिटुएशन नामक एक कार्यपालक शिक्षा कार्यक्रम भी शुरू किया है । इसके अतिरिक्त, 'इफैक्टिव बिज़नैस कम्युनिकेशन' नामक शीर्षक पर आईआईएमबीएक्स एमओओसी को सेनकॉम के तत्वावधान में संशोधित एवं संपादित किया गया । केंद्र पीजीपी छात्रों के लिए एक नवीन 3-क्रेडिट अनुभवात्मक अधिगम पाठ्यक्रम प्रस्तुत करता है । पीजीपी छात्रों के लिए लीडरशिप प्रेज़ेस थ्रू इम्प्रूव थिएटर नामक 1.5-क्रेडिट कार्यशाला का शुभारंभ किया गया, जो रचनात्मक नायकत्व एवं दल निर्माण जैसी अवधारणाओं को सीखने में सक्षम बनाती है ।

2. संप्रेषण प्रयोगशाला

सेनकॉम संप्रेषण प्रयोगशाला ने निरंतर, दीर्घावधि आधार पर संप्रेषण विकास कार्यक्रम के साथ छात्रों का मार्गदर्शन एवं सहायता करने की दिशा में महत्वपूर्ण काम किया ।

केंद्र ने भाप्रसंबें के समावेशन कार्यालय एवं पीजीपी कार्यालय के सहयोग से 2018 में संप्रेषण त्वरण कार्यक्रम (सीएपी) का शुभारंभ किया था । इस वर्ष सेनकॉम ने पूर्व-वाचस्पति छात्रों (2019) हेतु सीएपी का दूसरा संस्करण सफलतापूर्वक आयोजित किया, जिसकी अभिकल्पना वाचस्पति अध्ययन की तैयारी करने वाले विद्वानों में मौखिक एवं लिखित संप्रेषण कौशल विकसित करने और बढ़ाने के लिए की गई है । यह 3.0-क्रेडिट मूल पाठ्यक्रम था, जिसे तीन शैक्षणिक टर्मों में प्रस्तुत किया गया था ।

भाप्रसंबें छात्र समुदाय का समर्थन करने के लिए केंद्र ने दोनों पीजीपी एवं पूर्व-वाचस्पति (पीडीपी) छात्रों के लिए लगातार व्यक्तिगत परामर्श एवं अनुकूलित (कस्टमाइज़्ड) परामर्श कार्यक्रम प्रस्तुत किए । शैक्षणिक वर्ष 2019 में लगभग 40 छात्रों की सहभागिता के साथ केंद्र ने लगातार हर एक के लिए अलग शिक्षण एवं प्रतिक्रिया सत्रों की अपनी प्रणाली के माध्यम से छात्रों के साथ कठोरता से काम किया ।

सेनकॉम प्रयोगशाला छात्रों को अतिरिक्त सहायता भी प्रदान करती है, जैसे प्रतियोगी परीक्षा समर्थन, पुस्तकों तक पहुँच, पठन सामग्री, डिजिटल संसाधन, ऑनलाइन अभ्यास, आभासी सत्र एवं दृश्य पाठों के अलावा अन्य । वक्तृत्व कौशल को आगे बढ़ाने के लिए, केंद्र ने पिचवेंटेज, एक प्रस्तुतीकरण प्रशिक्षण सॉफ्टवेयर का उपयोग करना जारी रखा है, जो छात्र प्रस्तुतीकरण सुपुर्दगी पर तात्कालिक प्रतिक्रिया प्रदान करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग करता है ।

समग्र रूप से, सेनकॉम प्रयोगशाला अपने आधार पर निर्माण करने में सक्षम थी और अधिकतर सीएपी और परामर्श कार्यक्रम के माध्यम से भाप्रसंबें छात्र समुदाय से अधिक सहभागिता एवं दृश्यता हासिल कर रहा था ।

3. सेनकॉम कनेक्ट

केंद्र सेनकॉम कनेक्ट-दी फोरम फॉर डायलॉग नामक वेबिनार श्रृंखला भी आयोजित करता है । यह पहल उत्पादक उत्पाद का आदान-प्रदान करने एवं सुपुर्दगी और प्रबंध संप्रेषण के अभिमूल्यन और अभ्यास को बढ़ाने के लिए छात्रों, शोधकर्ताओं, शिक्षकों एवं व्यवसायियों

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

के बीच संबद्धता जारी रखने के लिए एक चैनल बनाने के उद्देश्य से शुरू हुई । इसके अलावा, केंद्र में अपनी गतिविधियों के बारे में सूचना का प्रसार करने के लिए एवं भाप्र संस्थानों एवं भारतभर में अग्रणी एमबीए संस्थानों में व्यवसायियों एवं व्यवसाय संप्रेषण संकाय का अद्यतन डेटाबेस है । आज तक केंद्र ने प्रत्येक में औसतन 80 सहभागियों के साथ लगभग 17 वेबिनार सफलतापूर्वक आयोजित किए । वेबिनार प्रस्तुत करने वाले अनुभवी व्यवसायियों के साथ, सेनकॉम कनेक्ट ने दर्शकों के संदर्भ में व्यापक पहुँच हासिल की ।

समग्र रूप से, केंद्र की उत्पादकता की समीक्षा करने और उसे बढ़ाने के लिए शिक्षकों और व्यवसायियों के सहयोग के माध्यम से सेनकॉम के इस परिवर्ती चरण को अतिरिक्त रूप से सक्षम किया गया । इसके अलावा, वर्तमान में केंद्र की अध्यक्षता प्रोफेसर सौरव मुखर्जी द्वारा की जा रही है और संकाय भर्ती के उद्देश्यों के लिए भाप्रसंबें शिक्षण एवं अध्ययन केन्द्र द्वारा समर्थित है । केंद्र की गतिविधियों का प्रबंधन, केंद्र प्रबंधक श्रीमती अनुशी चतुर्वेदी द्वारा किया जा रहा है और श्रीमती जैनाब वाहिद (शैक्षणिक सहयोगी) द्वारा सहायता प्रदान की जा रही है । भाप्रसंबें में अपना आधार स्थापित करने की वांछित उद्देश्य को पूरा करने के बाद, सेनकॉम आगामी शैक्षणिक वर्ष में भाप्रसंबें बिरादरी के शेष लोगों के साथ संबद्धता एवं सहयोग को आगे बढ़ाने हेतु उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहा है ।

वेबिनार के आयोजक एवं विषय (अप्रैल 2019-मार्च 2020)

	विषय	आयोजक	पदनाम
1	रोल ऑफ इमोशंस इन कम्युनिकेशन	डॉ. रम्या रंगनाथन	प्रोफेसर, संगठनात्मक व्यवहार एवं मानव संसाधन प्रबंध
2	कम्युनिकेशन ऐंड प्रॉसेस स्किल्स टु मेक यू फ्यूचर रैडी	प्रोफेसर बासंती श्रीनिवासन	प्रोफेसर, संगठनात्मक व्यवहार एवं मानव संसाधन प्रबन्ध
3	यूज़ ऑफ पावरफुल लैंगवेज टु मेक टु मोर इम्पैक्टफुल	श्रीमती अरुणा गोपाकुमार	भूतपूर्व छात्रा भाप्रसंबें, वरिष्ठ समन्वयक, एचआर प्रबंधक एवं संस्थापक नवगति
4	स्टार्ट-अप कम्युनिकेशन ऐंड ब्रांड-बिल्डिंग टेक्नीक्स	श्री आकर्ष नायडू	स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र समर्थक एवं दी स्टार्टअपप्रीनर के संस्थापक
5	डीकंस्ट्रक्टिंग दी "पब्लिक" इन पब्लिक रिलेशंस	श्रीमती नंदिता लक्ष्मणन	अध्यक्ष एवं मुकाअ : दी प्रैक्टिस
6	परसुएसिव कम्युनिकेशन : ए मैनेजर्स कॉलिंग	प्रोफेसर एन. भृंगी देव	व्यवहार के प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, सेनकॉम, भाप्रसंबें
7	सीक्रेट टु क्रैक दैट जॉब इंटरव्यु	डॉ. राकेश गोधवानी	स्कूल ऑफ मीनिंगफुल एक्सपीरियेन्सिस, बेंगलुरु में एक ऑन-लाइन एड-टेक स्टार्टअप के संस्थापक; वे भाप्रसं बेंगलूर में संप्रेषण के अनुबद्ध संकाय भी हैं ।
8	हाउ टु स्ट्रक्चर क्यों योर बिज़नैस कम्युनिकेशंस टु मोटिवेट एक्शन	प्रोफेसर रूथ स्टीवन्स	ग्राहक अधिग्रहण एवं प्रतिधारण पर परामर्श देती एवं यूएस में बिज़नैस स्कूल में विपणन पढ़ाती हैं ।

	विषय	आयोजक	पदनाम
9	टु परसुएड ऑप्टिमली, प्री-सुएड ऑप्टिमली !	प्रोफेसर सलोनी सिन्हा	सहायक प्रोफेसर, बीआईएमटीईसीएच; थिएटर तकनीकों के माध्यम से व्यवसाय संप्रेषण एवं कंपनी प्रभाविता; सलोनी नियमित रूप से संप्रेषण कौशलों के विभिन्न क्षेत्रों में कंपनी उद्यमों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, भारत सरकार एवं शैक्षणिक संस्थानों में क्षमता निर्माण पर सत्र प्रस्तुत करती हैं ।
10	कम्युनिकेटिंग ब्रांड वाया इंटरनल इन्फ्लूएंसर नेटवर्क	श्रीमती श्रुति बोपय्या	ब्रिजवीव लिमिटेड, एक एआई फिनटेक कंपनी जिसका मुख्यालय लंदन में स्थित है, ग्राहक संबद्धता एवं संप्रेषण की प्रधान; वे आज देश के एसएचआरएम के शीर्ष 40 एचआर प्रभावशाली व्यक्तियों (2019) में शामिल हैं ।

8.4 लोक नीति केंद्र (सीपीपी)

भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर (भाप्रसंबें) में लोक नीति केंद्र (सीपीपी) एक स्वतंत्र लोकहित-उन्मुख नीति विचार मंच है, जो अग्रणी अनुसंधान, शिक्षण, प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण में लगा हुआ है । केंद्र की स्थापना कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी), भारत सरकार (जीओआई), युनाइटेड नेशंस डेवलप्मेंट प्रोग्राम (यूएनडीपी) और भाप्रसंबें के बीच एक साझेदारी समझौते के माध्यम से 2000 में की गई थी । यह केंद्र नागरिकों और लोक अभिशासन के मामलों का न्यायसंगत, समावेशी एवं स्थाई समाधान को बढ़ावा देने, भारत में नीति-सोच और अभ्यास का नेतृत्व करने की इच्छा रखता है ।

8.4.1 विज़न

सीपीपी की शुरुआत दोहरे उद्देश्यों के साथ की गई थी :

- नीति अनुसंधान और क्षमता निर्माण के माध्यम से भारत में लोक नीति संभाषण और विकास परिणामों को प्रभावित करना
- नीति अनुसंधान एवं विभिन्न क्षेत्र के पणधारियों से संबद्धता के माध्यम से अभिशासन में सुधार लाना

8.4.2 विशिष्ट गतिविधियाँ एवं उपलब्धियाँ

- सीपीपी ने 12 अप्रैल 2019 को लिविंगमाईप्रॉमिस के सहयोग से वार्ता आयोजित की । मेलिंडा गेट्स, बिल गेट्स एवं वॉरेन बफे के गिविंग प्लैज से प्रेरित हैं, जिसमें धनवान जीवित रहते या अपनी विल (इच्छापत्र) में अपने धन का न्यूनतम 50% दान देने की प्रतिज्ञा करते हैं । लिविंगमाईप्रॉमिस उच्च मध्यवर्गीय भारतीयों को आगे आने और अपनी पसंद का दान/निमित्त में अपने धन का 50% दान देने का समान अवसर देता है ।
- सेल्को फाउंडेशन के सहयोग से सीपीपी ने 26-27 अप्रैल, 2019 को धारणीय ऊर्जा और आजीविका संबद्ध पर सम्मेलन कि मेजबानी की । यह सम्मेलन प्रतिरूपनीय प्रतिरूपों और प्रक्रियाओं पर चर्चा करने के लिए पणधारियों को एक साथ लाया, जो कम लाभ प्राप्त समुदायों को स्थायी ऊर्जा,

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

आजीविका समाधान और परिवर्तन की अनुमाप कर सकता है ।

- सीपीपी ने 10 जुलाई, 2019 को स्थापना दिवस व्याख्यान श्रृंखला शुरू की है । यह 10 जुलाई, 2000 था, जब केंद्र की स्थापना कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी), भारत सरकार (जीओआई), युनाइटेड नेशंस डेवलपमेंट प्रोग्राम और भाप्रसंबें के बीच एक साझेदारी समझौते के माध्यम से की गई थी । व्याख्यान श्रृंखला का विषय आर्मी ऐंड नेशन : एक्सप्लेनिंग इंडियास सिविल-मिलिट्री सक्सेस है । हमने वक्ता के रूप में प्रोफेसर सेवेन विल्किंसन निलेकणी, भारत एवं दक्षिण एशिया अध्ययन के प्रोफेसर और राजनीति विज्ञान एवं अंतर्राष्ट्रीय मामले के प्रोफेसर और हेनरी आर लूस व्हिटनी एवं बेट्टी मैकमिलियन सेंटर फॉर इंटरनैशनल एवं अध्ययन क्षेत्र, येल विश्वविद्यालय के निदेशक को आमंत्रित किया गया था ।
- लोक नीति एवं प्रबंध पर 14वाँ वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन भाप्रसं बेंगलूर में 22 से 24 अगस्त, 2019 के दौरान आयोजित किया गया ।
- 31 जुलाई, 2019 को प्रोफेसर अश्विनी देशपाण्डेय द्वारा "रिसर्वेशन 2.0 : इस कास्ट स्टिल एन इंडीकेटर ऑफ बैकवर्डनैस" पर सेमिनार आयोजित किया गया ।
- 6 सितम्बर, शुक्रवार को श्री कण्णन गोपीनाथन, भूतपूर्व- भाप्रसे द्वारा वार्ता आयोजित की गई । वार्ता का विषय फ्रीडम ऑफ स्पीच इन गवर्नमेंट था ।
- सीपीपी ने इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉ ऐंड इकोनॉमिक्स (आईएएलई) के सहयोग से 28 एवं 29 दिसम्बर 2019 को 5वाँ अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया ।
- सीपीपी ने "सीएए, एनआरसी ऐंड दी आइडिया ऑफ इंडिया" नामक विषय पर सुवादा का आयोजन किया । माननीय संसद सदस्य, प्रोफेसर राजीव गौड़ा और श्री स्वपन दासगुप्ता ने 14 जनवरी, 2020 को संभाषण का नेतृत्व किया ।
- लोक नीति केंद्र ने सेंटर फार इन्क्लूसिव गवर्नेंस के सहयोग से 29 जनवरी, 2020 को कंस्ट्रक्शन वर्कर्स सेफ्टी, हेल्थ ऐंड वेल्फेयर पर सम्मेलन का आयोजन किया गया ।

भारत में अनुवीक्षण एवं मूल्यांकन को सुदृढ़ करने के लिए भाप्रसंबें का डेवलप्मेंट मॉनीटरिंग ऐंड इवैल्युएशन ऑफिस (डीएमईओ), नीति आयोग के साथ सामरिक एवं तकनीकी सहयोग है । इसका उद्देश्य सरकारी अधिकारियों की क्षमता निर्माण के क्षेत्र में तथा सरकारी नीतियों और कार्यक्रमों का अनुवीक्षण एवं मूल्यांकन के क्षेत्र में संयुक्त अध्ययन में सहयोग को बढ़ावा देना और प्रोत्साहित करना है ।

8.4.3 अभ्यागत विद्वान/लोक नीति एवं प्रबंध सहयोग

- प्रोफेसर मनोज मोहनन (अगस्त 2019-जून 2020)
  इन्फॉर्मेशन ऐंड कम्युनिटी पार्टिसिपेशन फॉर एकाउंटेबिलिटी इन पब्लिक सर्विस डेलिवरी
- प्रोफेसर संचारी रॉय (सितंबर 2019-अगस्त 2020)
  इनेबलिंग एक्सेस टु वर्क ऑपरच्युनेटीज़ फॉर विमेन इन इंडिया

8.4.4 अनुसंधान परियोजनाएँ

प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान सहयोग

- प्रोफेसर अर्नब मुखर्जी, संकाय संबद्ध युनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया लॉस एंजिल्स यूएसए में स्थित वर्ल्ड पॉलिसी एनालिसिस सेंटर ।
- प्रोफेसर हेमा स्वामीनाथन, संकाय संबद्ध युनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया लॉस एंजिल्स यूएसए में स्थित वर्ल्ड पॉलिसी एनालिसिस सेंटर ।
- प्रोफेसर सोहम साहू ग्लोबल चैलेंजिस रिसर्च फंड, इकोनॉमिक ऐंड सोशियल रिसर्च काउंसिल (ईएसआरसी) यूके द्वारा वित्तपोषित दी इफैक्ट ऑफ लोकल क्राइम ऑन चाइल्ड मैरिज, स्कूल ड्रॉपआउट, ऐंड एम्प्लॉयमेंट आउटकम्स : ए जेंडर पर्सपैक्टिव फ्रॉम इंडिया नामक परियोजना पर काम कर कर रहे हैं ।
- प्रोफेसर शबाना मित्रा एवं प्रोफेसर सुजाता विसारिया, एचकेयूएसटी रिसर्च ग्रांट काउंसिल, हाँग-काँग द्वारा वित्तपोषित हाऊ आर वोट्स बॉट ? एक विकासशील अर्थव्यवस्था में लेन-देन की राजनीति की अनुभवजन्य परीक्षा नामक परियोजना पर काम कार रही हैं ।
- प्रोफेसर शबाना मित्रा एवं प्रोफेसर काले मोइने (और अन्य) चैलेंजिंग इन्ईक्वैलिटीस : एन इंडो युरोपियन पर्सपैक्टिव : आईसीएसएसआर-ईक्यूयूआईपी द्वारा वित्तपोषित परियोजना पर संयुक्त रूप में काम कर रही हैं ।
- प्रोफेसर राजलक्ष्मी कामत युनिवर्सिटी ऑफ़ एसेक्स ने साथ यूजीसी-यूकेईआईआरआई द्वारा वित्तपोषित "युनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन, इंडिया ऐंड यूके-इंडिया एजुकेशन रिसर्च इनीवियेटिव नामक परियोजना पर काम कर रही हैं ।

8.4.5 सीपीपी संकायों की मुख्य गतिविधियाँ

- प्रोफेसर हेमा स्वामीनाथन, ए. नंदी, मैकगिल युनिवर्सिटी एवं अन्य कैनेडियन इंस्टीट्यूट ऑफ हैल्थ रिसर्च द्वारा वित्त पोषित "पॉलिसी रेलेवेंट ऑबसर्वेश्नल स्टडीस फॉर पॉपुलेशन हेल्थ ईक्विटी ऐंड रेस्पॉन्सिबल डेवलपमेंट" नामक परियोजना पर काम कर रहे हैं ।
- प्रोफेसर हेमा स्वामीनाथन, भाप्रसं बेंगलूर एवं इनीशिएटिव फॉर व्हॉट वर्क्स टु एडवांस जेंडर ईक्वैलिटी (आईडब्ल्यूडब्ल्यूएजीई) द्वारा वित्त पोषित "सोशियल आइडेंटिटीस ऐंड दी लेबर मार्केट", सह-प्रधान अन्वेषक (अज़ीम प्रेमजी युनिवर्सिटी के सहयोग से) नामक परियोजना पर काम कर रही हैं ।
- प्रोफेसर जी रमेश एवं प्रोफेसर अंकुर जैन सिंडिकेट बैंक द्वारा वित्त पोषित "जॉब सैटिस्फैक्शन एमंग बैंक आफिसर्स ऑफ सिंडिकेट बैंक" नामक परियोजना पर कार्य कर रहे हैं ।
- प्रोफेसर जी रमेश एनपीसीआई द्वारा प्रायोजित "नैशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन इंडिया (एनपीसीआई) : चार्टरिंग नैशनल पेमेंट फ्रीवे" नामक परियोजना पर कार्य कर रहे हैं ।
- प्रोफेसर अर्नब मुखर्जी, ए. नंदी, मैकगिल युनिवर्सिटी एवं अन्य, कैनेडियन इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ रिसर्च द्वारा वित्त पोषित "पॉलिसी-रेलेवेंट ऑब्सरवेश्नल स्टडीस फॉर पॉपुलेशन हेल्थ ईक्विटी ऐंड रेस्पॉन्सिबल डेवलपमेंट" नामक परियोजना पर कार्य कर रहे हैं ।

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

- प्रोफेसर अर्नब मुखर्जी, अनिर्बन मित्रा, युनिवर्सिटी ऑफ केंट, ब्रिटिश ऐकेडमी द्वारा वित्त पोषित, "पॉलिटिकल डायनास्टीस ऐंड वोट बाईंग : ए स्टडी ऑफ दी सिनर्जीस" नामक परियोजना पर कार्य कर रहे हैं ।
- प्रोफेसर शबाना मित्रा, यूएन आईसीईएन इंडिया द्वारा प्रायोजित, "वल्नरेबिलिटी एनालिसिस फॉर कर्नाटका" नामक परियोजना पर कार्य कर रही हैं ।
- प्रोफेसर शबाना मित्रा, यूएनआईसीईएफ इंडिया द्वारा वित्त पोषित, "वल्नरेबिलिटी एनालिसिस फॉर आंध्र प्रदेश" नामक परियोजना पर कार्य कर रही हैं ।

8.4.6 सीपीपी द्वारा संचालित वैकल्पिक पाठ्यक्रम

- सामाजिक उद्यमवृत्ति
- प्रबंधकों हेतु लोक नीति
- असामान्य व्यवसाय : वैकल्पिक व्यवसाय प्रतिरूपों को समझना
- जोखिम भरे देशों में व्यवसाय करना
- शिक्षा अर्थशास्त्र एवं नीति
- लोक नीति का मूल्यांकन
- सामाजिक एवं आर्थिक सिद्धांत में उत्कृष्टता
- विकास अर्थशास्त्र : सिद्धांत एवं व्यवहार
- स्वास्थ्य अर्थशास्त्र : सिद्धांत एवं व्यवहार
- ग्रामीण बैंकिंग और वित्तीय समावेशन
- परामर्श के सिद्धांत
- भारत की राजनीतिक अर्थव्यवस्था का इतिहास : व्यापक मंदी से व्यापक व्यापारिक मंदी तक

8.4.7 प्रकाशन

लोक नीति केन्द्र के संकाय प्रमुख अनुसंधान, प्रसिद्ध पत्रिकाओं में अपने कार्य प्रकाशित करने, पुस्तकों के अध्यायों में योगदान देने और प्रतिष्ठित शैक्षणिक में सक्रिय रहे हैं ।

पुस्तक एवं पुस्तक अध्याय

- प्रॉमिसेस : अनफुलफिल्ड : विमेंस एक्सिस टु लैंड इन इंडिया, 2019 । इन इंडिया सोशियल डेवलप्मेंट रिपोर्ट : प्रोफेसर हेमा स्वामीनाथन, सुचित्रा जेवाई, काउंसिल फॉर सोशियल डेवलपमेंट, ऑक्सफोर्ड युनिवर्सिटी प्रेस, नई दिल्ली के टी. हक एवं डी एन रेड्डी द्वारा संपादित ।

केस

- लीची, दी अन्लकी फ्रूट : व्हॉट डस दी एविडेंस से ? :, हारवर्ड विज़नैस स्कूल प्रकाशन केस, 2019 : जी रमेश एवं स्तुति गोस्वामी ।
- फोर्स ऑफ मार्केट्स इन स्पोर्ट्स-प्रीमियर फुटबॉल लीग्स इन इंडिया, हारवर्ड बिज़नैस स्कूल प्रकाशन, 2019 : जी रमेश एवं वी रघुनंदन ।
- ग्रोथ स्ट्रैटिजी फॉर ए स्पेशेलिटी रैस्टॉरैंट : ब्रुकलीन सेंट्रल, मार्च 2020 : प्रोफेसर ग रघुराम एवं देबजीत रॉय ।
- माइक्रोफाइनेंस इन इंडिया : ए टेल ऑफ टू मॉडल्स । एचबीपी केस । आईएमबी 773-पीडीएफ-ईएनजी : प्रोफेसर राजलक्ष्मी कामत एवं नित्या जोसेफ़ (2019) ।
- विस्तार फाइनेंशियल सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड : विकल्प, दी जरनल फॉर डिसीसन मेकर्स खंड 44, सं. 1, जनवरी-मार्च 2019 अहमदाबाद :

भाप्रसंअ प्रोफेसर एम एस श्रीराम, सिद्धार्थ धुर्का, रविन्द्र सिंह एवं फ्लेवियो मिन्नेली ।

- बैंक ऑफ बड़ौदा : गवर्नेन्स चैलेन्जिस इन ए पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग । सं. आईएमबी 801 । मिमयो : भाप्रसं बेंगलूर : प्रोफेसर एम एस श्रीराम एवं रेजी जॉर्ज पलथिट्टा ।
- न्यू डॉन ऐट बैंक ऑफ बड़ौदा : प्रोजेक्ट नवोदय, सं. आईएमबी 803 मिमयो : भाप्रसं बेंगलूर : एम एस श्रीराम एवं रेजी जॉर्ज पलथिट्टा ।

विख्यात प्रेस

- "टु क्रियेटिव डिस्ट्रक्शन ऐंड रीइन्वैंशन," रेल बिज़नैस (एक्सपर्ट ओपीनियन-रिफ्लक्शंस), खंड 11, अंक-52, फरवरी 2020, प्रोफेसर ग रघुराम ।
- "ट्रांस्पोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर इन इंडिया," युनियन बजट 2020-21, योजना, मार्च 2020; प्रोफेसर ग रघुराम ।
- "कैन रिफॉर्म्स रिवाइव हायर एजुकेशन ?," युनियन बजट वित्तीय वर्ष 2020, फाइनेंशियल एक्सप्रैस, 10 फरवरी, 2020; प्रोफेसर ग रघुराम ।
- "एक्सिक्युटिव एजुकेशन इंजन टु ड्राइव आईआईएम बेंगलूर्स रेवेन्यूस," दी हिन्दू बिज़नैस लाइन, 11 नवंबर, 2019; प्रोफेसर ग रघुराम ।
- "लुकिंग अप-सब्सटैंशियल प्रोग्रेस बट माइल्स टु गो," 21वाँ वार्षिक अंक, इंडियन इंफ्रास्ट्रक्चर, खंड 22, सं. 1, अगस्त 2019; प्रोफेसर ग रघुराम ।
- "ट्रांस्पोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर ऐंड कनैक्टिविटी," लाँग टर्म प्रोजेक्ट्स, युनियन बजट 2019-20, योजना, अगस्त 2019; प्रोफेसर ग रघुराम ।
- "बजट 2019 : स्टडी दी फास्ट टु प्रिडिक्ट दी फ्यूचर," दी फाइनेंशियल एक्सप्रैस, बजट-2019, 15 जुलाई, 2019; प्रोफेसर ग रघुराम ।
- "वन शुड कीप पुशिंग फॉर चेंज ऐंड ग्रोथ," 10वाँ वार्षिक शिक्षाविद् अंक, कैरियर्स 360, जून 2019; प्रोफेसर ग रघुराम ।
- इंप्लीकेशंस ऑफ क्राइसिस शुड बी फार ऐंड वाइड । डैक्कन हैराल्ड, 6 अक्तूबर, 2019, प्रोफेसर एम एस श्रीराम ।
- दी रोड मैप फॉर रीयल बैंकिंग रिफॉर्म्स । मिंट, 23 सितंबर, 2019, प्रोफेसर एम एस श्रीराम ।
- बैंक नैशनलाइज़ेशन स्टैंड्स दी टैस्ट ऑफ टाइम : मिंट, 22 जुलाई, 2019 । साथ ही बैंकर्स हेल्पलाइन, खंड 3, अंक 18, 4 अगस्त, 2019 में प्रकाशित । प्रोफेसर एम एस श्रीराम ।
- डीलिंग विद बैंकिंग ऐंड एनपीए क्राइसिस : ए प्रीमियर । Moneycontrol.com 28 जून, 2019, प्रोफेसर एम एस श्रीराम ।

समकक्ष द्वारा समीक्षित पत्रिकाएँ

- प्रोफेसर अर्नब मुखर्जी, प्रोफेसर दीपक मलघाण एवं स्नेहा थपलियाल "इकोनॉमिक इंइक्वैलिटी ऐंड लॉस ऑफ कॉमन्स : एविडेंस फ्रॉम इंडिया ।"
  - वर्ल्ड डेवलप्मेंट 122 (2019) : 693-712
- प्रोफेसर दीपक मलघाण, नवीन भारती एवं अंदलीव रहमान ''नेबरहुड-स्केल रैसिडैंशियल सेग्रीगेशन इन इंडियन मैट्रोस''

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

– इकोनॉमिक ऐंड पॉलिटिकल व्हीक्ली, खंड LIV सं. 30 : 27 जुलाई, 2019

- प्रोफेसर दीपक मलघाण, अनीस सुगथन एस चंद्रशेखर सी, दीपक के सिन्हा "डाउनस्ट्रीम इलैक्ट्रिक युटिलिटी रीस्ट्रक्चरिंग ऐंड अपस्ट्रीम जैनरेशन एफिशैन्सी : प्रॉडक्टिविटी डायनामिक्स ऑफ इंडियन कोल ऐंड गैस-बेस्ड इलैक्ट्रिसिटी जैनरेटर्स"

  – एनर्जी 178 (2019) 832-852

- प्रोफेसर सोहम साहू, एस चंद्रशेखर एवं पी गीता रानी ''हाउसहोल्ड एक्सपैंडीचर ऑन हायर एजुकेशन इन इंडिया : व्हॉट डू वी नो ऐंड व्हॉट डू रीसेंट डेटा हैव टु से''

  – इकोनॉमिक ऐंड पॉलिटिकल व्हीक्ली, खंड 54 (20), 52-60 (2019)

- प्रोफेसर सोहम साहू, एस चंद्रशेखर, "लैंड-होल्डिंग पार्टिसिपेशन इन एग्रीकल्चर ऐंड शॉर्ट-टर्म माइग्रेशन इन रूरल इंडिया"

  – एशियन पॉपुलेशन स्टडीस, 15 (2), 209-227 (2019)

- प्रोफेसर सोहम साहू, राहुल लाहोटी, "आर एजुकेटेड लीडर्स गुड फॉर एजुकेशन ? एविडेंस फ्रॉम इंडिया"

  – जर्नल ऑफ इकोनॉमिक बिहेवियर ऐंड ऑर्गेनाइज़ेशन (आगामी)

- प्रोफेसर हेमा स्वामीनाथन, हेमन, जोडी, जैसिका के लेवी, बिजेटी बोस, वैनेसा रियोस सालास, येहुआलाशेट मेकोनन, नेगर ओमिडाक्श, अडवा गाडॉथ, केट हॉह, मार्गरिट ई ग्रीन, गैरी एल डर्मस्टाट, "इंप्रूविंग हैल्थ विद प्रोग्रैमेटिक, लीगल, ऐंड पॉलिसी एप्रोचेस टु रिड्यूस जेंडर इंइक्वैलिटी ऐंड चेंज रेस्ट्रिक्टिव जैंडर नॉर्म्स, 2019" ।

  – दी लैंसेट (ज़ेंडर इक्वैलिटी नॉर्म्स ऐंड हेल्थ पर श्रृंखला), खंड 393, अंक 10190, पृष्ठ 2522-2534, 2019

- प्रोफेसर हेमा स्वामीनाथन, ज़ाचारी कैटेंज़ारीटे, कारमेन डायना डियर, चेरिल डॉस, अबीने उडोरो एवं सुचित्रा जेवाई जेंडर्ड पाथ्स टु असैंट "एक्युमुलेशन मार्केट्स सेविंग्स, ऐंड क्रेडिट इन डेवलपिंग कंट्रीस" ।

  – फेमिनिस्ट इकोनॉमिक्स, खंड 25, सं. 2, 36-66, 2019

- प्रोफेसर हेमा स्वामीनाथन, ऑगलेड बोआज़, कारमेन डायना डियर, चेरिल डॉस, अबीने उडोरो एवं सुचित्रा वाईएन : "विमेन, असेट्स, ऐंड फॉर्मल सेविंग्स : ए कम्पेरेटिव एनालिसिस ऑफ ईक्वेडॉर, घाना ऐंड इंडिया" । आगामी ।

  – डेवलप्मेंट पॉलिसी रिव्यु, 2020; 38 : 180-205

- प्रोफेसर राजलक्ष्मी कामत एवं दुबे ए (2019) । माइक्रोफाइनेंस ग्रुप प्रासेसेस ऐंड क्राइसेस : रेस्पॉन्सेस टु इकोनॉमिक ऐंड साइकोलॉजिकल थ्रेट्स ।

  – दी जर्नल ऑफ डेवलप्मेंट स्टडीस, 55(10), 2273- 2285

- प्रोफेसर एम एस श्रीराम, फाइनेंशियल इंक्लूशन : एजेंडा फॉर पॉलिसी इंटरवैंशन

  – सम्पादकीय, विकल्प, 44(4), अक्तूबर-दिसम्बर 2019, पृष्ठ 163-166 (पत्रिका के अतिथि संपादक के रूप में सम्पादकीय)

- प्रोफेसर शबाना मित्रा एवं प्रोफेसर अनिर्बन मित्रा : इकोनॉमिक कॉन्सिक्वेंसिस ऐंड रीडिस्ट्रीब्यूशन ऑफ रिसोर्सेस ड्यू टु दी माओइस्ट कॉन्फ्लिक्ट इन नेपाल
  - जर्नल ऑफ कम्पेरेटिव इकोनॉमिक्स, आगामी

पुरस्कार

- प्रोफेसर अर्नब मुखर्जी द्वारा वाचस्पति छात्र दीप्ति शर्मा के साथ सहलिखित पेपर के लिए छठी द्विवार्षिक इंडियन एकेडमी ऑफ मैनेजमेंट (आईएनडीएएम) सम्मेलन 2020 में हेल्थकेयर मैनेजमेंट ट्रैक के तहत् श्रेष्ठ पेपर एवार्ड जीता ।
- प्रोफेसर सोहम साहू को प्रोफेसर एम जे मनोहर राव एवार्ड फॉर यंग रिसर्चर्स 2018, दी इंडियन इकोनोमैट्रिक सोसाइटी जीता ।

शैक्षणिक सम्मेलन

	लेखक	सम्मेलन ब्यौरे	स्थान	दिनांक एवं वर्ष
1	अर्नब मुखर्जी एवं दीप्ति शर्मा	डस एक्सिस टु सैनिटेशन इंप्रूव चाइल्ड डेवलप्मेंट ? छठी द्वैवार्षिक इंडियन ऐकेडमी ऑफ मैनेजमेंट सम्मेलन 2020	भाप्रसं त्रिची	2-4 जनवरी, 2020
2	अर्नब मुखर्जी	रैंडोमिज़ेशन, डेवलप्मेंट इकोनॉमिक्स ऐंड पॉवर्टी, नोबेल अंतर्दृष्टि व्याख्यान श्रृंखला 2019	एमईएस कॉलेज	26 अक्तूबर, 2019

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

	लेखक	सम्मेलन ब्यौरे	स्थान	दिनांक एवं वर्ष
3	अर्नब मुखर्जी, हेमा स्वामीनाथन एवं प्रज्ञा भुवनिया	पॉवरिंग विमेंस एजूकेशन थ्रू एम्पावरमेंट : एविडेंस फ्रॉम इंडिया शोध एवं प्रकाशन सेमिनार श्रृंखला	भाप्रसं अहमदाबाद	04 नवंबर, 2019
		एंपॉवरमेंट फर्स्ट एविडेंस फ्रॉम महिला समख्या इन इंडिया, इकोनॉमिक्स डिपार्टमेंट वीक्ली सेमिनार सिरीस	अशोका युनिवर्सिटी	24 अप्रैल, 2019
4	सोहम साहू	ट्रांस्फॉर्मिंग इकोनॉमीस-फॉर बैटर जॉब्स, यूएनयू-डब्ल्यूआईडीईआर सम्मेलन	बैंगकॉक, थाइलैंड	11-13 सितंबर, 2019
		एपीपीएम अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन	पॉम्पेउ फैबरा युनिवर्सिटी, बार्सिलोना, स्पेन	29-30 जुलाई, 2019
		विकास अर्थशास्त्र सम्मेलन	युनिवर्सिटी ऑफ लिंकन, यूके	17-19 जून, 2019
		येल राजनैतिक एवं आर्थिक विकास सम्मेलन	येल युनिवर्सिटी, यूएसए	10 मई, 2019
5	हेमा स्वामीनाथन, सुचित्रा जे वाई एवं राहुल लाहोटी के साथ सह-सम्मेलन	जेंडर ऐंड एग्रीकल्चरल डिसीजन मेकिंग : सैल्फ ऐंड प्रॉक्सी रिपोर्टिंग इन कर्नाटक, इंडिया, इंटरनैशनल एसोसिएशन फॉर फैमिनिस्ट इकोनॉमिक्स वार्षिक बैठकें, जून 2020	ग्लासको	जून 2019

	लेखक	सम्मेलन ब्यौरे	स्थान	दिनांक एवं वर्ष
6	ग रघुराम	ए कन्वरसेशन ऑन लिबरल आर्ट्स एजुकेशन	वास्सर कॉलेज, नई दिल्ली	7 जनवरी, 2020
		इन्फ्रास्ट्रक्चर, ट्रांसपोर्टेशन ऐंड पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप, शास्त्रा 2020	भाप्रौसं मद्रास, चेन्नई	5 जनवरी, 2020
		एक्सपीरियेन्स ऑफ आईआईएमबी इन मेकिंग दी कोर्सेस इंक्लूसिव, स्वर्ण जयंती समारोह	बालविद्यालय, चेन्नई	19 दिसंबर, 2019
		फ्यूचर रेल पैसेंजर डिमांड ऐंड इंप्लीकेशंस फॉर इंडियन रेलवेस, एमर्जिंग ट्रैंड्स इन रेल बिज़नैस संगोष्ठी	इंस्टीट्यूट ऑफ रेल ट्रांस्पोर्ट, नई दिल्ली	26 नवंबर, 2019
		इन्नोवेशन इन इन्फ्रास्ट्रक्चर, भाप्रसंबें का लोक नीति शिखर सम्मेलन	भाप्रसं बेंगलूर	10 नवंबर, 2019
		ट्रांसफॉर्मेश्नल लीडरशिप स्ट्रैटिजी इन मैनेजमेंट 4.0, सीपीएम प्रबंध सम्मेलन 2019	कोलंबो	30 अक्तूबर, 2019
		पीपीपी ऐंड इंडियन रेलवेस, पहिया और धुरा संयंत्र	बेंगलूरु	18 अक्तूबर, 2019
		करैंट मैनेजमेंट प्रैक्टिसेस ऐंड कॉन्टैक्स्ट्स यूनिक टु इंडिया, भारतीय प्रबंध पर राष्ट्रीय कार्यशाला, सेंटर फॉर एजुकेश्नल ऐंड सोशियल स्टडीस	रेवा युनिवर्सिटी, बेंगलूरु	18 अक्तूबर, 2019
		इन्नोवेशंस इन इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलप्मेंट : बिज़नैस ऑफ पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप्स विद ए फोकस ऑन सस्टेनेबिलिटी, भारत में धारणीयता एवं विज्ञान पर डीएसटी प्रशिक्षण कार्यक्रम	नैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज़, भाविसं, बेंगलूरु	25 सितंबर, 2019
		कॉन्टुअर्स ऑफ ए लॉजिस्टिक्स पॉलिसी इन इंडिया, नामिका अध्यक्ष, लोक नीति एवं प्रबंध पर XIV अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन	भाप्रसं बेंगलूर, बेंगलूरु	23 अगस्त, 2019
		इन्नोवेशंस इन इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलप्मेंट : दी बिज़नैस ऑफ पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप्स, मुख्य भाषण, 11वाँ ग्लोबल एडवांस इन बिज़नैस ऐंड कम्युनिकेशन (जीएबीसी) सम्मेलन	दिल्ली स्कूल ऑफ बिज़नैस, नई दिल्ली	11 जुलाई, 2019

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

	लेखक	सम्मेलन ब्यौरे	स्थान	दिनांक एवं वर्ष
		एक्सपीरिएंस ऑफ एन एमबीए एजुकेशन, नीव 2019	वेलिंकर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट डेवलप्मेंट ऐंड रिसर्च (व्हीस्कूल), मुंबई	1 जुलाई, 2019
		एक्सपीरिएंस ऑफ़ ए स्कूल एजुकेशन	सिल्वर ओक इंटरनैशनल स्कूल, व्हाइटफील्ड, बेंगलूरु	22 जून, 2019
एडवांचेंगे दक्षिण भारत में स्थित कंपनियों को उत्तर एवं पश्चिम क्षेत्र की आपूर्ति श्रृंखला चैंपियनों को चुनौती में मुकाबले के लिए आमंत्रित करता है; जिसका प्रतिनिधित्व एचयूएल, मैरिको, एशियन पेंट्स, मॉडलेज, गोदरेज, बायर्सडॉर्फ, वर्लपूल, नस्ले, डाबर, रेकिट बैंकाइसर, अपोलो टायर्स, बैक्सटर, कारगिल, एवरी डेनिसन, बीडी आदि द्वारा किया गया ।

प्रत्येक कंपनी प्रतिदर्श कंपनी-दी फ्रेश कनैक्शन हेतु आपूर्ति श्रृंखला का शुरू से अंत तक प्रबंध करने के लिए चार के एक दल को नामित करती है । दल को आपूर्ति श्रृंखला प्रबंध के वैचारिक ज्ञान के साथ-साथ उनकी समस्या को सुलझाने और निर्णय लेने के कौशल का प्रयोग करने की आवश्यकता होती है ।

बॉब कंपनी के सीईओ हैं । जो दल बॉब को आपूर्ति श्रृंखला निर्णय लेने के कौशल का उपयोग करके व्यवसाय के आरओआई को अधिकतम करने में मदद करेगा, वह दल सुपर चैंपियन होगा । हालाँकि चुनौती वैश्विक है, क्षेत्र और भारत के विजेताओं के लिए रोचक पुरस्कार एवं ट्राफियाँ हैं ।

यदि भाप्रसंबें में पीजीपी (एमबीए) एवं अन्य एमबीए शाखाओं में परिचालन एवं एससीएम वैकल्पिक विषयों में उपयोग के लिए मूल्य वर्धित पाया जाता है, तो 'सिमुलेशन गेम' का मूल्यांकन करने और लाइसेंस (नीदरलैंड्स) के सब्सक्राइब करने के लिए भाप्रसंबें दल (प्रोफेसर + छात्र) के निःशुल्क सहभागिता हेतु एडवांचेंगे के साथ बातचीत की गई थी ।

समसामयिक संबंधी अध्ययन (सीसीएस) पूरी की गईं परियोजनाएँ : 2019

	विषय का संक्षिप्त विवरण	कंपनी
1	इंटीग्रेटेड लॉजिस्टिक्स मॉडल फॉर एससीएम ऐट एपीएमसी	आरईएमएसएल
2	डिटरमाइन प्रॉडक्ट लाइफ साइकल स्टेज ऑफ करैंट प्रॉडक्ट पोर्टफोलियो	टाइटन
3	फर्स्ट माइल क्लस्टर ऐंड वेव मॉडेलिंग	फ्लिपकार्ट
4	इनलैंड वॉटर ट्रांस्पोर्ट फॉर एलपीजी इन इंडिया	एचपीसीएल
5	डेली एचएसडी रेट वेरिएशन इंपैक्ट ऑन ट्रांस्पोर्टेशन ऐंड लॉजिस्टिक्स सेक्टर	शिपैक्स
6	डिमांड सेंसिंग ऐंड इंवेंट्री ऑप्टिमाइज़ेशन-रिटेल ऐंड मैनुफैक्चरिंग	एचसीएल टेक
7	पोस्ट जीएसटी डिस्ट्रीव्यूशन रैश्नलाइज़ेशन	टाइटेन
8	इंपैक्ट ऑफ जीएसटी ऑन पैट्रोलियम प्रॉडक्ट्स (एमएस ऐंड एचएसडी)	एचपीसीएल
9	बायोडीज़ल प्लांट-केस अध्ययन	एचपीसीएल
10	वेयरहाउज़िंग इन ई-कॉमर्स	फ्लिपकार्ट
11	एमएसएमई ऑटो कंपोनेंट सेक्टर इन इंडिया	बोश

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

	विषय का संक्षिप्त विवरण	कंपनी
12	मैपिंग ऑफ मैनुफैक्चरिंग डेटा फ्लो टु एचीव ऑप्टिमल प्रॉसेस	टीकेएपी
13	डेवलप्मेंट ऑफ जेंडर डाइवर्सिटी ऐंड इंक्लूशन पॉलिसी	टीकेएपी
14	स्ट्रीमलाइनिंग ऑफ पैसेंजर मूवमेंट ऐट कैंपेगौड़ा इंटरचेंज मैट्रो	बीएमआरसीएल
15	इंपैक्ट असैसमेंट एनालिसिस ऑन कॉमोडिटी प्राइसेस पोस्ट यूएमपी इंप्लीमेंटेशन	आरईएमएसएल
16	क्वॉन्टिटी ऐंड प्राइस डिफरेंट प्राइस डिसकवरी मकैनिसम्स	आरईएमएसएल
17	स्टैबलिश ए लॉजिस्टिक्स ड्रिवैन मैनुफैक्चरिंग विद डिजिटलाइजेशन	बोस
18	युनिफाइड मार्केट प्लैटफॉर्म (यूएमपी) डेटा एनालिसिस फॉर एग्रीकल्चरल कमोडिटीस, केस अध्ययन	आरईएमएसएल
19	रिव्यु करैंट चैलेंजिस ऐंड प्रोपोस ए रोड मैप फॉर दी वे फॉरवर्ड, केस अध्ययन	स्मॉलबैग डेलिवरी.कॉम

समसामयिक संबंधी अध्ययन (सीसीएस) जारी परियोजनाएँ : 2020

	विषय का संक्षिप्त विवरण	कंपनी
1	सोर्सिंग एक्सिलैंस असैस्मेंट फॉर वॉचेस ऐंड एक्ससेरीस डिविज़न	टाइटन
2	बी2बी फैशन सप्लाई चेन इन इंडिया-करैंट स्टेट ऐंड व्हाइट स्पेसिस	फ्लिपकार्ट
3	प्रोगनॉस्टिक्स ऐंड हैल्थ मैनेजमेंट इन इंडस्ट्रियल एप्लीकेशंस	हनीवैल
4	टु डेवलप ए कनैक्टिड सप्लाई चेन बिटवीन डिमांड ऐंड सप्लाई फॉर एन अंसैटिस्फाइड कस्टमर	बोश
5	स्टडी ऑफ लेबर प्रॉडक्टिविटी फॉर दी ऑटो सेक्टर इन इंडिया (जनरल) ऐंड फॉर दी कंपनी (स्पैसिफ़िक)	टीकेएपी
6	वर्किंग कैपिटल लेंस फॉर ग्रॉसरी ऐंड फैशन किरानास इन इंडिया-करैंट स्टेट ऐंड व्हाइट स्पेस	फ्लिपकार्ट
7	डेवलप ए बिज़नैस मॉडल ऐंड स्टैब्लिश दी सप्लाई चेन फॉर ऐन ऑर्गेनिक फूड एग्रीगेटर	आदि नैचुरल्स

	विषय का संक्षिप्त विवरण	कंपनी
8	हाऊ ज़िलिंगो क्रैक्ड दी बी2बी फैशन मार्केट इन साउथ ईस्ट एशिया	फ्लिपकार्ट
9	स्ट्रीमलाइनिंग ऑफ सप्लाई चेन इन ल्यूब्स बिज़नैस फॉर ऐन ऑयल ऐंड गैस कंपनी	एचपीसीएल
10	मेकिंग बयो-फ्यूल्स प्रॉफिटेबल विद करैंट इथैनॉल पॉलिसी ऐंड प्रॉफिटेबिलिटी स्टडी ऑफ सेट्टिंग अप ऐंड ऑपरेटिंग ए स्टैंडेलोन डिस्टिलरी फॉर प्रॉड्यूसिंग इथैनॉल	एचपीसीएल
11	डैवलप ए डिजिटाइज़्ड इंटीग्रेटेड सप्लाई चेन फॉर दी ऑटो कंपोनेंट सैक्टर	टीकेएपी
12	कनैक्टेड मैशीन्स इन एमएसएमई फॉर ए मैक्सिमम एफिशैंसी	बोश
13	3पीएल मार्केट एंट्री स्ट्रैटिजी फॉर बल्क कैमिकल्स ऐंड फार्मा सेगमेंट्स	टीवीएस एससीएस
14	हाई-टेक इलैक्ट्रॉनिक्स मैनुफैक्चरिंग ईको सिस्टम एनालिसिस	इंटैल कार्पोरेशन
15 एवं 16	केपेबिलिटी असेस्मेंट टु दी एससीएम ऑर्गेनाइज़ेशन करैंटली इन बी2बी मॉडल फॉर रेसिडेंशियल सोलर रूफटॉप्स ऐंड सोलर पंप्स	टाटा पॉवर सोलर
17	लर्न टु सी, ऑब्सर्व, ऐंड ऑगमेंट मैशर्स फॉर ए ग्लोबल ऑटो कंपोनेंट प्रॉडक्शन सिस्टम । इंप्रूव सप्लायर वैल्यू स्ट्रीम वाई एप्लाइंग लर्न टूल्स लीडिंग टु वेस्ट एलिमिनेशन	बोश
18	वेयर हाउस सॉल्यूशन मॉडलिंग ऐंड टैंप्लेटाइज़ेशन फॉर 3पीएल बिज़नैस	टीवीएस एससीएम
19	सप्लाई चेन कंट्रोल टॉवर-बेनिफिट्स ऐंड यूसेज	एचसीएल टेक
20	एचआर कॉम्पिटेंसी मैपिंग	टीकेएपी

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

9. अंतर्राष्ट्रीयकरण

परिदृश्य

भाप्रसं बेंगलूर के अंतर्राष्ट्रीय मामले का कार्यालय (ओआईए) की अध्यक्षता एक वरिष्ठ संकाय सदस्य कर रहे हैं, जो स्कूल के अंतर्राष्ट्रीय पहलों को निर्देशित करते हैं और स्कूल के नीति दिशानिर्देशों तथा अंतर्राष्ट्रीय मामले का कार्यालय के बीच तालमेल बनाए रखना भी आश्वस्त करते हैं । भाप्रसंबें के निदेशक स्कूल को विश्वस्तर पर बढ़ावा देने और विदेशी स्कूलों और कंपनियों के साथ संबद्धता विकसित करने में सक्रिय हैं ।

अंतर्राष्ट्रीयकरण की प्रक्रिया, स्कूल के हर कार्यक्रम कार्यालय एवं केंद्र में प्रचलित है । जब अंतर्राष्ट्रीय मामले का कार्यालय, के अलावा अन्य विभागों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय पहल की जाती है, तो वह संबंधित विभाग की अभिशासन प्रक्रियाओं के अधीन होती है । अंतर्राष्ट्रीय मामले का कार्यालय संकायों एवं निदेशक के कार्यालय के साथ समन्वय करता है, जिनके माध्यम से सभी ऐसी पहल की जाती हैं । विचार की पहल अंतर्राष्ट्रीय मामले का कार्यालय या व्यक्तिगत किसी संकाय सदस्य द्वारा हो सकती है ।

ओआईए के संबंध में निर्णय प्रोफेसर अभय के. ओझा, संकायाध्यक्ष, शैक्षणिक कार्यक्रम एवं ओआईए समिति द्वारा लिए जाते हैं, जिसमें शामिल हैं तीन संकाय-सदस्य-शबाना मित्रा, श्रीवर्धिनी के झा एवं अभिनव आनंद ।

ओआईए निम्नलिखित आयामों पर अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ साझेदारी की गुणवत्ता का मूल्यांकन करता है :

- संबद्ध स्कूल या विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत रैंकिंग जैसे इंटरनैशनल बिज़नैस व्हीक, फाइनैंशियल टाइम्स या एड्युनिवर्सल द्वारा रैंकिंग के आधार पर मापा जाता है ।
- जिन देशों में अंतर्राष्ट्रीय सर्वेक्षण द्वारा स्कूलों की रैंकिंग नहीं की जाती है, किन्तु भाप्रसंबें के लिए साझेदारी व्यवस्था महत्वपूर्ण मानी जाती है, तो भाप्रसंबें स्थानीय उच्च-रैंक प्राप्त स्कूलों में से एक या अधिक के साथ साझेदारी कर सकता है ।
- पिछले 15 वर्ष से अधिक छात्रों का दोनों ओर से सक्रिय आदान-प्रदान या पिछले 15 वर्ष से अधिक आदान-प्रदान के लिए गंतव्य के रूप में भाप्रसंबें के स्नातक छात्रों के बीच साझेदार स्कूल की लोकप्रियता; और
- निकट एवं मध्यम अवधि में एक व्यापक साझेदारी की संभावना ।

साझेदारी का दायरा ओआईए सहित, विचार या अवसर उत्पन्न करने वाले व्यक्ति द्वारा निश्चित किया जाता है । जहाँ ओआईए ने अवसर उत्पन्न किए हैं, वहाँ ये विचारों को कार्यान्वित करने की संभावना वाले कार्यालय के साथ काम करता है । इससे आश्वस्त होता है कि शुरुआती प्रक्रिया में साझेदारी गतिविधि का संभावित 'मालिक' लगभग प्रक्रिया के शुरुआत से ही साथ है ।

एक बार भावी साझेदार संस्थान, उपयुक्त पाया जाता है, ओआईए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया प्रारम्भ करता है, जिसमें सहयोग के सभी संभावित क्षेत्र शामिल होते हैं । सहयोग के लिए सभी करार निदेशक/संकायाध्यक्षों के स्तर पर पूरे किए जाते हैं । यदि आवश्यक पाया जाता है, तो ये करार निदेशक द्वारा बड़े

संकाय निकाय को संदर्भित किए जाते हैं ।

वर्ष 2019-20 के दौरान, भाप्रसंबें ने दो नए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए और एक अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के साथ साझेदारी नवीकृत की ।

निम्न के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए

	स्कूल का नाम	स्थिति	क्षेत्र
1	कैतोलिका लिस्बन स्कूल ऑफ बिज़नैस ऐंड इकोनॉमिक्स	नए पर हस्ताक्षर किए गए	पुर्तगाल
2	ईएम नॉरमेंडाई बिज़नैस स्कूल	नए पर हस्ताक्षर किए गए	फ्रांस
3	ग्रुपे ईएससी क्लेरमॉन्ट (वाई स्कूल)	नवीकरण	फ्रांस

भाप्रसंबें के साझेदार विश्वविद्यालयों की सूची **विवरण 15** पर दी गई है ।

9.1 छात्र विनिमय एवं निमज्जन कार्यक्रम

भाप्रसंबें में छात्र विनिमय कार्यक्रम (एसईपी) एक मुख्य अंतर्राष्ट्रीयकरण पहल है । एसईपी 15 वर्षों से अधिक से मौजूद रहा है । विनिमय पर भाप्रसंबें में आ रहे छात्र दो साल का एमबीए, एक साल का एमबीए या कार्यपालक एमबीए के भाग के रूप में पढ़ाए जा रहे ऐच्छिक पाठ्यक्रम का विकल्प चुनते हैं ।

इसी प्रकार, समुद्रपारीय विश्वविद्यालयों में जा रहे भाप्रसंबें छात्रों को समान संख्या के क्रेडिट घंटों में भाग लेना आवश्यक है, जैसा कि वे भाप्रसंबें में टर्म व्यतीत करने पर करते । उन्हें चुने हुए पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण ग्रेड प्राप्त करने का प्रमाण प्रस्तुत करना आवश्यक है । कार्यक्रम कार्यालयों द्वारा आश्वस्त किया जाता है कि पाठ्यक्रम का चयन न्यूनतम रूप से भाप्रसंबें के पाठ्यक्रम कार्य की कठोरता से तुलनात्मक हो । अतः विनिमय कार्यक्रम भाप्रसंबें के उच्च शैक्षणिक स्तर को बनाए रखते हुए, छात्रों को अंतर्राष्ट्रीय अनुभव प्रदान करता है और कक्षा-कक्ष में विविधता प्रदान करने का लक्ष्य रखता है ।

क्षेत्र	2019-20	
	आवक	जावक
अफ्रीका	1	2
एशिया	4	4
ऑस्ट्रेलिया	1	3
यूरोप	78	149
लैटिन अमेरिका	0	1
उत्तरी अमेरिका	0	9
कुल	**84**	**168**
उद्यम प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम	0	11
प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम	84	157

9.2 उन्नत प्रबंध हेतु वैश्विक नेटवर्क

भाप्रसंबें 2012 में उन्नत प्रबंध हेतु वैश्विक नेटवर्क का सदस्य बना । नेटवर्क में येल स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, यूएसए, एचईसी पेरिस, फ्रांस, एनयूएस सिंगापुर एवं यूएनएसडब्लू बिज़नैस स्कूल ऑस्ट्रेलिया सहित विश्वभर के 31 शीर्ष प्रबंध स्कूल शामिल हैं । वैश्विक नेटवर्क साझेदार स्कूल के छात्रों को डिजिटल प्रौद्योगिकी के प्रयोग के माध्यम से अन्य साझेदार स्कूलों द्वारा प्रस्तुत पाठ्यक्रमों के चयन सुलभ कराता है, इसी प्रकार यह संकाय सदस्यों को अंतर्राष्ट्रीय कक्षा को पढ़ाने का अवसर प्रदान करता है, जिसमें सदस्य स्कूलों के छात्र शामिल होते हैं ।

ग्लोबल नेटवर्क पाठ्यक्रमों हेतु अनेक भाप्रसंबें छात्रों के नामांकन, भाप्रसंबें संकायों द्वारा साझेदार स्कूलों के लिए एक लघु नेटवर्क खुला पाठ्यक्रम (एसएनओसी)

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

का संचालन करने एवं भाप्रसंबें द्वारा दो वैश्विक नेटवर्क सप्ताह (जीएनडब्लूएस) में मेजबानी कर जिसमें भाप्रसंबें एवं विभिन्न साझेदार स्कूलों के छात्र शामिल होते हैं के माध्यम से भाप्रसंबें इन नेटवर्क में सक्रिय भागीदार होना जारी रखे है।

वैश्विक नेटवर्क में स्कूल

	स्कूल
I	**अमेरिका**
1	ईजीएडीई बिज़नैस स्कूल, टेक्नोलॉजिको डी मॉनटेरी (मैक्सिको)
2	एफजीवी एस्कोला डी एडमिनिस्ट्रैको डी एम्प्रैसेस डी साओ पाउलो (ब्राज़ील)
3	हास स्कूल ऑफ बिज़नैस, युनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया बर्कली (यूएसए)
4	आईएनसीएई बिज़नैस स्कूल (कॉस्टा रिका, निकारागुआ)
5	पॉन्टिफिसिया युनिवर्सिडाड कैटोलिका डी चिली स्कूल ऑफ बिज़नैस (चिली)
6	साउदर स्कूल ऑफ बिज़नैस, युनिवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया (कनाडा)
7	येल स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (यूएसए)
II	**एशिया-पैसिफिक**
8	एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (दी फिलीपींस)
9	रेन्मिन युनिवर्सिटी ऑफ चाइना, स्कूल ऑफ बिज़नैस (चीन)
10	फ्युडैन युनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (चीन)
11	हितोत्सुबशी युनिवर्सिटी बिज़नैस स्कूल, स्कूल ऑफ इंटरनैशनल कॉर्पोरेट स्ट्रैटिज़ी (जापान)
12	हाँग काँग युनिवर्सिटी ऑफ साइंस ऐंड टेक्नोलॉज़ी बिज़नैस स्कूल (चीन)
13	भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर (भारत)
14	नैशनल युनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर बिज़नैस स्कूल (सिंगापुर)
15	सोल नैशनल युनिवर्सिटी बिज़नैस स्कूल (दक्षिण कोरिया)
16	युनिवर्सिटी इंडोनेशिया फैकल्टी ऑफ इकोनॉमिक्स (इंडोनेशिया)
17	यूएनएसडब्ल्यू बिज़नैस स्कूल (ऑस्ट्रेलिया)
III	**यूरोप, मध्य पूर्व एवं अफ्रीका**
18	एसडीए बोकोनी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, बोकोनी युनिवर्सिटी (इटली)
19	ईएसएमटी बर्लिन (जर्मनी)
20	एचईसी पैरिस (फ्रांस)
21	आईई बिज़नैस स्कूल (स्पेन)
22	आईएमडी (स्विटज़रलैंड)
23	कोक युनिवर्सिटी ग्रैजुएट स्कूल ऑफ बिज़नैस (टर्की)
24	लागोस बिज़नैस स्कूल, पैन-अटलांटिक युनिवर्सिटी (नाइजीरिया)
25	सेड बिज़नैस स्कूल, युनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड (युनाइटेड किंग्डम)
26	स्ट्रैथमोर बिज़नैस स्कूल (केन्या)
27	टेक्निऑन-इज़राइल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉज़ी (इज़राइल)
28	यूसीडी माइकल स्मर्फिट ग्रैजुएट बिज़नैस स्कूल (आयरलैंड)
29	युनिवर्सिटी ऑफ केप टाउन ग्रैजुएट स्कूल ऑफ बिज़नैस (दक्षिण अफ्रीका)
30	मॉस्को स्कूल का मैनेजमेंट एसकेओएलकेओवीओ (रूस)
31	युनिवर्सिटी ऑफ घाना बिज़नैस स्कूल (घाना)

वैश्विक नेटवर्क सप्ताह

अंतर्राष्ट्रीय छात्र जिन्होंने भाप्रसं बेंगलूर में वैश्विक नेटवर्क सप्ताह में भाग लिया :

वर्ष	संख्या
2015	4
2016	22
2017	20
2018	17
2019	26

भाप्रसंबें के छात्र, जिन्होंने वैश्विक नेटवर्क साझेदार स्कूलों में वैश्विक नेटवर्क सप्ताह में भाग लिया :

वर्ष	संख्या
2015	13
2016	68
2017	66
2018	73
2019	90

भाप्रसंबें के छात्र जिन्होंने वैश्विक नेटवर्क के लघु नेटवर्क खुले पाठ्यक्रम (एसएनओसी) पूरा किया :

वर्ष	छात्रों की संख्या जिन्होंने एसएनओसी पूरा किया
2016	8
2017	40
2018	27
2019	30

भाप्रसंबें के संकायों द्वारा संचालित वैश्विक नेटवर्क सप्ताह पाठ्यक्रम

	दिनांक	शीर्षक	संकाय
1	19-23 अक्तूबर, 2015	आंध्रप्रीनरशिप ऐंड टेक्नोलॉजी : दी इंडियन एक्सपीरिऐंस	प्रोफेसर सुरेश भगवतुला
2	14-18 मार्च, 2016	आंध्रप्रीन्युरियल इकोसिस्टम इन बेंगलूर	प्रोफेसर श्रीवर्धिनी के झा
3	17-21 अक्तूबर, 2016	सस्टेनेबल इंटरप्राइसेस : ऑपरच्युनेटीज़, चैलेंजिस ऐंड न्यू मॉडल्स	प्रोफेसर सौरव मुखर्जी एवं प्रोफेसर पी डी जोस
4	13-17 मार्च, 2017	मैनेजिंग एक्रॉस कल्चर्स : कल्चरल कॉम्पिटेंस फॉर ग्लोबल बिज़नैस मैनेजर्स	प्रोफेसर ऋतु त्रिपाठी
5	16-20 अक्तूबर, 2017	आंध्रप्रीनरशिप इन इंडिया : सॉल्विंग फॉर लोकल ऐंड ग्लोबल प्रॉब्लम्स	प्रोफेसर सुरेश भगवतुला
6	12-16 मार्च, 2018	इंक्लूसिव बिज़नैस मॉडल्स : टचिंग, लाइव्स, क्रिएटिंग लाइवलीवुड्स	प्रोफेसर सौरव मुखर्जी
7	15-19 अक्तूबर, 2018	आईसीटी ऐंड डेवलप्मेंट : दी इंडियन कॉन्टैक्स्ट	प्रोफेसर राहुल डे
8	11-15 मार्च, 2019	मैनेजिंग एक्रॉस कल्चर्स : कल्चरल कॉम्पिटेंस फॉर ग्लोबल बिज़नैस मैनेजर्स	प्रोफेसर ऋतु त्रिपाठी
9	14-18 अक्तूबर, 2019	इंक्लूसिव बिज़नैस मॉडल्स	प्रोफेसर सौरव मुखर्जी

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

भाप्रसंबें संकायों द्वारा संचालित लघु नेटवर्क खुले पाठ्यक्रम (एसएनओसी)

	दिनांक	शीर्षक	संकाय	छात्रों की संख्या जिन्होंने भाग लिया
1	3 सितंबर-27 नवंबर, 2015	इंक्लूसिव बिज़नैस मॉडल्स	प्रोफेसर सौरव मुखर्जी	27
2	20 जनवरी-3 मार्च, 2020	स्ट्रैटिजी ऐंड दी सस्टेनेबल इंटरप्राइस	प्रोफसर पी डी जोस	28

प्रतियोगिताएँ

भाप्रसंबें के दो दलों ने उन्नत प्रबंध हेतु वैश्विक नेटवर्क निवेश प्रतियोगिता में भाग लिया । प्रत्येक दल में एक संकाय सलाहकार थे ।

9.3 अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों हेतु व्यवसाय योजना

पीजीपी छात्रों हेतु शैक्षणिक वर्ष 2014-15 में बिज़नैस प्लानिंग फॉर इंटरनैशनल मार्केट्स (बीपीआईएम) शुरू किया गया। विभिन्न देशों के बाजारों का छात्रों को अनुभव प्रदान करने के अलावा, यह पहल स्थानीय विश्वविद्यालयों, कंपनियों एवं शोध केंद्रों के साथ अन्योन्यक्रिया के माध्यम से विशिष्ट देशों के विषय में संकाय विशेषज्ञता के विकास को समर्थ बनाती है। यह अपेक्षा की जाती है कि अंत में, सहयोगात्मक शोध परियोजनाओं, सम्मेलन एवं केस लेखन इसका परिणाम होगा । देशों का चुनाव संकाय सदस्यों की शोध रुचि एवं विशिष्ट अंतर्राष्ट्रीय बाजारों को समझने की छात्र समुदाय की रुचि के आधार पर होता है। बीपीआईएम मॉड्यूल्स का नेतृत्व संकाय सदस्यों द्वारा और समन्वयन पीजीपी कार्यालय द्वारा किया जाता है ।

शैक्षणिक वर्ष	बीपीआईएम मॉड्यूल्स हेतु देशों का दौरा	भाप्रसंबें छात्रों की संख्या जिन्होंने भाग लिया
2019-20	दुबई, जापान, वियतनाम	98

9.4 गतिविधियाँ

- येल स्कूल ऑफ मैनेजमेंट यूएसए ने 16 से 17 जनवरी, 2020 के दौरान 'भारत में सामाजिक उद्यम' पर एक कार्यक्रम संचालित किया । भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर में आयोजित वार्षिक येल जीएसई की अभिकल्पना, एसई/येल/भाप्रसंबें के दलों को उनके कार्य को तिथि, प्रक्रिया में वे कहाँ हैं का नक्शा तैयार करने और आगे क्या काम किया जाना है का संश्लेषण करने और अवसर प्रदान करने के लिए की गई है । इस गतिविधि का समन्वयन ओआईए द्वारा किया गया ।
- दी व्हार्टन स्कूल, युनिवर्सिटी ऑफ पेन्नसिल्वेनिया ने 01 से 04 जनवरी, 2020 के दैरान 'टेक्नोलॉजी ऐंड आंत्रप्रीनरशिप इन इंडिया' पर कार्यशाला का संचालन किया, जिसमें व्हार्टन स्कूल के 30 छात्र एवं भाप्रसंबें के 30 छात्रों ने भाग लिया । इस गतिविधि का समन्वयन ओआईए द्वारा किया गया ।
- ओआईए ने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, यूके के 35 छात्रों की मेजबानी की । छात्रों ने इकोनॉमिक्स पर सत्रों में भाग लिया और भाप्रसंबें के उद्भवन एवं नवोन्मेष केंद्र, एनएसआरसीईएल के स्टार्ट-अप्स के साथ नेटवर्किंग की ।
- अक्तूबर 2019 में आईपीएडीई का अंतर्राष्ट्रीय सप्ताह संचालित किया

गया । मैक्सिको के साझेदार स्कूल ने 'बिज़नैस ऐंड ह्यूमन डिग्निटी : रिकवरिंग दी सोशियल मीनिंग ऑफ बिज़नैस' नामक विषय पर सेमिनार की मेजबानी की । इस सेमिनार में दो पीजीपीईएम छात्रों ने भाग लिया ।

- 04 से 08 अगस्त, 2019 के दौरान रेकानाटी इंटरनैश्नल विनिमय सप्ताह संचालित किया गया । विनिमय सप्ताह में दो पीजीपीईएम छात्रों ने भाग लिया ।

9.5 भाप्रसंबें का दौरा करने वाले अंतर्राष्ट्रीय स्कूलों/विश्वविद्यालयों के विद्वानों और नेताओं की विस्तृत सूची निम्न प्रकार है

	नाम	दिनांक
1	प्रोफेसर मार्टिन जे. एप्पलर संप्रेषण प्रबंध के अध्यक्ष, एमसीएम इंस्टीट्यूट ऑफ मीडिया ऐंड कम्युनिकेशंस मैनेजमेंट युनिवर्सिटी ऑफ सेंट गैलन (एचएसजी) स्विट्ज़रलैंड	1 मार्च 2019
2	प्रोफेसर विशांत वीरक्कोडी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के प्रधान, प्रबंध विधि एवं समाज विज्ञान के संकाय, युनिवर्सिटी ऑफ ब्रैडफोर्ड, यूके	19 अगस्त 2019
3	डॉ. लिंकन वुड युनिवर्सिटी ऑफ ओटैगो	23 अगस्त 2019
4	• प्रोफेसर टोनी ट्रेवग्लिऑन प्रति उपकुलपति व्यवसाय एवं विधि के संकाय (एफबीयूएसएल) • डॉ. एन्टोनी (टोनी) एफबीयूएलएल से ड्रियू असिस्टेंट डीन इंटरनैश्नल • श्री निमय कल्याणी एफबीयूएसएल से अंतर्राष्ट्रीय समन्वयक, दक्षिण एशिया, दी युनिवर्सिटी ऑफ न्यूकैसल, ऑस्ट्रेलिया	26 अगस्त 2019
5	• प्रोफेसर जयने गॉडफ्रे, दी यूनिवर्सिटी ऑफ ऑकलैंड बिज़नैस स्कूल, न्यूज़ीलैंड • प्रोफेसर अननीश चौधरी, अर्थशास्त्र विभाग के प्रधान, दी यूनिवर्सिटी ऑफ ऑकलैंड बिज़नैस स्कूल, न्यूज़ीलैंड • सुई लॉरेंसन, शैक्षणिक कार्यक्रम एवं अंतर्राष्ट्रीय हेतु एसोसिएट डीन, दी युनिवर्सिटी ऑफ ऑकलैंड बिज़नैस स्कूल, न्यूज़ीलैंड • श्री मार्सेलो क्रेडिडियो, अंतर्राष्ट्रीय प्रबंधक, दी युनिवर्सिटी ऑफ ऑकलैंड बिज़नैस स्कूल, न्यूज़ीलैंड	28 अगस्त 2019

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

	नाम	दिनांक
6	• डॉ. सुभो बैनर्जी, परियोजना निदेशक (अनुसंधान), दी ऑस्ट्रेलिया ऐंड न्यूज़ीलैंड स्कूल ऑफ गवर्नमेंट (एएनज़ेडएसओजी) • मे लियाक, वरिष्ठ सलाहकार, सरकारी संबंध, दी ऑस्ट्रेलिया ऐंड न्यूज़ीलैंड स्कूल ऑफ गवर्नमेंट (एएनज़ेडएसओजी) • शिरीन आर्देशिर, वरिष्ठ साझेदार, अध्ययन नेटवर्क्स	19 सितंबर 2019
7	डॉ. लेन जेस्सप-प्रधान, क्लेरमॉन्ट ग्रैजुएट युनिवर्सिटी एवं डॉ. टिम किर्ले-अध्यक्ष, न्यासी मंडल, क्लेरमॉन्ट ग्रैजुएट युनिवर्सिटी	23 अक्तूबर 2019
8	श्री गीर्थ-रॉबरैक्स फ्लैंडर्स बिज़नैस स्कूल, के यू ल्यूवेन से, बैल्जियम	20 नवंबर 2019
9	फियोना ओ सोलिवैन, निदेशक, बाह्य कार्य एवं अंतर्राष्ट्रीय युनिवर्सिटी ऑफ सिड्नी बिज़नैस स्कूल फियोना ओ सोलिवैन, निदेशक, बाह्य कार्य एवं अंतर्राष्ट्रीय युनिवर्सिटी ऑफ सिड्नी बिज़नैस स्कूल चिन्मय पटनायक, डिसिप्लिन के उप प्रधान एवं डिसिप्लिन ऑफ इंटरनैशनल बिज़नैस के वरिष्ठ व्याख्याता, युनिवर्सिटी ऑफ सिड्नी बिज़नैस स्कूल	20 नवंबर 2019
10	प्रोफेसर लियॉन लाउलुशा, शैक्षणिक मामले हेतु उपाध्यक्ष, ईएससीपी, यूरोप प्रोफेसर ज्योति गुप्ता, ईएससीपी, यूरोप	20 जनवरी 2020
11	युनिवर्सिटी ऑफ जेनेवा प्रतिनिधि मंडल का दौरा • श्री सेबैस्टियन हग , सीईओ एवं महावाणिज्य दूत स्विसनैक्स भारत • श्रीमती मैत्री दासगुप्ता, विश्वविद्यालय साझेदारी की प्रधान • डॉ. स्टिफैनी बर्थेट, वाइस रैक्टर, युनिवर्सिटी ऑफ जेनेवा • श्री ओलिवियर विंसेट, अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के प्रधान • श्रीमती ब्रिगिट पेरिन, सतत् शिक्षा हेतु संप्रेषण की प्रधान • श्रीमती क्रिस्टीन काड्डुस, युनिवर्सिटी ऑफ जेनेवा में यूरोपियन युनियन लॉ के प्रोफेसर • श्रीमती जया कृष्णकुमार, युनिवर्सिटी ऑफ जेनेवा में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर • प्रोफेसर जेरोम लेकॉर, विज्ञान के संकाय	27 जनवरी, 2020

	नाम	दिनांक
12	• डॉ. आशीष मलिक, एसोसिएट प्रोफेसर, युनिवर्सिटी ऑफ न्यूकैसेल • डॉ. असित भट्टाचार्या, युनिवर्सिटी ऑफ न्यूकैलेस • श्री निमय कल्याणी, अंतर्राष्ट्रीय समन्वयक-दक्षिण एशिया, न्यूकैसेल बिज़नैस स्कूल, युनिवर्सिटी ऑफ न्यूकैसेल	27 जनवरी, 2020
13	मारिया-यूजेनिया मारिन, अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की महा निदेशक, आईई बिज़नैस स्कूल, स्पेन पेट्रीसिया डी थॉमस अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाओं के निदेशक, आईआई बिज़नैस स्कूल	10 फरवरी, 2020

9.6 अंतर्राष्ट्रीय छात्रों हेतु अतिथि पहल

भाप्रसंबें के भूतपूर्व छात्र संबंध कार्यालय एवं अंतर्राष्ट्रीय मामले के कार्यालय ने 2018 में 'अतिथि' कार्यक्रम का शुभारंभ किया था, जहाँ अंतर्राष्ट्रीय विनिमय छात्रों को भाप्रसंबें में उनके टर्म के दौरान भाप्रसंबें भूतपूर्व छात्र के घर में एक सप्ताहांत हेतु रहने का अवसर प्राप्त हुआ । यह अथाह अनुभव, शिक्षा के संदर्भ में बेहतर समझ और विविध संस्कृतियों के अभिमूल्यन के लिए अपार मूल्य जोड़ता है । इसमें सहभागियों में परिवर्तन लाना, रूढ़िवादियों को तोड़ने और संवेदना का निर्माण करने की शक्ति है । 2019 में इस पहल में तीन छात्रों ने भाग लिया ।

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

10. अवसंरचना

10.1 संपदा कार्यालय

2019-20 में, भाप्रसंबें के संपदा कार्यालय में :

- प्रबंध विकास केंद्र (एमडीसी) के दूसरे तल पर आईआईएमबीएक्स, भाप्रसंबें की डिजिटल शाखा के लिए एक अत्याधुनिक रिकॉर्डिंग स्टूडियो स्थापित किया ।
- कार्यपालक शिक्षा कार्यक्रम (ईईपी) हेतु एमडीसी में चर्चा कक्ष उपलब्ध कराए ।
- बन्नेरघट्टा रोड पर यातायात भीड़ के कारण यातायात गमनागमन को सुगम बनाने के लिए एनएसआरसीईएल के सामने परिसर की दक्षिणी सीमा पर एक अतिरिक्त प्रेवश/निकास द्वार का निर्माण किया गया ।
- एनएसआरसीईएल के सामने दक्षिण द्वार पर पर्यावरण के अनुकूल बांस संरचना के साथ आगंतुक विश्रांतिका और सुरक्षा केबिन के लिए प्रावधान किया गया ।
- छात्रावास ब्लॉकों के निर्माण के अनुकूल बनाने के लिए (विद्युत एवं नलसाज़ी) सेवा लाइनों की दिशा बदली गई ।
- मेट्रो स्टेशन हेतु परिसर की पश्चिमी सीमा पर प्रांगण दीवार का निर्माण किया गया ।
- भू-तल पर संकाय बी एवं सी ब्लॉक एवं प्रथम तल ए ब्लॉक के निकट विश्रांतिका को नवीकृत किया गया ।
- तहखाना, भू-तल और प्रथम तल में पुस्तकालय का नवीकरण का काम पूरा हो चुका है, जिसमें चर्चा क्षेत्र, संकाय प्रकाशन प्रदर्शन के लिए स्थान, वीडियो भित्ति, अध्ययन कक्ष, चर्चा कक्ष, कर्मचारी-कक्ष आदि शामिल हैं ।
- एनएसआरसीईएल में 115 से 169 उद्भवकों की बढ़ी हुई संख्या को समायोजित करने के लिए अवसंरचना को विस्तारित किया गया ।

10.2 छात्रावास

भाप्रसं बेंगलूर छात्रावास जीवन उत्साह से भरा है, जो काम और आराम के बीच छात्रों के लिए एक वातावरण बनाता है, जहाँ वे घंटों तक काम कर सकते हैं । छात्रावास का जीवन सिर्फ घर से दूर मात्र घर नहीं है, बल्कि विभिन्न संस्कृतियों का संगम एवं भिन्न-भिन्न विचारों पर चर्चा का स्थान है, जो सामान्य तौर पर शैक्षणिक, परियोजनाओं, अवस्थापन, वृत्ति विकल्प और सामान्य जीवन पर उत्साहपूर्ण बातचीत का स्थान है ।

10.2.1 अवसंरचनात्मक उत्कृष्टता

ए ब्लॉक से एम ब्लॉक तक नए और पुराने छात्रावास ब्लॉक हैं । जहाँ पुराने छात्रावास ब्लॉक, बैठने और सामूहीकरण के लिए खुले स्थान और गलियारे एक अति ग्राम्य अहसास कराते हैं, वहाँ नए ब्लॉक परिसर कोलाहल से दूर हैं, मगर भाप्रसंबें में जीवन से जुड़े हुए हैं । दोनों छात्रावास ब्लॉक सभी सुविधाओं से सुसज्जित है । पीजीपी छात्रावास के अलावा, पीएचडी छात्रों और लोक नीति छात्रों के लिए छात्रावास हैं, जो हरे-भरे जीवन की प्रशंसोक्ति करने हुए खूबसूरती से अभिकल्पित किया गया है, जिसका भाप्रसंबें प्रतीकत्व करता है ।

कुशल रूप से अभिकल्पित, प्रभावी ईआरपी प्रणाली, जो प्रति छात्र एक मिनट से भी कम में प्रक्रमण हेतु प्रतिवर्तन समय घटाती है, के माध्यम से छात्रों के प्रवेश

करते समय एवं परिसर छोड़ते समय, निर्वाध पारग प्रक्रिया के साथ, भाप्रसं बेंगलूर छात्रावासों ने प्रबंध में नवीकरण हेतु तलचिह्न स्थापित किया है । छात्रों के डेटाबेस की इलैक्ट्रॉनिक संबद्धता हर एक स्तर पर प्रयास दोहराव को कम करते हैं और छात्र रिकार्डों को आपात स्थिति के लिए भी सुलभ रखा रहता है ।

यह नकदीरहित पहलों के अतिरिक्त है, जो कॉलेज और इसकी प्रक्रियाओं को एक साथ लाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि छात्र आसानी से सभी परिसर स्टोरों से सिर्फ अपने पहचान-पत्र से लेनदेन कर सकते हैं । नकदीरहित प्रणाली कॉलेज उत्सवों जैसे उन्माद, एक्सिमियस एवं विस्टा तक विस्तारित हैं, जो परिसर में बाह्य विक्रेताओं को सुविधा देता है । छात्रावास समिति ने परिसर में अन्य क्लबों हेतु लेनदेन को डिजिटल बनाने में सफलतापूर्वक मदद की है, जैसे व्यापारिक एवं खुदरा सोसाइटी, जो छात्रों की दैनिक आवश्यकताओं की आपूर्ति करते हैं ।

डिजिटल पोर्टल-सर्वम के माध्यम से एक सुविधाजनक अनुरक्षण और शिकायत दर्ज करने की प्रणाली को सक्षम करने के साथ नवीकरण की यात्रा जारी है । कुछ घंटों की त्वरित प्रक्रिया समय, साथ ही शिकायत के स्तर को ट्रैक करने के लिए तंत्र और सफाई सेवाओं के लिए सुविधाजनक समय-निर्धारण, छात्रावास में छात्रों के लिए आरामदायक और परेशानीमुक्त रहना सुनिश्चित करता है ।

सफाई और रखरखाव कर्मचारी चौबीस घंटे काम करते हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि विश्व स्तरीय मानकों को बनाए रखते हुए परिसर हमेशा साफ और स्वच्छ है । अपशिष्ट पृथक्करण प्रणाली, जो उत्पत्ति स्थल पर सूखे और गीले अपशिष्ट के पृथक्करण को सुनिश्चित करती है, ये भलीभाँति संपोषित है । रोज फॉगिंग और धूमन के अलावा, छात्रावास एवं मैस में द्विमासिक कीटाणुशोधन किया जाता था । साहस-गैरलाभ संगठन जो भाप्रसंबें में अपशिष्ट प्रबंध एवं पृथक्करण का कार्य करता है द्वारा विशेष प्रयासों के साथ वर्षभर अपशिष्ट प्रबंध प्रयासों को ईमानदारी से किया जाता है ।

10.2.2 नई पहल

भाप्रसंबें के कार्यपालक ब्लॉक उन सभी सुविधाओं से युक्त थे जो छात्रों के छात्रावास में सुसज्जित हैं, और पीएचडी छात्रों को सफलतापूर्वक छात्रावास ब्लॉक से कार्यपालक ब्लॉकों में अवस्थांतर करने में समर्थ बनाया था ।

खाद्य अपव्यय पर नियंत्रण लगाने के लिए भाप्रसंबें के निदेशक के साथ पर्यावरण और स्थिरता क्लब, भाप्रसं बेंगलूर के समर्थन में और अक्षय पात्र के साथ मिलकर शून्य खाद्य अपशिष्ट अभियान शुरू किया गया था ।

यह देखते हुए कि प्रबंध के छात्र तनावपूर्ण एवं नींद से वंचित जीवन जीते हैं और उन्हें विश्राम और आरोग्य लाभ के कुछ साधनों की आवश्यकता होती है, विशेष रूप से छात्रों के विश्राम और ध्यान के लिए, डी-भूतल (छात्रावास) में एक माइंडस्पा बनाया गया है । यह पहल, एनएसआरसीईएल के एक स्टार्ट-अप ज़ैविक द्वारा आरम्भ की गई थी ।

मौजूदा एएस-आईएस प्रणाली को सर्वम में शामिल किया गया, जिसमें छात्र शिकायतों के लिए केवल फीडबैक और स्वतः-समापन तंत्र (ऑटो क्लोशर) था, इसमें एक अतिरिक्त सुविधा - 'क्लीन माई रूम' को शामिल करने के लिए अद्यतन किया गया था, ताकि परिसर में पहले से मौजूद स्वास्थ्यकर माहौल को बढ़ाया जा सके ।

छात्रावास प्रशासन एवं विभिन्न अन्य पणधारियों द्वारा किए गए सालभर के प्रयासों के परिणामस्वरूप हमने

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

आवासियों, मीडिया और साथ ही पुलिस से शून्य शिकायत वर्ष देखा । हमारे प्रतिष्ठित संस्थान के ब्रांड मूल्य के बारे में छात्रों को शिक्षित करने के लिए छात्र परिषद् के प्रयासों के कारण भी, यह संभव हो पाया ।

10.2.3 छात्रावास जीवन के मुख्यांश

उत्सव : सालभर परिसर में अनेक त्यौहार मनाए जाते हैं । छात्र सास्कृतिक समिति द्वारा छात्र एवं उत्सवों के भाग के रूप में प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाती हैं, जो शिक्षक समुदाय को सक्रिय रूप से संबद्ध रखते हैं ।

क्षेत्रीय रात्रिभोज : वर्ष के दौरान 20 से अधिक क्षेत्रीय रात्रिभोज आयोजित किए गए और प्रत्येक रात्रिभोज में विभिन्न राज्यों के व्यंजनों सहित पृष्ठभूमि में बज रहे क्षेत्रीय संगीत के साथ सुसज्जित मैस में पारंपरिक पोशाक पहने हुए छात्रों द्वारा रात्रिभोज परोसा गया । सभी रात्रिभोज में छात्र एवं संकाय विविधता में एकता का जश्न मनाने के लिए एक साथ आए थे ।

भूतपूर्व छात्रों के साथ समय बिताना : भाप्रसंबें का छात्रावास, भूतपूर्व छात्रों को आकर अपनी कहानियाँ साझा करने के लिए हमेशा खुला है । सत्रों में से एक सत्र प्रसन्ना, पीजीपी 2007 का था, जिन्होंने वर्क लाइफ बैलेंस, क्वांट ऑर हाई फाइनेन्स, लाइफ एब्रॉड, आंध्रप्रीनरशिप आदि जैसे विषयों की श्रृंखला समूह पर वार्ता प्रस्तुत की। एक अन्य सत्र waani.io के संस्थापक, मोहित श्रीवास्तवा, पीजीपी 2014 का था । इन अनौपचारिक सत्रों का उद्देश्य भूतपूर्व छात्रों को अपने कॉलेज के दिनों को फिर से निर्वाह करने में मदद करना और कॉलेज के साथ अपनी संबद्धता को मजबूत करना और साथ ही छात्रों को अपने अनुभवों से लाभान्वित करने में मदद करना है ।

जन्म दिन : छात्रावास को, न केवल वरिष्ठों और कनिष्ठों के बीच अन्योन्यक्रिया को बढ़ावा देने के लिए जाना जाता है, बल्कि छात्रावास एवं मैस के आस-पास के विभिन्न स्थानों पर सहपाठियों के रूप में वे एक साथ मिलकर जन्म दिन भी मनाते हैं । चाहे वह एल-स्कॉयर हो या के-ब्लॉक, बारह बजते ही पूरा परिसर समारोह की शुरुआत कर देता है ।

परियोजना की समय सीमा एवं परीक्षा की तैयारी : भाप्रसंबें के छात्रावास में छात्रों के लिए सौहार्द और सौजन्यता की भावना सृजित की जाती है, जो छात्रों को समयबद्ध प्रस्तुती, परियोजना रिपोर्टों, सामूहिक चर्चाएँ, परीक्षा की तैयारी आदि में सक्षम बनाते हैं ।

10.3 पुस्तकालय

भाप्रसंबें का पुस्तकालय मुद्रण एवं डिजिटल संसाधनों का खजाना है । यह उतना ही डिजिटल है जितना यह भौतिक है । इस वर्ष पुस्तकालय के आंतरिक भाग का नवीकरण कार्य पूरा हो गया है और समुदाय की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वाचन एवं अध्ययन क्षेत्र को तराशा गया है । सभी तीनों तलों के आंतरिक भाग को पुनःअभिकल्पित किया गया है और उन्हें कोलाहल पूर्ण, अर्ध कोलाहल पूर्ण और शांत क्षेत्र में क्षेत्रीकृत किया गया है । भू-तल डिजिटल भिति और नेटवर्क संसाधनों की मेजबानी करने वाली साइबर प्रयोगशाला से लैस है, जो पुस्तकालय की भौतिक भावना को सुदृढ़ बनाता है । प्रिंट पुस्तकों के व्यवसाय एवं प्रबंध संग्रह को प्रथम तल पर ले जाया गया है और सभी प्रिंट संसाधन निर्बाध सुलभ्य है । चार चर्चा कक्ष और दो बैठक कक्षों को भी डिज़ाइन किया गया है ।

वस्तुसूची को अब आरएफआईडी प्रौद्योगिकी द्वारा प्रबंधित किया जाता है, जिसके माध्यम से संरक्षक को एक स्व-चेकआउट कियॉस्क प्रदान किया जाता है और संग्रह को पूरी तरह से चिप्स के साथ टैग किया गया है । स्टॉक सत्यापन और

शैल्फ परिशोधन बहुत तेजी से होता है, जिससे कर्मचारी के समय की बचत होती है । तहखाने में एक प्रायोगिक प्रयोगशाला है, जो विशेष प्रशिक्षण आवश्यकताओं की पूर्ति करेगी । उपयोगकर्ता पूछताछ की बेझिझक सहायता हेतु सूचना डैक पर कर्मचारियों और लेनदेन में लगातार वृद्धि हुई है ।

इस वर्ष पुस्तकालय ने सामग्री को आसानी से खोजने और समुदाय के मार्गनिर्देशन में मदद करने के लिए कई संसाधनों और संदर्शिकाओं का प्रकाशन किया है । भारी ई-सामग्री की परिकलित्र संदर्शिका के रूप में हैंड-आउट्स, इलैक्ट्रॉनिक संसाधनों की विस्तृत प्रोफाइल प्रकाशित की जाती हैं । ये संदर्शिकाएँ एक शैक्षणिक पुस्तकालय के परिवर्तन में सहायता करती हैं और सूचना साक्षरता कौशल विकसित करती हैं जिसकी आवश्यकता छात्रों को उनके अध्ययन और अनुसंधान के लिए होती है । पुस्तकालय समुदाय को अद्यतन सामग्री, संसाधनों, सेवाओं और गतिविधियों के बारे में सूचित करने के लिए नए परिग्रहण, बुलेटिन एवं सूचना पत्र भी प्रकाशित करता है ।

डेटाबेस के संग्रह में नए संसाधनों- प्रॉपईक्विटी-पीई प्लस एप्लीकेशन रेसिडेंशियल ऐंड कॉमर्शियल, पिवोट, मूडीस एनालिटिक्स, कैल्कबैंच, डब्लूटीओ आईलाइब्रेरी ऐंड प्रेस डिसप्ले, आईईईई-एएसपीपी+पीओपी संग्रह (183 शीर्षक+125 सम्मेलन) और कुछ विख्यात अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय समाचार पत्र अर्थात् दी केन, ईटी प्राइम, कैज़िन ग्लोबल को जोड़कर सुदृढ़ किया गया है ।

166 नए ई-पुस्तकों को ई-पुस्तक संग्रह में जोड़कर बढ़ाया गया है और वर्तमान में 1900 ई-पुस्तकें एविडेंस बेस्ड एक्विसीशन मॉडल के माध्यम से सुलभ्य हैं । पुस्तकालय ने भारत की जनगणना 2011 के डेटा (लगभग 3 लाख से अधिक आबादी वाले 147 शहर), डिजिटल मैप (यूपी विधानसभा 2007, यूपी संसदीय 2004, उत्तर प्रदेश 2011-ग्राम, पंचायत, ब्लॉक सीमा और विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के साथ-साथ संसदीय क्षेत्र एवं वर्ष 2009, 2013-14 एवं 2018-19 हेतु कर्नाटक राज्य चुनाव डेटा पोलिंग स्टेशन स्तर ने डेटासेट खरीदे ।

स्टर्म उपकरणों के साथ अनुसंधान प्रक्रिया का समर्थन करना से ही प्रयास रहा है और इस वर्ष टाइपसेट एवं रिफवर्क्स के सब्सक्रिप्शन की शुरुआत की गई । टाइपसेट एक प्रकाशन उपकरण है जिसमें सैकड़ों प्रकाशन टेम्प्लेट शामिल हैं, यह साहित्यिक चोरी की जाँच करता है और संदर्भों का उद्धरण देकर मदद करता है । एमएस वर्ड में आरूपित पांडुलिपियों को आसानी से आयातित किया जा सकता है और उपलब्ध टेंप्लेट्स के अनुसार स्वतः आरूपित किया जा सकता है । रिफवर्क्स एक वैबआधारित उद्धरण प्रबंधक है, जो शोध, आयोजन, भंडार उद्धरण एवं ग्रंथ सूची बनाने में किसी की भी मदद करता है । ओपन वैब, गूगल, प्रमुख डेटाबेस प्लेटफार्मों से और सीधे पीडीएफ या ऑफिस डॉक्यूमेंट से सामग्री आयातित या एकत्र करना आसान है ।

अध्ययन और सामुदायिक संबद्धता सुधारने के लिए और आसान सुगम्य सक्षम बनाने के लिए इस वर्ष पुस्तकालय ने विली जर्नल आर्काइव्स (37 शीर्षक), स्प्रिंगर बिज़नैस ऐंड मैनेजमेंट कलैक्शन आर्काइव (55 शीर्षक जोकि खंड एक से 1997 तक सुलभ्य हैं, खरीदे हैं । हमने प्रोक्वेस्ट हिस्टॉरिकल समाचार पत्र वॉल-स्ट्रीट जर्नल आर्काइव्स (1889-2000) एवं टाइम्स ऑफ इंडिया आर्काइव्स (1838-2008) भी अभिगृहीत किए ।

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

संग्रह आशुचित्र

	दस्तावेज	संख्या
1	पुस्तकें	1,60,294
2	ई-पुस्तकें	3,110
3	जिल्दबंद खंड	42,072
4	वर्किंग पेपर	5,530
5	शोध प्रबंध/लघु शोध प्रबंध	1,536
6	परियोजना रिपोर्टें	13,208
7	श्रव्य-दृश्य संसाधन	1,410
8	मुद्रित समाचार पत्र	20
9	ऑनलाइन अंतर्राष्ट्रीय समाचार पत्र	04
10	ऑनलाइन राष्ट्रीय समाचार पत्र	03
11	माइक्रो दस्तावेज	20,019
12	ई-शोध सिंधु एवं पूरक पहुँच सहित सब्सक्राइब्ड पत्रिकाएँ	8,883
13	संरक्षक प्लेटफार्मों पर उपलब्ध जर्नल	12,396
14	इलैक्ट्रॉनिक डेटाबेसिस	99
15	ई-शोध सिंधु एवं एनडीएलआई द्वारा प्रायोजित इलैक्ट्रॉनिक डेटाबेसिस	3
16	पत्रिकाएँ	61
17	मुद्रित पत्रिकाएँ	61
18	भारतीय ऑनलाइन जर्नल	145

पुस्तकालय नियमित एवं अंशकालिक दोनों कार्यक्रम के छात्रों के लिए एक घंटे का अभिमुखीकरण सत्र आयोजित करता है । उपयोगकर्ताओं के साथ संचार के तुल्यकालिक एवं अतुल्यकालिक दोनों चैनलों द्वारा सेवाएँ सक्षम बनाई गई हैं । संदर्भ और सूचना डेस्क विभिन्न डेटाबेस तक पहुँचने में तकनीकी प्रश्नों को हल करने में उपयोगकर्ताओं की सहायता करता है। पुस्तकालय उन छात्रों का भी मार्गदर्शन करता है जो अपनी परियोजनाओं और अन्य अनुसंधान गतिविधियों के लिए संसाधनों की पहचान करने का अनुरोध करते हैं। पारंपरिक सेवाएँ जैसे परिचालन, अंतर पुस्तकालय ऋण, फोटोकॉपी, लेख अनुरोध, इलैक्ट्रॉनिक सामग्री तक पहुँचने पर अभिमुखीकरण अतिरिक्त सेवाओं जैसे कॉपीराइट सहायता, पहुँच, ई-मेल एलर्ट, डेटाबेस के लिए हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण, वैब बुलेटिन, सूचना पत्र, सबसे अधिक पढ़े जाने वाले लेख, सबसे अधिक उपयोग किए जाने वाले डेटाबेस, डेटा पुनः प्राप्ति, संसाधन संदर्शिकाएँ, हैंड-आउट्स एवं संदर्भ सेवा के साथ संपूरित है ।

भाप्रसंबें पुस्तकालय व्यक्तियों, संगठनों, निगमों और शैक्षणिक संस्थानों की सदस्यता आधारित सेवाएँ विस्तारित करता है । वर्तमान में इसमें पुस्तक ग्रहणाधिकार सुविधा के साथ 189 बाह्य सदस्यताएँ हैं और 500 से अधिक शोध विद्वान संग्रह को संदर्भित करने के लिए बिना पुस्तक ग्रहणाधिकार के साथ अल्पकालिक सदस्यता लेते हैं ।

भाप्रसंबें पुस्तकालय, भारत के सभी आईआईएम पुस्तकालयों की एक केंद्रीय सूचीपत्र के विकास पर एक परियोजना की पहल कर रहा है । इस सूचीपत्र का प्राथमिक उद्देश्य आईआईएम पुस्तकालयों के सभी मदों का एक साझा ग्रंथ सूची डेटाबेस होना है जो प्रिंट प्रारूप में उपलब्ध हैं । इस वर्ष 15 आईआईएम ने अपनी भागीदारी की प्रतिबद्धता दर्शाई और बीटा संस्करण का मूल्यांकन पहले ही किया जा चुका है एवं इस वर्ष तक शीघ्र ही इसके शुभारंभ होने की उम्मीद है । केंद्रीय सूचीपत्र न केवल सामग्री/संसाधन के स्थान

को सुगम करेगा बल्कि उपयोगकर्ताओं को समेकित रूप से अंतर पुस्तकालय ऋण अनुरोधों को सक्षम करेगा, सूचीपत्र बनाने के प्रयासों को अनुलिपिकरण को कम करेगा और समग्र रूप से से भारत में सभी व्यवसाय स्कूल पुस्तकालयों हेतु एक संग्रह विकास उपकरण के रूप में योगदान देगा ।

सूचना प्रौद्योगिकी अवसंरचना में शामिल है अत्याधुनिक एकीकृत पुस्तकालय प्रबंध प्रणाली, एकल खोज मंच (एक मंच पर सभी ऑनलाइन सब्सक्राइब्ड की गई सामग्री), सुदूर पहुँच । इस वर्ष गतिविधि कैलेंडर, शिफ्ट ड्यूटी रोस्टर, खोजे जाने योग्य अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न, चर्चा कक्षों, बैठक कक्षों के लिए ऑनलाइन बुकिंग प्रणाली एवं ब्राउज़िंग एवी संसाधनों को शामिल किया गया है ।

पुस्तकालय विश्लेषिकी एवं मैट्रिसीस, समुदाय के लिए विस्तारित पुस्तकालय सेवाओं और संसाधनों के प्रभाव के प्रमाण हैं । इस वर्ष पुस्तकालय ने 3843 ग्राहकों को सेवाएँ उपलब्ध कराईं और 189 बाह्य सदस्यों के लिए पुस्तकालय सेवाएँ विस्तारित कीं । वैबसाइट पर 1.5 लाख से अधिक लोगों ने देखी एवं ई-सामग्री का सुदूर उपयोग 40,000 से अधिक तक पहुँचा एवं विभिन्न जर्नलों से 100,637 लेख डाउनलोड किए गए । आरएफआईडी सक्षम स्वयं-चेकआउट संस्थापित करने के बाद लेन-देन में 68% की वृद्धि हुई है ।

एकल खोज इंजन जो सभी संरचित सब्सक्राइव्ड सामग्री के मेटाडेटा को एकीकृत करता है को, लगभग 1,86,934 खोजों और खोज योग्य अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों में इसकी शुरुआत किए जाने के बाद से 1000 से अधिक बार देखे गए के साथ समुदाय द्वारा बड़े पैमाने पर उपयोग किया जाता है ।

पुस्तकालय कर्मचारी, लगातार बदलती डिजिटल दुनिया में अपने कौशल को बढ़ाने के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण और वेबिनार में भाग लेते हैं । उन्हें कार्यशालाओं में भाग लेने के लिए प्रतिनियुक्त किया गया, व्यवसाय एवं उद्योग संबंधी डेटाबेसिस के लिए नियमित रूप से अभिमुखीकरण प्रदान किया गया ।

10.4 परिसर कंप्यूटर केंद्र

- एडब्लूएस पर क्लाउड आधारित सर्वर प्लैटफॉर्म को प्रवर्तित किया गया; 19 सर्वर पहले से ही अंतरित किए जा चुके हैं ।
- परिसर में सर्वर/स्टोरेज/ वर्चुअलाइज़ेशन प्लैटफॉर्म को रीफ्रेश किया गया ।
- डेटा केंद्र के लिए गैर-आईटी इंफ्रा को फिर से सुधार करने पर विचार किया गया और ऑर्डर दिया गया ।
- सभी तलों पर उनके नवीकृत बैठने की जगह के अधिकांश स्थानों को सम्मिलित करते हुए पुस्तकालय नेटवर्क को 10 जीबी बैकहॉल में बदल दिया गया ।
- संकाय और कर्मचारियों के लिए 100 लैपटॉप नए किए गए ।
- बोर्ड आई नामक, मंडल कक्ष समाधान को लागू किया गया है और बेहतर सामग्री वितरण के लिए मंडल सदस्यों में आईपैड वितरित किए गए हैं ।
- टीसीएल (प्राथमिक लिंक) बैंडविड्थ को, 500 एमबीपीएस की ऊपर सीमा तक बढ़ाया गया है ।
- एसपीएसएस को 26.0 वर्शन में अद्यतन किया गया है ।
- जीएएमएस सॉफ्टवेयर स्थापित किया गया ।

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

- ऑनलाइन बैठकों और कक्षाओं के लिए ज़ूम लाइसेंस अनुकूलित किया गया ।
- अधिकांश पूँजी एवं राजस्व व्यय को पट्टे भाड़े के माध्यम का विकल्प चुना जाता है ।
- अनुबंध के अंत होने पर प्रबंधित प्रिंट सेवा को मैसर्स रिकोह से मैसर्स क्योसेरा में बदला गया ।
- मासंविमं द्वारा सुझाव के अनुसार आईटीआई के तहत् नया ऑनलाइन प्रापण प्लैटफॉर्म प्रस्तुत किया गया ।
- ईएसआर कक्षाकक्ष सरलीकृत श्रव्य-दृश्य इंफ्रा से सुसज्जित था ।
- एक कक्षाकक्ष और एक बैठक कक्ष को वैब कॉन्फरैंसिंग क्षमता के साथ संवर्धित किया गया था ।
- बेहतर वीडियो गुणवत्ता के लिए मंडल कक्ष वीसी को दोहरी टीवी के साथ अद्यतन किया गया ।
- एवी का नवीकरण विचाराधीन है और इसे पीजीपी के अगले शैक्षणिक सत्र से पहले किया जाएगा ।
- सुरक्षा निगरानी और रिकॉर्डिंग के लिए छात्रावास में 29 सीसीटी कैमरे लगाए गए थे ।
- जस्टा ऐप, का परीक्षण किया गया और उचित प्रशिक्षण के साथ बेहतर सुरक्षा के लिए इसे गैट पर लगाया गया है ।
- उपस्थिति मशीनों को चेहरे की पहचान क्षमता, अगर इसे चुना गया, के साथ नया किया गया था ।
- ग्राहक संतुष्टि – 34% के लक्ष्य के मुकाबले 36.72% (4546) के कुल फीडबैक पर (84% के लक्ष्य के मुकाबले) 87% अत्यधिक संतुष्ट उपयोगकर्ता थे ।

11. संप्रेषण

परिदृश्य

भाप्रसं बेंगलूर में संप्रेषण कार्यालय संभावित छात्रों से लेकर भूतपूर्व छात्रों और सरकार से लेकर व्यवसाय तक, विभिन्न पणधारियों के साथ कार्य करता है । अप्रैल 2014 में स्थापित, प्रारम्भ में जन-संपर्क (पीआर) और मीडिया संभालता था, किन्तु 2015 से संकूल हेतु आंतरिक एवं बाह्य संप्रेषण का प्रबंधन कर रहा है । इसका नेतृत्व प्रधान, संप्रेषण कर रही हैं और वर्तमान में इसमें छह सदस्यों का दल है, जिसमें शामिल हैं, एक वीडियोग्राफर, एक फोटोग्राफर, एक ग्राफिक डिज़ाइनर, दो सामग्री लेखक/संपादक और एक परियोजना कार्यपालक ।

11.1 मुख्य गतिविधियाँ

- प्रिंट एवं डिजिटल मंचों और सामाजिक मीडिया पर भाप्रसंबें हेतु संप्रेषण कार्यनीति स्थापित करना ।
- स्कूल की ब्रांड छवि को बढ़ाना और रक्षा करना ।
- भाप्रसंबें की वैबसाइट (www.iimb.ac.in) एवं इसके सामाजिक मीडिया हेंडलस पर सृजन, अद्यतन एवं संग्रह का प्रबंधन करना ।
- मासिक आईआईएमबी डायजैस्ट प्रकाशित एवं वितरित करना, जो स्कूल के शोध, शिक्षण एवं सभी गतिविधियों का प्रदर्शन-मंजूषा करती है ।
- कार्यक्रमों, भूतपूर्व छात्र प्रवर्तक एवं विजेताओं, स्कूल गतिविधियाँ, संकाय शोध, छात्र विजेताओं आदि पर वीडियो सामग्री सृजित एवं संपादित करना ।
- संभावित प्रसिद्धि योग्य शोध, वर्किंग पेपर, पुरस्कारों, उपलब्धियों, शैक्षणिक कार्यक्रम/सम्मेलनों और अन्य संकाय गतिविधियों को पहचानने के लिए भाप्रसंबें के संकाय एवं शोध विद्वानों के साथ कार्य करते हैं ।
- वैश्विक एवं राष्ट्रीय मीडिया, सामाजिक मीडिया, वैब, पत्रिका, ई-समाचारपत्रों एवं अन्य नए और उन्मज्ज संप्रेषण चैनलों हेतु सम्मोहन कहानियाँ विकसित करना ।
- क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और वैश्विक मीडियों को सक्रिय रूप से बातचीत कर मुख्य व्यवसाय एवं प्रबंध शिक्षा संवाददाताओं के साथ संबंध बढ़ाना ।
- पत्रकारों के साथ संकाय, वरिष्ठ नायकत्व विशेषज्ञ और छात्रों से सक्रिय रूप से मेल खाते व्यावसायिक समाचार एवं प्रबंध शिक्षा प्रवृत्ति का परिवीक्षण करना ।
- संपादकों और प्रभावशाली व्यक्तियों के साथ नेटवर्किंग करना ।
- साक्षात्कार, प्रोफाइलों और विशेष कहानियों के लिए संकायाध्यक्षों, संकाय वरिष्ठ नायकत्व, छात्रों, भूतपूर्व छात्रों के साथ फील्ड मीडिया पूछताछ के लिए पत्रकारों को जोड़ना ।
- प्रेस सम्मेलन एवं मीडिया गतिविधियों की योजना बनाना और प्रबंधन करना ।
- मीडिया कवरेज पर नज़र रखते और उल्लिखित चुने हुए मीडिया के साथ भाप्रसंबें वैबसाइट अद्यतन करना ।
- संकट संप्रेषण के लिए तैयारी करना एवं निपटना ।
- संकाय शोध, शिक्षात्मक छात्र अनुभवों और चुनी हुई भूतपूर्व छात्र उपलब्धियों

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

पर आधारित नए प्रिंट एवं वैब सामग्री सृजित करना जो संपूर्ण भाप्रसंबें संप्रेषण परिवेश एवं मंचों से ली जा सकती है ।

- भावी छात्रों, भूतपूर्व छात्रों, मीडिया एवं व्यवसाय समुदाय सहित विभिन्न प्रकार के दर्शकों के लिए अनुभव बढ़ाने हेतु संकाय शोध; सम्मेलन एवं कार्यक्रमों; शोध संस्थान/केंद्र गतिविधि; और अन्य ज्ञान के स्रोत तक पहुँच और प्रबंधन को सुधारना ।
- अनुपालन दस्तावेज जैसे वार्षिक रिपोर्टें, संसदीय समिति रिपोर्टें बनाना और संपादित करना ।
- ऐसी गतिविधियों के लिए निविदाओं और विक्रेताओं का प्रबंधन करना जो संप्रेषण की सहायता करती हैं जैसे, वैबसाइट विकास, पीआर, वीडियोग्राफी, डिज़ाइन एवं प्रिंट और फोटोग्राफिक सामग्री का संग्रह करना आदि ।
- केंद्रों, गतिविधियों, कार्यक्रमों आदि हेतु विवरणिकाओं, संकाय प्रोफाइल पुस्तकों, ई-मेलर्स, फ्लायर्स स्कूल का सृजन एवं संपादन करना ।
- एक साप्ताहिक ई-सूचना पत्र एवं मासिक ई-न्यूज़ डाइजैस्ट का सृजन, व्यवस्थित करना एवं संपादन करना ।
- ब्रांड प्रबंध पर विभिन्न केंद्रों और कार्यालयों के साथ कार्य करना तथा साझेदार स्कूलों/संगठनों/अभिकरणों के साथ बाह्य संप्रेषण पर अभियान चलाने हेतु दिशानिर्देश स्थापित करना ।
- छात्रों और अन्य केंद्रों के प्रबंधकों हेतु संप्रेषण एवं पीआर पर कार्यशालाएँ आयोजित करना ।
- निदेशक के लिए स्कूल पर प्रस्तुतीकरण तैयार करना ।
- स्कूल के आगंतुकों के लिए स्कूल पर प्रस्तुतीकरण तैयार करना ।
- जब भी आवश्यकता होती है, राष्ट्रीय एवं वैश्विक मीडिया में कार्यक्रमों, संकाय भर्ती आदि के लिए विज्ञापन देने हेतु एजेंसियों से संपर्क करना ।
- नए आईआईएम जैसे आईआईएम नागपुर, आईआईएम विशाखपट्णम एवं आईआईएम उदयपुर में मुख्य गतिविधियों जैसे दीक्षांत समारोह में मदद करना और संप्रेषण कार्यालयों को परामर्श देना ।
- आईआईएम अहमदाबाद एवं आईआईएम कलकत्ता के साथ सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान करना ।
- सीएटी (सामान्य प्रवेश परीक्षा) कार्यालय के साथ विज्ञापन जारी करने, सीएटी वैबसाइट हेतु सामग्री तैयार करने और सीएटी परीक्षाओं के दौरान पीआर संभालने के लिए कार्य करना ।

11.2 उपलब्धियाँ

11.2.1 2019-20 में जन-संपर्क (पीआर)/ मीडिया पहुँच

प्रदेय	उपलब्ध किया
प्रेस प्रकाशनी	458
साक्षात्कार/मीडिया बैठकें	108
उद्योग कहानियाँ	116
मुद्रक पंक्ति लेख	97
समर्थित गतिविधियाँ	68

11.2.2 सोशियल मीडिया

2019-20 में

- लिंक्डिन : 2019 में हमारे 110252 फॉलोअर्स से अब 204730 फॉलोअर्स तक पहुँच गए हैं । इसमें 94478 (+86%) की वृद्धि हुई ।

- यूट्यूब : 2019 में हमारे 16430 फॉलोअर्स से अब 56488 फॉलोअर्स तक पहुँच गए हैं । इसमें 40058 (+244%) की वृद्धि हुई ।
- फेसबुक : 2019 में हमारे 24250 फॉलोअर्स से, बिना संगठित विपणन के 32383 फॉलोअर्स पहुँच गए हैं । इसमें 8133 (+34%) की वृद्धि हुई । पिछले वर्ष हमने लिंक्डिन, ट्विटर और यूट्यूब पर ध्यान केंद्रित किया था ।
- हमने 2018 में स्कूल के ट्विटर और इंस्टाग्राम एकाउंट का शुभारंभ किया और इस पर क्रमशः 3135 एवं 6588 फॉलोअर्स हैं ।
- हमने 2018 में शुभारम्भ किए गए हमारे ब्लॉग के लगभग 6377 सब्सक्राइबर हैं ।
- गतिविधि प्रचार : भाप्रसंबें के हमारे एफबी पृष्ठ के माध्यम से कुल 27 (खुली) गतिविधियों का प्रचार किया है, जिसके द्वारा 2400 टिकट क्लिक्स सहित 101400 एवं 3800 गतिविधि प्रतिक्रियाओं की पहुँच अर्जित की गई ।

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

12. भूतपूर्व छात्र संबंध

परिदृश्य

भूतपूर्व छात्र कार्यालय, भाप्रसंबें के साथ भूतपूर्व छात्रों की संबद्धता को बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से काम करता है, जो उन्हें नेटवर्क करने, संबंध रखने और संस्थान के साथ-साथ एक दूसरे के साथ अपने संबंधों को गहरा करने के लिए मंच प्रदान करता है । भूतपूर्व छात्र कार्यालय, अवसरों को सृजित करता और पहचानता है जो भूतपूर्व छात्रों और संस्थान को आपसी मूल्य प्रदान कर सकते हैं और साथ ही ये भूतपूर्व छात्र संघ की पहलों का समर्थन करता है । कार्यालय के मार्गदर्शी सिद्धांतों को इसके प्रचार वाक्य, 'संबद्धता, उत्साहित और संवर्धन' में सारांशित किया गया है । 2019-20 के दौरान कार्यालय द्वारा की गई कुछ महत्वपूर्ण गतिविधियाँ थीं :

12.1 संबद्धता

वैबसाइट

भूतपूर्व छात्र कार्यालय 22000 से अधिक भूतपूर्व छात्रों के ऑनलाइन डेटाबेस का अनुरक्षण करता है, भूतपूर्व छात्र संघ की वैबसाइट के अनुरक्षण एवं प्रबंधन में मदद करता है और उद्यमवृत्ति, वृत्ति, व्यावसायिक कौशल, नौकरियों, चर्चाओं और वापस देना पहल, जैसे विभिन्न क्षेत्रों में विचार एवं अनुभवों को साझा करने के लिए भूतपूर्व छात्रों हेतु ऑनलाइन मंच उपलब्ध कराता है । भूतपूर्व छात्रों को एक मोबाइल एप्प भी प्रस्तुत किया गया है जो आईओएस एवं एन्डरॉयड से सुसंगत (कम्पैटिबल) है ।

सोशियल मीडिया

भूतपूर्व छात्र कार्यालय विभिन्न व्यावसायिक और व्यक्तिगत सोशियल मीडिया समूहों जैसे लिंक्डिन, फेसबुक, यूट्यूब एवं ट्विटर पर सक्रिय है, जहाँ 8000 से अधिक भूतपूर्व छात्र, संस्थान से नियमित अद्यतन सूचना प्राप्त करते हैं और भूतपूर्व छात्र नेटवर्क के साथ रुचिकर व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक विकास का समाचार का आदान-प्रदान करते हैं ।

सैटरडे म्युज़िग्स

यह भाप्रसंबें प्रेक्षागृह में नियमित रूप से आयोजित एक ऑफलाइन पहल है, जो भूतपूर्व छात्र, संकाय, उद्योग के विशेषज्ञ और छात्रों को जोड़ने के लिए मंच उपलब्ध कराती है ।

इस वर्ष निम्नलिखित विषयों पर तीन सैटरडे म्युसिंग्स सत्र आयोजित किए गए :

- पेरैंटिंग चैलेंजिस इन दी 21स्ट सेंचुरी
- मिड लाइफ चैलेंजिस-बैलेंसिंग पर्सनल प्रोफेश्नल लाइव्स
- हाऊ टु क्रिएट यॉर पर्सनल ब्रांड

सत्रों की वीडियो रिकॉर्डिंग भाप्रसंबें भूतपूर्व छात्र कार्यालय यूट्यूब चैनल पर अपलोड की जाती है । कुल 362 भूतपूर्व छात्रों ने इन सत्रों में भाग लिया । नायकत्व पदों के सात भूतपूर्व छात्रों ने नामिका चर्चाओं में भाग लिया ।

वेबिनार

कार्यालय ने निम्नलिखित विषयों पर छह वेबिनार आयोजित किए :

- हैक यॉर टू कॉलिंग यूज़िंग दी 'डिज़ाइन यॉर लाइफ' टूलकिट
- एवरीथिंग यू वॉन्टेड टु नो एबाउट एक्सिक्युटिव कोचिंग
- चाइना युनिकॉर्न्स 'दी सागा ऑफ राइज़'
- बफेलो काउबर्ड मॉडल फॉर

सक्सेसफुल सोशियल आंथ्रप्रीनरशिप

- साइबर सेक्योरिटी ऐंड यू-ए प्राइमर
- कोरोनावायरस इंपैक्ट ऑन पीपल ऐंड इकोनॉमीज़

कुल 347 सहभागियों ने इन वेबिनारों में भाग लिया । सभी वेबिनारों को रिकॉर्ड कर यूट्यूब पर अपलोड किया गया ।

एलस्क्वायर-ई-समाचारपत्र

एलस्क्वायर एक मासिक ई-सूचनापत्र है, जो प्रत्येक माह के पहले सप्ताह में जारी की जाती है । एलस्क्वायर वैबसाइट को भूतपूर्व छात्र कार्यालय के दल द्वारा पुनः अभिकल्पित किया गया है । एक अंतर्वस्तु विकासकर्ता को नौकरी पर रखने के कारण पिछले छह महीनों में अंतर्वस्तु में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है और कार्यालय को नई वैबसाइट की अभिकल्पना और अंतर्वस्तु पर भूतपूर्व छात्रों से सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है । भूतपूर्व छात्र और छात्र समुदाय से सहभागिता में बढ़ोत्तरी हुई है । इस सूचना पत्र में कई खंड होते हैं जिसमें भाप्रसंबें परिसर में छात्रों के कार्यक्रम, सम्मेलन, सेमिनार, भूतपूर्व छात्रों की उपलब्धियाँ, पुनर्मिलन, भूतपूर्व छात्र लेखक, भूतपूर्व छात्र उद्यम आदि शामिल किए जाते हैं । भूतपूर्व छात्र कार्यालय इस वित्तीय वर्ष के दौरान ई-सूचना पत्र के 12 संस्करण जारी किए ।

12.2 उत्साहित

प्रवेश साक्षात्कार

पीजीपी, ईपीजीपी एवं पीजीपीईएम के छात्रों का चयन करने के लिए कुल 155 भूतपूर्व छात्रों ने नामिका सदस्य के रूप में भाग लिया । प्रत्येक साक्षात्कार नामिका में संकाय और भूतपूर्व छात्र सदस्यों का संयोजन था । भूतपूर्व छात्र इस प्रक्रिया में व्यवसायियों का परिप्रेक्ष्य प्रस्तुत करके इस प्रक्रिया में योगदान देते हैं और संस्थान के प्रभावी एम्बेसडर्स की भूमिका निभाते हैं । संस्थान के भूतपूर्व छात्रों ने भाप्रसं नागपुर की प्रवेश प्रक्रिया में भी भाग लिया ।

अनुस्मरण

अनुस्मरण एक ध्वजपोत वार्षिक भूतपूर्व छात्र सम्मिलन है, जो भूतपूर्व छात्र संबद्धता को सुदृढ़ करने, पुराने दोस्तों को मिलने, नेटवर्क एवं भाप्रसंबें भूतपूर्व छात्र समुदाय का हिस्सा होने की भावना को सम्मानित करने के लिए भाप्रसंबें भूतपूर्व छात्र संघ के विभिन्न अध्यायों द्वारा आयोजित किया जाता है । अनुस्मरण का उद्देश्य अपने बैचों और कार्यक्रमों पर ध्यान दिए बिना भाप्रसंबें के भूतपूर्व छात्रों को एक साथ लाना है । वर्ष 2019 में अनुस्मरण मई और अप्रैल माह में आयोजित किया गया । लगभग 800 भूतपूर्व छात्रों ने हैदराबाद, मुंबई, पुणे, दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता, दुबई, न्यूयॉर्क, सेन फ्रांसिस्को, लंदन, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया, हाँग-काँग एवं स्टॉकहोम शहरों में भाग लिया ।

वर्ष 2020 में, अनुस्मरण फरवरी के माह में आयोजित किया गया। कुल 395 भूतपूर्व छात्रों ने हैदराबाद, दिल्ली, पुणे, मुंबई एवं सिडनी में अनुस्मरण में भाग लिया ।

लघु समूह भूतपूर्व छात्र सम्मिलन

भूतपूर्व छात्रों के साथ निकट संबद्धता हेतु कार्यनीति के भाग के रूप में भूतपूर्व छात्र कार्यालय ने विभिन्न शहरों में प्रत्येक के साथ और लघु समूह भूतपूर्व छात्र बैठकों की शुरुआत की । कोलकाता, मुंबई, अहमदाबाद एवं चेन्नई में भूतपूर्व छात्रों के साथ बैठकों की श्रृंखला आयोजित की गई । प्रोफेसर के कुमार, संकायाध्यक्ष, भूतपूर्व छात्र संबंध एवं विकास, श्री पार्थसारथी, प्रधान, भूतपूर्व छात्र संबंध एवं श्री सुरेश, प्रधान, विकास ने हमारे परिचालनों के परिवर्तित संदर्भों, (आईआईएमबी बिल, विशन एवं मिशन) भाप्रसंबें में वर्तमान

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

स्थिति, भविष्य एवं वापस देना विकल्पों पर भूतपूर्व छात्रों के लघु समूहों के साथ अन्योन्यक्रिया करने एवं अद्यतन जानकारी देने के लिए इन शहरों की यात्रा की । वापस देने के विचार पर सकारात्मक प्रक्रिया प्राप्त हुई और भूतपूर्व छात्रों ने संदेश को बैच के साथियों और अन्य भूतपूर्व छात्रों के साथ साझा करने की प्रतिज्ञा की ।

- अहमदाबाद : 30 अगस्त, 2019 एवं 04 फरवरी, 2020
- पुणे : 20-21 सितंबर, 2019
- कोलकाता : 19 अक्तूबर, 2019
- मुम्बई : 05-06 नवंबर, 2019
- चेन्नई : 28 जनवरी, 2020

11 अगस्त, 2019 को बॉस्टन, यूएसए के निदेशक के साथ भूतपूर्व छात्र बैठक भी आयोजित की गई ।

पुनर्मिलन

1989, 1984, 1990, 1994, 1999, 2004 एवं 2009 के पीजीपी बैचों ने अपना 30वाँ, 35वाँ, 30वाँ, 25वाँ, 20वाँ, 15वाँ और 10वाँ वर्ष पुनर्मिलन मनाने के लिए परिसर में आगमन किया । अन्य कार्यक्रमों के लिए भी पुनर्मिलन आयोजित किए गए ।

- 19-21 अप्रैल, 2019 को 1989 का पीजीपी बैच
- 24 नवंबर, 2019 को 1990 का पीजीपी बैच
- 13-15 दिसंबर, 2019 को 2004 का पीजीपी बैच
- 20-22 दिसंबर, 2019 को 1994 का पीजीपी बैच
- 25-27 दिसंबर, 2019 को 1999 का पीजीपी बैच
- 27-29 दिसंबर, 2019 को 1984 का पीजीपी बैच
- 28-30 दिसंबर, 2019 को 2009 का पीजीपी बैच
- 30 दिसंबर, 2019 को एफपीएम भूतपूर्व छात्र पुनर्मिलन
- इंडिया इंटरनैशनल सेंटर, नई दिल्ली में 17 जनवरी, 2020 को पीजीपीपीएम भूतपूर्व छात्र सम्मिलन आयोजित किया गया ।
- 01 मार्च, 2020 को पीजीपीईएम भूतपूर्व छात्र सम्मिलन आयोजित किया गया ।

12.3 संवर्धन

विशिष्ट भूतपूर्व छात्र एवार्ड (डीएए)

विशिष्ट भूतपूर्व छात्र एवार्ड (डीएए) प्रसिद्ध भूतपूर्व छात्रों को पहचानता और सम्मानित करता है । यह सम्मान उद्योग, शिक्षा जगत एवं समाज में महत्वपूर्ण व्यावसायिक उत्कृष्टता और योगदान देने के लिए दिया जाता है ।

विशिष्ट भूतपूर्व छात्र एवार्ड 2020 के प्राप्तकर्ता थे :

- ध्रुव दीपक सक्सेना, पीजीपी 1975-77
- कुसुम अइलावाड़ी, पीजीपी 1982-84
- संगीत पॉल चौधरी, पीजीपी 2004-06

नई पहल

- **भूतपूर्व छात्रों के बच्चों के लिए ग्रीष्म कार्यक्रम** : भाप्रसंबें भूतपूर्व छात्र कार्यालय ने 21 और 24 मई, 2019 के बीच किशोरों (14-17 वर्ष की आयु वालों) के लिए साढ़े चार दिन का आवासीय ग्रीष्म कार्यक्रम आयोजित किया । इस कार्यक्रम में 14.80 वर्ष (9-12 कक्षा के) औसत आयु के 23 सहभागियों ने भाग लिया । इसमें दुबई, दिल्ली, मुंबई,

त्रिवेंद्रम, हैदराबाद, बेंगलूरु और चेन्नई – सात शहरों से 13 लड़कियों और 10 लड़कों ने भाग लिया ।

- **पीजीपीईएम भूतपूर्व छात्रों हेतु ग्रैविटास** : भूतपूर्व छात्र कार्यालय ने पिछले चार वर्षों (2016-2019) में स्नातक हुए पीजीपीईएम भूतपूर्व छात्रों के लिए वृत्ति सलाह, योजना, नायकत्व एवं मेंटॉरिंग (परामर्श) पर एक कार्यक्रम "ग्रैविटास" का शुभारंभ 22 जून, 2019 को किया ।

परामर्श मार्गदर्शक थे :

» संजया कुमार गुप्ता, पीजीपी 1992, निदेशक-स्पैक्ट्रम कंसल्टैंट्स (मानव संसाधन एवं भर्ती)

» कल्पना रंगमणि, पीजीपी 1996, बिज़नैस प्रधान-टाइटन फ्रेगरेंस

» श्रीधर पार्थसारथी, पीजीएसईएम 2006, निदेशक-लास्ट माइल कंसल्टैंसी

» अरविंद साइनाथ, पीजीपीईएम 2008, प्रधान विपणन विश्लेषिकी, डियाजियो इंडिया

- **स्कूल वापसी :** स्कूल वापसी, भूतपूर्व छात्रों हेतु सतत् अधिगम पर लक्षित एक पहल थी । यह वरिष्ठ भूतपूर्व छात्रों को अद्यतन प्रबंध विचार एवं शोध पर गति प्राप्त करने में मदद करने के लिए सत्रों हेतु वरिष्ठ भूतपूर्व छात्रों के अनुरोधों पर आधारित था । यह पहल केवल पाँच डिग्री-प्रदत्त कार्यक्रमों के भूतपूर्व छात्रों के लिए उपलब्ध की गई थी ।

पीजीपी अभिमुखीकरण 2019

1994 पीजीपी बैच के भूतपूर्व छात्र अमित शर्मा, ग्लोबल सीओओ, आईबीएम, जीबीएस, पीजीपी अभिमुखीकरण उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि थे । पीजीपी 2019 अभिकरण सप्ताह के भाग के रूप में 15 जून, 2019 को भूतपूर्व छात्र कार्यालय द्वारा छात्रों के साथ अन्योन्यक्रिया के लिए 16 भूतपूर्व छात्रों को आमंत्रित किया गया ।

अतिथि

अतिथि, भूतपूर्व कार्यालय एवं अंतर्राष्ट्रीय मामले के कार्यालय द्वारा आयोजित एक पहल है, जो आवक विदेशी विनिमय छात्रों को भारतीय जीवन पद्धति का अनुभव प्रदान करती है । विनिमय छात्रों को भूतपूर्व छात्रों के गृह में एक सप्ताहांत व्यतीत करने का अवसर प्राप्त होता है । यह पहल का दूसरा वर्ष है और यह बेंगलूर में बसे भूतपूर्व छात्रों के लिए उपलब्ध थी । इस गतिविधि में भाग लेने के लिए वर्ष 2019 हेतु 34 छात्रों ने पंजीकरण किया था और 24 भूतपूर्व छात्र एवं छात्रों के लिए व्यवस्था की गई थी ।

भूतपूर्व छात्रों से दान

अप्रैल 2019-मार्च 2020 की अवधि हेतु भूतपूर्व छात्रों से कुल रुपए 1.83 करोड़ प्राप्त हुए ।

1998 की कक्षा छात्रवृत्ति

एफपीएम भूतपूर्व छात्रों के साथ पीजीपी 1998 के बैच ने अपने 20वें वर्ष के पुनर्मिलन समारोह के दौरान अपने कॉलेज को वापस देने के भाग के रूप में भाप्रसंबें को रु. 30 लाख का दान दिया ।

बैच ने '1998 की कक्षा छात्रवृत्ति' संस्थापित की जो प्रवेश प्राप्त पीजीपी छात्रों को छात्रवृत्तियाँ उपलब्ध कराएगी । पीजीपी 1998 बैच की ओर से जी वी अरुण श्रीराम और विवेक श्रीनिवासन ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए । भाप्रसंबें से प्रोफेसर जी. सबरीनाथन एवं प्रोफेसर के कुमार भी उपस्थित थे ।

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

छात्र आपात-चिकित्सा निधि

भूतपूर्व छात्र कार्यालय ने एक पीजीपी 2018-2020 छात्र के उसके गुर्दा प्रत्यारोपण के लिए किए गए खर्चों हेतु सहायता करने के लिए धन जुटाने हेतु 15 मई, 2019 को एक अभियान चलाया । इस कार्य के लिए भूतपूर्व छात्रों से कुल रु. 27.34 लाख प्राप्त हुए ।

आईआईएमबीएए कार्यक्रम :

- **आईआईएमबीयूई-आईआईएमबीएए नायकत्व शिखर सम्मेलन**

  आईआईएमबीयूई विचार-प्रेरक चर्चाएँ, मनोरंजन और बीते वक्त की यादों का एक वार्षिक कार्यक्रम है, जो विश्वभर के अग्रणी विचार नेताओं और व्यवसायियों को आकर्षित करता है । आईआईएमबीयूई शायद एशिया में किसी भी बी-स्कूल के भूतपूर्व छात्रों द्वारा आयोजित सबसे बड़ा ऐसा कार्यक्रम है । आईआईएमबीयूई के चौथे संस्करण की मेजबानी 26-27 जुलाई, 2019 को ताज बेंगलूर में की गई । इसका विषय 'बी दी चेंज' था । यह कार्यक्रम भाप्रसंबें के भूतपूर्व छात्रों के लिए आयोजित किया जाता है और हर वर्ष इस विशाल समारोह के लिए विश्वभर से 1000 से अधिक भूतपूर्व छात्र एकत्रित होते हैं ।

  इस सत्र के दौरान भूतपूर्व छात्र निकाय द्वारा भाप्रसंबें बागवानी दल, भूतपूर्व संकाय सदस्य प्रोफेसर प्रसन्न चंद्रा एवं प्रोफेसर के कुमार (संकायाध्यक्ष, भूतपूर्व छात्र संबंध एवं विकास) को सम्मानित किया गया ।

- **मुख्य कार्यपालक अधिकारी (मुकाअ) सम्मेलन 2019**

  भाप्रसं बेंगलूर भूतपूर्व छात्र संघ (आईआईएमबीएए) ने भाप्रसंबें परिसर में 28 सितंबर को 'मुकाअ सम्मेलन 2019' की मेजबानी की । इस समारोह में विभिन्न उद्योगों के सीएक्सओ स्तर के वक्ताओं ने भाग लिया । कुछ भूतपूर्व छात्र वक्ता थे :

  - » विपुल पारिख, पीजीपी 88, सह-संपादक, बिगबास्केट
  - » कार्ति मार्शन, पीजीपी 93, सीएमपी, कोटक महिंद्रा
  - » पीसी मुस्तफ़ा, पीजीएसईएम 2007, मुकाअ एवं सह-संस्थापक, आईडी फूड्स
  - » आशीष वोहरा, पीजीपी 1993, मुकाअ, रिलायंस निप्पॉन इंश्योरेंस
  - » सिबिकेन मैथ्यू, पीजीपीपीएम 2006, आयुक्त, आयकर विभाग
  - » रमाशंकर पाण्डेय, ईजीएमपी 2005, प्रबंध निदेशक एवं निदेशक, हेला इंडिया लिमिटेड
  - » श्रेया प्रकाश, पीजीपी 2008, सह-संस्थापक, फ्लेक्सीबीस

- **ईजीएमपी वार्षिक शिखर सम्मेलन**

  कार्यपालक सामान्य प्रबंध कार्यक्रम (ईजीएमपी) के भूतपूर्व छात्रों ने आईआईएमबीएए के सहयोग से और भूतपूर्व छात्र संबंध कार्यालय के समर्थन से 16 नवंबर, 2019 को भाप्रसंबें में ईजीएमपी वार्षिक शिखर सम्मेलन का आयोजन किया । ईजीएमपी शिखर सम्मेलन का आयोजन कार्यक्रम के यशस्वी भूतपूर्व छात्रों की उपलब्धियों को पहचानने एवं सम्मानित करने के लिए किया गया, जिन्होंने अपने संबंधित क्षेत्रों में प्रभाव उत्पन्न किया है । उन्हें '50 ईजीएमपी स्टार्स' के रूप में अभिस्वीकृत किया गया । नामांकनों एवं पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं का लघुसूचीयन हेतु

आमंत्रण ईजीएमपी भूतपूर्व छात्रों द्वारा किया गया । इस समारोह में नामिका चर्चा और कक्षा-में-वापसी सत्र शामिल थे ।

- **भाप्रसंबें दौड़ (उद्देश्य के लिए दौड़)**

05 जनवरी, 2020 को भाप्रसं बेंगलूर में छात्र खेल परिषद्, छात्र भूतपूर्व छात्र समिति एवं विकासना के साथ आईआईएमबीएए के बेंगलूर अध्याय द्वारा मेराथॉन का आयोजन किया गया था । भाप्रसंबें दौड़ का आयोजन सभी के लिए एक स्वस्थ्य जीवन शैली को बढ़ावा देने और सामाजिक कारणों के लिए धन जुटाने के लिए किया गया था । इस दौड़ ने वंचित बच्चों का समर्थन किया और श्री रमण महाऋषि ऐकेडमी फॉर दी ब्लाइंड, इंडियन कैंसर सोसाइटी एवं बीओएससीओ हेतु धन जुटाया ।

भाप्रसंबें दौड़ में तीन दौड़ें शामिल थीं – 5के, 10के एवं 16के । दौड़ में छात्रों, संकायों एवं सामान्य जनता ने भाग लिया़ ।

- **एसईई (सामाजिक उद्यमी एवं उद्यम)** : एसईई, आईआईटी कानपुर के भूतपूर्व छात्र संघ की एक पहल है और यह आईआईएमबीएए एवं अन्य आईआईटी एवं भाप्रसं भूतपूर्व छात्र संघों द्वारा समर्थित है । 12 अक्तूबर, 2019 को आयोजित इस कार्यक्रम का विषय 'डीकोडिंग फंडिंग एवं एम्प्लीफाइंग इंपैक्ट' था । इस सम्मेलन में सामाजिक क्षेत्र में निवेश परिदृश्य पर ध्यान केंद्रित किया गया और विभिन्न प्रभाव निवेशकों, सीएसआर निधि प्रतिनिधियों, सरकारी अधिकारियों और सामाजिक उद्यमियों को एक मंच पर सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक साथ लाया ।

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

13. विकास कार्यालय

परिदृश्य

भाप्रसंबें में विभिन्न विकासात्मक पहलों हेतु निधि जुटाने के लिए अप्रैल 2019 में विकास कार्यालय (ओडी) की स्थापना की गई थी। संस्थान के लिए निधि जुटाने और साझेदारी निर्माण के आधार पर विभाग की परिकल्पना की गई थी। विकास कार्यालय दृढ़ता से मानता है कि शैक्षणिक एवं उद्योग साझेदारी विकास के लिए दृढ़ साधक है। विकास कार्यालय व्यापक रूप से विभिन्न निकायों-भाप्रसंबें, भूतपूर्व छात्रों, निगमित संगठनों, सरकार और समाज के बीच अन्योन्यक्रिया के लिए मंच के रूप में उपस्थित है। कार्यालय का उद्देश्य संस्थान के सभी पहलुओं को एकीकृत करना और अन्योन्यक्रिया के लिए मजबूत नेटवर्क बनाना है।

वित्तीय वर्ष 2019-2020 विकास कार्यालय के लिए अति सफल और महत्वपूर्ण रहा है।

- भाप्रसंबें परिसर में स्थापना दिवस (28 अक्तूबर, 2019) पर भूतपूर्व छात्र दाताओं, कॉर्पोरेट दाताओं और विशिष्ट भूतपूर्व छात्र पुरस्कार विजेताओं के लिए, पहली बार अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया।
- भूतपूर्व छात्र संबंध एवं विकास कार्यालय पर पहली वार्षिक रिपोर्ट (लगभग 100 पृष्ठ) का विमोचन किया गया जो दोनों कार्यों की व्यापक गतिविधियों का वर्णन करती है।
- अप्रैल 2019-मार्च 2020 के दौरान कुल रुपए 16.65 करोड़ की निधि जुटाई गई, जो कि पूर्व वित्तीय वर्ष 2018-19 में जुटाई गई निधि से 250% अधिक है।

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान जुटाई गई निधियाँ :

दाता	प्राप्त निधि (रुपए करोड़ों में)
भूतपूर्व छात्र दाता	1.88
कॉर्पोरेट दाता	14.77
कुल राशि	16.65

भूतपूर्व छात्रों ने व्यक्तिगत एवं बैच के रूप में रु. 1.88 करोड़ का योगदान दिया। उन्होंने एक जरूरतमंद छात्र को चिकित्सा सहायता और पीजीपीईएम स्वर्ण पदक विजेता एवं श्रेष्ठ सर्वोतमुखी के लिए संपन्न छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए यह योगदान दिया है।

कंपनी उद्यमों से योगदान पीजीपी हेतु छात्रवृत्तियाँ संस्थापित करने, एनएसआर पूर्व-वाचस्पति एवं वाचस्पति छात्रों के लिए छात्रवृत्ति, उत्कृष्टता केंद्र हेतु नामकरण अधिकार, एनएसआरसीईएल के माध्यम से फिनटेक क्षेत्र में स्टार्ट-अप्स एवं सामाजिक उपक्रमों के लिए और एनएसआरसीईएल के माध्यम से प्रत्यक्ष अनुदान के लिए किया गया।

कंपनी संगठनों से उल्लेखनीय प्राप्त योगदान निम्नलिखित हैं :

- भारत-जापान अध्ययन केंद्र हेतु नामकरण अधिकार के लिए मिज़ुहो बैंक से रुपए 7 करोड़
- सामाजिक उद्यमों को प्रत्येक अनुदान के रूप में बीपीसीएल से रुपए 2.40 करोड़
- फिनटेक स्टार्ट-अप्स के लिए, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज़ लिमिटेड से रुपए 2.16 करोड़

- सामाजिक उद्यम स्टार्ट-अप्स के लिए, कैपजेमिनी से रुपए 1.36 करोड़
- तीन पीजीपी छात्रवृत्तियों और दो वाचस्पति छात्रवृत्तयों के लिए, मीराए एसेट फाउंडेशन से रुपए 27 लाख
- भारत-जापान अध्ययन केंद्र की गतिविधियों के लिए, तोशिबा सॉफ्टवेयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से रुपए 10 लाख
- एनएसआर पूर्व-वाचस्पति छात्रवृत्ति के लिए टाटा कैमिकल्स एवं विप्रो फाउंडेशन से प्रत्येक रुपए 6 लाख

आंतरिक नीति के अनुरूप, विकास कार्यालय को, उचित परिश्रम कर यह पता लगाने का कार्य भी सौंपा गया, कि योगदान स्वीकार करने और दाताओं के साथ संबंध बनाने से संस्थान की प्रतिष्ठा को कोई संभावित जोखिम तो नहीं है ।

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

14. नीति एवं पहल

14.1 दिव्यांग छात्रों के लिए नीति विवरण

भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर (भाप्रसंबें) उन सभी बाधाओं को दूर करने का प्रयास करता है, जो दिव्यांग छात्रों को अपनी क्षमता का एहसास करने में बाधा डालते हैं । इस नीति का उद्देश्य सभी छात्रों के लिए 'समान अवसर' प्रदान करना है और आवश्यक सहायता भी प्रदान कराना है, जो उन्हें संस्थान में रहते हुए यथासंभव स्वतंत्र रूप से जीवन व्यतीत करने में मदद कर सकता है ।

भाप्रसंबें दिव्यांग छात्रों द्वारा सुलभ्यता में झेली जा रही सभी बाधाओं को दूर करने के लिए एक समयबद्ध कार्यक्रम हेतु प्रतिबद्ध है । सुलभ्यता में शामिल है, लेकिन यह इस तक सीमित नहीं है :

- छात्रों द्वारा प्रयुक्त परिसर के सभी क्षेत्रों में दैहिक सुलभ्यता
- जहाँ भी आवश्यक हो, उचित प्रौद्योगिकी का उपयोग करके शिक्षण और संदर्भ सामग्री तक सुलभ्यता
- डब्ल्यूसीएजी और अन्य सुसंगत मानकों के अभिग्रहण के माध्यम से ई-संसाधनों तक सुलभ्यता

भाप्रसंबें व्यक्तिगत रूप से प्रत्येक नामांकित दिव्यांग छात्र की आवश्यकताओं का आकलन करता है और यह निर्धारित करता है कि उस छात्र के लिए सर्वोत्तम संभव शैक्षणिक अनुभव प्रदान करने के लिए क्या करने की आवश्यकता है । दिव्यांग सेवाओं का कार्यालय इस तरह के मूल्यांकन की व्यवस्था करता है और यह सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय स्थल के रुप में काम करता है कि छात्र की जरूरतों को भाप्रसंबें के हर संबद्ध कार्यालय/विभाग/व्यक्ति को सूचित किया जाता है और उचित रूप से परिपूर्ण किया जाता है ।

भाप्रसंबें दिव्यांग छात्रों के लिए वृत्ति अवसरों की पहचान करने के लिए सक्रिय कदम उठाता है और समान अवसर रोजगार नीतियों और प्रथाओं को अपनाने के लिए भर्ती संगठनों को प्रभावित करने का प्रयास करता है ।

भाप्रसंबें दिव्यांग छात्रों के खिलाफ भेदभाव को रोकने का प्रयास करता है । भाप्रसंबें में समय-समय पर कार्यशालाओं और अभियानों के माध्यम से दिव्यांग छात्रों की जरूरतों और चुनौतियों से सभी संबद्ध पणधारियों को संवेदनशील बनाता है । दिव्यांग छात्रों के खिलाफ किसी भी प्रकार के भेदभाव या असभ्य/असंवेदनशील व्यवहार को गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित संकाय सदस्य, कर्मचारी या छात्र के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई का कारण हो सकता है ।

जबकि भाप्रसंबें दिव्यांग व्यक्ति अधिनियम और अन्य कानूनी प्रावधानों का पालन करता है, इस नीति का प्रयोजन दिव्यांग छात्रों के लिए वास्तव में समावेशी वातावरण प्रदान करने के लिए कानूनी आवश्यकताओं से आगे जाता है ।

इस उद्देश्य की दिशा में एक कदम के रूप में, भाप्रसंबें ने स्कूल में 'दिव्यांगता समिति' की स्थापना की है जो नायकत्व और संकेंद्रण प्रदान करती है । भाप्रसंबें इस क्षेत्र में काम कर रहे उद्योग निकायों और प्रतिष्ठित गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के साथ साझेदारी किया है ।

14.2 उपलब्ध कराई गईं शैक्षणिक सुविधाएँ

- उचित आवास फॉर्म और विविधता एवं समान अवसर केंद्र (डीईओसी) द्वारा किए गए आवश्यकताओं के मूल्यांकन का उपयोग कर छात्रों की आवश्यकताओं को समझना ।
- प्रारंभिक पाठ्यक्रम एवं टर्म 1-6 में शिक्षण कार्य कर रहे संकायों को छात्रों और आवश्यक सुविधाओं की जानकारी देते हुए मेल भेजे गए ।
- कार्यक्रम कार्यालय, छात्रावास कार्यालय और संपदा कार्यालय के साथ समन्वय ।
- पीजीपी समिति के अनुमोदन पर तीन वर्ष पीजीपी विकल्प ।
- सुलभ प्रारूप में पाठ्यक्रम और संदर्भ सामग्री उपलब्ध कराई गई, कक्षाओं से पहले पीपीटी उपलब्ध कराई गई, कक्षाओं में सहायक उपकरणों के उपयोग की अनुमति, वरीय बैठने का स्थान, पूर्व अनुमोदन से कक्षाओं के दौरान अंतराल, व्याख्यानों की वीडियो/आडियो रिकॉर्डिंग आदि उपलब्ध कराई गई ।
- पाठक (रीडर्स), स्काइब्स, अनुशिक्षक, नोट-टेकर्स ।
- बड़े फ़ॉन्ट में परीक्षा पत्र, परीक्षा लिखने के लिए सहायक उपकरणों के उपयोग की अनुमति, ज़रूरत अनुसार परीक्षा की सॉफ्ट प्रति, परीक्षा के दौरान अंतराल, वैकल्पिक मूल्यांकन पद्धतियाँ एवं परीक्षाओं के लिए प्रतिपूरक समय ।

14.3 अतिरिक्त शैक्षणिक प्रावधान/ समाधान

- श्रव्य दिव्यांगता वाले छात्र के लिए कक्षा में प्रयुक्त वीडियो की प्रतिलिपि ।
- प्रक्षेपित सामग्री को आसानी से देखने के लिए छात्रों को लैपटॉप को कक्षा के डैस्कटॉप के साथ संबद्ध करना ।
- दृष्टि से दिव्यांग छात्रों हेतु बोर्ड देखने के लिए आईपैड्स ।

14.4 अन्य प्रावधान/भौतिक अवसंरचना

- गंभीर गतिविषयक दिव्यांगता वाले छात्रों के लिए एमएचयू एवं पीएचडी ब्लॉक में विशेष छात्रावास आवास ।
- छात्रावास में उपयुक्त रूप से सुलभ कमरे, जैसे स्नानागार के निकट कमरा, अटैच्ड शौचालय आदि ।
- छात्रावास कमरों में वांछित संशोधन जैसे एसी, सुलभ्य फर्नीचर, फिक्स्चर्स आदि ।
- गतिविषयक दिव्यांगता वाले छात्रों के लिए मोटराइज़्ड एवं कस्टमाइज़्ड व्हीलचेयर ।
- छात्रावास में एल-स्कायर और बीईएफजी स्कायर के लिए सुलभ्य अवसंरचना ।
- परिसर की इमारतों में सुलभ्य रैंप और रेलिंग ।
- छात्रों की सहायता से अतिरिक्त अवसंरचना की पहचान की गई, इन पर कार्य जारी है ।

14.5 दिव्यांगता जागरूकता एवं संवेदनशीलता सत्र

- जून 2019 में अभिमुखीकरण सप्ताह के दौरान भाप्रसंबें के छात्रों हेतु दिव्यांगता जागरूकता एवं संवेदनशीलता सत्र संचालित किए गए ।
- जून 2019 में प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए ऑटिज़्म जागरूकता सत्र आयोजित किया गया ।

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

- अप्रैल 2019 में नए संकायों के अभिमुखीकरण के दौरान दिव्यांगता जागरूकता और समावेशन पर कार्यशाला संचालित की गई ।

दिव्यांग छात्रों का ब्यौरा **विवरण 16** पर दिया गया है ।

14.6 अन्य गतिविधियाँ

- पीजीपी 1 और पीजीपी 2 के छात्रों द्वारा साक्षात्कार/प्रवेश के लिए बुलाए गए अभ्यर्थियों का अनुवीक्षण ।
- 14 सितंबर, 2019 को पीजीपी 1 एवं पीजीपी 2 के छात्रों हेतु भूतपूर्व छात्रों के साथ बैठक ।
- सीडीएस और अवस्थापन समिति के साथ समन्वय करके छात्रों की अवस्थापन-संबंधी चिंताओं का समाधान करना ।
- नवंबर 2019 में अंतर्राष्ट्रीय विकास विभाग (डीएफआईडी), यूके के सहयोग से श्री डेविड फिंच, निदेशक, इंटरनैशनल डेवलप्मेंट ऐंड रिसर्च, नेशनल स्टार कॉलेज, यूके द्वारा 'यूके इनक्लूसिव बेस्ट प्रैक्टिसेज इन हायर एजुकेशन' पर आधे दिन की कार्यशाला ।

15. आईआईएमबीएक्स एमओओसी कार्यक्रम

15.1 मुख्य विशेषताएँ

भाप्रसं बेंगलूर के डिजिटल अध्ययन पहल ने 2015 में अपने पहले पाठ्यक्रम की शुरुआत के बाद से 44 विशिष्ट बृहत खुले ऑनलाइन पाठ्यक्रम (एमओओसीएस), दो माइक्रो मास्टर्स कार्यक्रम एवं जोखिम प्रबंध में बैंकिंग और वित्तीय बाजार में व्यावसायिक प्रमाण-पत्र कार्यक्रम प्रस्तुत किए । यह अब तक तीन मंचों पर प्रबल उपस्थिति स्थापित कर चुका है : ईडीएक्स, एसडब्ल्यूएवाईएएम एवं आईआईएमबीएक्स । पिछले शैक्षणिक वर्ष के कुछ मुख्यांश नीचे दिए गए हैं :

एचईसी पेरिस एवं व्हार्टन स्कूल के बाद भाप्रसंबें तीन अग्रणी एमओओसी मंचो : कोर्सेरा, ईडीएक्स एवं फ्यूचरलर्न पर एमओओसीएस के प्रावधान, अभिकल्पना और संचालन के आधार पर पहली बार बिज़नैस स्कूल रैंकिंग में तीसरे स्थान पर रहा ।

उच्च स्तर पर, आईआईएमबीएक्स ने निम्नलिखित प्रारूपों में प्रमाण-पत्र कार्यक्रम प्रस्तुत किए हैं :

- एमओओसी (ईडीएक्स एवं एसडब्ल्यूएवाईएएम मंच पर)
- शैक्षणिक एवं कंपनी साझेदारी कार्यक्रम (एवं ईईपी) हेतु मिश्रित एमओओसी
- एमबीए प्रारम्भिक (भाप्रसं के पीजीपी छात्रों हेतु)
- महिला स्टार्ट-अप कार्यक्रम (एनएसआरसीईएल)
- एक दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम (आईआईएमबीएक्स एमओओसी अपनाने हेतु)
- शिक्षकों हेतु कार्यनीति एवं धारणीय उद्यम पर दीर्घावधि संकाय विकास कार्यक्रम (अपने गृह संस्थानों में धारणीयता संबंधित विषयों को प्रारम्भ करने के लिए)
- अन्य ईईपी कार्यक्रमों हेतु एमओओसी

कुछ मुख्य उपलब्धियाँ निम्न प्रकार हैं :

- आईआईएमबीएक्स के ईडीएक्स मंच पर शिक्षार्थियों की संख्या 1.2 मिलियन से अधिक गई है । यदि हम आईआईएमबीएक्स एवं एसडब्ल्यूएवाईएएम को शामिल करते हैं, तो यह संख्या 1.6 मिलियन के करीब है ।
- 2019-2020 के दौरान आईआईएमबीएक्स ने वर्चुअल कक्षाकक्ष के माध्यम से वास्तविक-समय सहयोग (रीयल-टाइम कोलेबरेशन) में उन्नति करने पर अपना ध्यान केंद्रित किया ।
- इस क्षेत्र में एक विचार नेता के रूप में आईआईएमबीएक्स की ब्रांडिंग के उद्देश्य के अनुरूप, आईआईएमबीएक्स ने भाप्रसं बेंगलूर में 'अध्ययन का भविष्य सम्मेलन 2020' के तीसरे संस्करण का आयोजन किया ।
- 2019-20 में, आईआईएमबीएक्स ने ईडीएक्स पर दो माइक्रोमास्टर्स कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित किए : (i) व्यवसाय प्रबंध में आईआईएमबीएक्स माइक्रोमास्टर्स एवं (ii) उद्यमवृत्ति में आईआईएमबीएक्स माइक्रोमास्टर्स, जो पिछली अवधि सहित अब तक 2274 छात्रों को ईईपी के परिसर त्वरित एएमपी कार्यक्रम में मार्ग प्रशस्त कर रहा है ।

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

- आईआईएमबीएक्स ने इस शैक्षणिक वर्ष में जोखिम प्रबंध पर व्यावसायिक प्रमाणपत्र कार्यक्रम का संचालन सफलतापूर्वक किया और 206 छात्रों ने व्यावसायिक प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए मूल्यांकन के विभिन्न चरणों को पूरा किया ।
- आईआईटी मद्रास के सहयोग से, आईआईएमबीएक्स ने 21 छात्रों के पहले बैच के साथ 'सर्टिफिकेट प्रोग्राम इन टेक्नोलॉजी ऐंड मैनेजमेंट' नामक मिश्रित कार्यक्रम पूरा किया । 6 अप्रैल को दूसरे बैच का भी शुभारंभ किया गया और इसमें 21 छात्र हैं ।
- 2019-20 के दौरान, आईआईएमबीएक्स ने निम्नलिखित कार्यशालाएँ भी संचालित कीं :
  - » तीन बार मिश्रित अध्ययन पर एक दिवसीय संकाय विकास कार्यशाला
  - » शिक्षकों हेतु कार्यनीति एवं धारणीय उद्यम पर 14 सप्ताह की संकाय विकास कार्यशाला
- 2019-20 के दौरान, आईआईएमबीएक्स पाठ्यक्रमों ने, ईडीएक्स मंच पर प्रस्तुत किए गए पाठ्यक्रमों से लगभग यूएसडी 79,900 का राजस्व अंश अर्जित किया ।

सारणी 1 : 2019-20 हेतु मुख्य विशेषताएँ (31 मार्च 2020 तक)

	ईडीएक्स	**एसडब्ल्यूएवाईएएम**	**आईआईएमबीएक्स**
नामांकन (संचयी)	12,64,500+	2,29,672	24,101
2019-20 में शैक्षणिक एवं कंपनी कार्यक्रम			6,351
2019-20 में संकाय विकास कार्यक्रमों में सहभागियों की संख्या	300 (2020 तक संचयी, लगभग 1700 सहभागी)		
परिसर के छात्र	464		

15.2 खुले एमओओसी





जुलाई 2015 से, आईआईएमबीएक्स एमओओसी कार्यक्रमों ने 196 एमओओसी, 44 विशिष्ट एमओओसी एवं ईडीएक्स पर 152 पुनः संचालित एवं एसडब्ल्यूवाईएएम मंचों पर 100 पुनः संचालित प्रस्तुत किए ।

आईआईएमबीएक्स एमओओसी विश्व के लगभग हर देश के शिक्षार्थियों को आकर्षित करते हैं, जिसमें लगभग 30% भारतीय इसके बाद 15% यूएस, 3% यूके एवं अन्य देश जैसे मिस्र, कनाड़ा, ब्राज़ील, केन्या, नाइजीरिया, मैक्सिको, जर्मनी एवं फ्रांस ।









© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

सारणी 2 : ईडीएक्स पर भाप्रसंबें एमओओसी की सूची (31 मार्च 2020 तक संपूरित)

	पाठ्यक्रम	संकाय
1	वित्त एवं लेखा	एम एस नरसिम्हन
2	लेखा का परिचय – वित्तीय विवरणों की मूल बातें	आर नारायणस्वामी
3	प्रबंध लेखा	एम एस नरसिम्हन
4	निर्णय करने हेतु लेखा	एम एस नरसिम्हन
5	लेखा एवं वित्त	एम एस नरसिम्हन
6	वित्तीय लेखा एवं विश्लेषण	पद्मिनी श्रीनिवासन
7	कंपनी वित्त का परिचय	अशोक थम्पी
8	निवेशों का परिचय	एस जी बद्रीनाथ
9	मूल्यांकन एवं धारणीय मूल्य	पद्मिनी श्रीनिवासन
10	कंपनी वित्त का परिचय	अशोक थम्पी
11	उपभोक्ता व्यवहार	एस रमेश कुमार
12	बैंकिंग एवं वित्तीय मध्यस्थता : संकल्पनाएँ, जोखिम, पूँजी एवं विनियमन	पी सी नारायण
13	मुद्रा एवं ऋण बाजार : संकल्पनाएँ, परक्राम्य, जोखिम एवं व्युत्पन्न	पी सी नारायण
14	ईक्विटी स्टॉक मार्केट : संकल्पनाएँ, परक्राम्य, जोखिम एवं व्युत्पन्न	पी सी नारायण
15	विदेशी विनिमय बाजार : संकल्पनाएँ, जोखिम, परक्राम्य एवं व्युत्पन्न	पी सी नारायण
16	बैंकिंग एवं वित्तीय बाजारों के जोखिम प्रबंध में विशेष विषय	पी सी नारायण
17	व्यवसाय हेतु सांख्यिकी-1	शंकर वेंकटगिरि
18	व्यवसाय हेतु सांख्यिकी-2	शंकर वेंकटगिरि
19	प्रबंधकीय अर्थशास्त्र का परिचय	शुभाशीष गुप्ता
20	खुदरा प्रबंध का परिचय	आशीष मिश्रा
21	विपणन अनिवार्यताओं का परिचय	आशीष मिश्रा
22	विपणन प्रबंध	आशीष मिश्रा
23	ग्राहक संबंध प्रबंध	जी शैनेश
24	ब्रांड प्रबंध	प्रीति कृष्णन लिंडैम
25	जन प्रबंध	वासंती श्रीनिवासन
26	उद्यमियों हेतु जन प्रबंध	वासंती श्रीनिवासन
27	प्रतिस्पर्धात्मक लाभ हेतु संगठनों की अभिकल्पना	सौरव मुखर्जी

	पाठ्यक्रम	संकाय
28	वास्तविकताओं का विश्लेषण : कार्य, खुशी एवं अर्थ	रम्या रंगनाथन
29	प्रबंधकीय नीति शास्त्र	सारि मात्तिला
30	परिचालन प्रबंध का परिचय	बी महादेवन
31	नवीकरण एवं आईटी प्रबंध	राहुल डे
32	अपना उद्यम करें : प्रत्येक के लिए उद्यमवृत्ति	सुरेश भगवतुला
33	नव उत्पाद विकास	गणेश एन प्रभु
34	सहकारिता एवं निर्माता कंपनियाँ	त्रिलोचन शास्त्री
35	सामरिक प्रबंध का परिचय	पी डी जोस, साई यायावरम, रेजी जॉर्ज पलथिट्टा
36	कार्यनीति एवं धारणीय उद्यम	पी डी जोस
37	बौद्धिक संपत्ति अधिकार : एक प्रबंध परिप्रेक्ष्य	ए दामोदरन
38	भारत में स्वास्थ्य रक्षा : सामरिक परिप्रेक्ष्य	चिरंतन चैटर्जी
39	नवाचार प्रबंध	ऋषिकेश टी कृष्णन, विनय दाभोलकर
40	उन्नत कंपनी कार्यनीति	साई यायावरम एवं आर श्रीनिवासन
41	परिमाणात्मक विपणन शोध	पृथ्वीराज मुखर्जी
42	नायकत्व का सार	एस मणिकुट्टी
43	उत्पादकता विश्लेषिकी	यू दिनेश कुमार
44	प्रभावी व्यवसाय संप्रेषण	एन भृंगी देव, राकेश गोधवानी

15.3 ईडीएक्स पर माइक्रोमास्टर्स

आईआईएमबीएक्स द्वारा ईडीएक्स पर 2019-20 में संचालित एक प्रमुख कार्यक्रमों में से 6-एमओओसी ऑनलाइन व्यवसाय प्रबंध में माइक्रोमास्टर्स है, जिसकी शुरुआत 4 जनवरी, 2017 को की गई थी । इस कार्यक्रम का उद्देश्य लेखा, वित्त, जन प्रबंध, कार्यनीति, विपणन एवं परिचालन प्रबंध क्षेत्रों में मुख्य व्यवसाय एवं प्रबंधकीय कौशलों सहित शिक्षार्थियों को युक्त करना है । इसकी प्रमुख विशेषताओं में से एक है कि उन्हें सत्यापित प्रमाण-पत्र देने के लिए वर्चुअल प्रॉक्टर्ड परीक्षाओं का उपयोग प्रतिभागियों की परीक्षा लेने के लिए किया गया । इस वर्ष ईडीएक्स पर 655 शिक्षार्थियों को माइक्रोमास्टर्स प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए ।

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

सारणी 3 : व्यवसाय प्रबंध में आईआईएमबीएक्स माइक्रोमास्टर्स हेतु एमओओसी नामांकन ब्यौरा (अप्रैल 2019-मार्च 2020)			
सभी पाठ्यक्रमों में कुल नामांकन		**74710**	
आज तक जारी किए गए सत्यापित प्रमाण-पत्रों की संख्या		**655**	
पाठ्यक्रम का नाम	**संचालन की संख्या**	**नामांकन***	**सत्यापित प्रमाण-पत्र**
निर्णय करने हेतु लेखा	1	5343	76
कंपनी वित्त	1	9574	143
जन प्रबंध	1	20337	213
विपणन प्रबंध	1	13923	26
परिचालन प्रबंध	1	14940	37
सामरिक प्रबंध	1	10593	160

सारणी 4 : उद्यमवृत्ति में आईआईएमबीएक्स माइक्रोमास्टर्स हेतु एमओओसी नामांकन ब्यौरा (अप्रैल 2019-मार्च 2020)			
सभी पाठ्यक्रमों में कुल नामांकन		**38179**	
आज तक जारी सत्यापित प्रमाणपत्रों की संख्या		**247**	
पाठ्यक्रम का नाम	**संचालन की संख्या**	**नामांकन***	**सत्यापित प्रमाण-पत्र**
अपना उद्यम करें	1	3919	8
जन प्रबंध	2	20337	213
विपणन प्रबंध	2	13923	202
लेखा एवं वित्त	1	12245	142

सारणी 5 : बैंकिंग एवं वित्त बाजार में जोखिम प्रबंध में प्रमाण-पत्र कार्यक्रम हेतु एमओओसी नामांकन ब्यौरा (अप्रैल 2019-मार्च 2020)			
सभी पाठ्यक्रमों में कुल नामांकन		**31892**	
आज तक जारी सत्यापित प्रमाण-पत्रों की संख्या		**206**	
पाठ्यक्रम का नाम	**संचालन की संख्या**	**नामांकन***	**सत्यापित प्रमाण-पत्र**
बैंकिंग एवं वित्त मध्यस्थता : संकल्पनाएँ, जोखिम, पूँजी एवं विनियमन	1	6168	62
ऋण एवं मुद्रा बाजार : संकल्पनाएँ, परक्राम्य, जोखिम एवं व्युत्पन्न	1	4004	34
ईक्विटी स्टॉक मार्केट : संकल्पनाएँ, परक्राम्य, जोखिम एवं व्युत्पन्न	1	9678	35
विदेशी विनिमय बाजार : संकल्पनाएँ, परक्राम्य, जोखिम एवं व्युत्पन्न	1	5186	38
बैंकिंग एवं वित्त बाजारों के जोखिम प्रबंध में विशेष विषय	1	2587	16
बैंकिंग एवं वित्त बाजार व्यवसायिक में जोखिम प्रबंध-प्रमाण-पत्र परीक्षा	1	4269	21

15.4 एसडब्ल्यूएवाईएएम पर एमओओसी

आईआईएमबीएक्स ने आज तक एसडब्ल्यूएवाईएएम-मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए भारत के एमओओसी मंच पर 36 एमओओसी संचालित किए । भाप्रसंबें एसडब्ल्यूएवाईएएम मंच पर प्रबंध शिक्षा हेतु राष्ट्रीय समन्वयक भी है, जो एसडब्ल्यूएवाईएएम के लिए एमओओसी दिशानिर्देश और नीति को प्रभावित करता है। इस शैक्षणिक वर्ष में एसडब्ल्यूएवाईएएम पर आईआईएमबीएक्स के पाठ्यक्रमों हेतु 1,58,053 नामांकन थे ।

सारणी 6 : एसडब्ल्यूएवाईएएम पर भाप्रसंबें एमओओसी की सूची (अप्रैल 2019-मार्च 2020)

	पाठ्यक्रम का नाम	पाठ्यक्रम अनुदेशक का नाम
1	नव उत्पाद विकास	गणेश एन प्रभु
2	खुदरा प्रबंध का परिचय	आशीष मिश्रा
3	उद्यमवृत्ति : अपना उद्यम करें	सुरेश भगवतुला
4	ब्रांड प्रबंध	प्रीति कृष्णन लिंडैम
5	नवीकरण प्रबंध	ऋषिकेश टी कृष्णन, विनय दाभोलकर
6	निर्णय करने हेतु प्रबंध लेखा	एम एस नरसिम्हन
7	वित्तीय लेखा एवं विश्लेषण	पद्मिनी श्रीनिवासन
8	सामरिक प्रबंध	पी डी जोस, रेजी जॉर्ज पलथिट्टा, साई यायावरम
9	निवेश का परिचय	एस जी बद्रीनाथ
10	ग्राहक संबंध प्रबंध	जी शैनेश
11	विपणन अनिवार्यताओं का परिचय	आशीष मिश्रा
12	कार्यनीति एवं धारणीय उद्यम	पी डी जोस
13	सुखी एवं अर्थपूर्ण वृत्ति का सृजन	रम्या रंगनाथन
14	प्रभावी व्यवसाय संप्रेषण	एन भृंगी देव, राकेश गोधवानी
15	संगठनात्मक अभिकल्पना : प्रतिस्पर्धात्मक लाभ सृजन	सौरव मुखर्जी
16	प्रबंधकीय अर्थशास्त्र का परिचय	सुभाशीष गुप्ता
17	परिचालन प्रबंध	बी महादेवन
18	बौद्धिक संपत्ति अधिकार	ए दामोदरन

15.5 आईआईएमबीएक्स मंच पर मिश्रित एमओओसी

2019-20 में, आईआईएमबीएक्स ने सफलतापूर्वक 3000 से अधिक प्रतिभागियों के लिए अपने आईआईएमबीएक्स मंच पर छात्रों और कार्यरत् व्यवसायियों हेतु शैक्षणिक एवं कंपनी साझेदारी कार्यक्रम के भाग के रूप में, मिश्रित एसपीओसी (स्मॉल प्राइवेट ऑनलाइन कोर्सेस) प्रस्तुत किए ।

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

सारणी 7 : आईआईएमबीएक्स मंच पर मिश्रित एसपीओसी हेतु नामांकन संख्या (31 मार्च 2020 तक)

कार्यक्रम	सहभागियों की संख्या
शैक्षणिक साझेदारी	1161
कंपनी साझेदारी	304
एमबीए प्रारम्भिक	1059
ईईपी	1383
वाईएलपी	331
सीटीएम	21
प्रदत्त कुल नामांकन	**4259**

15.6 शैक्षणिक साझेदारी कार्यक्रम

2019-20 में, आईआईएमबीएक्स ने सफलतापूर्वक 8 संस्थानों के लगभग 1385 छात्रों के लिए शैक्षणिक साझेदार कार्यक्रम प्रस्तुत किए । हमने पीजीपीपीएम, ईपीजीपी, पीएचडी एवं पीजीपी छात्रों के लिए अपने कार्यक्रम प्रस्तुत किए ।

	संस्थान	पाठ्यक्रम	छात्रों की संख्या
1	एएसएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, मुंबई एवं पुणे	जन प्रबंध	32
		भविष्य विश्लेषिकी	31
		खुदरा प्रबंध	50
		बैंकिंग एवं वित्तीय बाजारों के जोखिम प्रबंध में विशेष विषय	50
2	एमकेसीई, करुर	संगठन विकास : प्रतिस्पर्धात्मक लाभ सृजन	21
		बैंकिंग एवं वित्तीय मध्यस्थता	27
3	केएलएसआईएमईआर, बेलगावी	भविष्य विश्लेषिकी	50
4	एनएचसीई, बेंगलूर	कार्यनीति एवं धारणीय उद्यम	96
		संगठन विकास : प्रतिस्पर्धात्मक लाभ सृजन	96
5	सूर्यदत्ता ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, पुणे	एमबीए प्रारंभिक कार्यक्रम	50
		अपना उद्यम करें	50

	संस्थान	पाठ्यक्रम	छात्रों की संख्या
6	गार्डेन सिटी युनिवर्सिटी, बेंगलूर	वास्तविकताओं को तराशना	50
7	जेकेबीएस, गुरुग्राम	एमबीए प्रारंभिक कार्यक्रम	100
		नवीकरण प्रबंध	25
8	आईआईएलएम-दिल्ली, गुरुग्राम एवं नोएडा	व्यवसाय हेतु सांख्यिकी-1	239
		व्यवसाय हेतु सांख्यिकी-2	239
		भविष्य विश्लेषिकी	239
		अपना उद्यम करें	166
		उद्यमियों हेतु जन प्रबंध	166
		लेखा एवं वित्त	166
		बैंकिंग एवं वित्तीय बाजारों का परिचय	137
		बैंकिंग एवं वित्तीय बाजार : जोखिम प्रबंध परिप्रेक्ष्य	137
		निवेश का परिचय	137
9	एसआरईसी, कोयंबत्तूर	सीआरएम	117

15.7 कार्यपालक शिक्षा में एमओओसी

2019-20 में, एमओओसी का उपयोग फ्लिप्ड कक्षाकक्ष एवं मिश्रित प्रणाली से ईईपी के कई कार्यक्रमों में किया गया । 32 खुले एवं कस्टम कार्यक्रमों के 1442 से अधिक सहभागियों को एमओओसीएस पहुँचाया गया । इसके अतिरिक्त, कंपनी साझेदारी कार्यक्रम के तहत् आईआईएमबीएक्स ने इंफोसिस के लिए जन प्रबंध क्षेत्र में 580 इंफोसिस कर्मचारियों के लिए सफलतापूर्वक चार कंपनी साझेदार कार्यक्रम संचालित किए ।

15.8 अध्ययन का भविष्य सम्मेलन 2020

अध्ययन का भविष्य सम्मेलन 2020 का तीसरा संस्करण भाप्रसं बेंगलूर द्वारा 3 एवं 4 जनवरी, 2020 को आयोजित किया गया । इस सम्मेलन का उद्देश्य 21वीं

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

सदी के अध्ययन प्रतिरूपों-शिक्षाविदों, उद्यमियों, विनियामको एवं प्रौद्योगिकीविदों को आकार देने वाले प्रमुख व्यक्तियों के बीच नवाचार को बढ़ावा देने और संवाद को बढ़ाने में मदद करना है । इस वर्ष का विषय था लर्निंग टु लर्न, अनलर्न ऐंड रीलर्न : फ्लरिशिंग इन दी एज ऑफ डिसरप्शंस ऐंड इन्नोवेशंस ।

15.9 2019-20 हेतु नए कार्यक्रम

धारणीयता के क्षेत्र में आईआईएमबीएक्स का संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) : इस 14 सप्ताह के ऑनलाइन एफडीपी का लक्ष्य, शिक्षा और पाठ्यचर्या अभिकल्पना में धारणीयता को मुख्य विचारधारा में लाना है । इससे विभिन्न संकाय समूह को चर्चा के लिए सामने लाने में सहायता मिली–उन्हें अनुसंधान करने और धारणीयता संबंधी मुद्दों और अवधारणाओं को सिखाने में मदद मिली । उपस्थित लोगों को अपने संस्थानों में पढ़ाए जाने वाले धारणीयता पर पाठ्यक्रमों के निर्माण के लिए या उनके मैजूदा पाठ्यक्रम के भाग के रूप में अवधारणाओं को एकीकृत करने हेतु प्रोत्साहित किया गया ।

15.10 आईआईएमबीएक्स खुला ईडीएक्स मंच

प्रशिक्षकों, पाठ्यक्रम प्रशासकों और छात्रों हेतु विश्लेषिकी आधारित डैशबोर्ड सहित अद्यतन शैक्षणिक उपकरणों को शामिल करने के लिए आईआईएमबीएक्स मंच को लगातार बढ़ाया जाएगा । आईआईएमबीएक्स मोबाइल ऐप्प का पहला वर्शन पिछले शैक्षणिक वर्ष में जारी किया गया था । आईआईएमबीएक्स खुला ईडीएक्स फिकस संस्करण से हॉथार्न में प्रवर्जित हुआ और यह अधिक मजबूत और अरोह्य बन गया है । इस मंच पर ज़ूम सत्र करना भी संभव है । अच्छे शिक्षार्थी अनुभव के लिए आईआईएमबीएक्स मंच में लाइव चैट भी जोड़ा गया । आगे बढ़ते हुए नए एमओओसीएस के उत्पादन पर दृढ़ ध्यान केंद्रित रहेगा । एमओओसी दल वर्तमान में, आठ अतिरिक्त एमओओसी पर काम कर रहा है, जो आगामी शैक्षणिक वर्ष में पूरा हो जाएगा ।

16. कार्मिक एवं प्रशासन

परिदृश्य

31 मार्च 2020, तक संस्थान में शोध सहयोगी एवं शैक्षणिक सहयोगी सहित 434 गैर-शिक्षण कर्मचारी थे। इसकी कुल जनशक्ति का पचास प्रतिशत महिलाओं द्वारा प्रतिनिधित्व किया जाता है और वरिष्ठ स्तर के अधिकांश पद महिलाओं द्वारा धारित हैं। पिछले कुछ वर्षों में यह एक महत्वपूर्ण उन्नयन है।

कार्मिकों की सूची **विवरण 17** पर दिया गया है।

विस्तृत स्थिति **विवरण 18** पर दी गई है।

16.1 मानव संसाधन कार्यनीतियाँ

भाप्रसंबें में मानव संसाधन विभाग, मुख्य मानव संसाधन अधिकारी (सीएचआरओ) के नेतृत्व में कार्यनीति एवं परिचालन के दोनों क्षेत्रों में अधिक व्यवसायिक बन गया है। सीएचआरओ निदेशक, संकायाध्यक्ष और नायकत्व दल को मानव संसाधन कार्यनीतियों पर सलाह देता है।

मानव संसाधन विभाग ने मानव संसाधन कार्यनीति को ध्यान में रखते हुए कार्य किया है, जो 'लोगों को लाएँ, रखें एवं विकसित करें' पर ध्यान केंद्रित करती है। मानव संसाधन का मुख्य ध्यान विश्वसनीयता स्थापित करना, पारदर्शिता लाना, कर्मचारियों के विकास पर ध्यान देना और प्रौद्योगिकी का उपयोग करने पर केंद्रित रहा है। दल का एक प्रमुख पहलू पारदर्शिता और खुलेपन की संस्कृति का निर्माण करने के लिए प्रेरित करना रहा है। शैक्षणिक प्रशासन में उच्च प्रतिभा को शामिल करने और नियुक्त करने का संकेंद्रित प्रयास किया गया। संस्थान में विभिन्न क्षेत्रों में बहुविध कार्यों में पर्याप्त अनुभवी व्यवसाय स्नातकों को शामिल किया गया और भविष्य नायकत्व भूमिकाओं हेतु तैयार किया जा रहा है।

सभी महत्वपूर्ण पदों के लिए दक्षता और कौशल विकास और प्रत्येक विभाग में दूसरी पंक्ति पर ध्यान केंद्रित किया गया है। निष्पादन मूल्यांकन प्रणाली और समय-समय पर समीक्षा की औपचारिक प्रक्रिया के माध्यम से, संस्थान कर्मचारियों को सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने और निरंतर प्रतिक्रिया और प्रशिक्षण के माध्यम से दक्षताओं को बनाने और मजबूत करने में सक्षम करता है। अध्ययन और विकास की पहल को प्रशिक्षण के मिश्रित माध्यम से बढ़ाया जाता है, जिसमें कक्षा-आधारित प्रशिक्षण और ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल हैं।

कुछ अन्य पहलों में, सभी कर्मचारियों हेतु उत्पादकता उन्नयन कार्यक्रम शामिल हैं, जिसमें कंप्यूटर कौशल, संप्रेषण कौशल, ग्राहक सेवा अभिमुखी कौशल, विशिष्ट कार्यात्मक सहयोग एवं अन्य सामान्य विषय जैसे समय प्रबंध को संबोधित किया जाता है। वरिष्ठ अधिकारियों/प्रबंधकों को निर्णय करने, ग्राहक सेवा अभिमुखीकरण, समय प्रबंध, दल निर्माण एवं समूह कार्य कौशल से युक्त करने के लिए प्रबंध विकास कार्यक्रम भी संचालित किए जाते हैं।

- भर्ती – सभी विभागों के लिए जनशक्ति योजना का विकास एवं बनाए रखना करना। सही कार्मिक आवश्यकता सुनिश्चित करने की दिशा में भर्ती एवं चयन प्रक्रियाएँ चलाना। ईआरपी में भर्ती प्रक्रिया का निर्माण करना, वृत्ति मार्ग तैयार करें, महत्वपूर्ण पदों के लिए पदारोहण योजना बनाएँ एवं पहचान करें। सभी विभागाध्यक्षों/अधिकारियों के लिए प्रतिभा मूल्यांकन मॉडल के माध्यम से जन परिसंपत्ति समीक्षा प्रक्रिया का विकास एवं

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

कार्यान्वयन करना । सभी कर्मचारियों हेतु व्यक्तिगत विकास योजना को परिभाषित एवं कार्यान्वित करना ।

- व्यक्तिगत निष्पादन लक्ष्य स्थापित करने के माध्यम से, एक मजबूत निष्पादन प्रबंध प्रणाली को कार्यान्वित एवं संचालित करना, कर्मचारियों को उनके योग्यता के स्तर में श्रेष्ठ होने में समर्थ होने के लिए निष्पादन की समीक्षा करना और प्रक्रिया प्रदान करना । सभी विभागों/गतिविधियों हेतु एआरए/केपीआई को पहचानने और दस्तावेज करना और इसे एक व्यक्तिगत कर्मचारी स्तर पर परिभाषित करना ।
- संस्थान भर में, महत्वपूर्ण पदों के लिए पदारोहण योजना बनाना एवं पहचानना, वृत्ति मार्ग तैयार करना । कार्यक्रम कार्यालयों के लिए दूसरी पंक्ति के विकास पर काम करना और संस्थान में सभी प्रमुख पदों के लिए दूसरी पंक्ति के विकास के लिए प्रक्रिया क्रियान्वित करना । कर्मचारियों के लिए व्यक्तिगत विकास योजना को परिभाषित एवं कार्यान्वित करना ।
- एचआर विभाग में ईआरपी के अनेक मॉड्यूल्स प्रयोग में हैं और ईआरपी के माध्यम से सभी कार्य गति को कागज रहित विभाग बनाने पर ध्यान केंद्रित करता है और ईआरपी का पूर्ण कार्यान्वयन और उपयोग सुनिश्चित करना । ईआरपी एचआर उपमॉड्यूल्स, विशेष रूप से अनुबंध कर्मचारी जीवन चक्र प्रबंध से संबंधित ईआरपी एचआर उपमाड्यूल को अनुकूलित किया गया और बढ़ाया गया ।
- संस्थान वर्तमान में एक एकीकृत उद्यम-व्यापी आईटी अवसंरचना को लागू करने की प्रक्रिया में है जो संस्थान की विभिन्न गतिविधियों को बढ़ाने और भाप्रसंबें के व्यवसाय एवं संगठन कार्यनीतियों हेतु क्षमता प्रदान करने के लिए अधःस्तर के रूप में कार्य करेगी । विशेष रूप से पेरोल प्रॉसेसिंग में आंतरिक नियंत्रणों का निर्माण करना और यह सुनिश्चित करना कि एमआईएस सृजित एवं वितरित किया गया है । एचआर एसओपी को अभिकल्पित एवं कार्यान्वित करना । एचआर में सभी वैधानिक क्षेत्रों को अद्यतन कर अनुपालन एवं रिकॉर्ड रखना सुनिश्चित करना, जिसमें लेखा परीक्षा जाँच परिणामों की सिफारिशें/ टिप्पणियाँ शामिल हैं ।

16.2 2019-20 में महत्वपूर्ण पहल

संस्थान ने प्रक्रियाओं को पारदर्शी बनाने, प्रतिक्रिया की गति बढ़ाने और सभी पणधारियों के प्रति जवाबदेही को बढ़ाने के लिए कई गतिविधियों की शुरुआत की है । 2019-20 में प्रारम्भ की गई गतिविधियों का मुख्यांश इस प्रकार है :

- प्रमुख पदों के लिए भर्ती की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया ।
- स्थाई गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए 'मूल्यांकन एवं विकास केंद्र' के माध्यम से वृत्ति प्रगति को सुकर बनाया ।
- कार्यावर्तन, विस्तारित समनुदेशन, अध्ययन एवं विकास के माध्यम से क्षमता निर्माण ।

संस्थान की भविष्य आकांक्षाओं के अनुरूप सभी महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों के लिए दक्षता और कौशल विकास और प्रत्येक विभागों में दूसरी पंक्ति विकसित करने पर मानव संसाधन दल ने ध्यान केंद्रित किया है । मानव संसाधन दल विशेष रूप से प्रशिक्षण के मिश्रित माध्यम से अध्ययन और विकास की पहल कर रही है, जिसमें कक्षा-आधारित प्रशिक्षण और ऑनलाइन

प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल हैं । सभी कर्मचारियों के लिए उत्पादकता उन्नयन कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करना, जो कंप्यूटर कौशल, संप्रेषण कौशल, ग्राहक सेवा अभिमुखीकरण कौशल, विशिष्ट कार्यात्मक सहयोग एवं अन्य सामान्य विषय जैसे समय प्रबंध को संबोधित करते हैं । वरिष्ठ अधिकारियों/प्रबंधकों को निर्णय करने, ग्राहक सेवा अभिमुखीकरण, समय प्रबंध, दल निर्माण एवं समूह कार्य कौशल से युक्त करने के लिए प्रबंध विकास कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं ।

16.3 2020-21 के लिए भावी योजना

भाप्रसंबें का एक बहुत ही स्पष्ट विशन है और अपने तलचिह्न के रूप में वैश्विक मानकों को अपनाने की इच्छा रखता है । अपनी भावी योजना के भाग के रूप में, वर्तमान वर्ष के दौरान मानव संसाधन कार्यों में गुणवत्ता सुधार लाने के लिए कई पहल शुरू की गईं हैं । इनमें शामिल कुछ हैं :

- पेंशनधारियों के लिए ईआरपी मॉड्यूल का कार्यान्वयन
- ईआरपी में शैक्षणिक सहयोगियों की नवीकरण की प्रक्रिया का स्वचालन
- कैंटीन स्टॉक प्रबंध हेतु ईआरपी मॉड्यूल और मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपीएस) सहित लागत कम करने पर ध्यान केंद्रित करना
- सभी विभागों के लिए जनशक्ति योजना विकसित और बनाए रखना

मानव संसाधन विभाग का एक प्रमुख पहलू, पारदर्शिता पर जोर देना और खुलेपन की संस्कृति का निर्माण करने के लिए प्रेरित करना है । शैक्षणिक प्रशासन में उच्च प्रतिभा को शामिल करने और नियुक्त करने का संकेंद्रित प्रयास किया गया । संस्थान में विभिन्न क्षेत्रों में बहुविध कार्यों में पर्याप्त अनुभव वाले व्यावसायिक स्नातकों को शामिल किया गया और भविष्य नायकत्व भूमिकाओं हेतु तैयार किया जा रहा है ।

16.4 कर्मचारी नीति

भाप्रसंबें में संकायों सहित अपने कर्मचारियों के मानव संसाधन मामलों के संबंध में नीतियों का व्यापक संग्रह है । संस्थान में भर्ती एवं वृत्ति विकास के संबंध में परिभाषित सेवा नियम एवं नीतियाँ हैं । जहाँ भी आवश्यकता होती है, यह अन्य स्रोतों से संबद्ध नियमों, नीतियाँ एवं प्रक्रियाएँ भी प्राप्त किए जाते हैं । सेवा नियम निम्नलिखित सहित विभिन्न मानव संसाधन मामलों को संबोधित करते हैं :

- विभिन्न कार्यक्रमों एवं कार्यालयों में योग्य एवं अनुभवी कार्मिकों की भर्ती; अधिकारियों और कर्मचारियों का चयन, विधिवत् गठित समिति द्वारा किया जाता है, जिसमें शामिल होते हैं वरिष्ठ अधिकारी, संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञ एवं वरिष्ठ संकाय सदस्य ।
- निष्पादन समीक्षा के प्रयोग द्वारा पदोन्नति एवं वृत्ति उन्नति; कर्मचारियों के निष्पादन का मूल्यांकन उनकी वार्षिक कार्य रिपोर्टें, निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्टें, परीक्षा एवं साक्षात्कार के प्रयोग से किया जाता है ।
- अवकाश नियम
- कर्मचारियों हेतु उपलब्ध विविध भत्ते एवं सुविधाएँ
- आचार संहिता एवं उत्तरदायित्व संहिता
- सेवानिवृत्ति एवं सेवांत लाभ

हाल ही में अनेक भत्तों को परिष्कृत किया गया है ।

16.5 प्रशासनिक व्यवस्था

भाप्रसंबें की प्रशासनिक व्यवस्था के प्रमुख, संकायाध्यक्ष (प्रशासन) हैं, जो मुख्य मानव संसाधन अधिकारी, मुख्य प्रशासनिक

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

अधिकारी एवं प्रधान (वित्त) द्वारा समर्थित है। संस्थान में विभागों, कार्यक्रम कार्यालयों एवं विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं/परामर्श परियोजनाओं/नई गतिविधियों आदि पर काम करने वाले स्थाई और अनुबंध कर्मचारी हैं। संस्थान समय-समय पर कर्मचारियों की पर्याप्तता की समीक्षा करता है और माँग एवं आपूर्ति को अनुकूल बनाने के लिए सुधारात्मक उपाय करता है।

कर्मचारी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अनेक विकल्प अपनाए जाते हैं जैसे :

- गैर-प्रमुख क्षेत्रों के बाहरी विक्रेताओं को बाह्य संसाधन एवं सेवा स्तर समझौते (एसएलए) की प्रणाली एवं करीब से निगरानी द्वारा गुणवत्ता का प्रबंधन करना। इस श्रेणी में कुछ उदाहरण हैं – खानपान सेवाएँ, रिप्रोग्राफिक सेवाएँ, परिसर हाउसकीपिंग एवं सफाई, परिसर सुरक्षा, आईटी अवसंरचना की अनुरक्षण सेवाएँ।
- शैक्षणिक प्रशासन में उच्च प्रतिभा के अनुप्रयोग के लिए गतिविधियों की शुरुआत। विभिन्न क्षेत्रों में बहुविध कार्यों में पर्याप्त अनुभव के साथ व्यवसाय स्नातकों को शामिल किया गया और भविष्य नायकत्व भूमिकाओं के लिए तैयार किया जा रहा है।
- क्षमता को बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग की लगातार खोज की जाती है। संस्थान में प्रवेश कार्यालय संबंधी प्रश्नों के समाधान के लिए और परिसर रखरखाव माँग के संबंध में आईवीआरएस है। अनुवीक्षण, समर्थन एवं प्रशासन में सुधार लाने और क्षमता को बढ़ाने के लिए अनेक सॉफ्टवेयर पैकेज हैं। इंट्रानेट का प्रयोग इसका एक उदाहरण है।
- पिछले तीन वर्षों में अनेक मानव संसाधन कार्यों को अर्थात् उपस्थिति प्रबंध, छुट्टी यात्रा रियायत, निष्पादन मूल्यांकन, संविदा कर्मचारी जीवन-चक्र प्रबंध, हैल्प डैस्क आदि को ईआरपी के उपयोग कर स्वचालित किया गया है। विशिष्ट एचआर मॉड्यूल्स जैसे भर्ती, अध्ययन एवं विकास, पेंशनधारी का जीवन-चक्र प्रबंध आदि वर्तमान में, कार्यान्वयन आधीन है।

16.6 प्रशासनिक समर्थन की प्रभावशीलता

इस मामले को हल करने के लिए संस्थान के पास दो प्रमुख दृष्टिकोण हैं। पहला निष्पादन रिपोर्टिंग प्रणाली और वार्षिक आधार पर समीक्षा की जाती है। दूसरी, प्रशासन के विभिन्न पहलुओं पर कार्यक्रम में विभिन्न सहभागियों द्वारा प्रदान की गई प्रत्यक्ष प्रतिक्रिया है। कार्यपालक शिक्षा कार्यालय द्वारा प्रतिक्रिया एकत्र की जाती हैं और समय-समय पर संक्षिप्त रूप में इसे संकायाध्यक्ष (प्रशासन) को समीक्षा हेतु भेजी जाती है।

भाप्रसंबें में उनकी वार्षिक कार्य रिपोर्ट के माध्यम से वरिष्ठ कर्मचारियों के कार्य के मूल्यांकन की प्रणाली है, जिसे संकायाध्यक्ष (प्रशासन) को प्रस्तुत किया जाता है। आमतौर पर, वार्षिक कार्य रिपोर्टें, रिपोर्टिंग अधिकारी को भेजी जाती हैं और वे कार्य रिपोर्ट को आगे मूल्यांकित करते/करती हैं एवं इसे संकायाध्यक्ष (प्रशासन) को भेजा जाता है। इन रिपोर्टों पर संबंधित कर्मचारी के साथ चर्चा की जाती है और जिन क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता होती है प्रतिक्रिया (फीडबैक) दी जाती है। कर्मचारी को जिन प्रशिक्षण की आवश्यकता है, को पहचानने में ये रिपोर्टें मैनेजमेंट की मदद भी करती हैं। उनकी निष्पादन रिपोर्टों के आधार पर कर्मचारियों को वार्षिक प्रोत्साहन का भुगतान किया जाता है।

वृत्ति उन्नयन व्यक्तियों के कार्य की क्षमता और निष्पादन पर आधारित है, जिसका निर्णय एक समिति द्वारा किया जाता है, जिसमें शामिल हैं संकायाध्यक्ष, मुख्य मानव संसाधन अधिकारी एवं वरिष्ठ संकाय सदस्य । कर्मचारी की वृत्ति उन्नयन पर विचार करते हुए कार्य रिपोर्ट से प्राप्त जानकारी, संकायों, साथियों और वरिष्ठ कर्मचारियों से प्राप्त प्रशंसा पत्र पर विचार किया जाता है । संस्थान ने कार्यपालकों/ वरिष्ठ कार्यपालकों/प्रशासनिक अधिकारी पदों के लिए, मूल्यांकन एवं विकास के माध्यम से वृत्ति उन्नयन कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया है ।

16.7 राजभाषा कार्यान्वयन

गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के वार्षिक कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए प्रभावी कदम उठाने के अतिरिक्त, भाप्रसंबें ने 2019-2020 के दौरान हिन्दी के प्रगामी प्रयोग का प्रचार करने के लिए कार्यशालाएँ, प्रतियोगिताएँ एवं 'हिन्दी पखवाड़ा' जैसी अनेक गतिविधियाँ आयोजित कीं । संस्थान ने 'हिन्दी दिवस' एवं 'हिन्दी पखवाड़ा' आयोजित किया जिसमें हिन्दी सुलेख, शब्द स्मृति परीक्षण, कहानी लेखन, हिन्दी श्रुतलेख, हिन्दी कविता पाठ, पर्ची उठाएँ और बोलें एवं देश भक्ति हिन्दी गीत जैसी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं । एक मासिक ऑनलाइन हिन्दी प्रश्नोत्तरी भी संचालित की गई । विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए । वर्ष के दौरान कार्यशाला के भाग के रूप में वार्तालाप की हिन्दी प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं । विजेताओं को नकद पुरस्कार प्रदान किए गए ।

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

17. वित्तीय स्थिति

वर्ष 2019-20 हेतु संस्थान की वित्तीय स्थिति, जो आय, व्यय एवं बचत को दर्शाती है और पूर्व तीन वर्षों की तुलनात्मक स्थिति का ब्यौरा नीचे दिया गया है :

रुपए करोड़ों में

	विवरण	2017-18	2018-19	2019-20
	योजनेतर			
1	**आय**			
	सरकारी अनुदान	-	-	
	स्वराजस्व (अंतरणों को छोड़कर)	233.71	272.21	304.45
	असाधारण आय	-	27.25	-
	कुल	**233.71**	**299.46**	**304.45**
2	**व्यय**	**159.27**	**165.46**	**199.46**
3	**व्यय से अधिक आय**	**74.44**	**134.01**	**104.99**
घटाएँ :	(i) कॉर्पस ब्याज	8.68	10.10	15.94
	(ii) सेवांत लाभ	1.55	25.15	36.95
	(iii) मूलह्रास	20.27	20.36	22.01
	(iv) विज़न निधि	5.00	42.00	
	(v) अनुसंधान चेयर निधि	5.00	-	
	(vi) संकाय अनुसंधान और विकास निधि	10.00	-	
	(Vii) अवसंरचना विकास निधि	20.00	28.00	
	(Viii) कोविड निधि			15.00
4	**कायिक निधि में निवल बचत अंतरित**	**3.94**	**8.39**	**15.09**
	योजना			
1	**प्राप्तियाँ**			
	सरकारी अनुदान	9.49	4.62	13.16
2	**व्यय**	4.56	9.67	8.45

अन्य वित्त संबंधी ब्यौरे लेखा विवरण 2019-20 में दिए गए हैं ।

भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

18. विवरण

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

विवरण 1

भाप्रसंबें सोसाइटी एवं गवर्नर मण्डल बैठकें

भाप्रसंबें सोसाइटी

- 2019-2020 के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या : 1
- 59वीं बैठक : 20 मार्च 2020

गवर्नर मण्डल बैठकें

- 170वीं बैठक : 05 जुलाई, 2019
- 171वीं बैठक : 03 अक्तूबर, 2019
- 172वीं बैठक : 03 जनवरी, 2020
- 173वीं बैठक : 20 मार्च, 2020

	नाम	बैठकों में उपस्थिति की संख्या	अभ्युक्तियाँ
	अध्यक्ष		
1	डॉ. देवी प्रसाद शेट्टी	चार	2019-2020 की सभी चार बैठकों की अध्यक्षता की ।
	सदस्य		
2	श्री संजय कुमार सिन्हा	शून्य	अनुपस्थिति की अनुमति प्रदान की गई ।
3	श्री टी एम विजय भास्कर	दो	170वीं एवं 172वीं मंडल बैठकों में उपस्थित थे ।
4	श्री संजॉय चैटर्जी	तीन	171वीं, 172वीं एवं 173वीं मंडल बैठकों में उपस्थित थे ।
5	श्री राजीव मलिवाल	चार	2019-2020 की सभी चार बैठकों में उपस्थित थे ।
6	डॉ. हसमुख अधिया	चार	2019-2020 की सभी चार बैठकों में उपस्थित थे ।
7	प्रोफेसर दास नारायणदास	एक	172वीं मण्डल बैठक में उपस्थित थे ।
8	श्रीमती शांति एकाम्बरम	तीन	170वीं, 172वीं एवं 173वीं मण्डल बैठकों में उपस्थित थीं ।
9	श्रीमती विनीता बाली	दो	172वीं एवं 173वीं मण्डल बैठकों में उपस्थित थीं ।
10	श्रीमती निरुपमा राव	दो	171वीं एवं 173वीं मण्डल बैठकों में उपस्थित थीं ।

	नाम	बैठकों में उपस्थिति की संख्या	अभ्युक्तियाँ
11	श्रीमती कल्पना सरोज	दो	170वीं एवं 172वीं मण्डल बैठकों में उपस्थित थीं ।
12	श्री एम डी रंगनाथ	तीन	170वीं, 171वीं एवं 173वीं मण्डल बैठकों में उपस्थित थे ।
13	प्रोफेसर अविनाश जी मुल्की	तीन	170वीं, 172वीं एवं 173वीं मण्डल बैठकों में उपस्थित थे ।
14	प्रोफेसर राजेंद्र के बंडी	चार	2019-2020 की सभी चार बैठकों में उपस्थित थे ।
15	प्रोफेसर ग. रघुराम	चार	2019-2020 की सभी चार बैठकों में उपस्थित थे ।

मण्डल बैठकों के दौरान आमंत्रित :

	नाम	बैठकों में उपस्थिति की संख्या	अभ्युक्तियाँ
1	प्रोफेसर गोपाल नायक	चार	2019-2020 की सभी चार बैठकों में उपस्थित थे ।
2	प्रोफेसर एम एस नरसिम्हन	चार	2019-2020 की सभी चार बैठकों में उपस्थित थे ।
3	प्रोफेसर अभय के ओझा	तीन	171वीं, 172वीं एवं 173वीं मण्डल बैठकों में उपस्थित थे ।
4	प्रोफेसर के कुमार	दो	171वीं एवं 173वीं मण्डल बैठकों में उपस्थित थे ।
5	कर्नल एस डी अरवेंदन	चार	2019-2020 की सभी चार बैठकों में उपस्थित थे ।
6	श्रीमती भवानी कार्तिकेयन	चार	2019-2020 की सभी चार बैठकों में उपस्थित थीं ।

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

वित्त समिति

2019-2020 के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या : 4

- 73वीं बैठक : 28 जून 2019
- 74वीं बैठक : 27 सितंबर 2019
- 75वीं बैठक : 20 दिसंबर 2019
- 76वीं बैठक : 9 मार्च 2020

सदस्य का नाम	बैठकों में उपस्थिति की संख्या	अभ्युक्तियाँ
विनीता बाली, अध्यक्ष वित्त एवं लेखा समिति, गवर्नर मंडल की सदस्य	3 (73वीं, 74वीं, 75वीं वित्त एवं लेखा समिति)	76वीं वित्त एवं लेखा समिति बैठक हेतु अनुपस्थित थीं ।
शांति एकाम्बरम, गवर्नर मंडल की सदस्य	4 (73वीं, 74वीं, 75वीं एवं 76वीं वित्त एवं लेखा समिति)	
श्री रंगनाथ एम डी, गवर्नर मंडल के सदस्य	4 (73वीं, 74वीं, 75वीं एवं 76वीं वित्त एवं लेखा समिति)	
प्रोफेसर राजेंद्र के बंडी, गवर्नर मंडल के सदस्य	3 (73वीं, 75वीं एवं 76वीं वित्त एवं लेखा समिति)	74वीं वित्त एवं लेखा समिति बैठक हेतु अनुपस्थित थे ।
प्रोफेसर श्रीनिवासन रंगन, वित्त संकाय	4 (73वीं, 74वीं, 75वीं एवं 76वीं वित्त एवं लेखा समिति)	
प्रोफेसर ग रघुराम (निदेशक)	4 (73वीं, 74वीं, 75वीं एवं 76वीं वित्त एवं लेखा समिति)	
प्रोफेसर एम एस नरसिम्हन (संकायाध्यक्ष-प्रशासन)	4 (73वीं, 74वीं, 75वीं एवं 76वीं वित्त एवं लेखा समिति)	
प्रोफेसर गोपाल नायक (संकायाध्यक्ष-संकाय)	2 (74वीं एवं 76वीं वित्त एवं लेखा समिति)	73वीं एवं 75वीं वित्त एवं लेखा समिति बैठक हेतु अनुपस्थित थे ।
प्रोफेसर कुमार के (संकायाध्यक्ष-भूतपूर्व छात्र संबंध एवं विकास)	2 (75वीं एवं 76वीं वित्त एवं लेखा समिति)	73वीं एवं 74वीं वित्त एवं लेखा समिति बैठक हेतु अनुपस्थित थे ।
प्रोफेसर अभय के ओझा (संकायाध्यक्ष-कार्यक्रम)	3 (74वीं, 75वीं एवं 76वीं वित्त एवं लेखा समिति)	73वीं वित्त एवं लेखा समिति बैठक हेतु अनुपस्थित थे ।
श्रीमती भवानी कार्तिकेयन, प्रधान वित्त	4 (73वीं, 74वीं, 75वीं एवं 76वीं वित्त एवं लेखा समिति)	
कर्नल एस डी अरवेंदन-मुख्य प्रशासनिक अधिकारी	4 (73वीं, 74वीं, 75वीं एवं 76वीं वित्त एवं लेखा समिति)	

विवरण 2

पीएचडी छात्रों द्वारा शोध प्रबंध प्रस्ताव प्रस्तुतीकरण : लघु शोध प्रबंध प्रस्ताव

	नाम	दिनांक	शीर्षक
1	यांगेरजुंगला पोंगेनेर	11.04.2019	आइडेंटिटी वर्क ऐंड दी मेंटेनेंस ऑफ आइडेंटिटी सिनर्जी
2	रोमाना गुल्शानी	21.05.2019	अंडरस्टैंडिंग रोल ऑफ वेंचर कैपिटलिस्ट्स इन प्रोफेश्नलाइज़ेशन ऑफ स्टार्ट-अप्स
3	सुनील रेड्डी कुंदुरु	29.05.2019	इंपैक्ट ऑफ सोशियल मीडिया ऑन डिस्ट्रीब्युशन ऐंड कंजम्सन ऑफ कंटेंट इन पब्लिक डिस्कोर्स
4	मौली सोनी	21.06.2019	एक्सप्लोरिंग एमर्जिंग मार्केट हेटरोजेनिटी
5	अभिषेक नरेश	01.07.2019	लेबर मार्केट्स, बिज़नैस साइकल्स ऐंड मॉनिटरी पॉलिसी इन इंडिया
6	अक्षिता श्रीवास्तव	25.07.2019	एस्सेस ऑन वारंटी मैनेजमेंट यूज़िंग मशीन लर्निंग एल्गोरिथम्स
7	श्रीकांत के	26.07.2019	एस्सेस ऑन राइडशेयरिंग ऑपरेशंस
8	रवि शंकर पांडे	05.08.2019	इकोसिस्टम एमर्जेन्स : दी केस ऑफ इलैक्ट्रिक वहिकल इकोसिस्टम इन इंडिया
9	मनु बंसल	27.08.2019	एस्सेस ऑन इंडियन एग्रीकल्चरल एक्सपोर्ट्स
10	भव्या पी एस	31.10.2019	ए स्टडी ऑफ दी गार्डियन रोल इन आईटी मल्टीसोर्सिंग प्रॉजेक्ट्स : कंट्रोल पर्सपैक्टिव
11	नबेंदु पॉल	15.11.2019	एक्सटर्नल फाइनेंसिंग, डेट फाइनेंसिंग ऐंड दी चॉइस ऑफ डेट

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

विवरण 3

पीएचडी छात्रों के अन्य पुरस्कार एवं उपलब्धियाँ

आमंत्रित वार्ताएँ, पुरस्कार, सम्मान, अनुदान आदि

	छात्र का नाम	उपलब्धि का प्रकार	वार्ता, पुरस्कार आदि का शीर्षक	सह-लेखक का नाम	द्वारा अनुदान (संस्था का नाम)	दिनांक/ माह/ वर्ष
1	रोमाना गुल्शानी	सम्मेलन में श्रेष्ठ पेपर पुरस्कार	एचआर ट्रैक में श्रेष्ठ पेपर पुरस्कार	प्रोफेसर वासंती श्रीनिवासन	छठा द्विवार्षिक इंडियन ऐकेडमी ऑफ मैनेजमेंट (आईएनडीएएम) सम्मेलन 2020	04-01-2020
2	साई दत्तात्राणी	फेसबुक से शोध अनुदान	दी एथिकल इंप्लीकेशंस ऑफ डेलिगेटिंग डिसीज़न-मेकिंग जर्नी टु ऑटोनॉमस (एआई) सिस्टम्स : बियांड दी ट्रॉली प्रॉब्लम	प्रोफेसर राहुल डे	फेसबुक	अगस्त 2019
3	राजदीप शर्मा	आर्थिक सर्वेक्षण 2019-20 में एक अध्याय प्रकाशित	फाइनेंशियल फ्रेजिलिटी इन दी एनबीएफसी सैक्टर	प्रोफेसर वी. रवि अंशुमन		31-01-2020
4	बिबेक भट्टाचार्या	सैंट गैलेन विंग्स ऑफ एक्सिलेंस एवॉर्ड फॉर बीइंग वन ऑफ दी टॉप 100 कॉन्ट्रीब्यूटर्स इन 49थ सैंट गैलेन सिम्पोज़ियम 2019	मॉरल कैपिटल फॉर कॉर्पोरेट सोशियल रैस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) : ए केस फॉर गुड समरितन डायरेक्टर्स		49वीं सैंट गैलेन संगोष्ठी	8-10 मई 2019
5	अंकित कुमार करिया	दूसरा श्रेष्ठ पेपर पुरस्कार	क्रिसिल डॉक्टरल सिम्पोज़ियम, आईएफसी 2019		क्रिसिल-इंडिया फ्रांस एसोसिएशन	20-12-2019

	छात्र का नाम	उपलब्धि का प्रकार	वार्ता, पुरस्कार आदि का शीर्षक	सह-लेखक का नाम	द्वारा अनुदान (संस्था का नाम)	दिनांक/ माह/ वर्ष
6	अनुपमा कोंडय्या	पुरस्कार	बैस्ट डेवलप्मेंटल पेपर पुरस्कार (आइडेंटिटी ट्रैक)	प्रोफेसर पर्ल मल्होत्रा	ब्रिटिश ऐकेडमी ऑफ मैनेजमेंट सम्मेलन	04-09-2019
7	अनुपमा कोंडय्या	पुरस्कार	दी ट्रैक पुरस्कार का श्रेष्ठ पेपर (संगठन एवं प्रबंध सिद्धांत ट्रैक)		इंडियन ऐकेडमी ऑफ मैनेजमेंट सम्मेलन	03-01-2020
8	अनुपमा कोंडय्या	पुरस्कार	बैस्ट क्रिटिक पुरस्कार		आईएमआर डॉक्टरल सम्मेलन	28-12-2019
9	अभिषेक नरेश	फेलोशिप अनुदान	विप्रो सस्टेनेबिलिटी फेलोशिप्स		विप्रो लिमिटेड	01-07-2019
10	ए प्रभु वेंकटाचलम	पीएचडी पुरस्कार	मिरे एसेट स्कॉलर पुरस्कार 2019		मिरे एसेट फाउंडेशन	19-09-2019
11	नबेंदु पॉल	श्रेष्ठ पेपर पुरस्कार	श्रेष्ठ पेपर पुरस्कार	प्रोफेसर एम जयदेव, प्रोफेसर चेतन सुब्रमण्यन, प्रोफेसर अभिनव आनन्द	भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी)	29-12-2020

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

विवरण 4

2020 में भाप्रसंबें की विद्या वाचस्पति उपाधि

	छात्र का नाम	पंजीक्रम	क्षेत्र	डीएसी सदस्य (प्रोफेसर)	शोध प्रबंध शीर्षक
1	शैलेन कुमार दलबेहेरा	0912002	कार्यनीति	एस रघुनाथ (अध्यक्ष), मुरली पतिबंडला, आर श्रीनिवासन, वी नागदेवरा	इंटरनलाइज़ेशन ऑफ आईजेवीएस ऐंड इंस्टीट्यूशंस
2	नयनतारा दत्त	1121003	अर्थशास्त्र एवं समाज विज्ञान	सुभाशीश गुप्ता (अध्यक्ष), रूपा चंदा (सह अध्यक्ष), विद्या सौंदरराजन, गौरव एस घोष	एक्सप्लोरिंग फैक्टर्स कॉन्ट्रिब्यूटिंग टु दी स्किल एक्विज़िशन ऐंड मूवमेंट ऑफ हाई स्किल्ड वर्कर्स
3	किरण के	1121016	उत्पादन एवं परिचालन प्रबंध	डी कृष्ण सुंदर, सिद्धार्थ महाजन, गणेश एन प्रभु	कम्युनिटीज़ ऑफ प्रैक्टिस इन क्वॉलिटी इंप्रूवमेंट इनिशिएटिव्स
4	शोभा तिवारी	1321003	कार्यनीति	एस रघुनाथ, पुलक घोष, गणेश एन प्रभु	एस्सेस ऑन दी रिलेशनशिप बिटवीन फाइनेंशियल स्लैक ऐंड स्ट्रैटिज़िक डिसीज़न्स
5	राजेश कुमार सिन्हा	1321014	वित्त एवं लेखा	श्रीनिवासन रंगन, वी. रवि अंशुमन, चेतन सुब्रमण्यन	दी इफैक्ट ऑफ मैक्रोइकोनॉमिक वेरियेबल्स ऑन एनालिस्ट फोरकॉस्ट प्रॉपरटीज़
6	शैवी मिश्रा	1321019	संगठनात्मक व्यवहार एवं मानव संसाधन प्रबंध	मुक्ता कुल्कर्णी, गणेश एन प्रभु, अभय के ओझा	डीलिंग विद दी सिग्मा ऑफ डर्टी वर्क : दी कोपिंग मैकेनिज़म्स ऑफ वेस्ट पिकर्स
7	सच्चिदानंदा बी एस	1421001	कार्यनीति	सुरेश भगवतुला, आर श्रीनिवासन, रेजी जॉर्ज पलथिट्टा, डालिया मणि	ऑपरचुनिटी पर्सुएट ऐज़ ए सोशियो-कॉग्निटिव प्रॉसेस : ए माइक्रो-एनालिसिस ऑफ आंध्रप्रीनर्स, वेंचर आइडियास ऐंड सोशियल इंटरैक्शंस

	छात्र का नाम	पंजीक्रम	क्षेत्र	डीएसी सदस्य (प्रोफेसर)	शोध प्रबंध शीर्षक
8	तन्वी गुप्ता	1421003	विपणन	अविनाश जी मुल्की, प्रीति कृष्णन लिंडम, पृथ्वीराज मुखर्जी, ऋतु त्रिपाठी	कल्चरल इफैक्ट्स ऑन परसीव्ड एफोर्डैन्सेस ऑफ विज़ुअल ब्रांडिंग
9	ऐश्वर्या आर	1421005	विपणन	अविनाश जी मुल्की, आशीश मिश्रा, ऋतु त्रिपाठी	एस्सेस ऑन ऑनलाइन शॉपिंग बिहेवियर
10	राहुल सिंह	1421011	अर्थशास्त्र एवं समाज विज्ञान	रूपा चंदा, विद्या सौंदरराजन, सौविक दत्ता	एस्सेस इन इंटरनैशनल ट्रेड इन पोस्ट लिब्रलाइज़ेशन इंडिया
11	अनुपमा लक्ष्मणन	1421013	निर्णय विज्ञान	शुभब्रता दास, मलय भट्टाचार्या, अर्नब मुखर्जी	फोरकॉस्टिंग टाइम सिरीज़ विद मल्टिपल लेवल्स ऑफ सीज़नैलिटी
12	अभिप्सा पॉल	1421015	सूचना प्रणाली	राहुल डे, राजेंद्र के बंडी, अभय के ओझा, एच राघवेंद्र राव	दी इन्फ्लुएंस ऑफ कॉन्टैक्स्ट ऑन मोबाइल पेमेंट टेक्नोलॉजीस युसेज, कन्टिनुएंस, ऐंड रोल इन सस्टेनेबल डेवलप्मेंट : एविडेंस फ्रॉम इंडिया
13	मैथिली मिलिंद पेंड्से	1421019	संगठनात्मक व्यवहार एवं मानव संसाधन प्रबंध	अभय के ओझा, सौरव मुखर्जी, गणेश एन प्रभु	अंडरस्टैंडिंग प्रॉसेसेस ऑफ ऑर्गेनाइज़ेश्नल सेल्फ इन मैनेजिंग मल्टिपल आइडेंटिटीज़ : दी स्टडी ऑफ ऐन इंडियन होटल चेन ऐंड इट्स मल्टिपल सब्सिडेरीज़
14	सपरिया सुरेश	1521010	निर्णय विज्ञान	मलय भट्टाचार्या, शशिधर मूर्ति, राजलक्ष्मी वी मूर्ति	सम न्यू स्टॉकहेस्टिक प्रॉसेसेस विद एप्लीकेशंस इन फाइनेन्स ऐंड अदर एरियाज़

© भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर

विवरण 5

पीएचडी छात्रों द्वारा सेमिनार/सम्मेलनों में प्रकाशन एवं प्रस्तुतीकरण

राष्ट्रीय सम्मेलनों में प्रस्तुत पेपर

	छात्र का नाम	सह-लेखक, यदि कोई हो तो	राष्ट्रीय सम्मेलन/ सेमिनार का नाम	दिनांक एवं स्थान	पेपर का शीर्षक
1	मनु बंसल	राहुल सिंह	एडवांस्ड ग्रैजुएट वर्कशॉप	1-15 जून 2019, बेंगलूर	रूरल रोड्स ऐंड एक्सपोर्ट्स
2	श्रीजित मोहनन		आईआईएमए-वर्ल्ड बैंक रिसर्च कॉन्फरेंस ऑन फाइनेन्शियल डिस्ट्रेस, बैंक्रप्सी, ऐंड कॉर्पोरेट फाइनेंस	9 अगस्त 2019, आईआईएम अहमदाबाद	इंपैक्ट ऑफ इंडियन बैंक्रप्सी कोड इंप्लीमेंटेशन : ऐन एनालिसिस यूजिंग बैरियर ऑप्शंस
3	नबेंदु पॉल		सीओएसएमएआर 2019	28-29 नवंबर 2019	इंस्टीट्यूश्नल फैक्टर्स ऐंड डिमांड फॉर एक्सटर्नल फाइनेंस : ए मल्टी-कंट्री स्टडी
